RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 349
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 14 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



उन लोगों के लिए
बोलो जो अनसुना
कर जाते हैं
विविध-12

# उप्र भारत की उभरती अर्थव्यवस्था: योगी

- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के जंगल कौड़िया स्थित महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय का लोकार्पण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दावा किया कि विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ते हुए बदल रहा उत्तरप्रदेश भारत की उभरती हुई अर्थव्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के जंगल कौड़िया में स्थित महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में दावा किया, उत्तर प्रदेश बदल रहा है और देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। केंद्र की 44 योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर है। उत्तर प्रदेश दुनिया में निवेश का सर्वश्रेष्ठ स्थान बन चुका है और हम सभी को देश की श्रेष्ठ अर्थव्यवस्थाओं में उत्तर प्रदेश का नाम शामिल करने के लिए मिलकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर महंत अवैद्यनाथ की 12 फुट ऊंची मूर्ति का अनावरण भी किया। योगी ने दावा किया कि सुरक्षा के माहौल के मामले में उत्तर प्रदेश देश में सर्वश्रेष्ठ है। पिछले चार वर्षों के दौरान राज्य की 30,000 महिला पुलिसकर्मी इस बात की गारंटी दे रही हैं कि राज्य में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने कोविड-19 महामारी को रोकने में सफलता पाई है। इससे पहले त्योहारों के दौरान यह महामारी चरम पर थी लेकिन सरकार ने इसके विस्तार पर सफलतापूर्वक नियंत्रण हासिल कर लिया है। योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान सड़कें चौड़ी नहीं थीं, बिजली की आपूर्ति अच्छी नहीं थी, गरीबों को राशन नहीं मिल रहा था और महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी नहीं थी। लेकिन जब अच्छी नियत से काम किया जाता है तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि पूर्व में किसानों को अपनी उपज का सही दाम नहीं मिलता था। लेकिन मौजूदा सरकार ने अनेक क्रय केंद्र खोलकर किसानों का अनाज समर्थन मूल्य पर खरीदा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गोरखपुर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बनता जा रहा है। एक महीने के अंदर मोदी द्वारा यहां के एम्स का उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरक्ष पीठ ने पूजा का व्यावहारिक पहलू प्रस्तुत किया है और मंदिर केवल पूजा तक सीमित नहीं रह गया है। इस वक्त गोरक्षपीठ की महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित चार दर्जन शिक्षण संस्थानों में 50,000 से ज्यादा विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। योगी ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ चार बार सांसद और पांच बार विधायक रह चुके थे और उनका जंगल कौड़िया से करीबी नाता था। उनके नाम पर बनाया गया कॉलेज निश्चित रूप से इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की आधारशिला रखेगा। उप मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने इस मौके पर कहा कि जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को कोविड-19 महामारी से बचाने के लिए लड़ रहे थे उस वक्त विपक्षी पार्टियों के नेता वातानुकूलित कमरे में बैठकर ट्विटर-ट्विटर खेल रहे थे।



गोरखपुर के जंगल कौड़िया स्थित महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। वहां उन्होंने महंत अवेद्यनाथ की 12 फुट ऊंची मूर्ति का अनावरण भी किया

# चीन को कड़ा जवाब, अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा है

- भारत ने उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन की आपत्ति सिरे से खारिज की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, बीजिंग



**भारत** ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के हाल के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर चीन की आपत्ति को बुधवार को सिरे से खारिज किया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट और अभिन्न हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारतीय नेताओं द्वारा भारत के किसी राज्य की यात्रा पर आपत्ति करने का कोई कारण नहीं है। बागची ने कहा, हमने चीन के आधिकारिक प्रवक्ता की टिप्पणी को आज देखा है। हम ऐसे बयानों को खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट और अभिन्न हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के सप्ताहांत में अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन के विदेश मंत्रालय की आपत्ति के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। बागची ने कहा, भारतीय नेता नियमित रूप से अरुणाचल प्रदेश का दौरा करते हैं जिस प्रकार वे भारत के अन्य राज्यों में जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के एक राज्य की भारतीय नेताओं द्वारा यात्रा पर आपत्ति करने का कोई कारण भारतीयों को समझ नहीं आ रहा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने बीजिंग में एक मीडिया ब्रीफिंग में उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के अरुणाचल प्रदेश के हालिया दौरे पर पूछे गए एक सवाल पर कहा कि चीन ने कभी राज्य को मान्यता नहीं दी है। उन्होंने कहा, सीमा मुद्दे पर चीन की स्थिति अडिग और स्पष्ट है। चीन सरकार ने कभी भी भारतीय पक्ष द्वारा एकतरफा और अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं दी है एवं वह भारतीय नेता के संबंधित क्षेत्र के दौरे का कड़ा विरोध करता है। लिजान ने कहाकि हम भारतीय पक्ष से चीन की प्रमुख चिंताओं का ईमानदारी से सम्मान करने और ऐसी किसी कार्वाई से बचने का आग्रह करते हैं जिससे सीमा मुद्दा और जटिल तथा विस्तारित हो एवं जो आपसी विश्वास और द्विपक्षीय संबंधों को कमतर करे। उन्होंने कहाकि इसके बजाय इसे चीन-भारत सीमा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए वास्तविक ठोस कार्वाई करनी चाहिए तथा द्विपक्षीय संबंधों को वापस पटरी पर लाने में मदद करनी चाहिए। चीन भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर आपत्ति व्यक्त करता है।

चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है। दोनों पक्षों की ओर से यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में 17 महीने से भारत और चीन के बीच जारी गतिरोध को दूर करने के लिए भारत और चीन के बीच 13वें दौर की सैन्य वार्ता के तीन दिन बाद आई है। बागची ने कहा, जैसा कि हमने पहले कहा है कि भारत चीन सीमा पर पश्चिमी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वर्तमान स्थिति चीन द्वारा द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करते हुए एकतरफा ढंग से यथास्थिति बदलने के प्रयास करने के कारण उत्पन्न हुई है। गौरतलब है कि सरकार पूर्वी लद्दाख को अक्सर पश्चिमी सेक्टर कह कर संबोधित करती है। बागची ने कहा, इसलिए हम चीनी पक्ष से ( शेष पेज 9 )

## नवम सिद्धिदात्री



**सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।**
**सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥**

नौवीं देवी सिद्धिदात्री की कृपा से शिव ने तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इस देवी की कृपा से ही शिवजी का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्द्धनारीश्वर हुए। यह देवी सर्व सिद्धियां प्रदान करने वाली देवी हैं। उपासक या भक्त पर इनकी कृपा से कठिन से कठिन कार्य भी चुटकी में संभव हो जाते हैं। हिमाचल के नंदापर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व आठ सिद्धियां होती हैं। इसलिए इस देवी की सच्चे मन से विधि विधान से उपासना-आराधना करने से यह सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। इस देवी का स्मरण, ध्यान, पूजन हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हैं और अमृत पद की ओर ले जाते हैं।

# सत्र 18 अक्टूबर को, विधान सभा को मिलेगा उपाध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा का सत्र 18 को बुलाया गया है जिसमें उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा ने अधिसूचना जारी कर दी है। पिछली सपा और बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकारों में इस पद के लिए निर्वाचन नहीं कराया गया था जबकि मौजूदा सत्तारूढ़ दल बीजेपी सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में विधान सभा उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप दुबे ने बुधवार को इस संबन्ध में अधिसूचना जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि विधान सभा अध्यक्ष ने सत्रहवीं विधान सभा के उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 18 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। उक्त निर्वाचन 18 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे विधान सभा मण्डप में होगा। विधान सभा का कोई भी सदस्य 17 अक्टूबर के पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक उक्त निर्वाचन के लिए किसी दूसरे सदस्य के नाम-निर्देशन के लिए एक नाम, निर्देशन पत्र भरकर प्रमुख सचिव विधान सभा को प्रस्तुत कर सकेंगे। ( विस्तृत पेज 2 )

# मादक पदार्थों की खरीद, उपभोग में शामिल था आर्यन : एनसीबी

**भाषा।** मुंबई

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बुधवार को यहां एक विशेष अदालत में कहा कि उसकी जांच में खुलासा हुआ है कि मुंबई तट के नजदीक क्रूज शिप पर प्रतिबंधित मादक पदार्थों की जब्ती के सिलसिले में गिरफ्तार बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान का बेटा आर्यन खान इस मामले में साजिश में, मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद तथा उपभोग में संलिप्त था। आर्यन खान की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की दलील को स्वाभाविक रूप से बेतुका बताते हुए कहा कि जब उसके पास से कोई मादक पदार्थ नहीं मिला तो उसे जमानत मिलने के स्तर पर दंडित नहीं किया जाना चाहिए।

देसाई ने अदालत से कहा कि मौजूदा मामले में आरोपी युवा वयस्क हैं और मादक पदार्थ कारोबारी, तस्कर या गिरोह का सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा, कई देशों में ये पदार्थ (ड्रग्स) कानूनी होते हैं। जब जमानत मांगी गई है तो इस स्तर पर उन्हें दंडित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने काफी कुछ सह लिया है और सबक सीख गए हैं। स्वापक और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) कानून से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए मनोनीत विशेष न्यायाधीश वी वी पाटिल बुधवार को आर्यन खान की जमानत अर्जी पर सुनवाई कर रहे थे। अदालत बृहस्पतिवार को सुनवाई जारी रखेगी।



जमानत याचिका का विरोध करते हुए एनसीबी ने अदालत में दावा किया कि आर्यन खान पिछले कुछ साल से नशीले पदार्थ ले रहा है और ड्रग्स की खरीद के लिए ऐसे कुछ लोगों से संपर्क में था जो अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ नेटवर्क का हिस्सा लगते हैं। विदेश में किए गए वित्तीय लेनदेन के संबंध में आगे जांच जारी है। एनसीबी ने अपने हलफनामे में कहा, शुरुआती जांच ( शेष पेज 9 )

# अंकित दास व उसका निजी गनर गिरफ्तार

## लखीमपुर हिंसा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने लखीमपुर खीरी हिंसा कांड के मुख्य आरोपी और केंद्रीय राज्यमंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा की जमानत याचिका नामंजूर कर दी है। उधर इस कांड में आरोपी अंकित दास और उसके निजी गनर लतीफ उर्फ काले को एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अंकित दास और लतीफ उर्फ काले को पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट से 14 दिनों की रिमांड मांगी लेकिन कोर्ट ने 22 अक्टूबर तक दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोप है कि जिन गाड़ियों ने किसानों को कुचला था, उसमें से एक गाड़ी में अंकित दास भी सवार था।

अंकित दास पूर्व सांसद अखिलेश दास का भतीजा और इस केस के मुख्य आरोपी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ट्रेनी के पुत्र आशीष मिश्रा का करीबी है। इसके पहले अंकित के लखनऊ स्थित आवास पर एसआईटी की ओर से नोटिस चस्पा कर उसे बयान दर्ज कराने के लिए क्राइम ब्रांच के लखीमपुर खीरी स्थित दफ्तर बुलाया गया था। दोनों लखीमपुर पुलिस लाइन स्थिति क्राइम ब्रांच के दफ्तर पहुंचे। दरअसलए तीन अक्टूबर को लखीमपुर में हुई हिंसक झड़प में चार किसान, भाजपा कार्यकर्ता और पत्रकार सहित कुल आठ लोगों की मौत हो गई थी। अंकित दास पर हिंसा के दौरान घटनास्थल पर मौजूद रहने का आरोप है। किसानों को कुचलने वाली जीप के पीछे पीछे चल रही फार्च्यूनर अंकित दास के नाम रजिस्टर्ड बताई ( शेष पेज 9 )

## बृजेश पाठक ने हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ता के घर जाकर शोक जताया

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**उत्तर** प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक ने लखीमपुर खीरी जिले में हाल में हुई हिंसा के दौरान मारे गए एक भाजपा कार्यकर्ता तथा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के वाहन चालक के परिजन से बुधवार को मुलाकात कर शोक व्यक्त किया।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि कानून मंत्री बिना किसी आधिकारिक प्रोटोकॉल के लखीमपुर पहुंचे और शहर के शिवपुरी इलाके में भाजपा कार्यकर्ता शुभम मिश्रा और फरधन (खीरी) इलाके के परसेहरा खुर्द गांव में गृह राज्य मंत्री के वाहन चालक हरिओम मिश्रा के परिवार से मिलने गए। पिछली तीन अक्टूबर को जिले के तिकोनिया क्षेत्र में हुई हिंसा में मारे गए लोगों में शुभम मिश्रा और वाहन चालक हरिओम भी शामिल थे। इसके अलावा इस घटना में चार किसानों और एक स्थानीय पत्रकार की भी मौत हो गई थी।

सूत्रों ने बताया कि पाठक इस घटना में मारे गए एक अन्य भाजपा कार्यकर्ता श्याम सुंदर के घर किसी अन्य कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण नहीं गए। वह बाद में वहां जाएंगे। शुभम मिश्रा के घर पर हो रहे धार्मिक अनुष्ठान में जिला भाजपा अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू व अनुराग मिश्रा, अवध प्रांत प्रमुख ( शेष पेज 9 )

## गाजियाबाद में बड़ा हादसा

# फ्लाईओवर से नीचे गिरी बस, कई लोगों के मरने की आशंका

**गाजियाबाद।** राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बुधवार रात बड़ा हादसा हो गया। लाल कुआं की तरफ से गाजियाबाद आ रही यात्रियों से भरी बस भाटिया मोड़ के फ्लाईओवर से गिरी नीचे गिर गई। हादसे के वक्त फ्लाईओवर के नीचे और बराबर में बाजार लगा हुआ था। बस गिरने से बाजार में मौजूद दर्जनों लोग इसकी चपेट में आ गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने यात्रियों और बस की चपेट में आए लोगों को निकालना शुरू कर दिया है। फिलहाल जिला सरकारी अस्पताल एमएमजी में आधा दर्जन एंबुलेंस के माध्यम से 10 घायलों को भेज दिया गया है। पुलिस के सूत्रों का कहना है कि 8 से 10 लोग मौके पर ही दम तोड़ चुके हैं हालांकि अभी तक किसी के भी मरने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बस रॉन्ग साइड आ रही थी। फ्लाईओवर पर बाइक को टक्कर मारने के बाद बस का संतुलन ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,737 | ↑ | 452 | |
| निफ्टी | 18,161 | ↑ | 169 | |
| सोना | 46,329 | ↑ | 63 | /10g |
| चांदी | 60,788 | ↑ | 371 | /kg |

## क्विक न्यूज

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में आठ न्यायाधीशों ने शपथ ली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नवनियुक्त आठ न्यायाधीशों ने बुधवार को अपर न्यायाधीशों के तौर पर शपथ ग्रहण किया। इन न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने अपनी अदालत में एक सादे एवं गरिमापूर्ण समारोह में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले न्यायाधीशों में चंद्र कुमार राय, कृष्ण पहल, समीर जैन, आशुतोष श्रीवास्तव, सुभाष विद्यार्थी, बृजराज सिंह, श्रीप्रकाश सिंह और विकास बुधवार शामिल हैं। शपथ ग्रहण के उपरांत इलाहाबाद उच्च न्यायालय मे न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है, जबकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों के 160 पद स्वीकृत है। उल्लेखनीय है अदालतों में बड़ी संख्या में न्यायाधीशों के पद रिक्त हैं जिससे लंबित मामले बढ़ रहे हैं।

# बुनियादी ढांचे के विकास को 100 लाख करोड़ का मास्टर प्लान लांच

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए 100 लाख करोड़ रुपए के राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करना और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना है।मोदी ने योजना की शुरूआत के अवसर पर कहा कि पीएम गतिशक्ति योजना का लक्ष्य लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी, कार्गो हैंडलिंग क्षमता बढ़ाना और कार्यान्वयन को तेज करना है।



उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य सभी संबंधित विभागों को एक मंच पर जोड़कर परियोजनाओं को अधिक शक्ति और गति देना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों की बुनियादी ढांचा योजनाओं को एक समान दृष्टि से तैयार कर उनका कार्यान्वयन किया जाएगा। मोदी ने आरोप लगाया कि विगत में विकास कार्यों में सुस्ती के साथ करदाताओं के पैसों का सही इस्तेमाल नहीं किया जाता था और विभाग अलग-अलग काम करते थे, तथा परियोजनाओं को लेकर उनमें कोई समन्वय नहीं था। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के बिना विकास संभव नहीं है और सरकार ने अब इसे समग्र रूप से विकसित करने का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति मास्टर प्लान सड़क से लेकर रेलवे, उड्डयन से लेकर कृषि तक परियोजनाओं के समन्वित विकास के लिए विभिन्न विभागों को आपस में जोड़ता है।

उन्होंने कहा कि देश में लॉजिस्टिक्स की ऊंची लागत जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 13 प्रतिशत हिस्सा है, निर्यात में प्रतिस्पर्धा को प्रभावित कर रही है और पीएम गतिशक्ति ( शेष पेज 9 )

# मनमोहन सिंह अस्वस्थ होने के बाद एम्स में भर्ती

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व** प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को अस्थ्वस्थ होने की वजह से बुधवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। कांग्रेस के सूत्रों ने यह जानकारी दी। पार्टी के एक सूत्र ने बताया, दो दिन पहले उन्हें बुखार आया था। बुखार उतरने के बाद वह कमजोरी महसूस कर रहे थे। आज चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें एम्स भर्ती कराया गया है। उन्हें चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया है और चिंता की कोई बात नहीं है। उधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और मीडिया विभाग के सह-प्रभारी प्रणव झा ने ट्वीट किया, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के स्वास्थ्य के संदर्भ में कुछ अफवाहें चल रही हैं ( शेष पेज 9 )

# खाद्य तेलों की घटेंगी कीमतें

- सरकार ने कच्चे पाम सोयाबीन, सूरजमुखी तेल से मूल सीमा शुल्क समाप्त किया
- 15 रुपए प्रति लीटर तक गिर सकते हैं दाम

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने बुधवार को पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल की कच्ची किस्मों पर मूल सीमा शुल्क को हटा दिया है और इसके साथ ही रिफाइंड खाद्य तेलों पर शुल्क में कटौती की है। इस कदम से त्योहारी मौसम में खाद्य तेलों की कीमतों को कम करने और उपभोक्ताओं को राहत देने में मदद मिलेगी। खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए ने कहा कि इससे आसमान छूती खाद्य तेलों की कीमतों में 15 रुपए प्रति लीटर तक की कमी आ सकती है।



केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा कि 14 अक्टूबर से प्रभावी आयात शुल्क और उपकर में कटौती 31 मार्च, 2022 तक लागू रहेगी। कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी के तेल पर कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) भी कम किया गया है। कच्चे पाम तेल पर अब 7.5 प्रतिशत का कृषि अवसंरचना विकास उपकर लगेगा, जबकि कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल के लिए यह दर पांच प्रतिशत होगी। पहले उपकर 20 प्रतिशत था जबकि मूल सीमा शुल्क 2.5 प्रतिशत था। वैश्विक कारकों और स्थानीय स्तर पर आपूर्ति की कमी के कारण पिछले एक साल में घरेलू खुदरा बाजारों में खाद्य तेल की कीमतों में 46.15 प्रतिशत तक की तेजी आई है।

भारत अपनी 60 प्रतिशत से अधिक खाद्य तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। एसईए के आंकड़ों के अनुसार, पाम तेल के सर्वकालिक उच्च आयात के कारण सितंबर के दौरान खाद्य तेलों का आयात 63 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 16.98 लाख टन हो गया। इससे पहले अक्टूबर 2015 में भारत ने 16.51 लाख टन खाद्य तेल का आयात किया था। भारत द्वारा वर्ष 1996 में पाम तेल का आयात शुरू करने के बाद से सितंबर 2021 ( शेष पेज 9 )

# लंबे समय के बाद यूपी विधानसभा को मिलेगा उपाध्यक्ष

## निर्वाचन प्रक्रिया शुरू, 18 को होगा चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में लंबे समय बाद विधान सभा उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पिछली सपा और बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकारों में इस पद के लिए निर्वाचन नहीं कराया गया था जबकि मौजूदा सत्तारूढ़ दल बीजेपी सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में विधान सभा उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप दुबे ने बुधवार को इस संबन्ध में अधिसूचना जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि विधान सभा अध्यक्ष ने सत्रहवीं विधान सभा के उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 18 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। उक्त निर्वाचन 18 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे विधान सभा मण्डप में होगा। विधान सभा का कोई भी सदस्य 17 अक्टूबर के पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक उक्त निर्वाचन के लिए किसी दूसरे सदस्य के नाम-निर्देशन



के लिए एक नाम, निर्देशन पत्र भरकर प्रमुख सचिव विधान सभा को प्रस्तुत कर सकेंगे। नामांकन पत्र प्रमुख सचिव विधान सभा के कार्यालय कक्ष से प्राप्त किये जा सकते हैं। विधान सभा सूत्रों की मानें तो सपा सदस्य नितिन अग्रवाल ने उपाध्यक्ष पद के नामांकन के लिए पर्चा संसदीय अनुभाग से प्राप्त कर लिया है।

तकनीकी रूप से नितिन अग्रवाल इस समय सपा के ही सदस्य माने जाएंगे क्योंकि नितिन अग्रवाल की सदस्यता समाप्ति की याचिका जो कि सपा द्वारा विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के यहां दाखिल की गई थी उसे स्पीकर ने पिछले दिनों खारिज कर दिया है। उधर सपा भाजपा समर्थित नितिन अग्रवाल का विरोध कर सकती है। हालांकि इसका निर्णय सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव करेंगे। उधर भाजपा ने पार्टी के सभी विधायकों को सोमवार को लखनऊ बुलाया है। हरदोई से सपा विधायक नितिन अग्रवाल के पिता नरेश अग्रवाल भाजपा में शामिल हो चुके हैं। 2018 में हुए राज्यसभा चुनाव में नितिन ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग की थी। सूत्रों की मानें तो नितिन के खिलाफ सपा की ओर से दाखिल दलबदल याचिका को जिस तरह खारिज किया गया और फिर विधानसभा उपाध्यक्ष बनाने का दांव चला गया है यह बीजेपी की प्रमुख विपक्षी दल सपा पर मनोवैज्ञाकि रूप से दबाव बनाने की रणनीति है। ऐसे में सपा अपना उम्मीदवार उतार सकती है। हालांकि विधानसभा में दो तिहाई बहुमत होने से सत्ताधारी दल अपना उपाध्यक्ष जिताने को लेकर निश्चित हैं। विधानसभा उपाध्यक्ष का पद परंपरा के अनुसार विपक्ष के हिस्से का माना जाता है लेकिन भाजपा की ओर से जिस तरह सपा विधायक नितिन अग्रवाल का नाम चर्चा में आया है सपा उस पर अपनी सहमति देगी इसमें संशय है। ऐसे में चुनाव को लेकर विपक्ष की भूमिका अहम होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि नितिन अग्रवाल के नामांकन पत्र में प्रस्तावक के रूप में बसपा और कांग्रेस के बागी विधायकों की मदद ली जाएगी। सूत्रों की मानें तो सदन में सत्ताधारी दल का दो तिहाई बहुमत होने से विपक्ष नितिन की जीत सुनिश्चित मानकर सत्र का बहिष्कार भी कर सकता है। यदि विपक्ष विरोध की रणनीति पर आगे बढ़ा तो चुनाव हो सकता है। ऐसी स्थिति में विधानसभा के अंदर चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसी बीच रविवार 17 अक्टूबर को विधान सभा अध्यक्ष ने कार्य मंत्रणा की बैठक भी बुलाई है।

भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वैश्य मतदाताओं पर मजबूत पकड़ के लिए यह रणनीति बनाई है। सूत्रों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले नरेश अग्रवाल ने भाजपा की सदस्यता ली थी। लोकसभा चुनाव में नरेश अग्रवाल का लाभ बीजेपी को हरदोई और उसके आस-पास की विधान सभा सीटों पर हुआ था लेकिन तब से अभी तक बीजेपी ने नितिन अग्रवाल का कही समायोजन नहीं किया है। पूर्व वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल को योगी मंत्रिमंडल से हटाकर पार्टी का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। ऐसे में नितिन को उपाध्यक्ष बनाने से वैश्य वर्ग में अच्छा संदेश तो जाएगा ही पार्टी को वैश्य वर्ग में युवा चेहरा भी मिलेगा।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखपुर में काली बाड़ी मन्दिर के सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया और पूजा अर्चना की।

# राज्यपाल ने दुर्गा पूजा व विजयादशमी पर्व पर दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दुर्गा पूजा एवं विजय दशमी पर्व पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा का पर्व हम सभी को असत्य पर सत्य की तथा अन्याय पर न्याय की विजय का सन्देश देता है। सभी लोगों को पर्वों को आपसी प्रेम और सौहार्द से मनाते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरीतियों का परित्याग करना चाहिए। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सभी लोग कोविड.19 के प्रोटोकॉल को दृष्टिगत रखते हुए पर्व का उत्सव मनाये।

## अघोषित बिजली कटौती से बढ़ता ही जा रहा है जनता का संकट: नसीमुद्दीन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा है कि सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह तत्काल स्थिति की समीक्षा कर कोयले की व्यवस्था करे। जिससे प्रदेश को इस संकट से बचाते हुए महंगी बिजली की मार से बचाया जा सके। सिद्दीकी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोयले की बढ़ती कमी एवं बढ़ते अघोषित बिजली कटौती से उत्तर प्रदेश की जनता का संकट बढ़ता जा रहा है। देश में सर्वाधिक मंहगी बिजली उत्तर प्रदेश में है तथा प्रदेश पहले से ही बिजली संकट से जूझ रहा था। कोयले की आपूर्ति में मौजूदा कमी से बिजली के दाम और बढ़ने की प्रबल संभावना है, साथ ही साथ बिजली की भारी कमी से भी प्रदेश को जूझना पड़ेगा। चंद उद्योगपति मित्रों की मद्दगार अनुभवहीन सरकार एवं उसके भ्रष्ट आचरण ने इस संकट को बढ़ाने का काम किया है।

# योगी सरकार के बुलडोजर से सपा को सर्वाधिक पीड़ा

● सपा गुंडों व माफिया को हवाई सैर कराती थी, योगी सरकार खिला रही जेल की हवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा योगी सरकार का बुलडोजर जिन अपराधियों और माफिया पर चल रहा है इन लोगों की 2017 से पहले समानांतर सरकार चल रही थी। इन माफिया तत्वों ने गरीबों की जमीनों पर कब्जा करके अपनी कोठियां खड़ी कर ली थीं। उन्होंने कहा अब जब योगी सरकार उनसे अवैध कब्जे वापस लेकर गरीबों को आवास बना रही तो अखिलेश यादव को तकलीफ हो रही है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि माफिया पर बुलडोजर चलने से सर्वाधिक पीड़ा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को हो रही है। सपा राज में गुंडो और माफिया को हवाई जहाज में सैर करायी जा रही थी। अपराध और गुंडागर्दी की खुली छूट मिलती थी, योगी सरकार उन्हें जेल की हवा खिला रही है। संगठित अपराध से अर्जित उनकी अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चला रही है तो अखिलेश का दुखी होना स्वाभाविक है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा यह आश्चर्य और दुख दोनों का ही विषय है कि योगी सरकार द्वारा संगठित अपराध के खिलाफकार्रवाई की आम जनता तो खुले दिल से स्वागत कर रही है लेकिन सपा अध्यक्ष के लिए सर्वाधिक पीड़ा का कारण है। जाहिर है ये सभी अपराधी सपा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया को याद रखना चाहिए कि उनका सत्ता से बाहर होने का एक मुख्य कारण गुंडागर्दी और अपराधियों को प्रश्रय देना रहा है। उन्होंने कहा कि उससे भी चौंका देने वाली बात यह है कि जो व्यक्ति स्वयं मुख्यमंत्री रह चुका हो, वह अपराधियों और माफिया के खिलाफ कार्रवाई का खुलेआम विरोध कर रहा है इससे सपा का चरित्र और मजबूरी दोनों ही सबके सामने है।



# विपक्ष के झूठ को आंकड़ों के साथ करें बेनकाब: अनुराग ठाकुर

● पेशेवर युवाओं को जोड़कर बीजेपी आयोजित करेगी सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव में विपक्ष के तीरों का जवाब बीजेपी की मीडिया टीम किस प्रकार से दे इसको लेकर केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री और यूपी के सह प्रभारी अनुराग ठाकुर ने बीजेपी की मीडिया विभाग की टीम के साथ फीडबैक लिया।

उन्होंने युवाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी तय कर दिए। उन्होंने कहा कि यूपी में जो पेशेवर युवा हैं जो कि विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी के साथ काम कर रहे हैं उनको पार्टी जोड़ेगी। साथ ही जो युवा अपने-अपने क्षेत्रों में देश और दुनिया के लिए एक मिसाल बन गए हैं उन्हें पार्टी की रीति-नीति के बारे में बताए और उन्हें जोड़े, ऐसे युवाओं को जोड़कर बीजेपी युवा सम्मेलन आयोजित करेगी। इसके साथ ही बीजेपी ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगी। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव में विपक्ष तथ्यों को तोड़ मरोड़कर जनता के सामने रखेगा लेकिन मीडिया विभाग की यह जिम्मेदारी है कि वह आंकड़ों के साथ विपक्ष को करारा जवाब दें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, राष्ट्रीय सह.मीडिया प्रभारी संजय मयूख और राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया की मौजूदगी में हुई इस बैठक में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने साढ़े चार साल में अभूतपूर्व काम किया है। विपक्षी दल अब मीडिया और जनता के बीच भ्रामक प्रचार, झूठे आरोप लगाकर सरकार व संगठन को घेरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रवक्ताओं और पैनलिस्ट को पूरी सजगता के साथ विपक्ष पर नजर रखने और उनके आरोपों का पूरी ताकत के साथ पलटवार करना होगा।

# भाजपा में हर वर्ग का सम्मान: बेबी रानी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** अनुसूचित मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बेबी रानी मौर्य का लखनऊ में पार्टी के अवध क्षेत्र अनुसूचित मोर्चा ने स्वागत समारोह आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति का सर्वाधिक सम्मान सिर्फ भाजपा में ही है। भाजपा में हर वर्ग का सम्मान है व समाज के हर वर्ग के लिए मोदी-योगी सरकार कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। पूर्व राज्यपाल उत्तराखंड बेबी रानी मौर्य जाटव का लखनऊ प्रथम आगमन पर भाजपा अवध क्षेत्र अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। बेबी रानी मौर्य जाटव ने कहा कि बीजेपी ऐसी पार्टी है जिसमें अनुसूचित जाति का सम्मान सर्वाधिक है। मुझ जैसी साधारण कार्यकर्ता को आगरा का मेयर बनाया, फिर उत्तराखंड राज्य का राज्यपाल बनाया और भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना कर सम्मानित किया। आप सभी जानते हैं भाजपा ने अनुसूचित जाति वर्ग के कार्यकर्ता रामनाथ कोविंद को देश के सर्वोच्च पद पर सुशोभित करके राष्ट्रपति बनाया। मोदी-योगी की सरकार में जनहित की योजनाओं का लाभ ज्यादातर अनुसूचित वर्ग के लोगों को ही मिला है बाबा साहब डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर का सर्वोच्च सम्मान देने का काम भी हमारी सरकार आने के बाद ही हो पाया जबकि अन्य दलों ने सिर्फ उनके नाम का इस्तेमाल कर अपनी राजनीति चमकाने के लिए किया। उन्होंने अवध क्षेत्र के 15 जिलों से आए हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि हमारा समाज लगातार जागरूक हो रहा है। वह अपनी शिक्षा अपने अधिकारों को जानने एवं उसके लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। अनुसूचित वर्ग के लिए सरकार की सैकड़ों योजनाएं हैं उसका लाभ उठाएं।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरा नाम अनिल खानचंदानी से बदलकर अनिल कुमार खान चंदानी S/o दुलीचन्द R/o 113/124 स्वरूप नगर कानपुर हो गया है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र सौरभ मौर्य को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा व परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। लाल बहादुर पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम व पोस्ट सरसौल जिला कानपुर नगर

**सूचना**

मैंने अपना नाम रितू भसीन उर्फ रजनीत से रितू भसीन कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना जाये। रितू भसीन पत्नी कुँवरजीत सिंह भसीन निवासी–बंगला नं0–107, हार्डिंग रोड, मीरपुर कैन्ट, कानपुर।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि विक्रान्त जादौन पुत्र श्री संजय कुमार सिंह की बी0टेक की मार्कशीट जिसका रोल नं0 A7605217042 है वास्तव में खो गया है। जिस किसी को प्राप्त हो निम्न पते पर सूचित करें। विक्रान्त जादौन पुत्र संजय कुमार सिंह निवासी ठाकुर विहार कालोनी, पिकनिक स्पाट रोड, फरीदी नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

**सूचना**

**सूचना**

मैं राघवेन्द्र सिंह सेंगर पिता श्री कौशलेन्द्र सिंह निवासी ग्रा0 व पो0–शेखपुर बुजुर्ग, जिला व तह0 जालौन उ0प्र0 यह घोषणा करता हूं कि मेरे आर्मी रिकार्ड नं0 16017499 एम में मेरे पिता का नाम कौशलेन्द्र सिंह सेंगर एवं जन्मतिथि 01/07/1961 दर्ज है जो कि गलत है शपथ–पत्र दिनांक 13/10/2021 के अनुसार पिता का सही नाम कौशलेन्द्र सिंह एवं जन्मतिथि 01/01/1968 है।

# बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का 73 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा

● यूपीडा के सीईओ ने की बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की समीक्षा, टोल प्लाजा व टॉयलेट ब्लॉक्स के निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपीडा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरओबी तथा आरई पैनल निर्माण के काम में तेजी लाने के साथ स्ट्रक्चर्स से संबंधित काम में शीघ्रता लाई जाए। उन्होंने टोल प्लाजा व टॉयलेट ब्लॉक्स के निर्माण के काम में भी तेजी लाने के निर्देश देते हुए यह भी कहा कि शेष बचे मिट्टी का कार्य तेजी से खत्म किया जाए। श्री अवस्थी ने परियोजना के अन्तर्गत पड़ने वाले शेष बचे यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्यो को भी शीघ्रता से किए जाने के लिए निर्देशित किया। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। रिकॉर्ड समय में अब तक कुल 221 किमी लंबाई में बिटुमिनस स्तर का कार्य पूरा किया जा चुका है यानि कि इतनी सड़क पूर्णत: बनकर तैयार हो चुकी है। परियोजना का अब तक लगभग 73 प्रतिशत से अधिक भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। एक्सप्रेसवे पर पड़ने वाले यमुना और बेतवा नदी पर पुलों का तीव्र गति से निर्माण चल रहा है।

# मनीष गुप्ता हत्याकांड में आरोपी इनामी हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

**लखनऊ( पीएनएस )।** कानपुर के प्रापर्टी डीलर मनीष गुप्ता की गोरखपुर में हुई हत्या के मामले में पांचवे आरोपी हेड कांस्टेबल कमलेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कमलेश को गोरखपुर की कैंट पुलिस ने कचहरी के पास से उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वह सरेंडर करने कोर्ट में जा रहा था। अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि कारोबारी मनीष गुप्ता हत्याकांड मामले के आरोपी हेड कॉन्स्टेबल कमलेश यादव को गोरखपुर में गिरफ्तार कर लिया गया। वह अदालत में आत्मसमर्पण करने जा रहा था। मंगलवार को पुलिस ने मामले के आरोपी दारोगा राहुल दुबे और कॉन्स्टेबल प्रशांत कुमार को जबकि पिछले रविवार को आरोपी निरीक्षक जेएन सिंह और उपनिरीक्षक अक्षय मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। गौरतलब है कि पिछले महीने गोरखपुर के एक होटल में तलाशी के दौरान कथित रूप से पुलिस कर्मियों द्वारा बर्बरतापूर्ण पिटाई किए जाने से कानपुर निवासी 36 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर मनीष गुप्ता की मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपी छह पुलिसकर्मियों को निलंबित करके उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

## कार्यालय जिलाधिकारी, बाराबंकी

संख्या– 833/आबकारी/अपील/चेता0/बाराबंकी दि0 13.10.2021

**अपील/चेतावनी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों को उनके दूरभाष नम्बर के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी मो0नं0 9454465638, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–1, नवाबगंज मो0नं0–9870946798, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2, रामसनेही घाट मो0नं0––9415530907, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–3, हैदरगढ़ मो0नं0–9454466232, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–4, फतेहपुर मो0नं0–6387487747, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–5 सिरौली गौसपुर मो0नं0–8318850654, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–6 रामनगर मो0नं0–9454466712, पर सूचना देने का कष्ट करें। आप द्वारा दी गयी सूचना ऐसे अड्डों पर तुरन्त प्रशासनिक कार्यवाही में मददगार एवं सम्भावित जनहानि को रोकने में उपयोगी हो सकती है। किसी भी प्रकार की शिकायत उपरोक्त नम्बरों पर तत्काल करने का कष्ट करें, सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

**जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी।** **जिलाधिकारी, बाराबंकी।**

# अखिलेश-शिवपाल की राहें जुदा होने से दुविधा में मुसलमान वोटर

## प्रदेश की 147 विस सीटों पर मुसलमान मतदाता निभाता है अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**समाजवादी** पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे अखिलेश यादव और उनके भाई शिवपाल सिंह यादव के बीच छिड़े घमासान ने उत्तर प्रदेश के मुसलमानों को दुविधा में ड़ाल दिया है। इस घमासान के चलते सूबे के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार के अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव चुनावी समर में अपने को बड़ा साबित करने के लिए अलग –अलग रथयात्रा निकाल रहे हैं। जिसके तहत ही मंगलवार को शिवपाल सिंह यादव ने मथुरा से सामाजिक परिवर्तन रथयात्रा और अखिलेश यादव ने कानपुर से समाजवादी विजय रथयात्रा की शुरुआत की। वही दूसरी तरफसपा से जुड़े मुस्लिम समाज के लोग यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि इस दोनों के बीच छिड़े घमासान को लेकर आखिर वह करें तो क्या करें।

फ़िलहाल सपा के पारम्परिक कहे जाने वाले इस वोट बैंक में फैली सियासी अनिश्चितता ने बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य दलों की बांछें खिला दी हैं। ये राजनीतिक दल सपा के पारम्परिक वोट बैंक में सेंधमारी की जुगत में लग गए हैं। सपा कुनबे में मचे घमासान के चलते मुस्लिम समाज में फ़ैली अनिश्चितता का लाभ उठाने के लिए बसपा नेताओं ने बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट देने की तैयारी की है। ओवैसी भी सपा से खफा मुस्लिम नेताओं को अपने साथ जोड़ने की जुगत में लग गए हैं। समाजवादी पार्टी की राजनीति पर नजर रखने वाले राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि अखिलेश और शिवपाल के बीच घमासान का नुकसान फिर अखिलेश को उठाना पड़ सकता है। इसलिए अखिलेश यादव को अपने चाचा से संघर्ष करने के बजाए उनके साथ चुनावी गठबंधन करना चाहिए। अखिलेश जब ओम प्रकाश राजभर से चुनावी गठबंधन के लिए वार्ता कर रहे हैं तो फिर उन्हें शिवपाल से परहेज क्यों हैं, ये सवाल करने वाले राजनीतिक समीक्षक कहते हैं कि यादव और मुस्लिम समाज चाहता है कि अखिलेश यादव अपने चाचा के साथ अपने रिश्ते ठीक करें वरना मुस्लिम समाज सपा से दूरी बना लेगा। उत्तर प्रदेश की 403 विधान सभा सीटों में से 147 ऐसी हैं जहां मुसलमान मतदाता हार जीत का फैसला करने की सियासी कुव्वत रखता है। इस वोटबैंक के भरोसे ही सपा राज्य बड़ी राजनीतिक ताकत बनी है। सूबे के जातीय आंकड़ों के अनुसार, रामपुर में सबसे अधिक मस्लिम मतदाता हैं। रामपुर में जहां मुसलमान मतदाताओं का प्रतिशत 42 है। मुरादाबाद में 40, बिजनौर में 38, अमरोहा में 37, सहारनपुर में 38, मेरठ में 30, कैराना में 29, बलरामपुर और बरेली में 28, संभल, पडरौना और मुजफ्फरनगर में 27, डुमरियागंज में 26 और लखनऊ, बहराइच व कैराना में मुसलमान मतदाता 23 प्रतिशत हैं। इनके अलावा शाहजहांपुर, खुर्जा, बुलन्दशहर, खलीलाबाद, सीतापुर, अलीगढ़, आंवला, आगरा, गोंडा, अकबरपुर, बागपत और लखीमपुर में मुस्लिम मतदाता कम से कम 17 प्रतिशत है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर (सीतापुर)

पत्रांक : ............../न0पा0परि0लहरपुर/2021–22 दिनांक 11–10–2021

**ई–टेण्डरिंग निवदा सूचना**

नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर द्वारा 15वॉ वित्त आयोग से प्राप्त हुई धनराशि से ई–टेण्डर की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** के माध्यम से **प्रमुख सचिव महोदय के पत्र सं0 3890/नौः 5–19–14सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019** के क्रम में जिलाधिकारी महोदय सीतापुर द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना दिनांक 21 सितम्बर 2021 के अन्तर्गत समस्त उत्तर प्रदेश के सिविल ठेकेदारों से ई–निविदाएं दिनांक 12.10.2021 से दिनांक 27.10.2021 अपरान्ह 2:00 बजे तक आनलाइन आमंत्रित की जाती है। टेक्निकल बिड दिनांक 29.10.2021 को शाम 2:00 बजे ई–टेण्डरिंग निविदा समिति द्वारा आनलाइन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। तत्पश्चात अगले दिन फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। **निविदा के साथ धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी तथा निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद लहरपुर के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 38686316966 IFSC-CODE SBIN0008314 में जमा कर रशीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदादाता से न्यूनतम निविदा प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धित नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क डिमांड ड्राफ्ट/ई–बैकिंग के माध्यम से जमा कराते हुए निविदादाता का पंजीकरण कर निविदा की शर्तों के अनुसार जमानत आदि की धनराशि जमा कराते हुए नियमानुसार अनुबन्ध गठित किया जायेगा।** इच्छुक ठेकेदार/फर्म यह निविदा उक्त वेबसाइट से उपरोक्त दिनांक में पूर्वान्ह 2:00 बजे तक डाउनलोड कर निविदा अपलोड कर सकते हैं। निविदा सम्बन्धी जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर व वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** से देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+GST 12% | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मो0 टांडासालार में वेस्ट वाटर मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत नाला निर्माण कार्य। (ल0 62मी0 चौ0 3) | 2117000.00 | 211700.00 | 2380.00 | 2 माह |

**(एच0एन0 उपाध्याय)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**लहरपुर–सीतापुर**

**(मो0 जासमीर अंसारी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**लहरपुर–सीतापुर**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# गोमती में नहीं होगा मूर्ति विसर्जन

## नदी किनारे बनाए गड्ढों में विसर्जित की जाएंगी मूर्तियां

● नगर आयुक्त ने किया तैयारियों का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहर** में मनाये जाने वाले आगामी त्यौहार दुर्गापूजा को देखते हुए नगर निगम द्वारा समस्त क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई, चूना छिड़कवाने व फागिंग कार्य कराये जा रहे है। दुर्गापूजा के बाद मूर्तियों के नदी में विसर्जन के कारण उत्पन्न होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए और एनजीटी द्वारा नदियों में विसर्जन पर प्रतिबंध किया गया है। इसे देखते हुए नगर निगम द्वारा गड्ढे बनवा कर पूजन बाद मूर्तियों के निस्तारण की व्यवस्था करायी गई है।

बुधवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने गोमती नदी किनारे के क्षेत्र का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से ससमय निश्चित कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिये। नगर निगम ने गोमती नदी के तट पर झूलेलाल, लक्ष्मण मेला मैदान, कुड़ियाघाट और अन्य विभिन्न स्थलों गड्ढे बनवाये जाने का कार्य कर लिया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के अनुपालन में गड्ढो के नीचे प्लास्टिक की एक लेयर बिछायी जाएगी। विसर्जन के लिए गड्ढो की मेढ़बंदी के साथ साथ नदी के किनारे व्यक्तियों को जाने से रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगाये जाने का कार्य चल रहा है। मूर्ति विसर्जन के लिए आने वाले व्यक्तियों की समूहों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए इन गड्ढों के आसपास प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है। प्रकाश के लिए बिजली की लाइन न होने कारण निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए जेनरेटर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये गये है। साथ साथ नदी किनारे गोताखोरों का प्रबंध व उनकी तैनाती के निर्देश भी दिये गये ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके।

मूर्ति विसर्जन स्थलों के आसपास भी निरन्तर साफ-सफाई बनाये रखने के निर्देश दिये गये हैं। सभी शहरवासियों से अपील की गयी है कि पर्यावरण की रक्षा को तहत रखते हुए पूजन उपरांत मूर्तियों को नगर निगम द्वारा स्थापित गड्ढों में ही विसर्जित करे।



मॉडल हाउस में सजा दुर्गा पूजा पंडाल और पाठ करते पुजारी

# चार वर्षों में 3.50 करोड़ यात्रियों ने किया मेट्रो में सफर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मेट्रो** का सफर शहरवासियों को काफी सुहाना लग रहा है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चार वर्षों में 3.50 करोड़ लोगों ने मेट्रो में यात्रा की है। ऐसा तब है जब कोविड के चलते कई महीनों मेट्रों की सेवाएं बंद रहीं हैं। बावजूद इसके मेट्रो दिन प्रति दिन नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बुधवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने 4 साल में 3.50 करोड़ यात्रियों को सफर करवा कर एक और कीर्तिमान अपने नाम दर्ज करा लिया है। यह उपलब्धि इसलिए भी अहम है क्योंकि विगत वर्षों में कोविड महामारी जैसी गंभीर चुनौतियों में भी यूपी मेट्रो ने यात्रियों का विश्वास बनाए रखा। लखनऊ मेट्रो ने 5 सितंबर 2017 को चारबाग से ट्रांसपोर्ट नगर के बीच 8.5 किलोमीटर लंबे प्रॉयरिटी कॉरिडोर पर सेवाएं की शुरुआत की थी।

## मानहानि मामला: नेटफ्लिक्स के तीन अधिकारी तलब

**लखनऊ (विसं)।** विशेष सीजेएम सुनील कुमार ने मानहानि के एक आपराधिक मामले में नेटफ्लिक्स इंटरटेनमेंट सर्विसेज इंडिया एलएलपी के अभिषेक नाग व निक रीड तथा रीबा शर्मा को बतौर मुल्जिम मुकदमे के विचारण के लिए 15 नवंबर को तलब किया है। उन्होंने यह आदेश सहारा इंडिया ग्रुप ऑफ कम्पनीज व इसके असिस्टेंट मैनेजर दिनेश कुमार शुक्ला की ओर से दाखिल परिवाद पर संज्ञान लेते हुए दिया है। परिवादी का आरोप है कि पांच अक्टूबर 2020 को विपक्षीगणों ने आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद बैड ब्वायज मिलेनियर इंडिया नाम से एक डाक्यूमेन्ट्री सीरीज बनाकर यू ट्यूब पर अपलोड कर दिया। इस डाक्यूमेन्ट्री में सुब्रत राय को विजय माल्या, नीरव मोदी व राजू के समानान्तर दिखाया गया है। इस डाक्यूमेन्ट्री को जानबूझकर सहारा का लोगो इस्तेमाल करते हुए बनाया गया है ताकि इसकी वाणिज्यिक कीमत बढ़ाई जा सके। परिवाद में कहा गया है कि विपक्षीगणों ने इस कृत्य से सुब्रत राय की छवि पर दाग लगाने की कोशिश की है।

# उत्कर्ष व करिश्मा गुप्ता ने बढ़ाया राजधानी का मान

## राजधानी को मिले नौ नए सीएस, उत्कर्ष को ऑल ओवर इंडिया मे मिली दसवीं रैंक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ


**द** इंस्टीट्यूट ऑफकंपनी सेक्रेटरीज ऑफइंडिया की ओर से जून.2021 में सम्पन्न कराई गई कंपनी सेक्रेटरी का फाउंडेशन, एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल कोर्स का रिजल्ट बुधवार को जारी कर दिया गया। इसमें राजधानी के नौ अभ्यर्थियों ने अपना परचम लहराया है। राजधानी के उत्कर्ष राठौर ने ऑल ओवर इंडिया लेवल पर दसवीं रैंक हासिल कर राजधानी का गौरव बढ़ाया है। उत्कर्ष को 400 ममें से 308 अंक प्राप्त हुए है।

वहीं दूसरे नंबर पर करिश्मा गुप्ता रही उनको ऑल इंडिया लेवल पर 15वीं रैंक हासिल हुई। जबकि आयुषी सिंह को 17वीं और स्निग्धा अग्रवाल को 24वीं ऑल इंडिया लेवल पर 24वीं रैंक हासिल हुई है। इसके अलावा शिवानी त्रिवेदी, अर्पित शर्मा, रूपाली वर्मा, शुभांगी दुबे और यशस्वी श्रीवास्तव ने सीएस एग्जाम में सफलता प्राप्त की है। लखनऊ चैप्टर के करीब 500 कैंडीडेट्स इस एग्जाम में शामिल हुए थे। सीएस लखनऊ चैप्टर के प्रेसीडेंट सीएस अतुल कुमार रावत ने बताया कि प्रोफेशनल ओल्ड सिलेबस के फर्स्ट मॉड्यूल में 33.22 प्रतिशत स्टूडेंट्स, सेकेंड मॉड्यूल में 30.65 प्रतिशत स्टूडेंट्स और थर्ड मॉड्यूल में 29.23 प्रतिशत स्टूडेंट्स एग्जाम पास करने में कामयाब हुए हैं। प्रोफेशनल न्यू सेलेबस के फर्स्ट मॉड्यूल में 26.14 प्रतिशत स्टूडेंट्स, सेकेंड मॉड्यूल में 16.86 प्रतिशत स्टूडेंट्स और थर्ड मॉड्यूल में 29.80 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए है। एक्जीक्यूटिव ओल्ड सेलेबस के फर्स्ट मॉड्यूल में 24.31 प्रतिशत स्टूडेंट्स व सेकेंड मॉड्यूल में 17.33 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। एक्जीक्यूटिव न्यू सेलेबस के फर्स्ट मॉडयूल में 15.60 प्रतिशत व सेकेंड मॉड्यूल में 23.66 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने एग्जाम पास किया हैं। लखनऊ चैप्टर से अनन्या उमर ने एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम न्यू सेलेबसद्ध में फर्स्ट प्लेस हासिल किया है। वहीं फाउंडेशन एग्जाम में 66.11 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए है।

सीएस लखनऊ चैप्टर की सचिव सीएस गुंजन गोयल व पूर्व प्रेसिडेंट सीएस मनीष मिश्रा ने बताया कि दिसम्बर 2021 में होने वाले सीएस एग्जाम के लिए एग्जाम फार्म 14 अक्तूबर से भरे जायेंगे। जिसकी अंतिम तिथि 30 अक्तूबर व विलम्ब शुल्क के साथ 6 नवम्बर तक फॉर्म भर सकते हैं।

# बेकाबू डम्पर ने बाइक सवार युवक को रौंदा ,मौत

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



फाइल फोटो बिन्द्रा प्रसाद

**सिसेण्डी** इलाके में मौत बनकर दौड़ रहे मिट्टी लदे बेकाबू डम्पर ने बुधवार की शाम पुलिस चौकी के निकट बाइक से घर लौट रहे युवक को रौंद दिया। दर्दनाक हादसे में युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया और उसकी मौत हो गई। इकलौते बेटे के मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बेसुध हो गई मां और बहनों की हालत देखकर हर किसी की आंखें भर आई।

मोहनलालगंज के मीनापुर गांव निवासी किसान रामप्रकाश का बेटा बिन्द्रा प्रसाद बुधवार की शाम खरीदारी के लिए बाइक से सिसेण्डी बाजार आया हुआ था। घर वापस लौटते समय सिसेण्डी पुलिस चौकी के निकट सामने से आ रहे मिट्टी लदे बेकाबू डम्पर ने उसे रौंद दिया। हादसे में डम्पर से कुचलकर बिन्द्रा प्रसाद का शरीर दो हिस्सों में बंट गया और घटनास्थल पर ही उसकी सांसे थम गई। हादसे को अंजाम देकर ड्राइवर ने गाड़ी भगा ली और कुछ दूर जाकर डम्पर छोड़कर भाग निकला। पीछा कर रहे सिपाहियों ने डम्पर को कब्जे में ले लिया। दर्दनाक हादसे की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्र ने बताया क्षत विक्षत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

**पांच बहनों का इकलौता भाई था बिन्द्रा प्रसाद:** मीनापुर गांव निवासी किसान रामप्रकाश के परिवार में पत्नी सुनीता और पांच बेटियों के अलावा इकलौता बेटा बिन्द्रा प्रसाद था। बुधवार की शाम हादसे में उसके मौत की खबर घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। कलेजे के टुकड़े की मौत ने मां को स्तब्ध कर दिया। जबकि बहनों की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। परिवार की ऐसी हालत जिस किसी ने भी देखी उसकी आंखे नम हुए बिना नहीं रह सकी।

**हादसों का जोखिम बढ़ा रहे बेकाबू डम्पर:** मोहनलालगंज के सिसेण्डी और जैतीखेड़ा इलाके में रायल्टी की आंड़ में खनन के मानक दरकिनार किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। फिर भी न जानें किस वजह से राजस्व व खनन विभाग और पुलिस प्रशासन औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की जिम्मेदारी से बच रहा है। गांव और कस्बे की सड़कों पर आवागमन कर रहे मिट्टी लदे बेकाबू डम्पर हादसों का जोखिम बढ़ा रहे हैं। फ़िर भी जिम्मेदारों को इनकी रफ्तार पर अंकुश लगाने की फुरसत नहीं है। लिहाजा बिन्द्रा प्रसाद जैसे बेगुनाह मौत बनकर दौड़ रहे बेकाबू डम्परों की बलि चढ़ रहे हैं।

# धर्मांतरण मामला: चार और मुल्जिमों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**विधि सवांददाता।** लखनऊ

**धर्मांतरण** के मामले में निरुद्ध मुल्जिम प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, कौशर आलम, भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा व फराज शाह के खिलाफ बुधवार को एटीएस ने विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। एटीएस ने इन सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 417, 120बी, 153ए, 153बी, 295 व धारा 298 के साथ ही उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3/5/8 में आरोप पत्र दाखिल किया है। इस अधिनियम के तहत यह दूसरा आरोप पत्र दाखिल हुआ है। अदालत में यह आरोप पत्र इस मामले के विवेचक व एटीएस के निरीक्षक चैम्पियन लाल ने दाखिल किया है। विशेष अदालत में आरोप पत्र पर संज्ञान के मसले पर सुनवाई अभी बाकी है।

एटीएस ने इस मामले में अब तक 16 मुल्जिमों को देश के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। इनमें मुल्जिम मो. उमर गौतम, मुफ्ती काजी जहॉगीर आलम कासमी, इरफान शेख उर्फ इरफान खान, राहुल भोला उर्फ राहुल अहमद, मन्नू यादव उर्फ अब्दुल मन्नान व सलाहुद्दीन जैनुद्दीन शेख के खिलाफ पहले ही आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। जबकि अन्य के खिलाफ विवेचना अभी जारी है। विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र के मुताबिक मुल्जिमों द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, विद्वेष तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मातंरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था। इनके तार अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी जुड़े हैं। इसके लिए इन्हें विदेशों से हवाला के जरिए रकम भेजी जा रही थी।

इनके द्वारा आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं व दिव्यांगजनों को बहला फुसलाकर व अनुचित दबाव डालकर एक आर्गनिक मैकेनिज्म के तहत जनसंख्या संतुलन बदलने के लिए बड़े पैमाने पर धर्मातंरण किया जा रहा था। ये धर्म विशेष के लोगों को मृत्यु के बाद की दुनिया में जहन्नुम की आग जैसी अवधारणाओं का हवाला देकर भयभीत भी करते थे। इनका उद्देश्य देश में शरीयत आधारित सरकार की व्यवस्था कायम करना था।

## मुंडन संस्कार में शामिल होने आई महिला से टप्पेबाजी

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग शनि मंदिर चौराहे पर टप्पेबाज महिलाओं ने महिला का पर्स उड़ा लिया, महिला को इस बात की जानकारी तब हुई जब वह ऑटो रिक्शा चालक को किराया देने लगी। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली में अज्ञात महिलाओं के खिलाफ तहरीर दी है। गंगा देवी कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के हरिओम नगर कालोनी में रहती हैं, बुधवार सुबह वह कृष्णा नगर से अपने रिश्तेदार के बेटे के मुण्डन संस्कार में शामिल होने के लिए गांधी नगर तेलीबाग आ रही थीं गंगा देवी ने बताया कि जब वह अवध चौराहे से तेलीबाग चौराहे तक आने के लिए ऑटो रिक्शा पर बैठी तो उसमें दो महिलाएं और एक करीब 8 वर्ष की बच्ची पहले से बैठी थी। गंगा देवी का कहना है कि वह दोनों महिलाएं रास्ते भर बातों में उलझाए रहीं और इसी दौरान झोले में रखा पर्स पार कर दिया और तेलीबाग चौराहे के पहले ही ऑटो रिक्शा रुकवा कर उतर गई। जब चौराहे पर किराया देने लगे तो पर्स गायब था। पर्स में 3500 रुपए नकद, सोने के टाप्स, सोने का लाकेट, चांदी के कड़े, आधार कार्ड और कुछ अन्य जरूरी कागजात थे।

## छेड़छाड़ में तीन साल की सजा

**लखनऊ(विसं)।** पॉक्सो के विशेष जज अरविंद मिश्र ने छेड़छाड़ के एक आपराधिक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम रजनेश उर्फरजनीश को तीन साल की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर मिशन शक्ति के तहत दस हजार का जुर्माना भी ठोका है। 18 मार्च 2014 को इस मामले की एफआईआर दो नाबालिग पीड़िताओं की ओर से थाना माल में दर्ज हुई थी।

## नाले में मिला अज्ञात युवक का नग्न शव

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहान रोड में स्थित वंदना नर्सिंग होम के पास बुधवार की सुबह करीब 8 बजे नाले में एक 30 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव नग्न अवस्था में पड़ा मिला। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों के द्वारा पारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पारा पुलिस ने शव को नाले से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों को शव की शिनाख्त के लिए बुलाया लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर पारा ने बताया कि मृतक का शव नग्न अवस्था में पाया गया है उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है प्रयास जारी है उन्होंने कहा कि उसके शरीर पर चोट के कोई ज़ाहिरा निशान नजर नहीं आ रहे थे इंस्पेक्टर के अनुसार लोगों ने बताया कि मृतक विक्षिप्त था और आसपास कई दिनों से लगातार देखा जा रहा था।

## दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे चार आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गोमती नगर विस्तारए पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी चार लोगों को गिरफ्तार किया है जो फरार चल रहे थे। जानकारी के अनुसार खरगापुर गोमती नगर विस्तार के रहने वाले मृतिका के पति हरीश चंद्र गुप्ता सास सुशीला गुप्ता और 2 ननद पुष्पलता व कंचनलता को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए दहेज हत्या के मुकदमे के आरोपियों के खिलाफइसी महीने की 10 तारीख को जिला बस्ती के रहने वाले राम दुलारे गुप्ता ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था । पुलिस की एक टीम काफी समय से इनकी तलाश में थी।

## गोमतीनगर में अवैध कब्जा हटवाया, अमीनाबाद में छह दुकानें सील

**लखनऊ।** एलडीए द्वारा गोमतीनगर विस्तार, अमीनाबाद में बड़ी कार्रवाई की गयी। गोमतीनगर विस्तार में एक लाख वर्ग फिट की जमीन से अवैध कब्जा हटवाया गया। इसके साथ एलडीए ने अमीनाबाद में अवैध बनी छह दुकानों को सील कर दिया। गोमतीनगर विस्तार के मखदुमपुर में एलडीए ने खसरा नंबर 223 पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। मखदूमपुर में वर्षो से काबिज इस इलाके में विरोध की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस फोर्स के साथ प्रवर्तन टीम ने जेसीबी से पक्के निर्माण को ध्वस्त किया। वहीं अमीनाबाद में महाबीर मंदिर के पास बिना नक्शे के बनीं छह दुकानों को सील किया गया। अधिशासी अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शोएब द्वारा ग्राम पंचायत दवरिया, खुर्द गौशाला के पास, लखनऊ पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 7 से 8 बीघा में अवैध प्लाटिंग का कार्य किये जा रहे थे। विहित प्राधिकारी आनन्द कुमार सिंह के आदेश पर उसे सील किया।

## यूजी सेकेंड एलाटमेंट एवं अपग्रेडेशन के रिज़ल्ट जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफसे बुधवार को सत्र 2021-22 की स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत आनलाइन काउंसिल के अंतर्गत सम्पन्न कराई गयी सेकेंड एलाटमेंट एवं अपग्रेडेशन के रिज़ल्ट अभ्यर्थी के लागइन पर उपलब्ध करा दिए गये हैं। इन कोर्सेज के रिजल्ट उपलब्ध कराए गए हैं, उनमे बीजेएमसी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएलएड, बीसीए, बीबीए, बीएफए-बीवीए, बीकॉम आनर्स, बीकॉम चार वर्षीय, एलएलबी आनर्स शामिल है। अभ्यर्थी अपनी लागइन आईडी का प्रयोग करके अपना एलाटमेंट लेटर डाउनलोड कर लें एवं आनलाइन सीट कन्फर्मेशन फीस 14 से 16 अक्टूबर तक अवश्य जमा कर दें।

# उत्पीड़न की शिकार महिलाओं की संवरने लगी जिन्दगी

● मिशन शक्ति का दिखने लगा असर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

घरेलू उत्पीड़न, एसिड अटैक और शोषण का शिकार हुई महिलाओं को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने की रणनीति असर दिखाने लगी है। प्रदेश में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान और योजनाओं से महिलाओं और बेटियों को मदद मिल रही है। उत्पीड़न का शिकार हुई महिलाओं की जिन्दगी को संवारने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बालगृहों में मिशन शक्ति के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे नारी निकेतनए बालगृहों में आश्रित महिलाएं व किशोरियां रोजगार की मुख्यधारा से जुड़ रहीं हैं।

महिलाओं व बेटियों की सुरक्षाए सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार की स्वर्णिम योजनाएं पीड़ित महिलाओं की जिंदगी को संवार रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वृहद् अभियान मिशन शक्ति के जरिए महिलाओं व बेटियों के कदम विकास पथ की ओर बढ़ रहे हैं। पीड़ित महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से वन स्टॉप सेंटर के जरिए शोषण का शिकार हुई महिलाओं की काउंसलिंग कर उनको रोजगार से जोड़ा जा रहा है। लखनऊ के वन स्टॉप सेंटर से अब तक लगभग 500 से अधिक शोषण का शिकार हुई महिलाओं व किशोरियों को मदद दी जा चुकी है। लाभार्थिनी छाया ने बताया सेंटर के जरिए मुझे मदद मिली। सेंटर में कांउसलिंग के बाद मुझे मेरी रूचि के अनुसार प्रोफेशनल कोर्स करने के लिए प्रेरित किया गया। जिसके बाद मैंने बैंगलोर से होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया और आज आगरा के एक नामचीन होटल में जॉब कर रही हूं। घरेलू उत्पीड़न का शिकार हुई सुमित्रा ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर से मुझे काफी मदद मिली है। काउंसलिंग के बाद मुझे रेस्क्यू टीम में नियुक्त किया गया आज मैं अपनी जैसी तमाम महिलाओं की मदद कर पा रही हूं।

# अभाविप ने फूंका पाकिस्तान का पुतला



● पुंछ में हुए आतंकवादी हमले में शहीद 5 जवानों को दी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पुंछ** में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए 5 जवानों को बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय में किया गया।

विश्वविद्यालय के कार्यकर्ताओं द्वारा आतंकवाद का समर्थन करने वाले पाकिस्तान की नीतियों का पुरज़ोर विरोध किया गया साथ ही साथ पाकिस्तान का पुतला भी दहन किया गया। इस दौरान प्रभात सिंह साकेत ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों का राष्ट्र है और उसे उसी की भाषा मे जवाब देना चाहिए। प्रणव कांत सिंह ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों से लड़ने के लिए भारत की सेना सक्षम है लेकिन देश के अंदर जो आतंकवादी बैठे हैं उनसे देश के युवाओं को लड़ना पड़ेगा। अभाविप लखनऊ महानगर मंत्री सिद्धार्थ शाही ने बताया की राष्ट्र विरोधी ताकतों से लड़ने के लिए विद्यार्थी परिषद हमेशा तत्पर रहती है। अंशिका सिंह ने बताया कि आज के नौजवानों को सोशल मीडिया से नहीं बल्कि जमीन पर उतर कर क्रांति करने की आवश्यकता है।

# राजधानी में डेंगू के 25 नए मरीज मिले

● मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर कुल 27 घरों को नोटिस जारी

**लखनऊ।** राजधानी में डेंगू मरीजों की संख्या थमने का नाम नहीं ले रही है। डेंगू प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है। बुधवार को डेंगू के 25 नए मरीज सामने आए है। यह मरीज इन्दिरानगर, एनके रोड, टूडियागंज, रेडक्रास, सिल्वर जुबली, माल, काकोरी, गुडम्बा, अलीगंज, ऐशबागए चिनहट आदि क्षेत्र में पाये गये हैं। डेंगू-मलेरिया पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने आज कुल 2713 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 27 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। इन घरों में कूलर, खाली बर्तन, गमले आदि में डेंगू मच्छर के लार्वा मिले हैं। इन्हें नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है। वही मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर आज नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा गीता पल्ली, इब्राहिमपुर, राजीव गॉधी, गोमतीनगर, बालागंज, मल्लाही टोला, निशातगंज, फैजुल्लागंज वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस पास पानी जमा न होने देने, पानी से भरे हुए बर्तनों एवं टंकियों को ढक कर रखने, कुछ समय अन्तराल पर कूलर को खाली कर साफकपड़े से पोछ कर सुखाकर एवं साफकरने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपडे पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने देने एवं मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें सम्बन्धी स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की।

# यूपी में बाल वैज्ञानिकों का अभाव, अभी तक महज 11456 छात्रों का रजिस्ट्रेशन

● इंस्पायर अवार्ड के रजिस्ट्रेशन में प्रदेश के पांच जिले सबसे पीछे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बच्चों** में विज्ञान के प्रति अभिरुचि पैदा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित इंस्पायर अवार्ड के लिए यूपी में बाल वैज्ञानिक नहीं मिल रहे हैं। जिसका नतीजा है कि बाल वैज्ञानिकों के मामले में इस बार यूपी की स्थिति संतोषजनक नहीं है। यूपी में अभी तक सिर्फ 11456 स्टूडेंट्स की तरफ से अवार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया है। जबकि सर्वाधिक एक लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन राजस्थान से हुए हैं। राजस्थान के बाद कर्नाटक, छत्तीसगढ़, बिहार और उड़ीसा का नंबर है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संस्थान द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड के लिए देश भर से एक लाख विद्यार्थियों को चयन किया जाता है। जिन छात्रों के प्रोजेक्ट का चयन होता है, उन्हें भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से दस हजार रुपये की राशि दी जाती है। इस अवार्ड के लिए राज्यभर के स्कूली बच्चे शामिल होते हैं। प्रत्येक स्कूल से पांच विद्यार्थी को ऑनलाइन आवेदन करने की अनुमति होती है। स्कूल के माध्यम से छात्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन ईएमआईएएस पोर्टल पर किया जाता है। जिलास्तर पर संबंधित जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा आवेदन लिया जाता है। इसके बाद जिलास्तर पर सभी आवेदन को यूपी शिक्षा परियोजना परिषद के पास भेजा जाता है। राज्य स्तर पर इन आवेदनों को राष्ट्रीय स्तर पर चयन के लिए भेजा जाता है। इसके लिए प्रदेश के हर स्कूल से क्लास 6 से 10 तक के स्टूडेंट्स का रजिस्ट्रेशन होता है। इस बार उत्तर प्रदेश की स्थिति इस मामले में काफी खराब है। अभी तक करीब 11,456 रजिस्ट्रेशन ही उत्तर प्रदेश से हुए हैं। स्थिति यह है कि प्रदेश के कई जिलों में बाल वैज्ञानिक खोजे नहीं मिल रहे हैं। इंस्पायर अवार्ड योजना के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है। यूपी के टॉप फाइव में ऐसे भी जनपद शामिल हैं जहां 50 स्टूडेंट्स का भी रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है।

मंडलीय विज्ञान अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश की स्थिति पहले काफी बेहतर रही है। सबसे खराब स्थिति यह है कि उत्तर प्रदेश के एक भी जिले को देश के उन 50 जिलों की श्रेणी में नहीं रखा जा सका है, जिनमें नए नामांकन हुए हैं। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि माध्यमिक शिक्षा निदेशक की तरफ से लगातार निर्देशों के बावजूद कई जिलों के डिप्टी इंस्पेक्टर ऑफस्कूल की तरफ से उपयुक्त कदम ना उठाए जाने के कारण यह स्थिति है।

## सिपाही ने दुकान पर कब्जा कर पत्नी के नाम खोला मेडिकल स्टोर

**लखनऊ।** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल गेट पर पिछले 20 वर्षों से होटल चला कर अपना गुजारा कर रहे दुकानदार की मृत्यु हो गई, मृतक की पत्नी पति के अंतिम संस्कार और तेरहवीं के ब्रम्हभोज के लिए अपने बच्चों के साथ बाराबंकी स्थित गांव चली गई। इसी दौरान मौका पा उत्तर प्रदेश पुलिस के एक कांस्टेबल ने दुकान पर कब्जा कर अपनी पत्नी के नाम मेडिकल स्टोर खोल दिया। जब इसकी जानकारी पीड़ित परिवार को मिली और वह दुकान पर पहुंची तो उसके साथ अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी सिपाही के खिलाफ नामजद तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक आत्मा राम दुबे, पत्नी सावित्री दुबे और बेटे कुलदीप दुबे के साथ सरस्वती पुरम कालोनी कोतवाली पीजीआई मकान नंबर 53 में परिवार के साथ रहते थे। सावित्री दुबे ने बताया कि बीते 15 अप्रैल को कोरोना से उनकी मृत्यु हो गई थी उस समय कोई क्रिया कर्म नहीं हो सका था। 19 सितंबर को सब लोग दशम संस्कार और तेरहवीं के लिए सपरिवार मूल स्थान ग्राम लोधीपुरवा बाराबंकी गए थे। मौका पाकर हरेराम उपाध्याय निवासी सरस्वती पुरम कालोनी पीजीआई, मूल निवास ग्राम सरकण्डा पोस्ट काजीपुर जिला बलिया, जो कि हरदोई में पुलिस में सिपाही की पोस्ट पर कार्यरत है ने कुछ लोगों के साथ 21 सितंबर की रात को पीजीआई गेट पर स्थित होटल का ताला तोड़ दिया और जबरन कब्जा कर लिया।

## युवती पर हमला करने वाला सिरफिरा गिरफ्तार

**लखनऊ।** जानकीपुरम में युवती पर उस्तुरा से हमला कर घायल करने वाले सिरफिरे युवक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम कुलदीप सिंह गौर ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से नई दिल्ली का रहने वाला शुभम राज उर्फ मोंटी है। आरोपी ने 7 अक्टूबर को जानकीपुरम थाना क्षेत्र में एक युवती के चेहरे पर उस्तुरा से वार कर उसे घायल कर दिया था। इस मामले में युवती की मां ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी और युवती के बीच दोस्ती थी, कुछ दिनों से दोनों के बीच अनबन चल रही थी, इससे नाराज आरोपी ने युवती पर हमला किया था।


**उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम**
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
टी0सी0/19वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
टोल फ्री सं.: 18001800818 : फोन: 0522-2720050, वेबसाइट: www.upbsn.org

अल्पकालीन ई-निविदा/निविदायें आमंत्रण सूचना

उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम द्वारा पात्र निविदादाताओं से निम्नानुसार सामग्री के क्रय हेतु ई-निविदा/निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-

| निविदा संख्या | सामग्री का विवरण | निविदा डाउनलोड/प्राप्त करने की प्रारम्भ तिथि | निविदा अपलोड/जमा करने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 07/2021-22 | वाटर सप्लाई एवं सेनेट्री फिटिंग कार्य | 15.10.2021 प्रातः 10:00 बजे से | दि. 20.10.2021 जमा करने का समय सायं 03:00 बजे तक व खुलने का समय सायं 04:00 बजे |
| 08/2021-22 | पेन्टिंग एवं पुट्टी कार्य | 15.10.2021 प्रातः 10:00 बजे से | दि. 20.10.2021 जमा करने का समय सायं 03:00 बजे तक व खुलने का समय सायं 04:00 बजे |
| 09/2021-22 | बार्ब्ड वायर फेन्सिंग | 14.10.2021 प्रातः 10:00 बजे से | 19.10.2021 सायं 04:00 बजे तक |

निविदा सं0 9 ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं एवं निविदा सं0 7 एवं 8 से सम्बन्धित विवरण www.upbsn.org से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित सभी विवरण, संशोधन, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट इत्यादि सिर्फ उपर्युक्त वेबसाइट पर जारी किये जायेगें। पात्रता मापदण्ड को पूरा करने वाले ई-निविदादाता "यू0पी0इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0, 10, अशोक मार्ग, लखनऊ" से रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात https://etender.up.nic.in पर ऑनलाइन निविदा जमा कर सकते हैं।

प्रबन्ध निदेशक

# नैक मानकों के अनुरूप निरंतर सुधार करते रहें

**● राज्यपाल के समक्ष छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति ने स्वमूल्यांकन प्रस्तुत किया**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के समक्ष बुधवार को राजभवन में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने विश्वविद्यालय को नैक मानकों के अनुसार तैयार करने हेतु अपना स्वमूल्यांकन प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने प्रस्तुतीकरण का अवलोकन करने के पश्चात् कहा कि विश्वविद्यालय प्रत्येक वर्ष की गतिविधियों के आकड़ों को संकलित करें। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतीकरण इस प्रकार करें कि जो कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक उपलब्धियों को प्रदर्शित कर सके।

प्रजेंटेशन के दौरान राज्यपाल ने नैक मानकों के अनुरूप अपने विश्वविद्यालय के मूल्यांकन को शत प्रतिशत बनाने का प्रयास करें। राज्यपाल ने प्रस्तुतीकरण के दौरान कई ऐसे छोटे छोटे बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराया, जहां विश्वविद्यालय अपने प्रयासों से स्तर में सुधार लाकर मूल्यांकन में वृद्धि कर सकते हैं। कुलाधिपति ने कहा कि पाठ्यक्रम निर्धारण के समय विद्यार्थियों के विचार को भी जानें तथा उनके स्किल को ध्यान में रखकर उद्यमिता विकास तथा वोकेशनल कोर्स जैसे विषयों को प्राथमिकता से शामिल करें तथा प्रत्येक वर्ष विषयों में आवश्यकतानुसार मूलभूत परिवर्तन भी करते रहें। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर से बाहर निकलकर प्रयोगात्मक क्रिया कलापों को बढ़ावा दें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को नैक मानकों के अनुरूप निरंतर सुधार करते रहने के लिए निर्देशित किया। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय गोद लिये गये गावों में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करायें तथा राज्य एवं केन्द्र सरकार की प्रदेश में संचालित कल्याणकारी योजनाओं, शुद्ध पेयजल, स्कूलों में शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थित, पौधा रोपण, गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत अस्पताल में प्रसव कराने, कुपोषण एवं टीबी मुक्त आदि कार्यक्रमों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करें। विश्वविद्यालय बाल विवाह एवं दहेज विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिये अभियान चलायें। राज्यपाल ने कहा कि यूनिवर्सिटी गांव के द्वार नाम से अभियान चलाकर आसपास के गांवों में जाये और लोगों की समस्याओं को सुनें व दूर करें, यही असली हैप्पीनेस है। उन्होंने विश्वविद्यालय की समस्त गतिविधियों को आनलाइन करने के निर्देश दिये।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने बताया कि विश्वविद्यालय ने नैक का एक पोर्टल बनाया है, जिसमें सभी फैकल्टी अपना अपना डाटा अपलोड करेंगे। इससे स्वमूल्यांकन में मदद मिलेगी। साथ ही ज्ञान संचय नामक एक पोर्टल भी लांच किया गया है, जिसमें अध्यापक क्लास के दो दिन पहले ही पठन पाठन सामग्री जैसे वीडियो, लेक्चर, पीपीटी, पीडीएफ मैटर आदि अपलोड कर देते हैं, जिससे शिक्षण कार्य प्रभावी ढ़ग से होता है। इसमें स्टूडेंट भी अपने वीडियो अपलोड कर सकते हैं। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि अच्छे कार्य करने वाले अध्यापकों को वर्ष में एक बार सम्मानित करें।

## उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालयों के लिपिकीय संवर्ग का होगा पुनर्गठन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री रिंकू राय की मांग के संदर्भ में शासन स्तर पर सभी राज्य विश्वविद्यालयों से लिपिकीय संवर्ग के पुनर्गठन का प्रस्ताव मांगा गया है। इस बाबत संयुक्त सचिव सर्वेश कुमार सिंह के स्तर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। कर्मचारी संघ के महामंत्री रिंकू राय के मुताबिक इस बाबत आज अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा व सचिव उच्च शिक्षा के साथ विभिन्न विषयों पर वार्ता की गई। उन्होंने बताया कि शासनादेश 26 सितंबर 2013 के अनुसार वर्तमान समय में त्रिस्तरीय पदनाम विद्धमान हैं। जो कनिष्ठ सहायक ग्रेड पे 2000, वरिष्ठ सहायक ग्रेड पे 2800 तथा प्रधान सहायक का ग्रेड पे 4200 है। जबकि शासन द्वारा राज्यकीय कार्यालयों लिपिकीय संवर्ग का पुनर्गठन करते हुए ग्रेड पे व वेतन वैंड उच्चीकृत कर प्रशासनिक, वरिष्ठ प्रशासनिक, मुख्य प्रशासनिक पदनाम प्रदान किया जा चुका है।

## सरकार निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर अत्यन्त गम्भीरः ऊर्जा मंत्री

**● जनता को कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति करने के लिये विगत दो दिनों में लगभग 17 रुपये प्रति यूनिट की दर से खरीदी बिजली**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने बुधवार को गोमती नगर स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर मुख्यालय पहुंचकर बिजली आपूर्ति की समीक्षा की। एसएलडीसी के अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति की विस्तृत जानकारी लेते हुये उन्होंने कहा कि सरकार निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर अत्यन्त गम्भीर है। इसके लिये सभी वितरण अधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में पूरी सजगता बरते एवं इसका अनुश्रवण सभी डिस्काम के एमडी द्वारा प्रतिदिन किया जाए एवं कारपोरेशन स्तर से एमडी एवं अध्यक्ष द्वारा बिजली आपूर्ति के शिड्यूल के अनुपालन की सतत निगरानी की जाए।

ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत क्रय में पूरी पारदर्शिता बरती जाए एवं पर्व के अवसर पर विद्युत की कमी न हो इसके लिये विद्युत उपलब्धता सुनिश्चित की जाएं। ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुये बताया है कि जनता को कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति करने के लिये विगत दो दिनों में लगभग 17 रूपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदी गयी है जो कि सामान्य की तुलना मे बहुत अधिक है, इसलिये उपभोक्ताओं का भी दायित्व है कि वे विद्युत का अपव्यय न करते हुये विद्युत की बचत करें एवं आवष्यकतानुसार ही बिजली का उपयोग करें। जिससे पावर कारपोरेशन पर महंगी बिजली खरीद का अतिरिक्त बोझ न पड़े।

## भवन निर्माण श्रमिकों की जिन्दगी बदली

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने भवन और अन्य सन्निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिकों को आगे बढ़ाने के लिये कई बड़े कदम उठाए हैं। जिससे इनकी जिन्दगी में बड़ा बदलाव आया है। श्रमिकों के पंजीयन और नवीनीकरण में लिए जाने वाले शुल्क में छूट दी है। निर्माण कार्य की 40 प्रक्रियाओं में शामिल 73,61,327 श्रमिकों को 1 अप्रैल 2017 से 31 जुलाई 2021 तक पंजीकृत किया है।

सरकार ने ऐसे निर्माण स्थलों जिन पर 10 या इससे अधिक निर्माण श्रमिक काम कर रहे हैं का पंजीकरण भी अनिवार्य किया है। रिहायशी भवनों की स्थिति में 10 लाख रुपये से अधिक लागत के भवनों पर इसी तरह का प्रावधान लागू किया है। श्रमिकों को लाभ देने की योजनाओं में शामिल करने के लिए सरकार ने 1 अप्रैल 2017 से 31 जुलाई 2021 तक ऐसे 1,23,625 निर्माण स्थलों का पंजीयन भी करा लिया है। जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिया जा सके।

विदित हो कि सरकार श्रमिकों को मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना प्रदान करने के साथ निर्माण कामगार मुत्यु, विकलांगता सहायता एवं अक्षमता पेंशन योजना का लाभ दे रही है।

## भारत की संस्कृति में महिलाओं का गरिमामयी स्थान रहा हैः महापौर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चिड़ियाघर** में मिशन शक्ति मूर्ति एवं चित्रकला मातृशक्तियां की प्रदर्शनी का उद्घाटन महापौर द्वारा किया गया। प्रदर्शन में चामुंडा,वैष्णवी मां के साथ राधा के पैर से कांटा निकलते कृष्ण, बिहारी सत्सई, बिलावल रागिनी, यशोदा के साथ साथ कृष्ण के भी चित्र रखे गए। महापौर ने कहा भारतीय संस्कृति में महिलाओं का बड़ा ही गरिमामय स्थान हैं।



बुधवार को हज़रतगंज स्थित चिड़ियाघर में राज्य संग्रहालय लखनऊ ने वार्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मिशन शक्ति के तहत मूर्ति एवं चित्रकला में मातृशक्तियां विषय पर अस्थाई प्रदर्शनी की आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन महापौर संयुक्ता भाटिया ने किया। प्रदर्शनी में संग्रहालय में संग्रहित मूर्ति एवं चित्रकला में निरूपित मातृशक्तियों के विविध स्वरूपों यथा-चामुंडा, वैष्णवी, सप्तमातृका, वाराही, सरस्वती, सर्वमंगला माहेश्वरी, गजलक्ष्मी आदि स्वरूपों के साथ साथ चित्रों के रूप में राधा कृष्ण, महिषासुर मर्दिनि, राधा के पैर से कांटा निकलते कृष्ण, बिहारी सत्सई, बिलावल रागिनी, यशोदा के साथ साथ कृष्ण आदि को दर्शाया गया। महापौर ने संग्रहालय में प्रदर्शित सभी चित्रों का अवलोकन किया जिसका विस्तारपूर्वक वर्णन संग्रहालय की सहायक निदेशक डॉ मीनाक्षी खेमका ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए महापौर ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति की शुरुआत पिछले वर्ष नवरात्रि के दिन हुई थी। भारत में संस्कृति के आरंभ से ही महिलाओं को अत्यंत गरिमामय स्थान प्राप्त रहा है। भारतीय कला के विविध आयाम भी इसकी पुष्टि करते है।

## पंचायती राज निदेशालय में ग्लोबल हैंडवाशिंग डे का आयोजन

**लखनऊ।** पंचायतीराज निदेशालय अलीगंज लखनऊ में बुधवार को ग्लोबल हैंडवाशिंग डे का आयोजन किया गया। इस दौरान निदेशालय में साबुन से हाथ धोकर साफसफाई व स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। पंचायतीराज के मिशन निदेशक राज कुमार ने बताया कि कोविड को ध्यान में रखते हुए साबुन से हाथ धोना व साफ-सफाई रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल हैंडवाशिंग डे का आयोजन प्रत्येक वर्ष 15 अक्टूबर को मनाया जाता है। परन्तु 15 को विजयदशमी का अवकाश होने के कारण ग्लोबल हैंडवाशिंग डे का आयोजन 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2021 तक मनाने का निर्णय लिया गया। मिशन निदेशक ने बताया कि 11 अक्टूबर को विद्यालय के बच्चों व अध्यापकों द्वारा, 12 को ऑगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों व कार्यकत्रियों द्वारा व 13 अक्टूबर को पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालयों पर समुदाय के द्वारा किया गया।

## 10 लाख से अधिक दिव्यांग मतदाताओं की मैपिंग का काम हुआ पूरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने यूपी में दिव्यांग मतदाताओं को लेकर एक राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए आयोग द्वारा पर्सन विद् डिस्एबिलिटीज पीडब्ल्यूडी ऐप बनाया गया है जिसमें दिव्यांग मतदाताओं को आयोग द्वारा दी जाने वाली समस्त सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि इस ऐप का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर दिव्यांग मतदाताओं को इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में 10 लाख से अधिक दिव्यांग मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाली



सामाजिक संस्थाओं से अपेक्षा की गई है कि वह अर्ह दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी आयोग को दे। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत 1 से 30 नवंबर तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 7, 13, 21 तथा 28 नवंबर को इसके तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अर्ह मतदाताओं का शतप्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए जिससे कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे। प्रदेश में मतदाता सूची में पुरूष मतदाताओं के सापेक्ष महिला मतदाताओं को प्रतिशत काफी कम है इसे बढ़ाने पर विशेष बल दिए जाने के निर्देश मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए।

**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

**शुद्धि-पत्र** इस कार्यालय की अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-10/अ0अ0(जा0)ई0/श0भ0वि0/ल0/ 2021-22 के विरुद्ध आमंत्रित निविदा जो दिनांक 08.10.2021 को खोली जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 20.10.2021 अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी। अन्य नियम/शर्तें पूर्ववत रहेंगी। **अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 9वां तल शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक-2267 दिनांक 13.10.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक,यूनिट-53, कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, उत्तर प्रदेश जल निगम (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) भवन संख्या 228/01 मो0 नघेटा, सिद्धार्थ होटल के सामने वाली गली, हरदोई-241001**

**एन0आई0टी0 सं0 467/ई-निविदा/44 दिनांकः- 08.10.2021**

**ई-निविदा सूचना**

अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी में निम्न तालिकानुसार कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रश्नगत कार्यों हेतु ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट https://etender.up.nic.in से निम्न विवरणानुसार डाउनलोड किये जा सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य तालिकानुसार देय होगा।

**क्र0सं0-1; कार्य का नाम**-जिला लखीमपुर खीरी के निघासन में नगर पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण कार्य; **अनु0 लागत**-रू0 114.89 लाख; **ई-निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय**-दिनांकः 12.10.2021 से 02.11.2021, समयः 12:00 बजे से 14:00 बजे तक; **ई-निविदा खोले जाने की तिथि, समय एवं स्थान**-दिनांक 02.11.2021 को अपराहन 14:30 बजे कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, युनिट-53, सी0एण्ड0डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई; **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 18 प्रतिशत)**- रू0 10000.00+18% जी0एस0टी0 रू01800=रू0 11800.00.

निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट www.cdsupjn.org एवं प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायेंगे। **इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा।** निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

## नगर विकास मंत्री ने किया हरिओम शर्मा को सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हिन्दी** साहित्य जगत के सशक्त हस्ताक्षर पं. हरि ओम शर्मा 'हरि' को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए 'कलमवीर चक्र सम्मान' प्राप्त करने के उपलक्ष्य में नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने शील्ड, सर्टिफिकेट व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री टंडन ने पं. शर्मा के लेखन की सराहना करते हुए कहा कि आपकी कलम किशोर व युवा पीढ़ी को जीवन मूल्यों व संस्कारों के प्रति जागरूक कर रही है। सम्मानित किये जाने पर पं. शर्मा ने कहा कि श्री टंडन द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान एक यादगार लम्हा है जो उन्हें सदैव याद रहेगा। श्री टंडन बहुत ही सरल, सहज, सौम्य व्यक्तित्व व उच्च विचारों के मालिक हैं। उनका आत्मीयता भरा व्यवहार मुझे व मेरी शिक्षाविद् पत्नी माया देवी को हमेशा याद रहेगा। पं. हरि ओम शर्मा के निजी सचिव राजेन्द्र चौरसिया ने बताया कि पं. हरि ओम शर्मा अब तक 19 पुस्तकें लिख चुके हैं और उनको प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह, राष्ट्रपति डा. एपीजे. अब्दुल कलाम व प्रतिभा देवी सिंह पाटिल, नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' एवं मॉरीशस के तत्कालीन राष्ट्रपति अनिरुद्ध जगन्नाथ सम्मानित कर चुके हैं।

## डीएम चीनी मिलों का निरीक्षण करते रहेंः गन्ना आयुक्त

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग संजय आर भूसरेड्डी ने सहकारी चीनी मिलों के निर्बाध एवं कुशल संचालन के लिय गन्ना बहुल जिलों के जिलाधिकारियों के निर्देशित कर दिया है। आसन्न पेराई सत्र 2021-22 में पश्चिमी क्षेत्र की चीनी मिलों को 20 अक्टूबर 2021 से गन्ना पेराई कार्य प्रारम्भ होना है। इसके लिए मिलों का ससमय निरीक्षण करने के लिए जिलाधिकारियों को निर्देश दिये। श्री भूसरेड्डी द्वारा जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिलों में स्थित सहकारी चीनी मिल के प्रशासक होने के नाते सहकारी चीनी मिलों के बजट कन्ट्रोल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए पेराई सत्र के सुचारू संचालन के लिए मशीनरी मरम्मत एवं रख रखाव के निर्धारित बजट का गुणवत्तापूर्ण उपयोग का अनुश्रवण किया जाए। इसके साथ ही पेराई सत्र के दौरान पूर्ण क्षमता के अनुरुप सहकारी चीनी मिलों को संचालित कराने के निर्देश भी दिये गये।

## अन्तर-विद्यालयी योग प्रतियोगिता में सीएमएस के तीन छात्रों को गोल्ड मेडल




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों मोहम्मद आहिल अंसारी (कक्षा-1), रेहान हुसैन (कक्षा-5) एवं अयान अली (कक्षा-9) ने अन्तर-विद्यालयी योग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता लखनऊ डिस्ट्रिक्ट योग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने दमखम का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस के इन होनहार छात्रों ने विभिन्न योगासनों, यौगिक क्रियाओं एवं शारीरिक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। जहाँ एक ओर मोहम्मद आहिल ने 8 वर्ष से कम आयु वर्ग में गोल्ड जीता तो वहीं दूसरी ओर रेहान ने 8 से 10 वर्ष आयुवर्ग में जबकि अयान ने 12 से 14 आयु वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने इन प्रतिभाशाली छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी छात्रों को योग करने की सलाह दी है।

## क्विक न्यूज

### भगवती के जागरण में झूमे भक्त, हुआ भंडारा

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज के फत्तेखेड़ा गांव में मंगलवार को मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया। जागरण में देररात तक श्रद्धालु जमे रहे। कलाकारों ने जगराते की शुरुआत गणेश वंदना से की। बाद में शिखा मोहन अवस्थी ने मेरी मां का चोला है रंग ला, बिगड़ी मेरी बना दे शेरावालि, सहित अन्य मधुर भजनो से रात भर भक्तों को झुमाया। जिसके बाद सौरभ चक्रधारी जागरण पार्टी के सिगंर श्यामू धमाका, सचिन प्रेमी, शिवम पंडित, सौरभ चक्रधारी ने मां भगवती की सुंदर सुंदर भेंटे सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। बुधवार की सुबह आरती के बाद हलवा और चने का प्रसाद वितरित किया गया।जागरण का आयोजन राम कुमार मिश्रा व विनय मिश्रा द्वारा किया गया।

### यूपीनेडा और एकेटीयू के बीच हुआ एमओयू



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) और एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) की फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एण्ड प्लानिंग संकाय के मध्य बुधवार को यूपीनेडा मुख्यालय पर एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में सेमिनार, कार्यशालाओं, लघु पाठ्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम आदि के माध्यम से भवनों मे ऊर्जा संरक्षण से सम्बन्धित कोड को प्रसारित करते हुए अतार्किक विकास के प्रभावों को कम किया जाएगा। साथ ही भवनों में ऊर्जा संरक्षण व नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा दिये जाने के दृष्टिगत सम्बन्धित हितधारकों के क्षमता विकास एवं मानव संसाधन को सृजित किया जाना है। फैकल्टी ऑफआर्किटेक्चर एण्ड प्लानिंग-डीन एकेटीयू प्रो वंदना सहगल बताया कि एमओयू के माध्यम से यूपीनेडा से जुड़कर सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में सफलता मिलेगी। निदेशक यूपीनेडा भवानी सिंह खंगारौत द्वारा कहा गया कि आर्किटेक्चर कॉलेज के विद्यार्थियों एवं प्रवक्ताओं का सहयोग प्राप्त करते हुये यूपीनेडा ईसीबीसी कोड को प्रभावी ढंग से लागू करने में सफल होगा। इस दौरान विडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सचिव ऊर्जा दक्षता ब्यूरो विद्युत मंत्रालय भारत सरकार आरके राय ने यूपीएसडीए-यूपीनेडा की सराहना करते हुये कहा कि यूपीएसडीए ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में कई कार्य प्रारम्भ करने वाला प्रथम राज्य है। इससे पूर्व यूपीनेडा के प्रभारी ईसीबीसी रामकुमार वरिष्ठ परियोजना अधिकारी ने ऊर्जा दक्ष भवनों के संबंध में किए जा रहे कार्यों तथा एमओयू के महत्वपूर्ण उद्देश्यों पर चर्चा की।

### भाषा यूनिवर्सिटी को मिला 12.70 लाख का बजट

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा परिषद उप्र द्वारा ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों प्रो सैयद हैदर अली, विभागाध्यक्ष व्यवसाय प्रबंधन विभाग, डॉ तनु डंग सहायक आचार्य पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग एवं डॉ नीरज शुक्ल सहायक आचार्य वाणिज्य विभाग को सेंटर फॉर एक्सिलेंस योजना के अंतर्गत कुल 12.70 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। आवंटित बजट में सर्वाधिक धनराशि 5.95 लाख की धनराशि डॉ तनु डंग को सेंटर फॉर रूरल कम्युनिकेशन एंड डिवेलपमेंट के लिए, डॉ नीरज शुक्ल को एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्किल डिवेलपमेंट प्रोग्राम विद् स्पेशल रेफरेंस टू यूथ इन उत्तर प्रदेश के लिए 3.75 लाख रुपए की धनराशि एवं प्रो सैयद हैदर अली को सेंटर फॉर ईनोवेटिव स्टडीज़ के लिए 3 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला ने तीनों शिक्षकों को बधाई देते हुए आशा जताई है कि इस आर्थिक सहयोग की धनराशि के सदुपयोग से विश्वविद्यालय शोध के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

### 13 दिन बाद दर्ज हुई पैसे निकाले जाने की रिपोर्ट

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र मे तकरीबन एक पखवारे पहले जालसाजों ने बिजलीकर्मी के एटीएम कार्ड का क्लोन बना कर उसके खाते से हजारों रूपये निकाल लिये। मैसेज आने पर पीड़ित बिजलीकर्मी को इसकी जानकारी हुई। पीड़ित ने घटना के तुरन्त बाद बैंक में एटीएम बंद कराने के साथ ही रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सरोजनीनगर पुलिस को तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने घटना के 13 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के हाइडिल स्टाफकालोनी में रहने वाले वेद प्रकाष का गौरी बाजार स्थित सेन्ट्रल बैंक आफइण्डिया में सैलरी एकाउण्ट है। वेद प्रकाश ने बताया कि बीते 30 सितम्बर को उनके खातें से दो बार में 12.5 हजार निकाले गये। मोबाइल पर पैसे निकाले जाने का मैसेज आते हुए वह बैंक पहुंचे तो उन्हें पता चला कि बिहार में उनके एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर पैसे निकाले जा रहे है।

## विरोध प्रदर्शन के बाद मिला शीघ्र बकाया वेतन के भुगतान का आश्वासन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** जनपद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के 2-3 माह से बकाया वेतन का भुगतान कराए जाने की मांग को लेकर बुधवार को जिला संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को शिक्षा निदेशक माध्यमिक के शिविर कार्यालय में सामूहिक रूप से एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षक वेतन का भुगतान दशहरा से पूर्व कराये जाने की मांग कर रहे थे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय मंत्री डा आरपी मिश्र एवं जिलाध्यक्ष डा आरके त्रिवेदी के नेतृत्व में आयोजित धरनाध्प्रदर्शन के उपरांत हुई वार्ता के दौरान शिक्षा निदेशक माध्यमिक विनय कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन भुगतान की कार्यवाही प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह द्वारा शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों के खातों में वेतन पहुच जाएगा। वार्ता में शिक्षा निदेशक ने स्पष्ट किया कि विवादित प्रकरणों को छोडकर जनपद के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन भुगतान की कार्यवाही शुरू हो गयी है। उन्होने आश्वस्त किया कि लखनऊ में शीघ्र ही नियमित जिला विद्यालय निरीक्षक की नियुक्ति हो जाएगी। लखनऊ क्रिश्चियन और सेन्टीनयल इण्टर कालेज के सम्बन्ध में संयुक्त शिक्षा निदेशक सुरेन्द्र कुमार तिवारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश शिक्षा निदेशक ने दिए। वार्ता के बाद डॉ मिश्र ने बताया कि यदि तत्काल वेतन का भुगतान एवं अन्य मांगो पर कार्यवाही नहीं हुई तो जिला संगठन चरणबद्व आदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

## नियुक्ति पत्र का इंतजार कर रहे चुने गए पंचायत सहायक

**● पंचायतों में अनुबन्ध की कार्रवाई अधर में**

संवाददाता। मोहनलालगंज

**राजधानी** की पंचायतों में माह भर बाद भी पंचायत सहायकों को तैनाती नहीं दी जा सकी है। लिहाजा रंगरोगन कर तैयार कराए जा चुके पंचायत सचिवालयों में कामकाज नहीं शुरु हो सका है। कानूनी अड़चनों और शासन से रोंक की तमाम अपुष्ट सूचनाओं के बीच ब्लाक अधिकारी पंचायत सहायकों का अनुबन्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

मोहनलालगंज तहसील के दोनों ब्लाक की 154 ग्राम पंचायतों में से तकरीबन 30 पंचायतों में ही मेरिट लिस्ट के जरिए चयनित किए गए पंचायत सहायकों से ही अनुबन्ध कराया गया है। जबकि अधिकतर पंचायतों में चुने गए पंचायत सहायकों से अनुबन्ध करने की प्रक्रिया ही ठण्डे बस्ते में है। कमोवेश यही हाल राजधानी के अन्य ब्लाक की पंचायतों का भी है। यही नहीं मोहनलालगंज ब्लाक की तकरीबन आधा दर्जन पंचायतों में तो अब तक पंचायत सहायकों का चयन ही नहीं कराया जा सका है। लिहाजा समस्याओं के निराकरण और योजनाओं के आवेदन बिना भागदौड़ गांव में ही हो सकने के लिए पंचायत सहायकों की चयन प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे ग्रामीणों के ख्वाब हकीकत में नहीं बदल पा रहे हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जिला पंचायतराज अधिकारी शाश्वत आनन्द सिंह ने बताया पंचायत सहायकों की नियुक्ति पर किसी तरह की रोंक नहीं लगी है। कुछ पंचायत विशेष के मामले कोर्ट तक पहुंचे हैं। लेकिन उनसे सभी पंचायतों की चयन प्रक्रिया प्रभावित नहीं है। जल्द ही इसकी समीक्षा कर चयनित पंचायत सहायकों को नियुक्ति पत्र दिलाकर कामकाज शुरु कराया जाएगा।

# पूर्व की सरकारों ने गांवों के विकास पर नहीं दिया ध्यान

**●योगी की सरकार में स्मार्ट सिटी के तर्ज पर गांवों को नए आयामों से जोड़कर जनाकांक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा विकसितः सिद्धार्थ नाथ**

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



**गांव** के पार्क में प्रातःकाल भ्रमण से स्वस्थ जीवन का नया आयाम मिलता है। यह बातें यूपी सरकार के प्रवक्ता एवं कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने ग्राम भगवतपुर अकबरपुर सल्लाहपुर और बमरौली में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुबन मिशन योजनांतर्गत क्लस्टर बमरौली के नवनिर्मित पार्क एवं ई रिक्शा स्टैंड लोकार्पण करते हुए कहीं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि पहले की सरकारों ने गांव के मूलभूत सुविधाओं के लिए सर्वांगीण विकास पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा रहा कि गांव की गिनती पिछड़ों इलाकों के तौर में होने लगी। वास्तव में भारत की आत्मा गांव में बसती है। यह बातें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था।गांव के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने लगता तो निश्चित रूप से अंत्योदय की परिकल्पना साकार होने लगती है। सीएम योगी की सरकार में स्मार्ट सिटी के तर्ज पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुबन मिशन योजनांतर्गत क्लस्टर बनाकर गांवों को नए आयामों से जोड़कर मूलभूत जनाकांक्षाओं के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। यूपी सरकार की हर योजनाओं मकान शौचालय पेंशन शादी का अनुदान किसान सम्मान निधि आदि लाभार्थियों को मिल रहा है। महिलाओं को सुरक्षा सम्मान के साथ स्वालंबन की ओर बढ़ रही है। गांव में पार्क के जरिए बड़े बुजुर्गों को प्रायः टहलने पर स्वस्थ जीवन का नए आयाम प्राप्त होंगे। अब गांव भी शहर के प्रतिस्पर्धा में बढ़ने लगा है। गांव और शहर के बीच की दूरी खत्म हो रहे हैं। इस मौके पर परियोजना निदेशक प्रयागराज के के सिंह आरईएस के अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंकित दास ने भी किया सरेंडर



**● तिकुनियां संघर्ष कांड में था नामजद**

**● एसआईटी के 14 दिन की रिमाण्ड के अनुरोध पर विचार कर रहा न्यायालय**

**● दास व उसका साथी भेजा गया जेल**

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**तिकुनियां** संघर्ष कांड में नामजद अंकित दास ने बुधवार को अपने अधिवक्ता की मौजूदगी में आत्मसमर्पण कर दिया। उसके साथी लतीफ उर्फ काले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। दोनों को देर शाम न्यायालय में पेश किया गया। विवेचक ने घटना के खुलासे में आवश्यकता को दर्शाते हुए 14 दिन की रिमाण्ड मांगी जो कि फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने दोनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। हालांकि 12 अक्टूबर को गिरफ्तार शेखर भारती को तीन दिन की पुलिस रिमांड स्वीकृति कर दी।

क्राइम ब्रांच द्वारा जारी प्रेसनोट के मुताबिक तिकुनियां संघर्ष काण्ड के नामजदों में लखनऊ के थाना हुसैनगंज क्षेत्र अंतर्गत बाबू बनारसी दास नगर निवासी अंकित दास पुत्र स्व. गोपाल कृष्ण अग्रवाल का नाम दर्ज था। जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी थी। बीते दिनों मुख्य आरोपी आशीष मिश्र के आत्मसमर्पण के बाद 13 अक्टूबर को अंकित दास ने भी आत्मसमर्पण कर दिया। अपने अधिवक्ताओं की मौजूदगी में उन्होंने आत्मसमर्पण किया। वहीं उनके साथी लतीफउर्फकालेज पुत्र कमरूद्दीन निवासी ग्राम घुसियाना देवकली थाना फ्रधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया था। एसआईटी के विवेचक ने दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। विवेचक ने न्यायालय से मामले के खुलासे हेतु आवश्यकता जताते हुए दोनों को 14 दिन की पुलिस रिमांड पर देने का अनुरोध किया। फिलहाल न्यायालय ने इसे विचाराधीन रखा है। दोनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किए गए शेखर भारती की पुलिस रिमांड दिए जाने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने 14 अक्टूबर से तीन दिवसीय पुलिस रिमांड स्वीकृत कर दी है।

# हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे कानून मंत्री, जताया शोक

**● हर संभव मदद का दिया आश्वासन**

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**तीन** अक्टूबर को तिकुनियां में हुए किसान-भाजपा संघर्षकाण्ड में मारे गए बीजेपी कार्यकर्ताओं के परिजनों से मिलने प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक घरों में पहुंचे। घटना पर दुख जताते हुए उन्होंने परिजनों को न्याय व हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया। प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक बुधवार को लखीमपुर पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, मनीष शुक्ला, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलश मिश्र, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, आशू मिश्र व विजय शुक्ला रिंकू के साथ वह सबसे पहले दिवंगत कार्यकर्ता शुभम मिश्र के घर पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार का कुशलक्षेम पूछा। परिवार को मिली मदद की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शुभम मिश्र की कमी न तो परिवार में पूरी हो सकती है और न ही पार्टी में। घटना को दुखदायी बताया। आश्वासन दिया कि परिवार को न्याय मिलेगा। पार्टी पूरी तरह परिवार के साथ है। इसके बाद वह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के निजी वाहन चालक एवं भाजपा कार्यकर्ता हरिओम मिश्र के घर गए। यहां भी परिजनों का हालचाल जाना। परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं ही जांच पर नजर बनाए हुए हैं। हर हर छोटी-छोटी घटना पर शासन नजर रखे हैं। पुलिस को जांच तेज करने के लिए निर्देशित किया गया है। जल्द ही सभी दोषी बेनकाब होंगे और उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# हाथ हिलाते निकल गए अखिलेश और देखते रहे कार्यकर्ता

संवाददाता पुखराया। कानपुर देहात



**बुधवार** को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विजय रथ यात्रा के कालपी पुल पार करते ही विधान सभा क्षेत्र भोगनीपुर के कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। जिसके चलते भोगनीपुर चौराहे पर यातायात की व्यवस्था चरमरा गई। लेकिन प्रत्याशित की दौड़ में शामिल नेताओं की ओर से कस्बा पुखरायां के निकट सजाए गए पंडालों के सामने से उनके नेता हाथ हिलाते निकल गए। जिससे नेताओं और उनके समर्थकों को मायूस होना पड़ा। जिला मुख्यालय हमीरपुर और जनपद जालौन के कदौरा जोल्हूपुर मोड़ होते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विजय रथ यात्रा बुधवार को सायंकाल चार बजे कानपुर देहात में प्रवेश हुई तो प्रत्याशित की दौड़ में शामिल नेताओं की गाड़ियों का हुजूम उनके काफिले में इस उम्मीद से शामिल हो गया कि जनता जनार्दन को उनके पंडाल से राष्ट्रीय अध्यक्ष संबोधित करेंगे। लेकिन भोगनीपुर पार करते ही पुखरायां बाईपास पर लश्कारीबाबा मजार के पास जैसे खड़े हुए तो हाथ मिलाने की होड़ मच गई। स्थिति बिगड़ते देख उन्होंने झटपट बुलेटप्रूफविंडो बंद करली। बाद में पुखरायां बाईपास से पटेल चौक तक सजे सभी पंडालों के सामने से राष्ट्रीय अध्यक्ष हाथ हिलाते निकल गए। जिससे नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं में मायूसी दिखाई दी। बाद में सभी नेता अपनी-अपनी गाड़ियों से माती के कार्यक्रम में शामिल होने को चले गए। दूसरी ओर, पूर्व सीएम अखिलेश यादव के वुधवार को जनपद के अमूल डेयरी के पास उनकी सभा से पूर्व पूर्व अकबरपुर रनियॉ प्रत्याशी नीरज सिंह गौर के नेतृत्व में जोरदार ऐतिहासिक स्वागत किया गया। नीरज अपने साथ भारी सॅख्या में लोगों को लाये थे।

# युवक की पीट-पीट कर हत्या

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**बीती** रात युवक की उसके साथी आदि नें मिलकर मारपीट कर व गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस नें मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्रों सहित चार के लिए गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नीवकरोरी निवासी नीलम पत्नी प्रदीप नें पुलिस को तहरीर दी। जिसमे आरोप लगाया कि गाँव का ही संजू पुत्र अतर सिंह नीलम के पति प्रदीप कुमार को अपने साथ बुला ले गया। पास की दुकान पर संजू व प्रदीप में झगड़ा हुआ। जिसके बाद संजू की मदद को उसके परिजन भाई अर्जुन व रवि व पिता अतर सिंह की भी आ गये। उन्होंने लाठी-डंडो के मारपीट कर दी। इसके साथ ही सजू ने प्रदीप का गला दबा लिया,जब हम लोग भाग कर आये तो ये सबलोग भागने लगे। मेरा पति अचेत अवस्था में पड़ा था हम उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे वहा डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी नीलम की तहरीर पर आरोपी संजू,अर्जुन व रवि पुत्र अतर सिंह व अतर सिंह के खिलाफ धारा 304, 504, हरिजन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करलिया।

## आगरा में रेल की पटरी पर मिली दो युवकों की लाश

**आगरा।** आगरा जिले के एत्माद्दौला थाना क्षेत्र के प्रकाशनगर में बुधवार की सुबह रेल की पटरी पर दो युवकों की लाश मिली। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस और जीआरपी ने शिनाख्त के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एत्माद्दौला थाना के निरीक्षक देवेंद्र शंकर पाण्डेय ने बताया कि युवकों की मौत हादसे में हुई या हत्या का मामला है, इसकी जांच की जा रही। बताया जा रहा है कि दोनों युवक पास की एक फैक्टरी में काम करते थे और मंगलवार रात से ही लापता थे। उन्होंने बताया कि पटरी पर जिन दो युवकों की लाश मिली है, उनकी पहचान एत्माद्दौला थाना के प्रकाशनगर निवासी मनीष (22) और दुर्गानगर थाना क्षेत्र के आकाश के तौर पर की गई है।

### बुखार ने निगल ली छात्र की जिंदगी

**फर्रुखाबाद ।** बुखार ने एक छात्र की जिंदगी निगल ली। कलेक्टरगंज गांव निवासी छात्र प्रांशु शर्मा दो माह से कन्नौज के छिबरामऊ के बाबलपुर गांव में फूफा रामप्रकाश के घर रह रहा था। दो दिन पहले छात्र को बुखार आया। इस पर परिजनों ने पहले छिबरामऊ में इलाज कराया। जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे इलाज के लिए कानपुर के अस्पताल ले गए। जहां बुधवार की सुबह छात्र की मौत हो गई।

# धर्म परिवर्तन कर शादी से इनकार पर छात्रा का अश्लील वीडियो वायरल

**शाहजहांपुर।** जिले में कथित रूप से धर्म परिवर्तन कर शादी करने से इनकार करने पर एक छात्रा का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में दूसरे समुदाय के एक किशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी परमानंद पांडे ने बुधवार को बताया कि तिलहर थाना क्षेत्र के एक कस्बे की रहने वाली 11वीं कक्षा की 16 वर्षीय छात्रा ने मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें उसने आरोप लगाया है कि उसी की कक्षा में पढ़ने वाले किशोर ने उसे अपने जाल में फंसाया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। उन्होंने बताया कि लड़की का आरोप है कि किशोर ने उस पर अपना धर्म बदल कर शादी करने का दबाव बनाते हुए धमकी दी कि अगर वह ऐसा नहीं करती है, तो वह उसका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। मांग नहीं मानने पर उसने वह वीडियो वायरल भी कर दिया। पांडे ने बताया कि पुलिस ने इस सिलसिले में मामला दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

**दीनी तालीम ले रहे बच्चे से मौलाना ने किया दुष्कर्मः** बरेली। जिले के कोट मोहल्ले में एक मौलाना से दीनी तालीम (धार्मिक विद्या) लेने वाले नौ साल के बच्चे से कथित दुष्कर्म का मामला सामने आया हैं। बरेली शहर के थाना बारादरी में घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। बारादरी थाना के निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि नौ साल का पीड़ित बच्चा कोट मोहल्ले में 21 वर्षीय मौलाना मोहम्मद गुल हसन से दीनी तालीम लेने जाता था। वह सोमवार दोपहर में पढ़ाई के लिए मौलाना के घर गया तो उसने डरा धमका कर बच्चे से दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि परिजन का आरोप है कि मौलाना ने बच्चे को धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो उसे और उसके परिवार वालों को वह जान से मार देगा। बच्चा जब घर पहुंचा तो कपड़ों पर खून लगा देख मां-बाप ने उससे इसके बारे में पूछा तो बच्चे ने सारी घटना बता दी। घटना सुनकर मां बाप बच्चे को लेकर थाना आए।

# अष्टमी पर मां अन्नपूर्णेश्वरी की अर्चना, उमड़े श्रद्धालु



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**शारदीय नवरात्र** के अष्टमी को श्रद्धालुओं ने विश्वनाथ गली स्थित भगवती मॉ अन्नपूर्णा के दरबार में पहॅुचकर दर्शन-पूजन किया तथा मंदिर की फेरी भी लगायी। अष्टमी को मॉ भगवती अन्नपूर्णा के रूप में जिनकी पूजन-अर्चन की जाती है। मंदिर के महंत स्वामी शंकर पुरी जी महराज ने बताया कि भगवती अन्नपूर्णेश्वरी जी का भोर में साढ़े तीन बजे मंगला आरती करने के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन एवं फेरी के लिए मंदिर की कपाट खोल दिया गया जो देर रात तक चलता रहा। लाखों नरनारियों ने मंदिर में पहॅुचकर मॉ अन्नपूर्णा को चुनरी, नारियल, प्रसाद, सिन्दूर आदि चढ़ाया तथा अन्नपूर्णा देवी से सुख-समृद्धि के लिए आर्शीवाद प्राप्त किया। मंदिर के महंत स्वामी शंकर पुरी जी ने बताया कि मॉ अन्नपूर्णा के रूप में अष्टमी के दिन पूजा जाता है, जो भी नर-नारी शारदीय नवरात्र या वासंतिक नवरात्र के अष्टमी को दर्शन-पूजन करने मात्र से धन-धान व सुख-समृद्धि को प्राप्त होता है। यही मॉ अन्नपूर्णा ने भगवान शिव को भी अन्न के रूप दान किया था।

# सपा से गठबंधन पहली प्राथमिकता : शिवपाल



**भाषा। आगरा।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि उनकी प्राथमिकता आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी से गठबंधन करने की है। लेकिन वह अन्य धर्मनिरपेक्ष पार्टियों के साथ गठबंधन करने की संभावना से इनकार नहीं कर रहे हैं। प्रसपा की सामाजिक परिवर्तन रथयात्रा बुधवार को आगरा पहुंची। शिवपाल यादव ने दावा किया कि मंगलवार को मथुरा के वृंदावन से शुरू यह रथ यात्रा 75 जिलों से होते हुए भगवान राम के जन्म स्थान अयोध्या में संपन्न होगी। पत्रकारों से बातचीत में शिवपाल यादव ने कहा, वर्ष 2022 के शुरूआत में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी से गठबंधन प्राथमिकता होगी। हम उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराने के लिए धर्मनिरपेक्ष विचारधार वाली किसी अन्य पार्टी से भी गठबंधन कर सकते हैं। शिवपाल यादव वर्ष 2018 में अपने भतीजे और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मतभेद होने पर सपा से अलग हो गए थे और उन्होंने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी बनाई थी। शिवपाल यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, विपक्ष के पास मुद्दों की कमी नहीं है। सरकार ने खुद ही कई मुद्दे दिए हैं। इनमें सबसे प्रमुख महंगाई और भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कई ऐसे कानून बनाए हैं जो जनहित में नहीं है। सरकार किसानों का उत्पीड2345ी कर रही है। यादव ने कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए प्रसपा पूरी तरह से तैयार है। सपा और प्रसपा के गठबंधन की संभावनाओं के बीच दोनों पार्टियों की अलग-अलग रथयात्राओं के बारे में प्रसपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि गठबंधन होता भी है तो भी प्रचार-प्रसार अलग-अलग ही किया जाएगा।

# हाईकोर्ट में आठ अपर न्यायमूर्तियों ने ली शपथ

**मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने दिलायी पद और गोपनीयता की शपथ**


**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में नवनियुक्त आठ अपर न्यायमूर्तियों ने बुधवार को शपथ ली। सभी आठ न्यायमूर्तियों को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने पद और गोपनीयता की दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में साढ़े चार बजे आयोजित हुआ। शपथ लेने वाले नवनियुक्त न्यायमूर्तियों में न्यायमूर्ति चंद्र कुमार राय न्यायमूर्ति कृष्ण पहल न्यायमूर्ति समीर जैन न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी न्यायमूर्ति बृजराज सिंह न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह और न्यायमूर्ति विकास बुधवार शामिल हैं। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट ने 24 अगस्त 2021 को तेरह अधिवक्ताओं और चार जिला जजों के नाम की केन्द्र सरकार को संस्तुति भेजी थी। केन्द्र सरकार ने आठ अधिवक्ताओं को दो साल के लिए अपर न्यायाधीश नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की है। गौरतलब है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में मौजूदा समय में मुख्य न्यायाधीश को लेकर कुल 97 न्यायमूर्ति हैं। जिसमें 68 न्यायमूर्ति इलाहाबाद हाईकोर्ट में और 28 न्यायमूर्ति लखनऊ खंडपीठ में हैं। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत महानिबंधक आशीष गर्ग ने की। समारोह में सभी न्यायमूर्ति न्यायिक अधिकारी न्यायमूर्तियों के परिवारीजन अपर सालिसिटर जनरल भारत सरकार एवं एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शशि प्रकाश सिंह सहायक सालिसिटर जनरल ज्ञान प्रकाश महाधिवक्ता राघवेन्द्र नाथ सिंह अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी विनोद कांत मनीष गोयल महेश चंद्र चतुर्वेदी हाईकोर्ट बार के निवर्तमान अध्यक्ष अमरेन्द्र नाथ सिंह निवर्तमान महासचिव प्रभाशंकर मिश्रा एडवोकेट एसोसिएशन अवध बार एसोसिएशन के पदाधिकारी निबंधक प्रोटोकॉल आशीष कुमार श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए।



# बिजली संकट

## मानवजनित कारक

**वर्तमान** बिजली संकट पूरी तरह मानव-जनित कारण से है। बढ़ी हुई मांग का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था। इसमें नियोजन तथा क्षमता का प्रमुख स्थान है। स्थिति खतरनाक है क्योंकि कोयले का भंडार कम हो रहा है तथा कोल इंडिया, एनटीपीसी व भारतीय रेल बिजली कंपनियों तक कोयला पहुंचाने के सारे प्रयास कर रहे हैं। यह कोई गोपनीय बात नहीं है कि देश पर संकट क्यों आया। कोविड-19 के कारण लागू लाकडाउन से मांग में कमी आई थी। इसके बाद अनलाक में न केवल आवासीय, बल्कि औद्योगिक बिजली की मांग भी बढ़ गई। अगस्त, 2021 में भारत ने 124 बिलियन यूनिट बिजली उपभोग की जो 2019 से 17 प्रतिशत अधिक थी। दूसरा, पिछले दो महीने में भारत का कोयला आयात घटा तथा कोयले की अंतरराष्ट्रीय कीमतें चीन की मांग बढ़ने के कारण बढ़ीं। इसके परिणामस्वरूप बिजलीघरों ने कोयला आयात करना बंद कर दिया या बिजली उत्पादन घटा दिया। तीसरा, वर्तमान वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में ताप बिजलीघरों में कोयले का उपयुक्त संरक्षित भंडार नहीं था। चौथा, अगस्त व सितंबर में कोयला खदान वाले क्षेत्रों में भारी बरसात के कारण खानों से कोयले की सप्लाई घटने के कारण परेशानी बढ़ी। इन सबके कारण भारत में संकट आया। उदाहरण के लिए, 4 अक्टूबर को ऊर्जा मंत्रालय ने शिखर मांग तथा उपलब्ध बिजली सप्लाई के बीच 4 गीगावाट से अधिक का अंतर स्वीकार किया।




आखिर इसका जिम्मेदार कौन है तथा अप्रैल-मई में बढ़ती मांग और आगामी मानसून के कारण संभावित समस्याओं को देखते हुए पहले से योजना क्यों नहीं बनाई गई? क्या यह कोल इंडिया की प्रमुख जिम्मेदारी है जिसे कोयले की सप्लाई पर नजर रखने का काम दिया गया है। कोयला खनन एक जटिल मामला है। कंपनियां केवल कोयला निकाल कर शांत नहीं बैठ सकती हैं। उत्पादन की उठान के साथ संगति बनानी होती है क्योंकि कोयले का ज्यादा भंडार नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि इसमें आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। मानसून लंबा खिंचने या भारी बरसात के कारण खुली खदानों से उठान प्रभावित हो सकती है और पिछले दो सप्ताहों में यही हुआ है। इस संबंध में कोल इंडिया का रिकार्ड भी कभी अच्छा नहीं रहा है। अधिकांश उत्पादन के लिए उसकी निर्भरता उथली व खुली खदानों पर बढ़ी है। उसे गहरी खनन तकनीकों में अपनी विशेषज्ञता फौरन बढ़ानी चाहिए। कोयला ब्लाकों में क्षमता का सवाल भी है क्योंकि कोल इंडिया लिमिटेड को आबंटित ब्लाक निजी कंपनियों को दिए जा रहे हैं। कोयले से बिजली बनाने के संबंध में नए यथार्थ पर भी गौर करने की आवश्यकता है। सस्ती नवीकरणीय ऊर्जा के कारण प्रतियोगिता बढ़ी है तथा प्रदूषण का प्रमुख स्रोत होने के कारण कोयले पर निशाना लगाया जा रहा है। दूसरी ओर बिजली की कमी पर राज्यों का शोरशराबा कोयला भुगतान के बकाए के बावजूद है। राज्य बिजली बोर्डों तथा बिजली पैदा करने वाली कंपनियों पर कोल इंडिया का 21,619.7 करोड़ रुपया बकाया है। कुछ राज्यों ने ताप बिजलीघरों से बिजली खरीद अनुबंधों को विस्तार न देकर सवाल खड़े किए हैं और वे स्पाट एक्सचेंजों से महंगी बिजली खरीद रहे हैं। कोयला सप्लाई समस्याओं का पहले से पूर्वानुमान न लगाने तथा समुचित भंडार न बनाने वाले बिजलीघर भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। कोयले की सप्लाई में धीरे-धीरे सुधार होगा, पर बिजली की स्थिति में अगले साल की शुरुआत में ही स्थायित्व आएगा। वर्तमान संकट से हमें समुचित सबक ले कर उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।

# करिश्माई नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण

## पुस्तक कई प्रामाणिक ग्रंथों और पत्रों के साथ जेपी के विचारों और पहलों के कुछ सबसे विवादास्पद पहलुओं को संबोधित करती है



**आनंद कुमार**
(लेखक जेएनयू से सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)




जयप्रकाश नारायण (जिन्हें 'जेपी' कहा जाता है) भारत के सबसे करिश्माई नेताओं में से एक थे। उन्होंने निस्वार्थता और दृढ़ विश्वास के साहस के दुर्लभ संगम का प्रतिनिधित्व किया। उनके मार्क्सवादी वर्षों में, अनुयायियों ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बाद जेपी को भारत के लेनिन के रूप में देखा। उनके जीवन की शाम में, छात्रों और युवाओं ने उन्हें 'लोकनायक' कहकर अपनी प्रशंसा व्यक्त की। 1930 से 1979 तक पांच दशकों तक भारतीय राजनीति और समाज में उनकी अद्वितीय भूमिकाओं के कारण ही जेपी की जीवन यात्रा कार्यकर्ताओं और विद्वानों की पीढ़ियों के बीच एक आकर्षक कथा प्रदान करती रही है। साथ ही, यह एक हैरान करने वाला तथ्य रहा है कि जयप्रकाश को हमेशा विरोधाभासी तरीकों से देखा जाता था। उदाहरण के लिए, आचार्य विनोबा भावे और अन्य सर्वोदय सहयोगियों ने उन्हें एक संत कहा, जबकि कांग्रेस (इंदिरा) के अध्यक्ष डीके बरुआ ने उन्हें भ्रष्ट समर्थकों के साथ एक फासीवादी बताया।

बिमल प्रसाद और सुजाता प्रसाद (2021, गुड़गांव, पेंगुइन रैंडम हाउस) द्वारा 'द ड्रीम ऑफ रेवोल्यूशन - जयप्रकाश नारायण की जीवनी' कम से कम चार कारणों से स्वतंत्रता और क्रांति के उपासक के बारे में एक उत्कृष्ट पुस्तक है। सबसे पहले, पिता (एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद) - बेटी (एक प्रतिष्ठित वरिष्ठ नौकरशाह) टीम, जो दो अलग-अलग पीढ़ियों और दो अलग-अलग झुकावों का प्रतिनिधित्व करती है, जेपी को दशकों से अच्छी तरह से जानती थी। दूसरे, इसमें केवल दस छोटे अध्यायों की एक पठनीय पुस्तक में जेपी के विचारों और पहलों के बारे में कई खंडों का आसवन है। तीसरा, यह कई प्रामाणिक ग्रंथों और पत्रों के साथ जेपी के विचारों और पहलों के कुछ सबसे विवादास्पद पहलुओं को संबोधित करता है। अंत में, यह क) गांधी और विनोबा की शिक्षाओं के बीच परस्पर क्रिया को दर्शाता है; बी) जवाहरलाल नेहरू, समाजवादियों और इंदिरा गांधी की राजनीति; और ग) जयप्रकाश और प्रभावती के जीवन को आकार देने में लोकतांत्रिक राष्ट्र-निर्माण की अनिवार्यताओं को बदलना।

पुस्तक पढ़ने योग्य है क्योंकि दोनों लेखकों ने निष्पक्षता और आत्म-संयम का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अन्य इतिहासकारों की तुलना में जेपी के गुणों पर चर्चा करने के लिए वे आलोचनात्मक मूल्यांकन से नहीं कतराते हैं, लेकिन काफी उदारवादी बने रहते हैं।

मेरे जैसे जेपी आंदोलन के दिनों के एक कार्यकर्ता के लिए 'क्रांति का सपना' पढ़ना एक रोशन अनुभव था क्योंकि यह 'भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण' की जीवनी नहीं है। यह जेपी की एक अच्छी तरह से प्रलेखित जीवन-कहानी है - विद्रोही-असाधारण रूप से एक अनूठी शैली में लिखा गया है जहां अक्सर सिर्फ एक वाक्य कुछ सौ छवियों को उजागर करता है। मैं इस पुस्तक से गद्य की शक्ति के कुछ उदाहरण प्रस्तुत करता हूं। उनकी समाजवादी राजनीति के दिनों के बारे में तीन अलग-अलग अध्यायों से ऐसी तीन पंक्तियां हैं : 1) 'जयप्रकाश नारायण की राजनीति की सबसे तीखी आलोचनाओं में से एक उनकी पत्नी प्रभावती से आई है।' (अध्याय 4, पृष्ठ 53); 2) 'जयप्रकाश ने समाजवाद में संक्रमण को एक सीधी सड़क नहीं, बल्कि परस्पर विरोधी रास्तों की एक उलझन के रूप में देखा।

कुछ प्रणालीगत चुनौतियों के प्रति उनके उन्मुखीकरण के बारे में यहां तीन अन्य वाक्य दिए गए हैं : 1) 'जयप्रकाश का स्वप्नलोक अकेले पार्टी-विहीन लोकतंत्र के विचार पर नहीं, बल्कि इच्छाओं की स्वैच्छिक सीमाओं पर आधारित एक नए प्रकार के आर्थिक ढांचे पर आधारित था।' (अध्याय।) 7, पी. 131); 2) 'इतिहास और राजनीति की गड़गड़ाहट के माध्यम से, जयप्रकाश का जीवन लगातार उद्धरण और स्मारक के बीच घूमता रहा - और यही इसे इतना खास बनाता है।' (अध्याय 7, पृष्ठ 143), और 3) 'नक्सलवादी आंदोलन को घेरने वाले मिथकों को दूर करते हुए, जयप्रकाश ने तर्क दिया कि हिंसा के लिए जमीन बेरहम शोषण, पुरानी गरीबी और संचित अन्याय की दृढ़ता से तैयार की गई थी।' (अध्याय 8, पृष्ठ 156)।

अब हम 'संपूर्ण क्रांति' (1974) के लिए उनकी युगांतरकारी छलांग से ठीक पहले की सबसे महत्वपूर्ण अवधि के बारे में इसी तरह की पावर-पैक पंक्तियों को पढ़ने के लिए आगे बढ़ सकते हैं : 1) 'जयप्रकाश द्वारा उठाए गए मुद्दों पर इंदिरा का सावधानीपूर्वक तैयार किया गया जवाब धैर्यवान, सुलह करने वाला, यहां तक कि थोड़ा विचलित।' (अध्याय 8, पृ.167); 2) 'किसी को आश्चर्य होता है कि क्या प्रभावती की मृत्यु के बाद इंदिरा में भय की भावना पैदा हुई। उनकी मृत्यु के साथ, जयप्रकाश के जीवन में संयम की आवाज भी मर गई।' (अध्याय 8, पृष्ठ 169); और 3) 'वर्ष 1973 एक क्रांति के साथ नहीं बल्कि निश्चित रूप से एक की सूचना के साथ समाप्त हुआ।' (अध्याय 9, पृष्ठ 170)।


आइए हम पिछले दो अध्यायों - 'होप इन डार्क टाइम्स' (अध्याय 9) और 'द डेथ ऑफ ए ड्रीम' (अध्याय 10) से कुछ उदाहरणों को रेखांकित करके इस अभ्यास को समाप्त करें : 1) 'नवंबर 1974 एक निश्चित महीना था। आंदोलन के इतिहास में।' (पी.185); 2) 'जयप्रकाश और इंदिरा के मित्रों ने समझौता करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे।' (पृष्ठ 187); 3) 'इंदिरा विरोधी मोर्चे का समर्थन करने के लिए जयप्रकाश को दिल्ली वापस लाने के लिए कुछ हद तक अनुनय-विनय करना पड़ा।' (पृष्ठ 195); 4) 'इंदिरा ने संजय और उनके हाथ से उठाए गए गुंडागर्दी के कबाड़ को नियंत्रण सौंप दिया।' (पृष्ठ 196), और 5) 'जैसे ही तूफानी बादल छाए, किसी ने जयप्रकाश की राय लेने की जहमत नहीं उठाई। एक मायने में, यह इतिहास स्वयं को ही दोहरा रहा था, और उनकी दुर्दशा 1947 में गांधी से बहुत अलग नहीं थी।' (पृष्ठ 215)

यह सचेत करना महत्वपूर्ण है कि बिमल प्रसाद और सुजाता प्रसाद के इस योगदान की मदद से जेपी को जानने के बाद, एक संबंधित पाठक यह पूछने के लिए ललचा सकता है कि कई अत्यधिक प्रभावशाली लोगों द्वारा कोमल जयप्रकाश का ऐसा अनुचित चित्रण क्यों किया गया है। उन्हें 'ऊंची सोच', एक भ्रमित दिमाग, एक निराश जीवन जीने वाला, 'धुंधली, भोली और अवास्तविक सोच', 'भारतीय राजनीति और राजनेताओं का एक गरीब न्यायाधीश', हिंदू सांप्रदायिक ताकतों को सम्मान देने वाला, और प्रति-क्रांति की ताकतों के सिरमौर के साथ एक व्यक्ति के रूप में क्यों लेबल किया गया था।

किसी भी मामले में, पिता-पुत्री टीम द्वारा जेपी का मूल्यांकन अल्बर्ट कैमस द्वारा सिसिफस के मंत्रमुग्ध कर देने वाले विवरण के करीब है। सिसिफस (ग्रीक पौराणिक कथाओं में एक विद्रोही) को देवताओं द्वारा एक पहाड़ की चोटी तक एक चट्टान को रोल करने की निंदा की गई थी, केवल चट्टान को हर बार शीर्ष पर पहुंचने पर नीचे की ओर लुढ़कने के लिए। लेकिन क्या सिसिफस मुस्कुराया जब वह चट्टान के साथ शीर्ष पर पहुंचा? भारत के लोगों की सामूहिक स्मृति का अविनाशी हिस्सा बनने के लिए जाने से पहले मैंने अपने सिसिफस को सत्ता के गर्व या सफलता के अहंकार के बिना मुस्कुराते हुए देखा है।

# टाटा को मिली एयर इंडिया की कमान

**राजेश कुमार**
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



टाटा संस द्वारा कर्ज के बोझ से लदी राष्ट्रीय विमान कंपनी में सरकार के शत-प्रतिशत शेयर खरीदने की बोली में सफलता प्राप्त करना वास्तव में 68 साल बाद एयर इंडिया की 'घर वापसी' है। इस वर्ष दिसंबर तक इसे टाटा को सौंपने की औपचारिकतायें पूरी होने की उम्मीद है। अब रतन टाटा के असली बिजनेस कौशल की परीक्षा एयरलाइन को फिर से पटरी पर लाना होगा, पर यह आसान काम नहीं है, हालांकि समूह की अन्य कंपनियों तथा इंडियन एयरलाइन के बीच एक संगति जरूर है। व

र्तमान समय में बीमार एयरलाइन को मूलत: 1932 में अग्रणी उद्योगपति जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा के नेतृत्व में टाटा एयर सर्विसेज़ के रूप में शुरू किया गया था। भारत की स्वतंत्रता के कुछ साल बाद 1953 में सरकार ने एयरलाइन कंपनी में अधिकांश शेयर खरीद लिए थे और इस प्रकार एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण हो गया था। ईमानदारी से देखा जाए तो एयर इंडिया के पास काफी परिसंपत्तियां, ढांचागत संरचना, उड़ानें तथा द्विपक्षीय समझौते हैं। टाटा के पास टाटा इंजीनियरिंग, ताज सैट्स, आईएचसीएल व अन्य कंपनियां हैं। उनको एयर इंडिया की ढांचागत संरचना, परिसंपत्तियों तथा उड़ानों से लाभ मिल सकता है। टाटा को दसियों हजार करोड़ रुपये की पूंजी बैलेंसशीट ठीक करने, एयरलाइन के दायित्वों का भुगतान करने तथा विकास करने पर खर्च करने होंगे। उन्हें एयरलाइन को ऐसे मोड़ पर लाना होगा जहां वह सार्थक रूप से एक प्रभावी वैश्विक प्रतियोगी बन सके।

यह राष्ट्रीय विमान कंपनी को बेचने का तीसरा प्रयास था और इस बार केन्द्र इसमें सफल हुआ है। उसने सबसे अधिक बोली बोलने वाले को अपनी पूरी संपत्ति सौंप दी है। विमान कंपनी में विनिवेश के शुरुआती प्रयास विफल हुए थे जिसके बाद जनवरी, 2020 में यह प्रक्रिया पुन: शुरू की गई, पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण इसमें बाधा आई। अप्रैल 2021 में सरकार ने संभावित बोलीकर्ताओं से अपनी बोलियां सामने रखने को कहा था। चूंकि बोलीकर्ताओं को कुछ शर्तें पसंद नहीं थीं, इसलिए सरकार ने अक्टूबर में इन धाराओं में परिवर्तन कर एयर इंडिया के कर्ज को नए निवेशक को हस्तांतरित करने का फैसला किया। इससे बोलीकर्ताओं को यह समझने का मौका मिला कि वे कितना कर्ज स्वीकार कर सकते हैं। बोली की 18,000 करोड़ की धनराशि में से सरकार को 2,700 करोड़ रुपये नकद मिलेंगे तथा बाकी की धनराशि कर्ज के रूप में नए उद्यम को सौंपी जाएगी। इसके साथ ही



एयर इंडिया के पूरे 100 प्रतिशत शेयर तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड-एआईएक्सएल के शेयर नए स्वामी को मिल जाएंगे जिनमें एआईसैट्स के 50 प्रतिशत ग्राउंड हैंडलिंग संयुक्त उद्यम भी शामिल हैं। सरकार बाकी 46,262 करोड़ का कर्ज स्वयं स्वीकार करेगी जिसे उसके द्वारा गठित स्पेशल परपज़ वेहिकिल-एसपीवी एयर इंडिया असेट्स होल्डिंग लिमिटेड को हस्तांतरित किया जाएगा। 14,718 करोड़ की भूमि व इमारतों के रूप में गैर-कोर परिसंपत्तियों को भी एसपीवी को दिया जाएगा जिसमें टाटा से प्राप्त 2,700 करोड़ नकद भी है। इसे देखते हुए सरकार पर शुद्ध दायित्व 28,844 करोड़ रुपये रह जाएगा। 141 विमानों तथा 4,400 घरेलू व 1,800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, घरेलू हवाईअड्डों पर पार्किंग स्थलों तथा विदेशों में 900 उड़ानों के साथ टाटा को एयर इंडिया, इंडियन एयरलाइन्स तथा महाराजा जैसे उल्लेखनीय ब्रांडों का स्वामित्व मिलेगा। टाटा संस का एयर एशिया में 84 प्रतिशत हिस्सा तथा बाजार हिस्से में 5.2 प्रतिशत अधिकार है। इसी प्रकार विस्तार में उसका 51 प्रतिशत हिस्सा तथा बाजार शेयर में 8.3 प्रतिशत हिस्सा है। एयर इंडिया की 13.2 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अब टाटा का बाजार की 26.7 प्रतिशत हिस्सेदारी पर कब्जा हो गया है और वे इंडिगो के बाद दूसरे सबसे बड़े विमान संचालक बन गए हैं। 'महाराजा' का लोगो और दर्जा प्राप्त करने के सालों बाद एयर इंडिया की किस्मत खराब होने लगी थी और उसे भारी नुकसान होने लगा था। 2007 में घरेलू विमान कंपनी इंडियन एयरलाइन्स के विलय के बाद उसका घाटा लगातार बढ़ता गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, 2009-10 से सरकार ने एयर इंडिया को सहायता देने के लिए इसमें 1.10 लाख करोड़ रुपये लगाए। 2019-20 के दौरान एयरलाइन को 8,743.59 करोड़ रुपये का संचालन घाटा हुआ।

2020-21 में एयर इंडिया ने 6,555.66 करोड़ रुपये के संचालन घाटे का अनुमान लगाया था। पहले टाटा एयर सर्विसेज़ के रूप में बनी एयर इंडिया को द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद एक सार्वजनिक कंपनी में बदल दिया गया और इसका नाम 1946 में एयर इंडिया लिमिटेड हो गया। मुंबई व काहिरा, जेनेवा, लंदन के बीच अंतरराष्ट्रीय सेवायें शुरू करने वाली एयर इंडिया इंटरनेशनल लिमिटेड का गठन 1948 में हुआ था। इसी वर्ष नेहरू सरकार ने कंपनी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली थी। भारत ने सभी इंडियन एयरलाइनों का राष्ट्रीयकरण कर दो निगम बनाए जिनमें से एक घरेलू उड़ानों तथा दूसरा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए था।

जेआरडी टाटा नेहरू सरकार द्वारा 'पिछले दरवाजे' से एयर इंडिया के राष्ट्रीयकरण के निर्णय से दु:खी थे। उनको संदेह था कि एयरलाइन के बारे में जानबूझ कर दुष्प्रचार किया गया ताकि उसकी कीमत गिरने के बाद उसका अधिग्रहण किया जाए। यह बात जेआरडी टाटा द्वारा लिखे पत्रों से स्पष्ट होती है। उन्होंने नेहरू को एक तार भेजा था जिसमें कहा गया था, 'मैं केवल ऐसे महत्वपूर्ण कदम की निन्दा कर सकता हूं जिसे बिना मुझसे पूछे व समुचित सुनवाई के उठाया गया। टाटा स्टील के पूर्व सीईओ रूसी मोदी तथा मुझे तत्कालीन संचार मंत्री जगजीवन राम द्वारा केवल सरकार के इस निर्णय की सूचना देने के लिए बुलाया गया कि सरकार ने उद्योग के राष्ट्रीयकरण का निर्णय किया है। हालांकि, मैंने उनको बताया कि मैं इसके लिए तैयार था और मैंने वैकल्पिक योजना बना ली थी।

मेरे विचार से यह सरकार के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ज्यादा बेहतर थी। लेकिन मंत्री ने हमारी सलाह केवल मुआवजे आदि के बारे में मांगी।' टाटा 1978 तक एयर इंडिया के अध्यक्ष बने रहे, जब उनकी सेवाओं को एक झटके से तत्कालीन प्रधानमंत्री मोराजी देसाई ने समाप्त कर दिया था। देसाई ने सरकारी निर्णय के बारे में टाटा को एक कठोर पत्र भेजा था तथा पूर्व एयर चीफ मार्शल पी.सी. लाल को एयर इंडिया का अध्यक्ष बना दिया था।

## आप की बात

### शेयर बाजार का जोखिम

**इन** दिनों भारत में शेयर मार्केट में तेजी के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए नया उच्च स्तरों को छुआ हैइस साल भारतीय शेयर बाजार के मार्केट कैप में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 3.46 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। इसके बरक्स, ब्रिटिश शेयर बाजार के मार्केट कैप में नौ फीसदी की वृद्धि देखी गई है और उसकी पूंजीगत हैसियत 3.59 लाख करोड़ डॉलर है। हालांकि, महामारी के बाद भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट आई थी, लेकिन जल्द ही इसने रफ्तार पकड़ ली और पिछले महीने इसने पहली बार फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए बाजार पूंजीकरण के मामले में छठा स्थान हासिल कर लिया। पूरे विश्व में भारत के शेयर मार्केट की भारी तेजी हैरान कर देने वाली है! मगर जिस देश में देश के कुल धन का 50 प्रतिशत हिस्सा मात्र 10 प्रतिशत आबादी के हाथ में हो तो ऐसे हालात बना बनाना वाजिब है, क्योंकि बैंकों में ब्याज बहुत कम हो गया है अन्य विकल्पों में धन डूबने कि रिस्क है! हमने शेयर मार्केट को क्रेश होते हुए भी देखा है! ऐसे में शेयर बाजार में निवेश और उसे से भारी मुनाफा लोगों को इसकी और आकर्षित कर रहा है! मगर यह दुधारी तलवार। है कमाना तो सभी को अच्छा लगता है मगर यह एक प्रकार का सट्टा ही है।

– **सुभाष बुद्धानवाला**, रतलाम

### समानता का अधिकार

**भारत** का संविधान सबको समानता का मौलिक अधिकार देता है। सभी के लिये नियम और कानून समान हैं। पीएम मोदी भी सबका साथ ,सबका विकास की अवधारणा के साथ लोगों के कल्याण के लिये योजनायें बना कर लागू करते हैं। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की बात ध्यान देने योग्य है। उन्होंने कहा देश में बहुसंख्यक- अल्पसंख्यक का वर्गीकरण नही होना चाहिए। सभी को समान अधिकार प्राप्त है। जबकि पड़ोसी देश में इस्लाम को न मानने वालों पर तमाम पाबंदियां लागू हैं। लोगों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति में धर्म के आधार पर भेदभाव की कोई अवधारणा नहीं है। भारतीय संविधान में एक भी ऐसा प्रावधान नहीं है जो धार्मिक सम्बन्ध में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की बात करता हो। आरिफ खान की बात गौर तलब है और प्रेरक है। मैं अपने को गौरवशाली भारतीय नागरिक मानता हूं। जिसके पास अन्य नागरिकों जैसे ही समान अधिकार है। तमाम सभ्यताओं को धर्म, जाति, और भाषा द्वारा परिभाषित किया गया लेकिन भारतीय सभ्यता को किसी धर्म के आधार पर परिभाषित नहीं किया गया है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव


### नैतिक जवाबदेही

**इन** दिनों उत्तर प्रदेश का लखीमपुर खीरी कांड भाजपा के गले की हड्डी बना हुआ है। मंत्री पुत्र के प्रेम में उलझी भाजपा भले ही फूंक-फूंक कर कदम उठा रही हो पर नैतिकता का तकाजा तो यही कहता है कि फिलहाल मंत्री जी को पदच्युत करना ही चाहिए जिससे चाहिए जिससे पार्टी का आदर्श आचरण नजरिया सार्थक साबित हो सके। उत्तर प्रदेश में किसानों को मंत्री पुत्र द्वारा रौंदे जाने के मामले में सियासत जारी है। विपक्ष हमलावर बना हुआ है तो भाजपा पर भी नैतिक दबाव है। राजनीति में शुचिता की बात करने वाली भाजपा के लिए यह परीक्षा की घड़ी भी है। विपक्ष को मिले मुद्दे से भाजपा बैकफुट पर अवश्य है मगर इसके चिंगारी बनने के पूर्व भाजपा को कठोर निर्णय लेना होगा। अगर राजनीति में नैतिकता की सीख दूसरों को दी जा सकती है तो सत्तारूढ़ दल को भी इस पर खुद अमल करना चाहिए। समय का तकाजा है कि मामले की जांच और उसकी वास्तविकता सामने आने तक मंत्री मिश्र को पद से हटा दिया जाना चाहिए, जिससे जांच प्रभावित न हो।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**हमें** जो डर था वो सच साबित हो रहा है। पाक समर्थित तालिबान का अफगानिस्तान पर कब्जा होने के बाद कश्मीर में आतंकवाद बढ़ा है।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री



**नवंबर** से अंतरराष्ट्रीय आगंतुक थाइलैंड में क्वारंटाइन हुए बगैर प्रवेश कर सकते हैं, यदि वे टीकाकृत हों और कम जोखिम वाले देशों से आए हों।

– **प्रयुत चान-ओ-चा**
थाइलैंड के प्रधानमंत्री



**मोदी** जी आप खामोश क्यों हैं? हम आपसे सहानुभूति का एक शब्द सुनना चाहते हैं, और यह काम कठिन नहीं लगना चाहिए।

– **कपिल सिब्बल**
कांग्रेस नेता

# विजयन ने विकास के लिए के-रेल परियोजना को बताया अनिवार्य

## ● यूडीएफ ने सदन से किया बर्हिगमन

**भाषा**। तिरुवनंतपुरम

**केरल** के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने प्रस्तावित सेमी-हाईस्पीड रेल परियोजना को लेकर विपक्षी यूडीएफ (संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा) द्वारा जताई गई चिंता को बुधवार को सिरे से खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा कि राज्य में अवसंरचना विकास के लिए 63 हजार करोड़ रुपए की परियोजना राज्य के लिए अनिवार्य है और उनकी सरकार इस संबंध में पारदर्शी तरीके से कार्य कर रही है। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने विधानसभा में के-रेल नाम से प्रस्तावित इस विशाल परियोजना का विरोध किया और कहा कि इससे राज्य पर भारी बोझ पड़ेगा और पर्यावरण को भारी नुकसान होगा एवं इससे आम जनता को लाभ नहीं होगा। विपक्षी गठबंधन यूडीएफ के सदस्यों ने कहा कि परियोजना के लिए 20 हजार परिवारों को विस्थापित करना होगा और इसे लागू करने के लिए एक लाख 24 हजार करोड़ रुपए की भारी-भरकम राशि की जरूरत होगी।

विपक्षी सदस्यों ने सदन में शून्य काल के दौरान इस मामले पर स्थगन प्रस्ताव के लिए एक नोटिस पेश किया और सभी पूर्वनिर्धारित कार्यों को रोककर इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए तुरंत चर्चा की मांग की। हालांकि विजयन ने अपने विस्तृत जवाब में सेमी-हाईस्पीड रेल परियोजनाओं के विभिन्न लाभों का उल्लेख किया। प्रस्ताव के मुताबिक,



तिरुवनंतपुरम से कासरगोड तक हाई-स्पीड रेल की स्थापना की जानी है ताकि राज्य के राजमार्गों पर से दबाव कम किया जा सके और हादसे रोके जा सके।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना को लेकर कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से लेकर हवाई सर्वेक्षण तक के कार्य के लिए उच्च प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रही है।

विजयन ने कहा कि के-रेल परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहित किए जाने पर प्रभावित लोगों को आकर्षक मुआवजा दिया जाएगा और यह ग्रामीण क्षेत्र में जमीन की कीमत से चार गुना और शहरी इलाकों में दो गुना अधिक होगा। उन्होंने विधानसभा में कहा, देश में रेल की प्रगति धीमी गति से हो रही है। मौजूदा समय में राज्य के एक छोर से दूसरे छोर तक जाने में 16 घंटे तक का समय लग जाता है। इसे बदलने की जरूरत है। सबसे बढ़िया उपाय सेमी-हाईस्पीड रेल है। मुख्यमंत्री ने परियोजना से अर्थव्यवस्था बर्बाद होने के विपक्ष के आरोपों को निराधार करार दिया।

## इटली में कला मेले में 65 से ज्यादा कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी

**नई दिल्ली**। इटली के कला मेले आर्टिसिमा के आगामी संस्करण में भारत की कुछ प्रमुख गैलरियों के 65 से अधिक कलाकारों की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इटली के दूतावास ने यह जानकारी दी है। इसे भारतीय सामयिक कला का सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व बताया जा रहा है। यह वार्षिक कार्यक्रम पांच से सात नवंबर तक होगा और इसे हब इंडिया द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। हब इंडिया भारतीय उपमहाद्वीप में सामयिक कला को साथ लाने वाला एक मंच है। कार्यक्रम में अलग अलग विधाओं की कलाकृतियों को पेश किया जाएगा जिनमें चित्रकारी से लेकर लघुचित्र, मूर्तियां और टेराकोटा आदि शामिल हैं।

इसके समन्वयक मायना मुखर्जी और डेविड क्वारद्धिओ हैं। कार्यक्रम में भाग ले रही भारतीय गैलरियों में नेचर मोर्टे, गैलरी इस्पेस, इमामी आर्ट, आकार प्रकार, आर्ट अलाइव आदि शामिल हैं।

# कांग्रेस के मीडिया समन्वयक सलीम पार्टी से छह साल से निष्कासित

**भाषा**। कर्नाटक (भाषा)

**कर्नाटक** में कांग्रेस बुधवार को उस समय मुश्किल में फंसी नजर आई, जब पार्टी के मीडिया समन्वयक एम ए सलीम और पूर्व लोकसभा सदस्य वीएस उग्रप्पा के बीच उस बातचीत का वीडियो वायरल हो गया, जिसमें एक घोटाले में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार की कथित संलिप्तता का जिक्र किया गया है। शिवकुमार उस समय राज्य में मंत्री थे।

वायरल हुई क्लिपिंग पर कड़ी आपत्ति जताते हुए, शिवकुमार ने कहा कि वह इस बात से इनकार नहीं कर सकते कि सलीम और उग्रप्पा के बीच बातचीत नहीं हुई, पर उन्होंने बातचीत की सामग्री को खारिज कर दिया। पार्टी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सलीम को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और पार्टी प्रवक्ता उग्रप्पा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। बातचीत संभवत: सिंचाई विभाग में हुए कथित घोटालों से संबंधित है, जिसमें शिवकुमार कथित रूप से शामिल थे। उस समय वह कांग्रेस- जनता दल (एस) की गठबंधन सरकार में सिंचाई मंत्री थे। तत्कालीन सरकार 14 महीने तक चली थी और जून 2019 में गिर गई थी।

हालांकि उग्रप्पा ने स्पष्ट किया कि सलीम केवल उन्हें बता रहे थे कि भाजपा के लोग कर्नाटक और महाराष्ट्र सहित चार राज्यों में 47 परिसरों में सिंचाई और राजमार्ग परियोजना को अंजाम देने वाले तीन प्रमुख ठेकेदारों के खिलाफ बीते सात अक्टूबर से आयकर (आईटी) विभाग द्वारा किए गए छापे के बारे में क्या बात कर रहे हैं। आईटी विभाग ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि आयकर अधिकारियों द्वारा तलाशी और जब्ती के परिणामस्वरूप लगभग 750 करोड़ रुपए की अघोषित आय का पता चला है। मंगलवार को उग्रप्पा की प्रेस कॉन्फ्रेंस से कुछ मिनट पहले सलीम उनके बगल में बैठ गया और घोटालों के बारे में फुसफुसाने लगा।

सलीम को कथित वीडियो में यह कहते हुए सुना जा सकता है, पहले, यह आठ प्रतिशत था। उसने इसे बढ़ाकर 12 प्रतिशत कर दिया। ए सभी डीकेएस द्वारा किए गए समायोजन हैं।

सलीम ने उप्पर और जी शंकर का जिक्र करते हुए कहा कि उप्पर बेंगलुरु से हैं और जी शंकर बेल्लारी में होस्पेट से, जिसे आप जानते भी हैं। इस पर उग्रप्पा ने उन्हें ठीक किया कि उप्पर विजयपुरा का है, तो सलीम ने कहा कि उप्पर का घर बेंगलुरु में पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा के घर के ठीक सामने है।

# वीर सावरकर ने अंग्रेजों से कभी माफी नहीं मांगी: संजय राउत

**भाषा**। मुंबई



**शिवसेना** सांसद संजय राउत ने बुधवार को कहा कि वीर सावरकर ने कभी भी अंग्रेजों से माफी नहीं मांगी। इससे एक दिन पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया था कि स्वतंत्रता सेनानी सावरकर ने महात्मा गांधी के अनुरोध पर अंग्रेजों को दया याचिका लिखी थी।

पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा कि दस साल से अधिक समय तक जेल में रहने वाले स्वतंत्रता सेनानी यह सोचकर अपनी रणनीति बनाते थे कि जेल में रहने के बजाय वे बाहर निकलकर कुछ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेल में सजा काटने के दौरान एक अलग रणनीति अपनाई जाती है। राउत ने कहा कि यदि सावरकर ने ऐसी रणनीति अपनाई थी, तो इसे माफी मांगना नहीं कह सकते। हो सकता है कि सावरकर ने ऐसी रणनीति अपनाई हो। सावरकर ने अंग्रेजों से कभी माफी नहीं मांगी। राउत कई मौकों पर वी डी सावरकर को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि हिंदुत्व के सिरमौर सावरकर हमेशा से उनकी पार्टी के लिए आदर्श रहे हैं।

सावरकर को लेकर राजनाथ सिंह के बयान के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। राजनाथ सिंह ने मंगलवार को वीर सावरकर को एक कट्टर राष्ट्रवादी और 20वीं सदी में भारत का पहला सैन्य रणनीतिकार बताते हुए कहा था उन्होंने महात्मा गांधी के अनुरोध पर अंग्रेजों को दया याचिकाएं लिखीं।

# सड़क दुर्घटना में चूक के लिए व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए

**भाषा**। नई दिल्ली

**सड़क** दुर्घटना से संबंधित एक मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि असाधारण सावधानी बरत कर वाहनों की टक्कर से बचने में सिर्फ विफल रहना अपने आप में लापरवाही नहीं है। न्यायालय ने कहा कि जिस व्यक्ति पर सड़क दुर्घटना में योगदान के लिए लापरवाही का आरोप लगाया जा रहा है उसमें उसकी किसी न किसी चूक की भूमिका तो होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक फैसले के खिलाफ एक महिला और उनके नाबालिग बच्चों की अपील पर अपने फैसले में यह टिप्पणी की। उच्च न्यायालय ने कहा था कि महिला के दिवंगत पति भी लापरवाही के दोषी



हैं। ट्रक से टक्कर में संलिप्त कार इस महिला के पति रहे थे और वह भी लापरवाही में योगदान के दोषी हैं। अदालत ने कहा कि ऐसी स्थिति में महिला और उनके नाबालिग बच्चे मुआवजे की निर्धारित राशि के केवल 50 प्रतिशत के हकदार हैं।

हालांकि शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय का निर्णय पलटते हुए कहा कि कुछ असाधारण सावधानी बरतकर टक्कर से बचने में नाकामी अपने आप में लापरवाही नहीं है। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय का निष्कर्ष ऐसे किसी सबूत पर आधारित नहीं है। यह महज एक अनुमान है कि यदि कार का चालक सतर्क होता और यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन सावधानीपूर्वक चलाता, तो यह दुर्घटना नहीं होती। पीठ ने छह अक्टूबर के अपने आदेश में कहा कि यह जताने के लिए रिकॉर्ड में कुछ भी नहीं था कि कार का चालक मध्यम गति से गाड़ी नहीं चला रहा था या उसने यातायात नियमों का पालन नहीं किया था। इसके विपरीत, उच्च न्यायालय का मानना है कि यदि ट्रक को राजमार्ग पर खड़ा नहीं किया गया होता तो कार की गति तेज होने पर भी दुर्घटना नहीं होती।



श्रीनगर में हाल ही में आतंकवादियों द्वारा मारे गए शिक्षक के परिजनों से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मुलाकात की

# कश्मीर भारत का हिस्सा रहेगा, भले ही मुझे गोली मार दी जाए: अब्दुल्ला

**भाषा**। श्रीनगर

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को यहां कहा कि कश्मीर कभी पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनेगा क्योंकि हम भारत का हिस्सा हैं और रहेंगे, भले ही मुझे गोली मार दी जाए।

सरकारी स्कूल की प्राचार्य सुपिंदर कौर को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां एक गुरुद्वारे में आयोजित शोकसभा को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि कश्मीर के लोगों को साहसी बनना पड़ेगा और मिलकर हत्यारों से लड़ना होगा। कौर की सात अक्टूबर को आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने कहा, हमें इन जानवरों से लड़ना होगा। यह (कश्मीर) कभी पाकिस्तान नहीं बनेगा, याद रखना। हम भारत का हिस्सा हैं और हम भारत का हिस्सा रहेंगे, चाहे जो हो जाए। वे मुझे गोली भी मार दें तो भी इसे नहीं बदल सकते। कौर की हत्या पर दुख जताते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि 1990 के दशक में जब कई लोग डर की वजह से घाटी छोड़कर चले गए थे तब सिख समुदाय ने कश्मीर को नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि हमें अपना मनोबल ऊंचा रखना होगा और साहसी बनना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि हमें मिलकर साहस के साथ लड़ना होगा। केवल आपका (सिख) समुदाय है जो सबके जाने के बाद भी यहीं रहा। छोटे छोटे बच्चों को पढ़ाने वाली एक शिक्षक को मारने से इस्लाम की खिदमत नहीं होती। गुरुद्वारे के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में अब्दुल्ला ने कहा, वे (आतंकवादी) कभी सफल नहीं होंगे और उनकी साजिश नाकाम हो जाएंगी। लेकिन हम सभी को- मुस्लिमों, सिखों, हिंदुओं और ईसाइयों को उनके खिलाफ मिलकर लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारत में नफरत का तूफान चल रहा है और मुस्लिम, हिंदू तथा सिख समुदायों को बांटा जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष ने कहा, बांटने की इस राजनीति को रोकना होगा, अन्यथा भारत नहीं बचेगा। अगर हमें भारत को बचाना है तो हम सभी को मिलकर रहना होगा और तभी आगे बढ़ सकेंगे।

## उपराज्यपाल आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शिक्षक के परिजनों से मिले

**जम्मू**। श्रीनगर में हाल ही में आतंकवादियों द्वारा मारे गए शिक्षक दीपक चंद के परिजनों से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को मुलाकात की और शोक प्रकट किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। चंद हाल में कश्मीर घाटी में हुई अलग-अलग आतंकवादी घटनाओं में मारे गए असैन्य लोगों में शामिल हैं।

प्रवक्ता ने बताया कि सिन्हा यहां पटोली-मंगोट्रियन में चंद के घर पहुंचे और परिवार को जम्मू-कश्मीर प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने शोक संतप्त परिजन से कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रशासन पूरी तरह उनके साथ खड़ा है। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छाता संगठन द रेजिस्टेंस फोर्स (टीआरएफ) के सदस्यों ने सात अक्टूबर को जम्मू के हिंदू समुदाय से संबंध रखने वाले चंद और श्रीनगर निवासी सिख सुपिंदर कौर की हत्या कर दी थी। दोनों शिक्षक थे।

इससे पहले पांच अक्टूबर को आतंकवादियों ने प्रमुख कश्मीरी पंडित तथा श्रीनगर की सबसे प्रसिद्ध फार्मेसी के मालिक माखन लाल बिंदरू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके कुछ देर बाद बिहार के निवासी चाट विक्रेता वीरेंद्र पासवान की हत्या कर दी गई थी।



मंगलौर में कुदरौली गोकरर्णनाथ मंदिर में पूजा करते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई

## महिलाओं को बराबर की भागीदारी वाले समाज के निर्माण का संकल्प लें

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दुर्गापूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए बुधवार को कहा कि इस त्योहार पर हम ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प लें जहां महिलाओं को अधिक सम्मान और बराबर की भागीदारी प्राप्त हो।

राष्ट्रपति कोविंद ने फेसबुक और ट्विटर पर पोस्ट में कहा, दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा, देवी दुर्गा शक्ति का प्रतीक हैं और वे नारी शक्ति का दैवीय रूप भी हैं। दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की विजय का उत्सव है।

उन्होंने कहा कि मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूप जीवन के साथ प्रकृति के जुड़ाव को दर्शाते हैं।

कोविंद ने कहा कि आइए, इस त्योहार के अवसर पर हम एक ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प करें, जहां समाज में महिलाओं को पहले से अधिक सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में उन्हें बराबर की भागीदारी प्राप्त हो।

# राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोगों ने सहयोग के नए क्षेत्र तलाश करने के लिए की बैठक

**भाषा**। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** मानवाधिकार आयोग और राज्य मानवाधिकार आयोगों ने सहयोग के नए क्षेत्रों को तलाश करने और मानवाधिकारों के संरक्षण और प्रोत्साहन के सर्वश्रेष्ठ तौर-तरीकों को साझा करने के लिए बुधवार को बैठक की। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा की उपस्थिति में यहां विज्ञान भवन में यह बैठक हुई। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को अपना 28वां स्थापना दिवस मनाया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनएचआरसी और एसएचआरसी की बैठक मानवाधिकारों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए सहयोग के समान एवं नए क्षेत्रों को तलाशने के मकसद से हुई है। उन्होंने कहा कि इसका मकसद विभिन्न एसएचआरसी की ओर से मानवाधिकारों के संरक्षण एवं प्रोत्साहन की दिशा में अपनाए गए सर्वश्रेष्ठ तौर-तरीकों और एवं गतिविधियों को साझा करना है। एनएचआरसी और एसएचआरसी मानवाधिकार संरक्षण आयोग कानून-1993 के तहत संचालित होते हैं। एसएचआरसी राज्य स्तर पर स्वतंत्र इकाइयां होती हैं और वे एनएचआरसी के तहत नहीं आते हैं।

मिश्रा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस के मौके पर कहा था कि एनएचआरसी पिछले 28 वर्षों से काम कर रहा है, हालांकि कई शक्तिशाली देशों में अभी तक ऐसी संस्थाएं स्थापित नहीं हुई हैं। दुनिया की आबादी का लगभग छठा हिस्सा भारत में रहता है। भारत में एक लोकतांत्रिक प्रणाली है, जो हर मुद्दे को शांतिपूर्ण और वैध तरीके से हल करती है।

# साढ़े तीन लाख रुपए की रिश्वत मांगने के मामले में वन विभाग के तीन कर्मचारी गिरफ्तार

**भाषा**। ठाणे

**भ्रष्टाचार** निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने नवी मुंबई के वाशी में एक स्थल पर्यवेक्षक से 3.50 लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में तीन वन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। एसीबी ने बुधवार को यह जानकारी दी। तीनों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

उन्हें 16 अक्टूबर तक एसीबी की हिरासत में भेज दिया गया है। एसीबी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उनकी पहचान वनपाल संजय पवार और वन रक्षक दीपक वर्मा तथा अमित राणे के रूप में हुई है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि तीनों वाशी में उस स्थान पर गए जहां विध्वंस का काम चल रहा था और उन्हें बताया कि जमीन ठाणे क्रीक अभयारण्य तथा पर्यावरण के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र के दायरे में आती है। एसीबी ने कहा कि वन अधिकारियों ने पर्यवेक्षक को यह कहते हुए नोटिस दिया कि उन्होंने काम के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव विभाग और वन विभाग की अनुमति नहीं ली है। तीनों ने कथित तौर पर तत्काल पांच लाख रुपए और उसके बाद छह महीने तक हर महीने 25,000 रुपए देने की मांग की। एसीबी ने कहा कि बाद में वे शिकायतकर्ता से 3,50,000 रुपए की राशि स्वीकार करने पर सहमत हुए।

एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि शिकायतकर्ता द्वारा एसीबी से संपर्क किए जाने के बाद मंगलवार शाम को दो वन रक्षकों को शिकायतकर्ता से 3,50,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया गया। बाद में वनपाल पवार को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## वायरस के डेल्टा स्वरूप पर 70 प्रतिशत प्रभावी है एक खुराक वाला स्पूतनिक लाइट टीका

**नई दिल्ली**। रशियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) और गैमेलिया सेंटर ने बुधवार को कहा कि स्पूतनिक लाइट की एक खुराक वाला टीका पहले तीन महीने में कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप से संक्रमण के खिलाफ 70 प्रतिशत प्रभाव दिखाता है।

आरडीआईएफ ने एक बयान में कहा कि गैमेलिया सेंटर ने डेल्टा स्वरूप के खिलाफ स्पूतनिक लाइट टीके के प्रभाव का विश्लेषण करते हुए एक लेख मेडआरएक्सआईवी प्रीप्रिंट सर्वर फॉर हेल्थ साइंसेज को दिया है। बयान के अनुसार विश्लेषण 28,000 प्रतिभागियों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित था जिन्हें स्पूतनिक लाइट की एक खुराक दी गई थी। उनकी तुलना टीका नहीं लगवाने वाले 56 लाख लोगों के समूह से की गई। अध्ययन में इस्तेमाल आंकड़े जुलाई 2021 में मॉस्को में एकत्रित किए गए थे। आरडीआईएफ ने कहा, टीका 60 साल से कम उम्र के लोगों में 75 प्रतिशत से अधिक प्रभावी है।

# कुछ विशेष श्रेणी की महिलाओं को छह महीने तक गर्भपात कराने की अनुमति

**भाषा**। नई दिल्ली

**सरकार** ने गर्भपात संबंधी नए नियम अधिसूचित किए हैं जिसके तहत कुछ विशेष श्रेणी की महिलाओं के मेडिकल गर्भपात के लिए गर्भ की समय सीमा को 20 सप्ताह से बढ़ाकर 24 सप्ताह (पांच महीने से बढ़ाकर छह महीने) कर दिया गया है।

गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) नियम, 2021 के अनुसार, विशेष श्रेणी की महिलाओं में यौन उत्पीड़न या बलात्कार या कौटुंबिक व्यभिचार की शिकार, नाबालिग, ऐसी महिलाएं जिनकी वैवाहिक स्थिति गर्भावस्था के दौरान बदल गई हो (विधवा हो गई हो या तलाक हो गया हो) और दिव्यांग महिलाएं शामिल हैं। नए नियम में मानसिक रूप से बीमार महिलाओं, भ्रूण में ऐसी कोई विकृति या बीमारी हो जिसके कारण उसकी जान को खतरा हो या फिर जन्म लेने के बाद उसमें ऐसी मानसिक या शारीरिक विकृति होने की आशंका हो जिससे वह गंभीर विकलांगता का शिकार हो सकता है, सरकार द्वारा घोषित मानवीय संकट ग्रस्त क्षेत्र या आपदा या आपात स्थिति में गर्भवती महिलाओं को भी शामिल किया गया है।

यह नए नियम मार्च में संसद में पारित गर्भ का चिकित्सकीय समापन (संशोधन) विधेयक, 2021 के तहत अधिसूचित किए गए हैं।

पुराने नियमों के तहत 12 सप्ताह (तीन महीने) तक के भ्रूण का गर्भपात कराने के लिए एक डॉक्टर की सलाह की जरूरत होती थी और 12 से 20 सप्ताह (तीन से पांच महीने) के गर्भ के मेडिकल समापन के लिए दो डॉक्टरों की सलाह आवश्यक होती थी। नए नियमों के अनुसार, भ्रूण में ऐसी कोई विकृति या बीमारी हो जिसके कारण उसकी जान को खतरा हो या फिर जन्म लेने के बाद उसमें ऐसी मानसिक या शारीरिक विकृति होने की आशंका हो जिससे वह गंभीर विकलांगता का शिकार हो सकता है, इन परिस्थितियों में 24 सप्ताह (छह महीने) के बाद गर्भपात के संबंध में फैसला लेने के लिए राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा।

मेडिकल बोर्ड का काम होगा, अगर कोई महिला उसके पास गर्भपात का अनुरोध लेकर आती है तो उसकी और उसके रिपोर्ट की जांच करना और आवेदन मिलने के तीन दिनों के भीतर गर्भपात की अनुमति देने या नहीं देने के संबंध में फैसला सुनाना है।

बोर्ड का काम यह ध्यान रखना भी होगा कि अगर वह गर्भपात कराने की अनुमति देता है तो आवेदन मिलने के पांच दिनों के भीतर पूरी प्रक्रिया सुरक्षित तरीके से पूरी की जाए और महिला की उचित काउंसिलिंग की जाए।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के विषयों पर राजनीतिक दलों में कोई मतभेद नहीं हो सकता: शरद पवार

**भाषा।** मुंबई



**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने चीन और भारत की सेनाओं के बीच गतिरोध को समाप्त करने में वार्ता के विफल रहने और जम्मू कश्मीर में हाल में घटी हिंसा की घटनाओं पर बुधवार को चिंता जताई, लेकिन कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर राजनीतिक दलों के बीच कोई मतभेद नहीं हो सकता। पवार ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा मंत्रालय ने उन्हें और कांग्रेस नेता ए के एंटनी को लद्दाख के हालात के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा, एक तरफ चीन के साथ हमारी वार्ता सफल नहीं रही, वहीं दूसरी तरफ, चीन के साथ बातचीत के एक दिन बाद पुंछ में सेना के पांच कर्मी शहीद हो गए। ऐसा बार-बार हो रहा है, इसलिए चिंता का कारण है।

दोनों पूर्व रक्षा मंत्रियों पवार और एंटनी को रक्षा मंत्रालय ने जुलाई में लद्दाख के हालात के बारे में अवगत कराया था। पवार ने बताया कि इस बैठक में सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे भी मौजूद थे। पवार ने कहा, जानकारी मिलने के बाद हम इस नतीजे पर पहुंचे कि राजनीतिक भेद हो सकते हैं लेकिन इस (राष्ट्रीय सुरक्षा) पर मतभेद नहीं हो सकते। रक्षा मंत्री जो भी रुख अपनाएंगे, हमारा भी वही रुख रहेगा। यह हमारी प्रतिबद्धता है।

पूर्वी लद्दाख में टकराव के बाकी बिंदुओं पर 17 महीने से जारी गतिरोध के समाधान के लिए भारत और चीन सेनाओं की हालिया वार्ता में कोई नतीजा नहीं निकला। भारतीय सेना ने सोमवार को कहा कि सैन्य वार्ता के ताजा दौर में उसने सकारात्मक सुझाव दिए थे लेकिन चीनी पक्ष न तो इन पर सहमत दिखा और ना ही बीजिंग ने आगे का रास्ता दिखाने वाला कोई प्रस्ताव रखा। जम्मू कश्मीर के अनेक जिलों में सोमवार को मुठभेड़ की तीन घटनाओं में एक जूनियर कमीशन्ड अधिकारी (जेसीओ) समेत पांच सैनिक शहीद हो गए और दो आतंकवादी मारे गए। पवार ने कहा, हम दिल्ली जाकर बातचीत करेंगे और देखेंगे कि क्या सामूहिक रुख अपनाया जा सकता है और लोगों को इस बारे में अवगत कराया जा सकता है। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि चिंता की कोई बात है।

## तमिलनाडु निकाय चुनावः द्रमुक ने जीत का सिलसिला बरकरार रखा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने नवगठित नौ जिलों के द्विस्तरीय स्थानीय निकाय चुनावों में जीत दर्ज कर अन्नाद्रमुक को एक और झटका दिया है। इस पहले द्रमुक ने गत छह अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी और अब स्थानीय निकाय चुनाव में विजई होकर जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। अपनी पार्टी को एक बार फिर शानदार जीत दिलाने में कामयाब रहे मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने बुधवार को एक बयान में कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव नतीजों ने राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक के पांच माह के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों पर मुहर लगा दी है। इस बीच, विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने सत्तारूढ़ दल पर स्थानीय निकाय चुनाव में हिंसा का सहारा लेकर पिछले दरवाजे से जीत दर्ज करने का आरोप लगाया। स्थानीय निकाय चुनाव के लिए दो चरणों में छह और नौ अक्टूबर को मतदान हुआ था। दो चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार को शुरू हुई थी जिसमें द्रमुक ने बढ़त लेते हुए बहुमत प्राप्त किया। छह अक्टूबर को 39 यूनियन में मतदान हुआ था, जबकि शेष 35 यूनियन में नौ अक्टूबर को कांचीपुरम, चेंगलपट्टू, वेल्लोर, रानीपेट, तिरुपथुर, विल्लुपुरम, कल्लाकुरिची, तिरुनेलवेली और तेनकासी जिलों में मतदान हुआ। राज्य में 140 जिला पंचायत वार्ड सदस्यों, 74 पंचायत यूनियन, 1,381 पंचायत यूनियन वार्ड सदस्यों, 2,901 ग्राम पंचायत अध्यक्षों और 22,581 ग्राम पंचायत वार्ड पार्षदों सहित 27,003 पदों को भरने के लिए चुनाव हुए।



पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी और स्पीकर एम्बलम सेल्वम ने बन्दरगाह निर्माण से पहले पार करते हुए नदी के किनारे का दौरा किया।

# स्कूल में भारत माता की जय का नारा लगाने पर विवाद

**भाषा।** भोपाल

**मध्य** प्रदेश के आगर मालवा जिले के एक स्कूल में भारत माता की जय का नारा लगाने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने एक शिक्षक और एक छात्र की कथित तौर पर पिटाई कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 175 किलोमीटर दूर बड़ौद कस्बे में मंगलवार को हुई इस घटना के बाद करीब 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आगर-मालवा के जिला पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार (एसपी) ने बुधवार को बताया कि आगर-मालवा जिले के बड़ौद कस्बे के एक निजी स्कूल में हिंदू-मुसलमान सहित विभिन्न समुदायों के विद्यार्थी पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में भारत माता की जय का नारा लगाने को लेकर छात्रों के बीच कुछ विवाद हुआ था, लेकिन मामला वहीं शांत हो गया। इसके बाद कुछ छात्रों ने स्कूल के बाहर दूसरे पक्ष के लड़कों की कथित तौर पर पिटाई कर दी। एक अन्य पुलिस अधिकारी के अनुसार स्कूल में प्रार्थना के बाद विद्यार्थी राष्ट्रगान गाते हैं और इसके अंत में भारत माता की जय का नारा लगाते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मुस्लिम बच्चे भारत माता की जय नहीं बोल रहे थे और कक्षा 12वीं के छात्र भरत सिंह राजपूत (19) ने इसका विरोध किया, जिसके परिणामस्वरुप विवाद हुआ। अधिकारी ने बताया कि राजपूत ने पुलिस में शिकायत की कि जब वह अन्य छात्रों के साथ मंगलवार को स्कूल से घर लौट रहा था तो उन्हें और एक शिक्षक को रोककर पीटा गया। प्राथमिकी के अनुसार राजपूत ने दावा किया कि बड़ौद कस्बे के कसाई मोहल्ला इलाके में कुछ मुस्लिम लड़कों और उनके दोस्तों ने उन्हें और अनुसूचित जाति के शिक्षक को रोका।

## राजस्थान में विमुक्त, घुमन्तु समुदायों के कल्याण के लिए 24 करोड़ रुपए मंजूर

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने राज्य के विमुक्त, घुमन्तु व अर्द्ध घुमन्तु समुदायों के सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नयन संबंधी गतिविधियों के लिए 23 करोड़ 92 लाख रुपए के अतिरिक्त बजट आवंटन की स्वीकृति दी है। एक सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस स्वीकृति से गाड़िया लुहार, बंजारा, सांसी, बावरी, भाट, नट, मदारी, सपेरा, बहरूपिया आदि समुदायों के कल्याण के लिए साइकिल वितरण, स्कूटी वितरण, छात्रावास संचालन तथा रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों आदि का संचालन किया जा सकेगा। बयान में कहा गया कि इसके साथ ही, इन जनजातियों की पारंपरिक कलाओं के संरक्षण एवं उत्थान के लिए डिनोटिफाइड ट्राइब रिसर्च एण्ड प्रिजर्वेशन सेंटर (विमुक्त जनजाति अनुसंधान एवं संरक्षण केंद्र) की स्थापना की जाएगी।

# अनिल देशमुख ने अदालत से कहा, ईडी की जांच हत्या व जबरन वसूली के आरोपियों के दावों पर आधारित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित धन शोधन मामले में उनके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही ऐसे लोगों के दावों पर आधारित है जोकि खुद हत्या और जबरन वसूली जैसे संगीन अपराधों के आरोपी हैं।

न्यायमूर्ति नितिन जमादार और न्यायमूर्ति एस वी कोतवाल की पीठ ने देशमुख की याचिका पर दोनों पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद कहा कि इस पर आदेश बाद में सुनाया जाएगा। देशमुख ने इस याचिका में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उन्हें जारी किए गए समन और मामले में पूरी कार्यवाही रद्द करने का अनुरोध किया है।

प्रवर्तन निदेशाल के समक्ष पेश होने में नाकाम रहे देशमुख ने अपने वकील के माध्यम से कहा कि वह कल जांच एजेंसी के सामने पेश होना चाहते हैं लेकिन एजेंसी उनके खिलाफ असहयोग भरा रवैया अपनाने की छवि बना रही है। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अमन लेखी ने अदालत से कहा कि यदि देशमुख द्वेष का आरोप लगा रहे हैं, तो उन्हें ऐसे लोगों को अपनी याचिका में पक्षकार बनाना चाहिए, जिन पर वह हत्यारे और जबरन वसूली करने वाला होने का आरोप लगा रहे हैं। देशमुख की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने पीठ से कहा कि उनके खिलाफ दलीलें मनगढ़ंत हैं। चौधरी ने पीठ से अन्य राहतों के अलावा ईडी द्वारा राकांपा नेता को जारी किए गए समन रद्द करने का अनुरोध किया।

लेखी ने हालांकि इस बात से इंकार किया कि केंद्रीय एजेंसी की जांच दुर्भावनापूर्ण या निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन थी। लेखी ने कहा कि देशमुख कानून से ऊपर नहीं हैं और ईडी के सामने पेश होने और उसके समन का जवाब देने के लिए उत्तरदाई हैं। देशमुख ने ईडी के समक्ष व्यक्तिगत पेशी से छूट का अनुरोध अदालत से किया। देशमुख ने मामले में उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नहीं करने के लिए ईडी और सीबीआई को अंतरिम निर्देश देने का भी अनुरोध किया।

सीबीआई द्वारा इस साल 21 अप्रैल को राकांपा नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार और आधिकारिक पद के दुरुपयोग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद ईडी ने देशमुख और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की है। सीबीआई ने मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा देशमुख के खिलाफ लगाए गए भ्रष्टाचार और कदाचार के आरोपों की प्रारंभिक जांच (पीई) के बाद प्राथमिकी दर्ज की थी। परमबीर सिंह जबरन वसूली के आरोपों का सामना कर रहे हैं जिसकी जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### भारत, यूरोपीय संघ को समुद्री अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, कृषि में सहयोग बढ़ाना चाहिए :केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) को समुद्री अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, कृषि, जल, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और पर्यावरण के क्षेत्रों में सहयोग प्रगाढ़ करना चाहिए। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सिंह ने ईयू के एक शिष्टमंडल का स्वागत किया, जिसका नेतृत्व यूरोपीय संघ के राजदूत उगो अस्तुतो कर रहे थे। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि यूरोपीय संघ ने हाल ही में होराइजन यूरोप (2021-2027) की शुरुआत की है, जो कि एक यूरोपीय संघ वैज्ञानिक अनुसंधान पहल की सात वर्षीय योजना है और ईयू होराइजन यूरोप में भागीदारी के लिए भारतीय वैज्ञानिक एजेंसियो का रुख कर रहा है। सिंह ने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) से जुड़े मुद्दों पर कुछ चिंताओं के साथ इस कार्यक्रम में भागीदारी करने का इच्छुक है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियो के समाधान के लिए एक बहुस्तरीय साझा रुख विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत-ईयू को समुद्री अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, कृषि, जल नवीकरणीय ऊर्जा, जैव प्राद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और पर्यावरण के क्षेत्रों में सहयोग प्रगाढ़ करना चाहिए। अपनी टिप्पणी में अस्तुतो ने स्वच्छ ऊर्जा, जीनोम सीक्वेंसिंग, अंटार्कटिका मे समुद्री संरक्षित क्षेत्रों और शानदार कार्य करने वाले कंप्यूटिंग के उपयोग से अनुसंधान में सहयोग करने के अलावा लोगो के बीच संपर्क बढ़ाने पर भी जोर दिया। साथ ही, भरत से ईयू में और यूरोपीय संघ से भारत में छात्रों का आवागमन बढ़ाने पर भी जोर दिया।

### बादवेल सुरक्षित सीट पर 15 उम्मीदवार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले के बादवेल सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में 30 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव के लिए तीन प्रमुख दलो समेत अब चुनाव मैदान में 15 उम्मीदवार है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार है। बुधवार को नामांकन वापस लेने का आखिरी दिन था और चार निर्दलीय उम्मीदवारों ने पर्चा वापस ले लिया। इस सीट से विधायक जी वेंकट सुब्बैया का इस साल मार्च में निधन हो जाने के कारण यहां उपचुनाव कराना पड़ रहा है। प्रदेश मे सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस ने इस सीट से अपने-अपने उम्मीदवार उतारे है। मुख्य विपक्षी तेलुगू देशम पार्टी उपचुनाव से बाहर रहने का फैसला किया है क्योंकि वाईएसआर कांग्रेस ने दिवंगत विधायक की पत्नी को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। पेशे से चिकित्सक दासारी सुधा इस सीट से वाईएसआर कांग्रेस की उम्मीदवार है। पूर्व विधायक पी एम कमलम्मा को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है। कमलम्मा ने इस विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व 2009 से 2014 में किया था। भाजपा ने युवा नेता पी सुरेश को इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। जनसेना पार्टी ने कहा है कि इस चुनाव में वह भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करेगी जो भगवा पार्टी के लिए राहत देने वाला है। जनसेना पार्टी ने कहा था कि दिवंगत विधायक की पत्नी बादवेल से चुनाव लड़ रही है

### केरल में कोरोना वायरस संक्रमण के 11,079 और कर्नाटक में 357 मामले सामने आए

**तिरुवनंतपुरम/बेंगलुरु।** केरल में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 11,709 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 48,20,698 हो गई। इसके अलावा 123 रोगियो की मौत के साथ ही मृतकों की तादाद 26,571 तक पहुंच गई है। वही, कर्नाटक मे 357 मामले सामने आने के बाद संक्रमितो की कुल संख्या 29,82,089 हो गई है। 10 रोगियो की मौत के बाद मृतकों की तादाद 37,916 तक पहुंच गई है। केरल सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य मे संक्रमण के दैनिक मामलो की संख्या अगस्त मे ओणम महोत्सव के दौरान 30 हजार से अधिक हो गई थी, जिसके बाद से इसमे गिरावट देखी जा रही है। मंगलवार से 9,972 और लोग संक्रमण से उबरे है। अब तक कुल 46,95,904 लोग संक्रमण से उबर चुके है। उपचाराधीन रोगियों की संख्या 97,630 है। बीते 24 घंटे मे 89,995 नमूनो की जांच की गई है।

### भारत, बांग्लादेश के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष होने पर प्रदर्शनी का आयोजन करेगी आईसीसीआर

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के राजनयिक संबंध की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद दिल्ली, कोलकाता और ढाका मे बांग्लादेश की प्रसिद्ध कलाकार रोकिया सुल्ताना की कलाकृतियो की प्रदर्शनी आयोजित करेगी। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के बयान के अनुसार, परिषद नई दिल्ली मे इस प्रदर्शनी का आयोजन ललित कला अकादमी के सहयोग से कर रही है। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी 23 अक्टूबर को इसका उद्घाटन करेगी। गौरतलब है कि भारत और बांग्लादेश के बीच राजनयिक संबंध की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुजीब बोरशो नाम से साल भर तक विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। आईसीसीआर के अनुसार, भारत और ढाका मे प्रदर्शनी के आयोजन के लिए बांग्लादेश की ओर से बंगाल फाउंडेशन साझेदारी कर रहा है।



कोलकाता में कोविड महामारी के विषय पर सामुदायिक पूजा पंडाल सजाया गया।

# जम्मू-कश्मीर में जन-हितैषी प्रशासन केन्द्र सरकार की पहली प्राथमिकता : केन्द्रीय मंत्री बालियान

**जम्मू।** केन्द्रीय मंत्री संजीव कुमार बालियान ने बुधवार को कहा कि केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में जन-हितैषी प्रशासन केन्द्र सरकार की पहली प्राथमिकता है। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मामलों के मंत्री साम्बा जिले के दो दिवसीय दौरे के समापन पर एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। वह जनता तक पहुंचने के केन्द्र सरकार के कार्यक्रम के तहत यहां आए थे। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अपने दौरे के दूसरे दिन मंत्री ने उत्तरबेहनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) का उद्घाटन किया, भेड़ और बकरी पालकों, कई प्रमुख लोगों से बातचीत की और केन्द्र प्रायोजित योजना के तहत जिले में लोगों को मत्स्य बीज बांटे। उन्होंने कहा कि उत्तरबहनी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए दो मंजिला भवन बनाया गया है जिसके निर्माण में छह करोड़ रुपए की लागत आई है। इससे स्थानीय लोगों को बहुत लाभ होगा।

मंत्री ने साम्बा के जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि वह स्थानीय समस्याओं का जल्दी समाधान करें और जिन मुद्दों पर केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप की जरुरत है उनके दस्तावेज मंत्री के कार्यालय भेजे जाएं। बालियान ने कहा, घर-घर तक सुशासन पहुंचाने के लक्ष्य से जनहितैषी प्रशासन केन्द्र सरकार की पहली प्राथमिकता है। साम्बा पहुंचने के साथ ही बालियान रामगढ़ में जीरो लाइन पर स्थित गांव बरोटा और सुदूर पहाड़ी गांव गोरान गए। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि प्रत्एक ब्लॉक में मवेशियों के लिए सचल क्लिनिक शुरू किए जाएंगे। मंत्री ने मत्स्य पालन और डेयरी विभागों के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की।

## किच्छा में किसानों ने किया मुख्यमंत्री धामी का विरोध

**किच्छा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बुधवार को अपने गृह जनपद ऊधमसिंह नगर के किच्छा में किसानों के ज़बरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री धामी अपने भाजपा विधायक मित्र राजेश शुक्ला के जन्मदिन पर 105 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने किच्छा पहुंचे थे। आक्रोशित किसानों के गुस्से ओर विरोध की आशंका के मद्देनजर यहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस ने मुख्यमंत्री का विरोध करने पहुंचे कई किसानों को हिरासत में भी लिया और इस दौरान पुलिस और किसानों में धक्कामुक्की भी हुई। पहले किसानों ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए मंडी में विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन बाद में वे तमाम सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए मुख्यमंत्री के हेलीपेड तक भी पहुंच गए जहां बड़ी मुश्किल से पुलिस ने किसानों को काबू किया।

# उत्तराखंड में आपदाओं के लिहाज से संवेदनशील 83 गांवों के 1447 परिवारों का पुनर्वास

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से संवेदनशील 83 गांवों के 1,447 परिवारों को अब तक पुनर्वासित किया जा चुका है जिसके लिए उन्हें 61 करोड़ दो लाख 35 हजार रुपए दिए गए हैं। अन्तरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आपदा प्रभावित गांवों के पुनर्वास में पिछले चार साल में तेजी आई है और 2017 से पहले जहां दो गांवों के 11 परिवारों को पुनर्वासित किया गया। वहीं, 2017 के बाद से 81 गांवों के 1,436 परिवारों को पुनर्वासित किया गया है। राज्य की 2011 की पुनर्वास नीति के अनुसार, गढ़वाल मंडल में चमोली जिले के 15 गांवों के 279 परिवार, उत्तरकाशी के पांच गांवों के 205 परिवार, टिहरी के 10 गांवों के 429 परिवार एवं रूद्रप्रयाग के 10 गांवों के 136 परिवार पुनर्वासित किए गए। जबकि कुमांऊ मंडल में पिथौरागढ़ के 31 गांवों के 321 परिवार, बागेश्वर के नौ गांवों के 68 परिवार, नैनीताल के एक गांव का एक परिवार एवं अल्मोड़ा दो गांवों के आठ परिवार को सुरक्षित स्थानों पर बसाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि पुनर्वास क्षेत्र में बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की सही व्यवस्था हो। इनके लिए उन्होंने धन की व्यवस्था जिलाधिकारी के नियंत्रणाधीन विभिन्न फंडों से करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी कोई परेशानी हो तो मामला शासन स्तर पर लाया जाए।

# भाजपा नेताओं ने राहुल और प्रियंका गांधी को भेजे हवाई टिकट, राजस्थान में दलितों की सुध लेने को कहा

**भाषा।** इंदौर (मध्यप्रदेश)

**दलित समुदाय** को लेकर कांग्रेस पर दोमुंही राजनीति का आरोप लगाते हुए इंदौर के भाजपा नेताओं ने बुधवार को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा को दिल्ली से जयपुर के दो हवाई टिकट भेजे। इनमें शामिल एक भाजपा नेता ने कहा कि दोनों कांग्रेस नेताओं को उत्तरप्रदेश में "राजनीतिक पर्यटन" छोड़कर कांग्रेस शासित राजस्थान में कथित उत्पीड़न के शिकार अनुसूचित जाति वर्ग की सुध लेनी चाहिए।

चश्मदीदों के मुताबिक स्थानीय भाजपा नेताओं ने शहर के मुख्य डाकघर जीपीओ पहुंचकर गांधी और वाद्रा को स्पीड पोस्ट से हवाई टिकट भेजे। इनकी अगुवाई कर रहे भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश सोनकर ने संवाददाताओं को बताया कि ए टिकट एक निजी एयरलाइन की बृहस्पतिवार शाम की दिल्ली-जयपुर उड़ान के लिए है।

सोनकर ने कहा, "कांग्रेस शासित राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में एक दलित व्यक्ति की हाल ही में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। लेकिन उत्तरप्रदेश के राजनीतिक पर्यटन में मसरूफ गांधी और वाद्रा के पास उसके शोकसंतप्त परिवार से मिलकर उसके परिजनों को ढांढस बंधाने का वक्त नहीं है।

भाजपा के दलित नेता ने कहा, हमने इस उम्मीद से चंदा करके दिल्ली-जयपुर उड़ान की दो हवाई टिकटें खरीदी हैं कि इनके इस्तेमाल से गांधी और वाद्रा राजस्थान का दौरा करेंगे और इस राज्य में उत्पीड़न के शिकार दलित समुदाय की सुध लेंगे। सोनकर ने आरोप लगाया कि दलित समुदाय को लेकर कांग्रेस दोमुंही राजनीति करती है और इस वर्ग को कांग्रेस ने हमेशा महज वोट बैंक समझा है।

गौरतलब है कि गांधी और वाद्रा भाजपा शासित उत्तरप्रदेश के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले को लगातार उठा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले को लेकर बुधवार को ही राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के पद से अजय कुमार मिश्रा टेनी को बर्खास्त किया जाए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके और पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। कांग्रेस के इस प्रतिनिधिमंडल में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के दो वरिष्ठ नेता-एके एंटनी और गुलाम नबी आजाद भी शामिल थे।



इंदौर में दशहरा से पहले रावण के पुतलों को अंतिम रूप देते हुए कलाकार।

### शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला लगातार पांचवें दिन भी जारी

# सेंसेक्स, निफ्टी रिकॉर्ड ऊंचाई पर

भाषा। मुंबई

**शेयर बाजारों** में तेजी का सिलसिला लगातार पांचवें कारोबारी सत्र बुधवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी दोनों नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। निवेशकों की वाहन, बिजली और ढांचागत क्षेत्र से जुड़े शेयरों में लिवाली जारी रहने से बाजार में तेजी बनी हुई है।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स एक समय कारोबार के दौरान 60,836.63 अंक तक चला गया था। अंत में यह 452.74 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछलकर 60,737.05 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 169.80 अंक यानी 0.94 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,161.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह रिकॉर्ड 18,197.80 अंक तक चला गया था। सेंसेक्स के शेयरों में 5 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में महिंद्रा एंड महिंद्रा रही। इसके अलावा आईटीसी, एलएंडटी, टेक महिंद्रा, टाइटन और टाटा स्टील में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ मारुति, एचयूएल, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक और एसबीआई में गिरावट रही।खंडवार सूचकांकों में बीएसई वाहन, जनकेंद्रित सेवाओं, औद्योगिक और बिजली सूचकांकों में 3.46 प्रतिशत तक की तेजी रही। वहीं रियल्टी सूचकांक नुकसान में रहा। मिडकैप और स्मॉलकैप (मझोली एवं छोटी कंपनियों के शेयर) सूचकांक 1.56 प्रतिशत तक मजबूत हुए। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, टाटा मोटर्स की अगुवाई में वाहन शेयरों में निफ्टी को 18,200 की नई उंचाई पर पहुंचाया। बुनियादी ढांचा विकास और मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए मास्टर प्लान गतिशक्ति शुरू किए जाने से बुनियादी ढांचा और धातु कंपनियों के शेयरों से भी अच्छा समर्थन मिला।

उन्होंने कहा कि बाजार को प्रमुख आईटी कंपनियों के वित्तीय परिणाम का इंतजार है। टाटा समूह की कंपनियों के शेयरों पर निवेशकों की नजर रही। हालांकि, दोपहर के कारोबार में इसमें मुनाफावसूली देखने को मिली। वित्तीय कंपनियों और रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। टाटा समूह के शेयर खासकर टाटा मोटर्स पर निवेशकों की नजर रही। कंपनी की इलेक्ट्रिक वाहन इकाई में टीपीजी के एक अरब डॉलर के निवेश की खबर से इसके शेयर में तेजी रही।एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई और सियोल लाभ में रहे, जबकि तोक्यो में गिरावट रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.54 प्रतिशत टूटकर 82.97 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे मजबूत होकर 75.37 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।







# संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, आईएमएफ में तत्काल सुधार की जरूरत: वित्त मंत्री

भाषा। बोस्टन

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जैसे संस्थानों में तत्काल सुधार की आवश्यकता है।

उन्होंने मंगलवार को यहां हार्वर्ड कैनेडी स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ए संस्थान अब उन देशों की बातें नहीं रखते जिनके मुद्दे दशकों से अनसुने रहे हैं। इन सभी संस्थाओं को खुद में सुधार करना होगा।मोसावर-रहमानी सेंटर फॉर बिजनेस एंड गवर्नमेंट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर लॉरेंस समर्स के साथ बातचीत में सीतारमण ने कहा,"कई देशों में सुधार अलग-अलग चरणों में हो रहे हैं जबकि ए वैश्विक संस्थान वैसे ही बने हुए हैं जैसे वे पिछले कई दशकों से थे"उन्होंने कहा कि इनमें से ज्यादातर संस्थान उन देशों

**● भारतीय अर्थव्यवस्था इस वर्ष दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करने के करीब: सीतारमण**

की बातें नहीं रखते हैं, जिनके मुद्दों पर दशकों से ध्यान नहीं दिया गया है। फिर चाहे ए मुद्दे व्यापार, सुरक्षा, मौद्रिक ढांचे से जुड़े हों या विकास के वित्तपोषण से संबंधित हों।सीतारमण ने कहा,"इन सभी संस्थानों के लिए और अधिक पारदर्शी होने, प्रतिनिधित्व करने और उन देशों के लिए बोलने की सख्त आवश्यकता है जिन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो तुरंत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब ए संस्थान ज्यादा से ज्यादा देशों की आवाज उठाएंगे, तो संसाधनों का अधिक और समान वितरण होगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण दरअसल वाशिंगटन में विश्व बैंक और आईएमएफ की वार्षिक बैठकों, जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर (एमएमसीबीजी) की बैठक में भाग लेने के लिए एक सप्ताह की लंबी यात्रा के लिए सोमवार को अमेरिका पहुंची हैं।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस वर्ष दोहरे अंक की वृद्धि हासिल करने की तरफ बढ़ रही है और यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगले साल आर्थिक वृद्धि 7.5 से 8.5 प्रतिशत के बीच होगी जो अगले दशक तक कायम रहेगी। सीतारमण ने मंगलवार को यहां हार्वर्ड केनेडी स्कूल में बातचीत के दौरान कहा, जहां तक भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ने के सवाल है तो हम इस वर्ष इसमें दो अंकों की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

# 5जी के साथ प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण दूरसंचार क्षेत्र के भविष्य को फिर परिभाषित करेगा: रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**पांचवीं पीढ़ी** की इंटरनेट सेवा यानी 5जी इंटरनेट के साथ तकनीकी नवाचार भारत में दूरसंचार क्षेत्र के भविष्य को फिर से परिभाषित करेगा और इससे स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, वित्तीय प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स और मनोरंजन जैसे उद्योगों में कई अवसर पैदा होंगे। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और डेलॉयट की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि निजी दूरसंचार क्षेत्र को भविष्य में उद्यमों से भारी मांग देखने की मिलेगी, जिसका अगुवाई परिचालन के लिए अच्छे वातावरण में सुरक्षा और उच्च गति की कनेक्टिविटी की जरूरत करेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि 5जी के साथ तकनीकी नवाचार भारत में दूरसंचार क्षेत्र के भविष्य को फिर से परिभाषित करेगा। साथ ही आगामी उद्योगों और प्रौद्योगिकियों के साथ दूरसंचार सेवाओं के जुड़ाव से यह क्षेत्र एक सेवाप्रदाता से सेवा में मददगार के रूप में बदलेगा। डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट) के साझेदार और दूरसंचार क्षेत्र के लीडर पीयूष वैश्य ने कहा, 5जी और सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के जरिए तेज गति वाला ब्रॉडबैंड शुरू होने से दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र की प्रगति होगी और यह 100 करोड़ भारतीयों के जीवन को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेगा। वही सीआईआई टेलीकॉम कन्वर्जेंस समिट 2021 के अध्यक्ष उमंग दास ने रिपोर्ट पर टिप्पणी करते हुए कहा कि दूरसंचार क्षेत्र परिवर्तन के मुखाने पर खड़ा है।

# वैश्विक कर्ज 2,26,000 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

भाषा। वाशिंगटन

**कोविड-19** और इससे निपटने के लिए बनाई गई नीतियों के कारण वैश्विक ऋण 2,26,000 डॉलर के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया है और 2021 में भारत का कर्ज बढ़कर 90.6 प्रतिशत होने का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने बुधवार को यह बात कही।

आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं और चीन ने 2020 में वैश्विक स्तर पर ऋण के संचय में 90 प्रतिशत से अधिक का योगदान दिया। शेष उभरती अर्थव्यवस्थाओं और कम आय वाले विकासशील देशों ने केवल लगभग सात प्रतिशत का योगदान दिया।

आईएमएफ के वित्तीय मामलों के विभाग के निदेशक विटोर गैस्पर ने 2021 की वित्तीय निगरानी रिपोर्ट जारी करने के दौरान संवाददाताओं से कहा, कोविड-19 और इससे निपटने के लिए बनाई गई नीतियों के कारण, ऋण का स्तर तेजी से बढ़ा और उच्चस्तर पर पहुंच गया। सार्वजनिक और निजी ऋण का उच्च और बढ़ता स्तर वित्तीय स्थिरता और सार्वजनिक वित्त के जोखिम से जुड़ा है। उन्होंने कहा, सरकारों और गैर-वित्तीय निगमों का कर्ज 2020 में 2,26,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो 2019 से 27,000 अरब डॉलर अधिक है। यह अबतक की सबसे बड़ी वृद्धि है। इस आंकड़े में सार्वजनिक और गैर-वित्तीय निजी क्षेत्र दोनों के ऋण शामिल हैं।अपनी 2021 की वित्तीय निगरानी रिपोर्ट में, आईएमएफ ने कहा कि भारत का कर्ज 2016 में उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 68.9 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 89.6 प्रतिशत हो गया। इसके 2021 में 90.6 प्रतिशत और फिर 2022 में घटकर 88.8 प्रतिशत होने का अनुमान है। 2026 में इसके धीरे-धीरे घटकर 85.2 प्रतिशत तक आने का अनुमान है।

## एमएसएमई निर्यातकों की जागरूकता, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए नया मंच

**नई दिल्ली ।** वैश्विक डिजिटल भुगतान समाधान प्रदाता पेपाल और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने एमएसएमई निर्यातकों की मदद के लिए बुधवार को भारत डिजिटल व्यापार सुगमता मंच शुरू किया। यह मंच सूक्ष्म, लघु एवं मझोले (एमएसएमई) उद्यमियों को शिक्षित, प्रशिक्षण और निर्माण क्षमता के गुण प्रदान करेगा ताकि वे वैश्विक बाजारों में अपने कारोबार को बढ़ा सके। एक बयान में कहा गया कि इस मंच का उद्देश्य अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञों के नेतृत्व में मास्टरक्लास के जरिए विपणन, व्यापार बढ़ाने, डिजिटलीकरण और निर्यात को लेकर एमएसएमई उद्योग की जागरूकता बढ़ाना है। यह मंच भारत के छोटे निर्यातकों के सामने आने वाले मुद्दों पर अनुसंधान के लिए गहराई से विचार करेगा और इस बात की जानकारी प्रदान करेगा कि किन समाधानों पर काम करने की आवश्यकता है। एमएसएमई सचिव विद्युत बिहारी स्वैन ने कहा, यह मंच एक बेहतरीन पहल है। यह हमारे एमएसएमई उद्योग और स्व नियोजित लोगों को वैश्विक डिजिटल वाणिज्य अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रशिक्षित करने की आवश्यकता को मान्यता देता है। पेपाल इंडिया में कॉरपोरेट मामलों के वरिष्ठ निदेशक नाथ परमेश्वरन ने कहा कि यह एमएसएमई उद्योग के लिए सीमापार ई-कॉमर्स के अवसरों का लाभ उठाने का एक उपयुक्त अवसर है।

# रिलायंस का जर्मनी की नेक्सवेफ में निवेश

भाषा। नई दिल्ली

**रिलायंस इंडस्ट्रीज** लिमिटेड (आरआईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर लिमिटेड (आरएनईएसएल) ने महत्वपूर्ण साझेदारियों की घोषणा की है। मंगलवार देर रात जारी बयान में आरएनईएसएल ने बताया कि वह जर्मनी की नेक्सवेफ में 2.5 करोड़ यूरो का निवेश करेगी। साथ ही कंपनी ने डेनमार्क की स्टीसडल के साथ रणनीतिक साझेदारी का भी ऐलान किया। रिलायंस के मुताबिक नेक्सवेफ में निवेश भारतीय बाजार के लिए रणनीतिक साझेदारी के तहत किया गया है। आरएनईएसएल ने बयान में कहा कि वह नेक्सवेफ के 86,887 सीरीज-सी प्रेफर्ड शेयर 287.73 यूरो प्रति शेयर के हिसाब से खरीदेगी। इसके अलावा आरएनईएसएल को एक यूरो के हिसाब से 36,201 वारंट भी जारी

**● डेनमार्क की स्टीसडल के साथ रणनीतिक साझेदारी**

किए जाएंगे। नेक्सवेफ सेमीकंडक्टर में इस्तेमाल होने वाले मोनोक्रिस्टलाइन सिलिकॉन वेफर्स बनाती है। सेमीकंडक्टर सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में लगाए जाते हैं। सौदे को लेकर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा, रिलायंस हमेशा से प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में आगे रहने में विश्वास करती रही है। नेक्सवेफ के साथ हमारी साझेदारी एक बार फिर इस बात की गवाही देती है कि हम भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए सस्ती हरित ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक महत्वाकांक्षी मिशन की शुरुआत कर रहे हैं।



चेन्नई में नवरात्र के अवसर पर फूलों की मंडी में लगी खरीददारों की भीड़

# बिजली उत्पादन के लिए नहीं होगा कोयला संकट: केंद्रीय मंत्री

भाषा। बिलासपुर

**कोयले** की कमी से जूझ रहे देश के बिजली उत्पादक संयंत्रों के बीच, केंद्रीय कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बुधवार को आश्वासन दिया कि विद्युत उत्पादन के लिए कोयले की आपूर्ति में कोई संकट नहीं होगा। वह बिलासपुर हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद पड़ोसी कोरबा जिले की ओर जाने से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे। कोरबा में वह कोल इंडिया की सहायक कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की गेवरा, दीपका और कुसमुंडा खदानों का जायजा लेंगे और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस कोयले की कमी का दावा कर रही है, कोयला और खान मंत्री ने कहा, मैं इस पर राजनीति नहीं करना चाहता। हम पहले से ही कुल आवश्यकता को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आज, बिजली उत्पादन के लिए 11 लाख टन कोयले की आवश्यकता है और हम पहले ही 20 लाख टन कोयले की आपूर्ति कर चुके हैं। इसकी वजह से स्टॉक भी

**● ईंधन की कमी के बीच प्रह्लाद जोशी कोयला संपन्न राज्यों छत्तीसगढ़, झारखंड के दौरे पर**

बढ़ रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि देश में बिजली उत्पादन के लिए आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं होगी। जोशी ने कहा कि वह एसईसीएल की खदानों का जायजा लेने और वहां उत्पादन में तेजी लाने के लिए चर्चा करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, जहां तक आवश्यकता का सवाल है, बिजली मंत्रालय ने 19 लाख टन (बिजली उत्पादन इकाइयों के लिए) और 20 (अक्टूबर) के बाद 20 लाख टन की आपूर्ति की मांग रखी थी। आज ही हमने 20 लाख टन की आपूर्ति की है और बाकी चीजों पर मैं (खदानों की) समीक्षा के बाद चर्चा करूंगा। मंगलवार को, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कोयला आपूर्ति और बिजली उत्पादन की स्थिति की समीक्षा की, क्योंकि सरकार कई राज्यों में ऊर्जा संबंधी संकट को कम करने के तरीकों पर



विचार कर रही है। सूत्रों ने पहले कहा था कि कोयला मंत्रालय को कोयले की आपूर्ति में तेजी लाने के लिए कहा गया है, जबकि रेलवे को कोयला ईंधन, बिजली संयंत्रों तक पहुंचाने के लिए रेक उपलब्ध कराने को कहा गया है। कोयले की कमी ने राजस्थान से लेकर केरल तक राज्यों को अलग-अलग समय में बिजली कटौती करने को मजबूर किया है।

कोयले से चलने वाले लगभग दो-तिहाई बिजली संयंत्रों में एक सप्ताह या उससे कम समय का भंडार था, लेकिन कोयला मंत्रालय ने पहले कहा था, बिजली आपूर्ति में व्यवधान का कोई भी डर पूरी तरह से गलत है। वहीं देश के बिजली संयंत्रों में कोयले की कमी के बीच कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी बुधवार से कोयला संपन्न राज्यों झारखंड और छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर हैं। एक अधिकारी के अनुसार, मंत्री बुधवार को कोल इंडिया की इकाई साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की छत्तीसगढ़ में तीन खदानों- गेवरा, दीपका और कुसमुंडा का दौरा करेंगे और उनका जायजा लेंगे।

जोशी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक भी करेंगे अधिकारी ने बताया कि मंत्री बृहस्पतिवार को कोल इंडिया की इकाई सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे और सीसीएल की अशोक खदान का दौरा करेंगे। जोशी ने मंगलवार को कहा था कि सरकार बिजली उत्पादकों की कोयले की मांग को पूरा करने के लिए पूरे प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा था कि कोयले की आपूर्ति को वर्तमान में प्रति दिन 19.5 लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन प्रतिदिन करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।। मंत्री ने सभी हितधारकों को बिजली उत्पादन के लिए आवश्यक कोयले की आपूर्ति का आश्वासन दिया था।

# पेज एक का शेष

## चीन को...

उम्मीद करते हैं कि वह असंबद्ध मुद्दों को जोड़ने की बजाए द्विपक्षीय समझौतों एवं प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन करते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शेष मुद्दों के जल्द समाधान के लिए काम करेगा। उल्लेखनीय है कि 13वें दौर की सैन्य स्तर की वार्ता के बाद भारतीय सेना ने कहा कि उसके रचनात्मक सुझावों पर न तो चीनी पक्ष सहमत हुई और न ही वह कोई प्रगतिशील सुझाव दे पाई। वहीं, चीन सेना के पश्चिमी थिएटर कमान ने कहा कि भारत अव्यावहारिक और अवास्तविक मांग पर जोर दे रहा है।

## मादक पदार्थों...

में आवेदक (आर्यन खान) के कुछ अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जानकारी मिली है। जो प्रथमदृष्टया मादक पदार्थ की अवैध खरीद-फरोख्त की ओर इशारा करती है। जांच के लिए पर्याप्त समय की जरूरत है क्योंकि संबंधित विदेशी एजेंसी से संपर्क करना है। एनसीबी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल अनिल सिंह ने दलील दी कि अगर एक भी आरोपी को जमानत पर छोड़ा जाता है तो जांच बाधित होगी। उन्होंने अदालत से कहा कि आरोपियों (आर्यन खान और अरबाज मर्चेंट) के वॉट्सऐप चैट में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों और एक विदेशी नागरिक की बातचीत का जिक्र है। गौरतलब है कि अदालत अरबाज मर्चेंट, मुनमुन धामेचा, नूपुर सतीजा, अक्षित कुमार, मोहक जायसवाल, श्रेयस अय्यर और अविन साहू की जमानत याचिकाओं पर भी सुनवाई कर रही है। अब तक इस मामले में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## अंकित दास...

जा रही है। अंकित के ड्राइवर को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बुधवार सुबह पुलिस ने अंकित के नाम जारी नोटिस को उसके आवास पर चस्पा किया। नोटिस में अंकित को बयान दर्ज कराने के लिए आज ही यानी 13 अक्टूबर की ही तारीख दी गई थी। इसके थोड़ी देर बाद लखीमपुर में अंकित के क्राइम ब्रांच के दफ्तर पहुंचने की सूचना आई। बताया जा रहा है कि उसके साथ कई वकील भी थे। पुलिस ने उसके साथ ही उसके निजी गनर लतीफको भी हिरासत में लिया। दोनों को क्राइम ब्रांच के दफ्तर ले जाया गया। जहां उनसे लगभग पांच घंटे तक पूछताछ चली और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। क्राइम ब्रांच ने अंकित दास और उनके निजी गनर को कोर्ट में पेश किया। सीजेएम कोर्ट में अंकित दास पर सुनवाई हुई। इस दौरान पुलिस ने अंकित की 14 दिन की रिमांड की मांग की। जिस पर फैसला सुरक्षित रखा गया। कोर्ट ने अंकित को 22 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जिसमें से वह तीन दिन यानी 14 से 17 अक्टूबर तक पुलिस की कस्टडी में रहेंगे।

## बृजेश पाठक...

कमलेश मिश्रा, बृजेश पाठक के साथ शामिल हुए। कानून मंत्री ने अपने लखीमपुर दौरे के दौरान कहा कि वारदात में मारे गए सभी लोग हमारे परिवार के हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और मामले की निष्पक्ष जांच कराने के बाद दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पाठक ने कहा कि उन्होंने हिंसा में मारे गए दो लोगों के परिजन से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वह बाद में बाकी पीड़ित परिवारों से भी मुलाकात करेंगे। परिवारों ने अपनी कोई मांग सामने नहीं रखी है। लेकिन सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।

## फ्लाईओवर से...

बिगड़ गया और रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गई। हादसे की सूचना पर मौके पर जिलाधिकारी और एसएसपी पहुंच गए हैं। प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य राज्य मंत्री और स्थानीय विधायक अतुल गर्ग भी घटनास्थल पर पहुंचे हैं।

## बुनियादी ढांचे...

का उद्देश्य लॉजिस्टिक्स की लागत कम करना और कार्यान्वयन को तेज करना है। मोदी ने कहा कि इस योजना से भारत को एक निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के तहत भारत जिस गति और पैमाने को देख रहा है, वह आजादी के पिछले 70 वर्षों में कभी नहीं देखा गया था। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पहली अंतर-राज्ईय प्राकृतिक गैस पाइपलाइन 1987 में चालू की गई थी। तब से 2014 तक, 15,000 किलोमीटर प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का निर्माण किया गया था। इस समय 16,000 किलोमीटर से अधिक नई गैस पाइपलाइन का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि 27 साल में जो किया गया, हम वह काम उससे आधे से भी कम समय में कर रहे हैं।

## मनमोहन सिंह...

जो आधारहीन हैं। उनकी हालत स्थिर है। उनका नियमित उपचार हो रहा है। जरूरत पड़ने पर हमें नई सूचनाएं साझा करेंगे। चिंता के लिए मीडिया के अपने साथियों का धन्यवाद करता हूं। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने मनमोहन सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। चन्नी ने ट्वीट किया, पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के जल्द स्वस्थ होने और अच्छी सेहत की कामना करता हूं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, मनमोहन सिंह जी के जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करती हूं। इसी साल अप्रैल में मनमोहन सिंह कोरोना से संक्रमित भी हुए थे और एम्स में कुछ दिनों तक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी मिली थी। पूर्व प्रधानमंत्री ने चार मार्च और तीन अप्रैल को कोरोना के टीकों की दो खुराक ली थी। पिछले साल एक नई दवा के कारण रिएक्शन और बुखार होने के बाद भी मनमोहन सिंह को एम्स में भर्ती कराया गया था। कई दिनों के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली थी। मनमोहन सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और फिलहाल राजस्थान से राज्यसभा सदस्य हैं। वह 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। एम्स में 2009 में उनकी हृदय बाईपास सर्जरी हुई थी।

## खाद्य तेलों...

में 12.62 लाख टन पाम तेल का आयात किया गया जो किसी एक महीने में किया गया सबसे अधिक आयात है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल नौ अक्टूबर को सोया तेल की औसत खुदरा कीमत 154.95 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो एक साल पहले की समान अवधि के 106 रुपए प्रति किलोग्राम से 46.15 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, सरसों तेल की औसत कीमत 43 प्रतिशत बढ़कर 184.43 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो पहले 129.19 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जबकि वनस्पति की कीमत 43 प्रतिशत बढ़कर 136.74 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो पहले 95.5 रुपए प्रति किलोग्राम थी। सूरजमुखी के मामले में, इसकी औसत खुदरा कीमत इस साल नौ अक्टूबर को 38.48 प्रतिशत बढ़कर 170.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 122.82 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जबकि पाम तेल की कीमत 38 प्रतिशत बढ़कर 132.06 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई जो पहले 95.68 रुपए किलो थी। इंडोनेशिया और मलेशिया भारत को आरबीडी पामोलिन और कच्चे पाम तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। देश मुख्य रूप से अर्जेंटीना से और उसके बाद ब्राजील से कच्चे सोयाबीन के तेल का आयात करता है, जबकि कच्चे सूरजमुखी तेल मुख्य रूप से यूक्रेन से आयात किया जाता है, इसके बाद रूस और अर्जेंटीना का स्थान आता है।

# राहुल त्रिपाठी के छक्के से केकेआर फाइनल में

### ●दिल्ली को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराया

**भाषा** । शारजाह



**रोमांच** की पराकाष्ठा तक पहुंचे मुकाबले में गेंद दर गेंद पासा पलटता रहा लेकिन एक गेंद बाकी रहते राहुल त्रिपाठी के छक्के के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर आईपीएल फाइनल में जगह बना ली जहां सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

आईपीएल के मौजूदा सत्र के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक दूसरे क्वालीफायर में 136 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर को आखिरी दो गेंद में छह रन की जरूरत थी और सामने रविचंद्रन अश्विन के हाथ में गेंद थी। अश्विन इस ओवर में तीसरी और चौथी गेंद पर विकेट लेने के बाद हैट्रिक पर थे लेकिन त्रिपाठी ने पांचवीं गेंद को सीमा के पार पहुंचाकर पहली बार आईपीएल जीतने का दिल्ली का सपना तोड़ दिया। केकेआर को फाइनल 15 अक्टूबर को महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स के खिलााफ खेलना है। इससे पहले स्पिनर वरूण चक्रवर्ती की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर केकेआर ने दिल्ली कैपिल्टस को पांच विकेट पर 135 रन पर रोक दिया था।

जवाब में केकेआर की शुरूआत अच्छी रही और एक समय उसका स्कोर एक विकेट पर 123 रन था लेकिन इसके बाद गेंदबाजों ने दिल्ली को मैच में लौटाया। केकेआर ने 22 गेंद के भीतर सात रन जोड़कर छह विकेट गंवा दिए। दिनेश कार्तिक, कप्तान इयोन मोर्गन, शाकिब उल हसन और सुनील नारायण तो खाता भी नहीं खोल सके। आखिरी ओवर में अश्विन ने दो विकेट चटकाकर दिल्ली की जीत लगभग तय कर दी लेकिन त्रिपाठी के छक्के ने पूरी कहानी बदल दी। इससे पहले शुभमन गिल (46 गेंद में 46 रन) और वेंकटेश अय्यर (41 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की थी। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे गए दिल्ली के बल्लेबाज धीमी पिच पर जूझते नजर आए जबकि केकेआर के गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लैंग्थ से गेंदबाजी की। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 39 गेंद में 36 रन बनाए जबकि श्रेयस अय्यर 27 गेंद में 30 रन बनाकर नाबाद रहे। चक्रवर्ती ने 26 रन देकर दो विकेट लिए जबकि लॉकी फर्ग्युसन और शिवम मावी को एक एक विकेट मिला। पहले दो ओवर में सात डॉट गेंद के बाद दिल्ली ने तीसरे ओवर में 12 रन निकाले जिसमें पृथ्वी साव ने शाकिब अल हसन को छक्का भी जड़ा। धवन ने चौथे ओवर में सुनील नारायण को दो छक्के लगातार लगाए। दिल्ली ने इस ओवर में 14 रन बनाए।

**स्कोर बोर्ड**

**दिल्ली कैपिटल्स:** पृथ्वी साव पगबाधा बो चक्रवर्ती 18,शिखर धवन का शाकिब अल हसन बो वरुण चक्रवर्ती 36, मार्कस स्टोइनिस बो शिवम मावी 18, श्रेयस अय्यर नाबाद 30, ऋषभ पंत का त्रिपाठी बो फर्ग्यूसन 06, शिमरोन हेटमायर रन आउट 17, अक्षर पटेल नाबाद 04

अतिरिक्त: 06

कुल: 20 ओवर में पांच विकेट पर : 135 रन

विकेट पतन:1-32, 2-71, 3-83, 4-90, 5-117

गेंदबाजी: शाकिब अल हसन 4-0-28-0, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-26-1, सुनील नारायण 4-0-27-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-26-2, शिवम मावी 4-0-27-1

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** शुभमन गिल का पंत बो आवेश 46, वेंकटेश अय्यर का स्मिथ बो रबाडा 55, नीतिश राणा काा हेटमाएर बो नोर्किया 13, राहुल त्रिपाठी नाबाद 12, दिनेश कार्तिक बो रबाडा 0, इयोन मोर्गन बो नोर्किया 0, शाकिब अल हसन पगबाधा बो अश्विन 0, सुनील नारायण का पटेल बो अश्विन 0, लॉकी फर्ग्युसन नाबाद 0

अतिरिक्त: 10 रन

कुल योग: 19.5 ओवर में सात विकेट पर 136 रन

विकेट पतन:1-96, 2-123, 3-125, 4-126,5-129, 6-130, 7-130

गेंदबाजी: नोर्किया 4-0-31-2, अश्विन 3.5-0-27-2, आवेश 4-0-22-1, पटेल 4-0-32-0, रबाडा 4-0- 23-2

# अक्षर की जगह शार्दुल ठाकुर को मौका

## टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने किया बदलाव

### ●खराब फार्म के बावजूद हार्दिक टीम में बरकरार

**भाषा** । नई दिल्ली



**संयुक्त** अरब अमीरात और ओमान में 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में बुधवार को अक्षर पटेल की जगह तेज गेंदबाज आलराउंडर शार्दुल ठाकुर को शामिल किया गया। ठाकुर (29 वर्ष) ने यूएई में खेली जा रही इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 18 विकेट चटकाकर प्रभावित किया है।

इसके साथ ही भारत ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा की। टीमों को बदलाव करने के लिए 15 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा कि अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने टीम प्रबंधन के साथ चर्चा के बाद शार्दुल ठाकुर को मुख्य टीम में शामिल किया है।

हरफनमौला अक्षर पटेल 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन अब वह स्टैंड-बाय खिलाड़ियों की सूची में जुड़ जाएंगे। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले तेज गेंदबाज आलराउंडर हार्दिक पंड्या फिटनेस मुद्दों के कारण आइपीएल के दौरान गेंदबाजी नहीं कर रहे थे तो चयनकर्ता उनके लिए एक कवर चाहते थे। चयन समिति के करीबी एक सूत्र ने कहा कि चयनकर्ताओं को महसूस हुआ कि उनके पास एक तेज गेंदबाज की कमी थी और फिर हार्दिक पंड्या भी गेंदबाजी नहीं कर रहे थे तो उन्हें मुख्य टीम में एक आलराउंडर की जरूरत थी। सूत्र ने कहा कि अक्षर स्टैंड-बाय के तौर पर बने रहेंगे और अगर रविंद्र जडेजा चोटिल हो जाते हैं तो वह फिर से मुख्य टीम में शामिल हो जाएंगे। जब तक जड्डू खेलते हैं तो अक्षर की जरूरत नहीं होगी।

बयान के अनुसार क्रिकेटर दुबई में टीम के बायो-बबल से जुड़ेंगे और तैयारियों में टीम इंडिया की मदद करेंगे : आवेश खान, उमरान मलिक, हर्षल पटेल, लुकमान मेरीवाला, वेंकटेश अय्यर, कर्ण शर्मा, शाहबाज अहमद और के गौतम।

रेलवे के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को शामिल करना हैरानी भरा फैसला था जो इस समय चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले कर्ण शर्मा को साल दर साल चेन्नई की फ्रेंचाइजी में रिटेन किया गया है जबकि उन्होंने ज्यादा मैच नहीं खेले हैं क्योंकि ऐसा माना जाता है कि वह फ्रेंचाइजी के लिए भाग्यशाली रहे हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए आईपीएल में प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद टीम में जगह नहीं हासिल कर सके।

उन्होंने 15 मैचों में 18 विकेट चटकाए हैं। भारतीय टीम 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी।

**टीम:** विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा ,केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, राहुल चाहर, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी। **स्टैंड-बाय खिलाड़ी:** श्रेयस अय्यर, दीपक चाहर और अक्षर पटेल।

## टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की नई पोशाक जारी




**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट टीम की आगामी टी-20 विश्व कप के लिए पोशाक बुधवार को जारी की गई और इस बिलियन चीयर्स पोशाक के बारे में दावा किया गया है कि यह प्रशंसकों से प्रेरित है। भारतीय टीम 17 अक्टूबर से 14 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में होने वाले टी-20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से करेगी। भारतीय पुरुष, महिला और अंडर-19 टीमों की आधिकारिक किट प्रायोजक एमपीएल स्पोर्ट्स द्वारा इस नई पोशाक को जारी किया गया जिसे बिलियन चीयर्स पोशाक कहा जा रहा है जो टीम के प्रशंसकों की प्रेरणा से बनाई गई है। एमपीएल स्पोर्ट्स की विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार है जब प्रशंसकों की भावनाओं को पोशाक पर दर्शाया गया है जिसे एक विशिष्ट ध्वनि तरंग के पैटर्न से दिखाया गया है। पोशाक में गाढ़े नीले रंग के दो शेड हैं। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम के सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में प्रशंसक मौजूद हैं और उनके उत्साह और ऊर्जा का जश्न मनाने के लिए पोशाक पर इसे दिखाने से बेहतर और कोई तरीका नहीं हो सकता था।

# नई आईपीएल टीमों के लिए अभी और करना होगा इंतजार

### ●बोर्ड ने दस्तावेज खरीदने के लिए 20 अक्टूबर तक का समय बढ़ाया

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के लिए निविदा दस्तावेज खरीदने की समय सीमा 20 अक्टूबर तक 10 दिन के लिए बढ़ा दी है और विश्वस्त सूत्रों के अनुसार दो नई फ्रेंचाइजी में प्रत्येक की कीमत 3500 करोड़ रुपए से कम की नहीं होगी। आईपीएल की संचालन परिषद ने 31 अगस्त को 10 लाख रुपए के निविदा शुल्क (जिसे वापस नहीं किया जाएगा) के भुगतान पर निविदा आमत्रंण (आईटीटी) दस्तावेज जारी किया था।

इसे पहले 10 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया था। बीसीसीआई की विज्ञप्ति के अनुसार विभिन्न इच्छुक कंपनियों के अनुरोध को देखते हुए आईटीटी दस्तावेज खरीदने की तारीख को और बढ़ाकर अब 20 अक्टूबर 2021 तक करने का फैसला किया गया है।

बीसीसीआई की योजना 2022 आईपीएल चरण में दो और टीमों को जोड़ने की है और इनके अहमदाबाद, लखनऊ और पुणे से होने की उम्मीद है। पता चला है कि बड़े व्यावसायिक घराने जैसे कोटक ग्रुप, ओरोबिंदो फार्मा, टोरेंट फार्मा, आरपी-संजीव गोयंका ग्रुप, बिड़ला ग्रुप और अडानी ग्रुप आईपीएल में टीम खरीदने के इच्छुक हैं जो फिलहाल अभी आठ टीमों का टूर्नामेंट है।

बीसीसीआई कम से कम 7000 करोड़ रुपए की कमाई करने की उम्मीद कर रहा है, हालांकि प्रत्येक टीम का आधार मूल्य 2000 करोड़ रुपए रखा गया है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने तीन दल के समूह को बोली लगाने की अनुमति दी है। नई टीमों की घोषणा दुबई में 25 अक्टूबर को किए जाने की उम्मीद है जिससे एक दिन पहले भारत टी-20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

**राशिद ने पांच टी-20 खिलाड़ियों में कोहली और हार्दिक को रखा**

**दुबई**। अफगानिस्तान के स्टार राशिद खान ने भारतीय कप्तान विराट कोहली और आलराउंडर हार्दिक पंड्या को विश्व कप के शीर्ष पांच टी20 खिलाड़ियों में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि ए दोनों किसी भी तरह की परिस्थिति में अपनी टीम के लिए मैच जीतने की क्षमता रखते हैं।

# नारायण को विश्व कप टीम में नहीं लिया जाएगा: पोलार्ड

**भाषा** । शारजाह

**वेस्टइंडीज** के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद स्पिनर सुनील नारायण को टी-20 विश्व कप के लिए कैरेबियाई टीम में नहीं लिया जाएगा। 33 वर्षीय नारायण ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ चार विकेट लेने के अलावा बल्लेबाजी में भी कमाल दिखाया। यूएई चरण में उन्होंने आठ मैचों में 11 विकेट लिए हैं लेकिन उन्होंने अगस्त 2019 से अंतराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है जिससे मौजूदा चैंपियन वेस्टइंडीज ने उन्हें विश्व कप के लिए टीम में नहीं रखा।

टीम में बदलाव करने की आईसीसी की समयसीमा शुक्रवार को समाप्त हो रही है। पोलार्ड ने कहा कि अगर मैं टीम में उसको शामिल नहीं करने के कारणों पर बात करता हूं तो इसे तोड़ मरोड़कर पेश किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर है कि हम उन 15 खिलाड़ियों पर ध्यान दें तो जो अभी हमारे पास है। यह हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। हमें इस पर काम करना होगा कि क्या हम इन खिलाड़ियों के साथ अपने खिताब का बचाव कर सकते हैं। पोलार्ड ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। इस पर काफी कुछ कहा जा चुका है। मुझे लगता है कि उसको टीम में शामिल नहीं करने के कारण तभी बता दिए गए थे। व्यक्तिगत तौर पर मैं सुनील नारायण को एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर से पहले अच्छा दोस्त मानता हूं। हम साथ में खेलते हुए बड़े हुए। वह विश्वस्तरीय क्रिकेटर है। पोलार्ड हालांकि आंद्रे रसेल को अपनी टीम में चाहते हैं जो चोटिल होने के कारण 26 सितंबर से आईपीएल का कोई मैच नहीं खेल पाए हैं।

उन्होंने कहा कि हमें उसे देखने का मौका नहीं मिला है। हमें रिपोर्ट मिली है कि वह क्या कर रहा है। मैं अभी यह नहीं कह सकता कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं। वह हमारी टीम का महत्वपूर्ण सदस्य है।

## न्यूजीलैंड के स्पिनरों को गुर सिखा रहे हैं तेज गेंदबाज शेन बांड



**दुबई**। यह सुनने में भले ही थोड़ा अजीब लगे लेकिन न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पूर्व तेज गेंदबाज शेन बांड को टी-20 विश्व कप के दौरान विशेष तौर पर राष्ट्रीय टीम के स्पिनरों के साथ काम करने के लिए नियुक्त किया है। बांड चौथे कोच के रूप में टीम के साथ रहेंगे। वह टीम के स्पिनरों के साथ काम करते हुए गेंदबाजी कोच शेन जर्गेनसेन की मदद करेंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा, वह विशेष तौर पर स्पिन गेंदबाजों के साथ काम कर रहे हैं। जब आप गेंदबाजों की बड़ी संख्या देखते हो तो यह अच्छा है। इससे शेन जर्गेनसेन को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वह विशेष रूप से स्पिनरों के साथ काम कर रहे हैं और रणनीति तय कर रहे हैं। मुंबई इंडियन्स के इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद बांड टीम से जुड़ गए हैं। बांड मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजी कोच भी हैं। स्टीड को विश्वास है कि उनकी टीम के मुख्य बल्लेबाज केन विलियमसन पाकिस्तान के खिलाफ 26 अक्टूबर को होने वाले टीम के पहले मैच से पूर्व फिट हो जाएंगे।

# भारत की पुरुष टीम थामस कप के क्वार्टर फाइनल में

### ●महिलाएं उबेर कप के अंतिम ग्रुप मैच हारीं

**भाषा** । आरहस (डेनमार्क)

**भारतीय** पुरुष बैडमिंटन टीम ने ताहिती को 5-0 से करारी शिकस्त देकर 2010 के बाद पहली बार थामस कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन महिला टीम को उबेर कप में अपने अंतिम ग्रुप मैच में मजबूत थाईलैंड से 0-5 से करारी हार मिली।

भारतीय महिला टीम की यह पहली हार थी, उसने स्पेन को 3-2 और स्कॉटलैंड को 4-1 से हराया था। टीम पहले ही उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई थी।

भारतीय पुरुष टीम ने मंगलवार को दूसरे मुकाबले में 5-0 से लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले उसने रविवार को नीदरलैंड को इसी अंतर से हराया था। ताहिती पर जीत से भारतीय पुरुष टीम का ग्रुप सी में शीर्ष दो में स्थान पक्का हो गया। उसका अगला मुकाबला चीन से होगा। टीम ने इससे पहले 2010 में थामस कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसे इंडोनेशिया से हार का सामना करना पड़ा था।

उबेर कप में भारतीय महिला टीम को ग्रुप बी के अंतिम मैच में थाईलैंड से हार मिली।

मालविका बंसोद को पोर्णापावी चूचोवोंग से शुरूआती महिला एकल में 15-21, 11-21 से हार मिली। भारत को अगले युगल मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत थी लेकिन अश्विनी पोनप्पा और सिक्की एन रेड्डी की जोड़ी जोंगकोलफान किटिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजाई की जोड़ी से 16-21, 12-21 से पराजित हो गई।

## हॉकी इंडिया ने बेल्जियम की आपत्तियों को नस्लीय भेदभाव करार दिया

**नई दिल्ली**। हॉकी इंडिया ने दावा किया कि भारतीय खिलाड़ियों के एफआईएच सालाना पुरस्कारों में सभी पुरस्कार जीतने पर बेल्जियम की सार्वजनिक नाराजगी किसी नस्लीय भेदभाव से कम नहीं है और विश्व संस्था को इस मामले पर जांच शुरू करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी थिएरी वेल को कड़े शब्दों में लिखे गए पत्र में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोम्बाम ने कहा कि बेल्जियम और उसके खिलाड़ियों का मतदान प्रणाली पर सवाल उठाकर भारतीय पुरस्कार विजेताओं का अपमान करना और उनकी उपलब्धियों को नीचा दिखाना था। निंगोम्बाम ने पत्र में लिखा, भारतीय विजेताओं की घोषणा पर नाराजगी के सार्वजनिक बयान बेहद अपमानजनक है और यह हॉकी खेल और खेल भावना के अंतर्गत नहीं है।

# रोनाल्डो ने कैरियर की 58वीं हैट्रिक जमाई

### ●डेनमार्क ने विश्व कप फुटबाल के लिए क्वालीफाई किया

**एपी** । पेरिस



**पुर्तगाल** के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक और हैट्रिक जमाकर अपनी टीम को विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर्स में आसान जीत दिलाई जबकि डेनमार्क ने एक और जीत से कतर में अगले साल होने वाले टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। यूरोपीय क्वालीफायर्स के मैचों में इंग्लैंड और हंगरी के बीच खेले गए मैच में दर्शकों ने व्यवधान डाला, लेकिन फैरो में खेले गए मैच में रोनाल्डो की चली जिन्होंने क्लब और अपने देश की तरफ से करियर की कुल 58वीं हैट्रिक जमाई। इससे रोनाल्डो के अंतराष्ट्रीय गोल की संख्या का रिकार्ड 115 पर पहुंच गया है। पुर्तगाल ने उनके करिश्माई प्रदर्शन से इस मैच में लक्समबर्ग को 5-0 से करारी शिकस्त दी। अपना 182वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे रोनाल्डो की यह पुर्तगाल की तरफ से 10वीं हैट्रिक है। रोनाल्डो ने आठवें और 13वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किए और 87वें मिनट में हैट्रिक पूरी की। पुर्तगाल की तरफ से अन्य दो गोल ब्रूनो फर्नाडिस और जोओ पालिन्हा ने किए।

इस जीत के बावजूद पुर्तगाल ग्रुप ए में सर्बिया से पीछे है लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। सर्बिया ने एक अन्य मैच में अजरबेजान को 3-1 से हराया। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी जबकि दूसरे स्थान की टीम प्लेऑफ में खेलेगी।

इस बीच डेनमार्क यूरोपीय देशों में विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाला दूसरा देश बन गया है। उसने कोपेनहेगेन में खेले गए मैच में जोकिम मेहले के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से आस्ट्रिया को 1-0 से हराया। डेनमार्क की यह लगातार आठवीं जीत है जिससे उसने ग्रुप एफ में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। जर्मनी यूरोप से क्वालीफाई करने वाला पहला देश था। डेनमार्क ने दूसरे नंबर की टीम स्कॉटलैंड पर सात अंक की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। स्कॉटलैंड ने फैरो आइलैंड पर 1-0 से जीत दर्ज की और दूसरे स्थान पर रहने का अपना दावा मजबूत किया। वह तीसरे स्थान की टीम इजराइल से चार अंक आगे है जिसने मोलदोवा को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के पास भी क्वालीफाई करने का मौका था लेकिन वेम्ब्ले स्टेडियम में खेले गए मैच में हंगरी ने उसे 1-1 से ड्रा पर रोक दिया। इस मैच के शुरू में पुलिसकर्मियों और हंगरी के समर्थकों के बीच झड़प हो गई थी। हंगरी के प्रशंसक नस्लीय टिप्पणियां कर रहे थे। इंग्लैंड ग्रुप आई में शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान की टीम पोलैंड से तीन अंक आगे है। पोलैंड ने एक अन्य मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया।

## एडिंग्स ने सीए का अध्यक्ष पद छोड़ा

**भाषा** । मेलबर्न

**अर्ल** एडिंग्स ने कुछ प्रांतों से समर्थन नहीं मिलने के कारण सोमवार को क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) से पहले रिचर्ड फ्रूडेनस्टीन को अंतरिम प्रमुख की भूमिका सौंपी है। एडिंग्स ने 2018 में अंतरिम अध्यक्ष के रूप में यह जिम्मेदारी संभाली थी। उन्हें एक महीने पहले ही क्रिकेट आस्ट्रेलिया बोर्ड ने सर्वसम्मति से दूसरे कार्यकाल के लिए चुना था। एडिंग्स से अब गुरुवार को एजीएम में फिर से इस पद की उम्मीद्वारी पेश नहीं करने का निर्णय किया है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने घोषणा की कि अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक वर्तमान निदेशक फ्रूडेनस्टीन इस पद का जिम्मा संभालेंगे। वह क्वीन्सलैंड क्रिकेट और क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स थे जो बदलाव चाहते थे।

## टी-20 विश्व कप में नस्ल विरोधी अभियान का समर्थन कर सकता है इंग्लैंड: क्रिस जॉर्डन

**भाषा** । लंदन



**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन ने कहा कि उनके साथी वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने शुरुआती मैच में एक घुटने के बल बैठकर नस्ल विरोधी अभियान का समर्थन करने पर विचार कर रहे हैं। वेस्टइंडीज की टीम पहले ही पुष्टि कर चुकी है कि वह 23 अक्टूबर को होने वाले इस मैच में एक घुटने के बल पर बैठेगी जिसे नस्ल विरोधी अभियान के समर्थन का संकेत माना जाता है।

इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने आखिरी बार अगस्त 2020 में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच के दौरान ऐसा किया था लेकिन आगे ऐसा नहीं करने के उनके फैसले का वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग ने आलोचना की थी। जॉर्डन ने कहा कि वे इस महीने शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान फिर से एक घुटने के बल बैठने पर विचार कर रहे हैं। जॉर्डन ने कहा कि हम इस पर चर्चा करेंगे और अगर सभी इसके बारे में दृढ़ता से सोचते हैं, तो हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे।

दूसरी तरफ अगर हम ऐसा नहीं सोचते हैं, तो हम नहीं करेंगे। वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान कीरोन पोलार्ड ने पुष्टि की कि उनकी टीम प्रत्एक मैच की शुरुआत में एक घुटने के बल पर बैठेगी। उसका पहला मैच इंग्लैंड से होगा।

## इंडियन वेल्स टेनिस से स्वियातेक बाहर

इंडियन वेल्स (**अमेरिका**)। इगा स्वियातेक सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ी मंगलवार को यहां उलटफेर का शिकार बनकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक को 24वें नंबर की एलेना ओस्टापेंको ने 6-4, 6-3 से हराया।

इससे एक दिन पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त कारोलिना पिलिसकोवा को बीट्रिज हद्दाद माइया ने 6-3, 7-5 से पराजित किया था। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पांचवीं वरीयता प्राप्त इलिना स्वितोलिना को 6-1, 6-1 से पराजित करके पहली बार इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

यूएस ओपन की उप विजेता लीलाह फर्नाडिस को शेल्बी रोजर्स ने 2-6, 6-1, 7-6 (4) से हराया। पुरुष वर्ग में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने पांचवी वरीयता प्राप्त मैटियो बेरेटिनी को 6-4, 6-3 से हराया।

# एस. जयशंकर ने चाबहार बंदरगाह को उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे में शामिल करने का किया प्रस्ताव

**भाषा।** एरेवान (आर्मेनिया)

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने संपर्क बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को ईरान में रणनीतिक महत्व के चाबहार बंदरगाह को उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा में शामिल करने का प्रस्ताव किया। साथ ही, वह भविष्य में सहयोग के लिए एक कार्य योजना पर सहमत हुए और उन्होंने आर्मेनियाई विदेश मंत्री ए. मिरजोयान के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर मध्य एशिया के तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तारित करना तथा अफगानिस्तान में घटनाक्रमों सहित प्रमुख क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करना है। भारत के किसी विदेश मंत्री की यह पहली आर्मेनिया यात्रा है।

जयशंकर ने आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशीनयान से भी मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट किया, आज मेरी अगवानी करने के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री निकोल पाशीनयान। बैठक ने हमारे दोनों देशों के बीच समन्वय और साझा दृष्टिकोण की ओर ध्यान आकृष्ट किया। हम व्यावहारिक सहयोग का व्यापक एजेंडा तैयार करने पर सहमत हुए जो हमारे परस्पर हित में है। इससे पहले जयशंकर ने आर्मेनिया के अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। जयशंकर ने कहा, भारत और आर्मेनिया, दोनों देश अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएससटीसी) के सदस्य है। यह संपर्क में आने वाली बाधाओं को खत्म कर सकता है। इसलिए मंत्री मिरजोयान और मैंने ईरान में भारत द्वारा विकसित किए जा रहे चाबहार बंदरगाह में आर्मेनिया की रूचि पर चर्चा की। उन्होंने कहा, हमनें प्रस्ताव किया कि चाबहार बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा में विकसित किया जाए, हम चाबहार बंदरगाह के उपयोग और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाने वाली किसी भी अन्य कोशिश का स्वागत करते हैं, जो क्षेत्रीय सपर्क को बढ़ाता हो। ईरान के संसाधन संपन्न सिस्तान-बलोचिस्तान प्रांत के दक्षिणी तट पर स्थित चाबहार बंदरगाह तक भारत के पश्चिमी तट से आसानी से पहुंचा जा सकता है और इसे पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह की काट माना जा रहा है, जो चाबहार से करीब 80 किमी दूर स्थित है। राजनीतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध विस्तारित होने का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग तथा पर्यटन, आतिथ्य सत्कार, बुनियादी ढांचा व निवेश को और मजबूत करने की स्पष्ट रूप से गुंजाइश है। चाबहार बंदरगाह के प्रथम चरण का उद्घाटन दिसंबर 2017 में ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी ने किया था, जिसने ईरान, भारत और अफगानिस्तान के बीच रणनीतिक महत्व का एक नया मार्ग खोल दिया जो पाकिस्तान से होकर नहीं गुजरता है। चाबहार बंदरगाह को भारत, ईरान और अफगानिस्तान द्वारा व्यापार के लिए स्वर्णिम अवसरों का एक द्वार माना जा रहा है। चाबहार बंदरगाह विकसित करने में भारत की रूचि के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, हम रूचि रख रहे हैं क्योंकि यदि हम ईरान में और भी बंदरगाह विकसित करते हैं और फिर उन बंदरगाहों से ईरान के उत्तर की ओर संपर्क व्यापार के और अधिक मार्ग खुलेंगे।



एरेवान में आर्मेनिया के पीएम निकोल पाशीनयान से मिलते विदेश मंत्री एस. जयशंकर

## नया एंटीवायरल यौगिक कोशिकाओं में वायरस को दाखिल होने से रोकेगाः अध्ययन

**वाशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने एक ऐसे रासायनिक यौगिक को विकसित किया है, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह सार्स-सीओवी-2 वायरस से होने वाले संक्रमण को रोक सकता है या अगर संक्रमण के दौरान जल्दी दिया जाए तो कोविड-19 की गंभीरता को कम कर सकता है। अमेरिका में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं के अनुसार, एमएम3122 नामक यौगिक कई वायरस की मानव कोशिकाओं पर हमले की एक प्रमुख विशेषता के साथ हस्तक्षेप कर उन्हें कमजोर करता है। पत्रिका प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में बताया गया कि यौगिक, मुनष्य में पाए जाने वाले एक प्रमुख प्रोटीन ट्रांसमेम्ब्रेन सेरीन प्रोटीज 2 (टीएमपीआरएसएस2) को निशाना बनाता है, जिसका इस्तेमाल कोरोना वायरस भी मानव कोशिकाओं में प्रवेश करने और उन्हें संक्रमित करने के लिए करता है। अध्ययन के लेखक एवं वाशिंगटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जेम्स डब्ल्यू जेनेटका ने कहा, सार्स-सीओवी-2 रोधी कई टीके अब मौजूद हैं, लेकिन फिर भी इस वैश्विक महामारी की गंभीरता को कम करने के लिए प्रभावी एंटीवायरल (वायरस रोधी) दवाओं की जरूरत है।

## ईरान ने विदेशी खुफिया एजेंसियों के लिए जासूसी करने के आरोप में 10 लोगों को किया गिरफ्तार

**तेहरान( एपी )।** ईरान ने विदेशी खुफिया सेवाओं से जुड़े होने के आरोप में एक दक्षिणी प्रांत में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। आईआरएनए (इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी) संवाद समिति ने मंगलवार को एक खबर में बताया कि ईरान की खुफिया एजेंसी ने बुशेहर प्रांत में अत्याधुनिक तरीकों से और लगातार निगरानी के बाद 10 लोगों को गिरफ्तार किया। उसने उन देशों के नाम नहीं बताएं, जिनसे इन संदिग्धों का संबंध है। संवाद समिति ने ईरान के शत्रु इज़राइल और अमेरिका की ओर इशारा करते हुए कहा कि इन 10 लोगों ने उन क्षेत्रीय देशों के लिए काम किया, जिनकी खुफिया सेवाओं ने शत्रु देशों की खुफिया एजेंसियों के सहयोगियों के रूप में या पर्दे के पीछे से उनके लिए काम किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ए 10 लोग इन क्षेत्रीय देशों में ईरानी प्रवासी थे। ईरान ने जुलाई में कहा था कि उसके प्राधिकारियों ने देश के दक्षिण-पश्चिम में पानी की कमी को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच इज़राइल की मोसाद खुफिया एजेंसी से जुड़े एक समूह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

## क्विक न्यूज

### रूस में एक दिन में कोविड-19 से मौत के सर्वाधिक मामले आए



**मॉस्को(एपी)।** रूस में कोविड-19 से बुधवार को एक दिन में सर्वाधिक 984 लोगों की मृत्यु हुई। इसके अलावा बुधवार को देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 28,717 नए मामले सामने आए। सरकारी कोरोना वायरस कार्यबल ने यह जानकारी दी। देश में बीते कुछ सप्ताह से मौत और संक्रमण के रिकॉर्ड मामले सामने आ रहे है। रूस में टीकाकरण की गति धीमी है और प्राधिकारी पाबंदियों को कड़ा करने के लिए संघर्ष करते नजर आ रहे है। टीकाकरण की दर धीमी होने को मौत और संक्रमण के मामलों में वृद्धि का कारण बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने मंगलवार को कहा था कि चार करोड़ 30 लाख लोगों या देश की 30 प्रतिशत आबादी का पूरी तरह से टीकाकरण हो चुका है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने टीकाकरण को गति देने पर जोर दिया है, लेकिन उन्होंने प्रशासनिक दबाव बनाकर लोगों को टीका लगवाने पर मजबूर करने को लेकर भी आगाह किया। कोरोना वायरस कार्यबल के अनुसार रूस में कोरोना वायरस से अब तक कुल 78 लाख लोग संक्रमित पाए जा चुके है, जिनमें से 219,329 लोगों की मौत हो चुकी है।

### सैन्य अभ्यास ताइवान की रक्षा के लिए जरूरी थेः चीन

**बीजिंग।** चीन के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि ताइवान के नजदीक सैन्य अभ्यासों और जंगी विमान मिशन राष्ट्र की स्वायत्तता एवं क्षेत्र की रक्षा के लिए जरूरी थे। इससे क्षेत्र में चिंताएं बढ़ी है। चीन की सेना ने इस महीने की शुरूआत में एक दिन में 56 विमानों को ताइवान के दक्षिण पश्चिम अपतटीय क्षेत्र में भेजा था। ए सारे विमान अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में थे लेकिन इसने इन आशंकाओं को पैदा किया कि कोई भी गलत कदम क्षेत्र में तनाव भड़का सकता है। ताइवान का मानना है कि चीन के ए कदम द्वीप राष्ट्र को सैन्य ताकत के दम पर नियंत्रण करने के खतरे को दर्शाता है जिसपर चीन दावा करता है। चीन और ताइवान 1949 में गृह युद्ध के दौरान अलग हो गए थे और उनका आपस में कोई संपर्क नही है। कैबिनेट के ताइवान मामलों के कार्यालय के प्रवक्ता मा शिओगुआंग ने बताया कि युद्धाभ्यासों का मकसद मूल रूप से चीनी राष्ट्र के हितों की रक्षा के साथ-साथ ताइवान जलडमरूमध्य के दोनों ओर के लोगों के अहम हितों की हिफाज़त करना है। उन्होंने बीजिंग में दो हफ्ते में होने वाली प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कहा, जनमुक्ति सेना के अभ्यास राष्ट्र की स्वायत्तता एवं क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए जरूरी कार्वाई है। शिओगुआंग ने तनाव बढ़ने के लिए ताइवान की स्वतंत्रता के प्रति झुकाव रखने वाली सरकार और बाहरी ताकतों से उसके संबंधों को जिम्मेदार ठहराया है। ताइवान अमेरिका का करीबी सहयोगी है। ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने बीजिंग के साथ हफ्ते भर के अप्रत्याशित तानव के बाद रविवार को द्वीप की चीन के बढ़ते दबाव से रक्षा करने का संकल्प लिया। पिछले शनिवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कहा था कि ताइवान के एकीकरण को साकार किया जाना चाहिए और उसके लिए सर्वश्रेष्ठ माध्यम शांतिपूर्ण तरीका है। इसके बाद वेन ने रविवार को उक्त बयान दिया था।

### दुर्घटना में घायल हुए भारतीय नागरिक की अस्पताल में मौत

**सिंगापुर।** अप्रैल महीने में एक ट्रक से टकराने वाली लॉरी पर सवार 17 श्रमिकों में शामिल एक भारतीय नागरिक की चोटों के चलते बाद में अस्पताल में मौत हो गई। बुधवार को अदालत को यह जानकारी दी गई। भारतीय नागरिक सुगुनन सुधीशमन (28), बांग्लादेशी नागरिक तोफाजल हुसैन (33) ,चालक के केबिन के पीछे लॉरी पर बैठे हुए थे, जहां टक्कर का सबसे अधिक प्रभाव पड़ा था। यह दुर्घटना 20 अप्रैल को हुई थी। वरिष्ठ जांच अधिकारी रजीज तहार ने अदालत को बताया कि सुगुनन का नेशनल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था, जहां बाद में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### द. अफ्रीका में हिंसा की घटनाओं के बाद भारतीय मूल के लोगों के आव्रजन संबंधी पूछताछ के मामले बढ़े

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलू-नटाल प्रांत में जुलाई में हिंसा और लूटपाट की घटना के बाद देश में आव्रजन सलाहकारों के पास दक्षिण अफ्रीकी भारतीयों से पूछताछ के मामले तेजी से बढ़ गए है। दक्षिण अफ्रीका में रहने वाले भारतीय मूल के करीब 14 लाख लोगों में से करीब एक तिहाई इस प्रांत में रहते है। इनमें अधिकतर उन लोगों के वंशज है जो 1860 में श्रमिकों और कारोबारियों के रूप में यहां आए थे।आव्रजन कंपनी बीवर कनाडियन इमिग्रेशन कन्सल्टेंट्स के निकोलस अवरामिस ने एक वेबसाइट को बताया कि जुलाई महीने तक उसके ग्राहकों में करीब 10 प्रतिशत भारतीय मूल के लोग थे जो संख्या हाल में चार गुना होकर 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि महिला मुखिया वाले परिवारों के लोग आव्रजन के बारे में जानने में अधिक रुचि ले रहे है जो नकदी या कारोबारों को स्थानांतरित करना चाहते है। अन्य सलाहकारों ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में आव्रजन में भी लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है। न्यू वर्ल्ड इमिग्रेशन के प्रबंध निदेशक रॉबी रैगलेस ने वेबसाइट से कहा, हमारा मानना है कि देश से बाहर जाने में रुचि रखने वालों की संख्या काफी ज्यादा है।

### चंद्रमा पर ऑक्सीजन ढूंढ़ने में नासा की मदद के लिए ऑस्ट्रेलिया की रोवर भेजने की योजना

**कैनबरा।** चंद्रमा पर ऑक्सीजन का पता लगाने में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेसी नासा की मदद करने के लिए ऑस्ट्रेलिया 20 किलो वजनी एक रोवर का निर्माण करने पर सहमत हो गया है जिसे 2026 के शुरू में भेजे जाने की योजना है। रोवर चांद पर ऑक्साइड युक्त मिट्टी एकत्र करेगा और नासा इस मिट्टी से ऑक्सीजन तत्व निकालने के लिए एक अलग उपकरण का इस्तेमाल करेगा। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष एजेंसी के साथ हुआ समझौता अंतरिक्ष संबंधी खोज में दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करेगा।

### तूफान कोम्पासु के कारण हांगकांग में स्कूल, बाजार बंद

**बीजिंग।** हांगकांग के दक्षिणी शहर में बुधवार को आए तूफान के कारण स्कूल, शेयर बाजार में कारोबार और सरकारी सेवाओं प्रभावित हुईं। हांगकांग वेधशाला ने बताया कि कोम्पासु तूफान के कारण भारी बारिश से निचले इलाकों में बाढ़ आ सकती है, जिसके मद्देनजर निवासियों को सावधानी बरतनी चाहिए। तूफान के कारण 83 किलोमीटर प्रति घंटे (51 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं और बाद में ए 101 किलोमीटर प्रति घंटे (63 मील प्रति घंटे) की रफ्तार तक चल सकती है। दोपहर में हवा की रफ्तार धीरे-धीरे कम होने का अनुमान है। वेधशाला ने कहा कि तूफान के दक्षिण चीन सागर के उत्तरी हिस्से से होते हुए चीन के दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान की ओर बढ़ने और फिर उत्तरी वियतनाम में दस्तक देने का अनुमान है। अधिकारियों ने बताया कि कोम्पासु के कारण पहले उत्तरी फिलीपीन में भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी और सात लोग अब भी लापता है।

## इंग्लैंड को बदलना होगा या तबाह होना होगाः ब्रिटेन की पर्यावरण संबंधी सरकारी एजेंसी

**एपी।** लंदन

**ब्रिटेन की** एक सरकारी एजेंसी ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड अगर जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा होने वाली मौसम की चरम स्थितियों के खिलाफ अपनी सुरक्षा में सुधार नहीं करता है तो उसे भी उसी प्रकार की भीषण बाढ़ों का सामना करना पड़ सकता है, जैसी बाढ़ ने इस बार की गर्मी में जर्मनी को तबाह कर दिया था। एक रिपोर्ट में, इन्वायरन्मेंट एजेंसी ने वैश्विक ग्लोबल वार्मिंग के कारण अधिक गर्म, शुष्क गर्मियां पड़ने, ज्यादा और खतरनाक बाढ़ों के आने, समुद्र तल की ऊंचाई बढ़ने तथा पानी की आपूर्ति को लेकर मांग बढ़ने की चेतावनी दी है। उसने अनुमान व्यक्त किया है कि वैश्विक औसत तापमान में यदि दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है, तो इंग्लैंड की शीतकालीन वर्षा में छह प्रतिशत की वृद्धि होगी, लेकिन 2050 तक गर्मियों की वर्षा 15 प्रतिशत कम हो जाएगी। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि 2050 तक लंदन के समुद्र तल 23 सेंटीमीटर और 29 सेंटीमीटर (9 से 11 इंच) के बीच और 2080 तक लगभग 45 सेंटीमीटर बढ़ने की उम्मीद है। एजेंसी की प्रमुख एम्मा हावर्ड बोएड ने कहा कि यह सूचक जलवायु प्रभाव अपरिहार्य हैं और यह "स्वयं को बदलो या तबाह हो जाओ का मामला है।

## रैंसमवेयर से निपटने को विषय आधारित चर्चा के आयोजन में भारत भी शामिलः व्हाइट हाउस

**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत उन** चार देशों में से एक है जिन्होंने अमेरिका के बाइडन प्रशासन द्वारा रैंसमवेयर से निपटने के लिए बुलाई गई अपनी तरह की पहली अंतराष्ट्रीय बैठक पर विषय आधारित चर्चा के आयोजन और उसकी अगुवाई करने की स्वेच्छा जताई है। इसमें, साइबर दुनिया की चुनौतियों का समाधान निकालने के लिए चार चरणों वाली रणनीति पर विचार किया जाएगा। व्हाइट हाउस ने बुधवार को यह जानकारी दी। रैंसमवेयर लूटपाट और धोखाधड़ी के इरादे के साथ बनाए जाने वाले सॉफ्टवेयर को कहते हैं जो कम्प्यूटर प्रणाली पर हमला करते हैं।

दो दिवसीय यह बैठक बृहस्पतिवार को समाप्त होगी। इसमें यूरोपीय संघ के अधिकारियों के अलावा 30 से अधिक देशों के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं। इस बैठक का उद्देश्य रैंसमवेयर से निपटने के लिए आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। यह इस साझा खतरे से निपटने के लिए साझेदारों और सहयोगियों को एकजुट करने का अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रयास है। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इस बैठक का आयोजन भले अमेरिका कर रहा हो लेकिन हम इसे अकेले अमेरिका की पहल के रूप में नहीं देखते। निश्चित ही हम अन्य देशों को भी इस उद्देश्य के लिए साथ ला रहे हैं। उन्होंने कहा, बैठक के आयोजन में कई सरकारों का सहयोग रहा खासकर चार देशों ने विषय आधारित विशेष चर्चा के लिए स्वेच्छा जताई जिनमें भारत ने लचीलापन, ऑस्ट्रेलिया ने अवरोध, ब्रिटेन ने वर्चुअल करंसी और जर्मनी ने कूटनीति विषय को चुना। दो दिवसीय बैठक में भाग लेने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, बुल्गारिया, कनाडा, चेक गणराज्य, डोमिनिक गणराज्य, एस्टोनिया, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, भारत, आयरलैंड, इज़राइल, इटली, जापान, केन्या, लिथुआनिया, मैक्सिको, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नाइजीरिया, पोलैंड, कोरिया गणराज्य, रोमानिया, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन शामिल हैं।



## मेम्फिस में एक डाकघर में गोलीबारी, तीन कर्मचारियों की मौत

**मेम्फिस ( अमेरिका )।** अमेरिका के मेम्फिस में एक डाकघर में गोलीबारी में हमलावर समेत तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। हमलावर ने हमला करने के बाद कथित रूप से खुद को गोली मार ली थी। इस सप्ताह टेनेसी शहर में या उसके पास हुई गोलीबारी की यह तीसरी घटना है। अमेरिकी डाक निरीक्षक (यूएसपीएस) सुसान लिंक ने बताया कि मेम्फिस के दक्षिण-पूर्व में ईस्ट लामार कैरियर एनेक्स में हुई गोलीबारी के बाद तीन कर्मचारी मृत मिले। गोलीबारी के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। कर्मचारियों की भी अभी तक पहचान नहीं की गई है। घटना के बाद डाकघर की ओर जाने वाली सड़क को पुलिस ने घंटों तक बंद रखा। एक सफेद कार को भी वहां से कब्जे में लिया गया, लेकिन अभी यह पता नहीं चल पाया है कि यह किसकी कार है। यूएसपीएस ने एक बयान में कहा, डाक विभाग मेम्फिस में आज (मंगलवार को) हुई घटना से दु:खी है।



बगदाद में संसदीय चुनावों में मतपत्रों की गिनती करते हुए चुनाव आयोग के कार्यकर्ता

## संयुक्त राष्ट्र ने विविधता से निपटने में विफलता को बताया संघर्ष का मूल कारण

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**दक्षिण अफ्रीका** के पूर्व राष्ट्रपति थाबो म्बेकी ने मंगलवार को एक के बाद एक ऐसे अफ्रीकी देशों का जिक्र किया, जहां विविधता से निपटने में विफलता संघर्ष का मूल कारण थी। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक के अंत में नाइजीरिया में बियाफ्रान युद्ध से लेकर इथियोपिया के टाइग्रे क्षेत्र में मौजूदा संघर्षों का मूल कारण यही है। म्बेकी ने कांगो, बुरुंडी, आइवरी कोस्ट और सूडान में भी विविधता से निपटने में विफलता को ही संघर्षों का मूल कारण बताया। उन्होंने सिएरा लियोन ट्रुथ एंड रिकन्सिलिएशन कमीशन की 2004 की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट यह सत्य बताती है कि विविधता से निपटने में विफलता के परिणामस्वरूप देश में 11 साल तक युद्ध चला, जो 1991 में शुरू हुआ था और विविधता से निपटने में ऐसी ही विफलता के कारण कैमरून में हिंसक संघर्ष हुए, जो अब भी जारी है।

संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के राजदूत निकोलस डी रिविर ने इसी संदर्भ में कहा कि अटलांटिक महासागर और लाल सागर के बीच उत्तरी अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में, आतंकवादी संगठन, समुदायों के बीच घृणा फैलाने के लिए मतभेदों का ही इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि इराक, यमन और सीरिया सहित पश्चिम एशिया में भी जातीय और धार्मिक हिंसा मौजूद है। उन्होंने यह बयान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की विविधता, देश निर्माण और शांति की खोज विषय पर आयोजित एक बैठक में दिया, जिसे केन्या ने आयोजित किया था। केन्या इस माह परिषद की अध्यक्षता कर रहा है और उसके मौजूदा अध्यक्ष उहुरु केन्याता हैं। केन्याता ने कहा, आज मैं जो मुख्य संदेश देना चाहता हूं, वह यह है कि विविधता से निपटने की दिशा में खराब प्रबंधन अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा है।

## शिया समुदाय के सदस्यों पर हमले के लिए जिम्मेदार लश्कर-ए-झांगवी के तीन आतंकवादी मारे गए

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अल्पसंख्यक शिया समुदाय के सदस्यों पर हमले में कथित रूप से शामिल लश्कर-ए-झांगवी के तीन आतंकवादियों को देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने मार गिराया। लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) के आतंकवादी पिछले अगस्त में लाहौर से लगभग 260 किलोमीटर दूर बहावलनगर में मुहर्म के जुलूस पर हुए हमले में शामिल थे, जिसमें दो लोग मारे गए थे और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसने बहावलनगर में मुहर्म की 10 तारीख को जुलूस पर हुए हमले में शामिल एलईजे के आतंकवादी उमर द्राज को गिरफ्तार किया है।

सीटीडी की एक टीम मंगलवार को लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर पाकपट्टन के मोजाकलय पठान जिले में आग्नेयास्त्रों और हथगोले बरामद करने के लिए ले गई, जिसे द्राज ने उस इलाके में फेंक दिया था। सीटीडी ने कहा, जैसे ही सीटीडी टीम ने दो हथगोले, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया, आतंकवादी उमर द्राज के आग्नेयास्त्रों से लैस अज्ञात साथियों ने टीम पर घात लगाकर हमला किया और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी तथा द्राज को अपने साथ ले गए। सीटीडी ने कहा, टीम ने कवर लिया और आत्मरक्षा में जवाबी कार्वाई की। गोलीबारी रुकी तो उमर द्राज और उसके दो साथी मृत पाए गए। हालांकि उनके चार साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। घटनास्थल से दो हथगोले, दो पिस्तौल, एक राइफल और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एलईजे एक सुन्नी आतंकवादी समूह है, जिसने पाकिस्तान में अल्पसंख्यक शिया समुदाय के खिलाफ कई घातक हमलों की जिम्मेदारी ली है।

## हार्वर्ड ने बीजिंग से अपने चीनी भाषा कार्यक्रम को ताइपे स्थानांतरित करने का फैसला किया

**बीजिंग।** चीन को झटका देते हुए हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने अगले साल से अपने चीनी भाषा कार्यक्रम को बीजिंग से ताइवान की राजधानी ताइपे स्थानांतरित करने का निर्णय किया है। विवि ने यहां स्थानीय मेजबान संस्थान के उत्साहहीन माहौल की शिकायत की है। हार्वर्ड बीजिंग एकेडमी ग्रीष्म अध्ययन विदेशी कार्यक्रम की निदेशक जेनिफर लिऊ ने छात्रों के अखबार द हार्वर्ड क्रिमसन से कहा, मेजबान संस्थान बीजिंग भाषा एवं संस्कृति विवि (बीएलसीयू) से मित्रभाव की कमी की वजह से कार्यक्रम को ताइपे में स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। आईवी लीग अमेरिकन विवि द्वारा कार्यक्रम को ताइवान स्थानांतरित किए जाने को चीन के लिए झटका माना जा रहा है जो द्वीपीय देश को अपना हिस्सा मानता है। लिऊ ने कहा कि पिछले कुछ वर्ष में हार्वर्ड कार्यक्रम को जरूरी कक्षाएं तथा सुविधाएं मिलने में कठिनाई आने लगी थीं।

## भारत व श्रीलंका में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर हुई चर्चा

- जनरल नरवणे ने श्रीलंका के शीर्ष सैन्य व असैन्य नेतृत्व से की मुलाकात

**भाषा।** कोलंबो

**भारतीय थल** सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने बुधवार को यहां श्रीलंका के शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व से मुलाकात की तथा दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। भारतीय सेना ने एक ट्वीट में कहा कि अपने श्रीलंकाई समकक्ष जनरल शावेंद्र सिल्वा के निमंत्रण पर मंगलवार को चार दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे जनरल नरवणे ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से मुलाकात की जो श्रीलंकाई सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ भी हैं। जनरल नरवणे ने राष्ट्रपति के साथ परस्पर और रणनीतिक सहयोग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

भारतीय उच्चायोग ने यहां ट्वीट किया, भारतीय थल सेना के प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से मुलाकात की ताकि द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए उनका मार्गदर्शन हासिल किया जा सके...। जनरल नरवणे ने सुबह प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे से भी उनके आधिकारिक आवास टेंपल ट्रीज पर मुलाकात की। श्रीलंका के न्यूज फर्स्ट चैनल के अनुसार जनरल नरवणे ने प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे से कहा, दोनों सशस्त्र बलों के बीच उत्कृष्ट संबंध हैं। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक बातचीत दोनों देशों के बीच सभी स्तरों पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में मदद करेगी। चैनल ने कहा कि प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पूरे वर्ष श्रीलंका को दी गई सहायता, खासकर प्रशिक्षण के क्षेत्र में, की सराहना की। जनरल नरवणे ने श्रीलंका के विदेश सचिव जयंत कोलंबगे से भी मुलाकात की। इससे पहले जनरल नरवणे ने रक्षा मंत्रालय के सचिव जनरल (सेवानिवृत्त) जीडीएच कमल गुनारत्ने से मुलाकात की तथा श्रीलंका व भारत के बीच प्रगाढ़ रक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने सेना मुख्यालय का भी दौरा किया जहां उन्होंने सम्मान गारद का निरीक्षण किया। भारतीय सेना की तरफ से जारी एक अन्य ट्वीट के मुताबिक, सेना प्रमुख ने शानदार टर्नआउट व परेड के लिए गारद की सराहना भी की। भारतीय सेना ने कहा कि जनरल नरवणे ने जनरल शावेंद्र सिल्वा से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने यात्रा के दौरान श्रीलंकाई सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत की। जनरल नरवणे ने यहां भारतीय शांति सेना (आईपीकेपी) युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और भारतीय सेना के उन बहादुरों को श्रद्धांजलि दी जिन्होंने श्रीलंका में शांति अभियान के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी।



कोलंबो में गॉर्ड ऑफ ऑनर परेड का निरीक्षण करते भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे

# मौके पर आगे बढ़ना

**नताशा भारद्वाज ने स्वीकार किया कि उन्होंने डॉ दीया के किरदार में उतरने के लिए अपनी मां की मदद से कार्यशालाएं कीं। खुशबू कीर्तिक की रिपोर्ट**



हाल ही में रिलीज ओटीटी मुंबई डायरी 26/11 अमेजन प्राइम टीवी पर प्रसारित हो रहा है और इसने अपने खाते में बहुत प्रशंसा बटोरी है। समस्त रेटिंग से ऊपर उठकर, वेब सीरीज मुंबई में 26 नवंबर, 2008 की दुर्भाग्यपूर्ण रात को हुए आतंकवादी हमलों का चित्रण पर्दे पर करती है। शो, हालांकि, एक अनोखे कोण पर प्रकाश डालता है – चिकित्सा बिरादरी का दृष्टिकोण, जिसने भारी दबाव और हाड़तोड़ परिस्थितियों के बीच हमलों के शिकार लोगों का इलाज किया। सीरीज में मॉडल से अभिनेत्री बनी नताशा भारद्वाज ने रेजिडेंट डॉक्टर, दीया पारेख की भूमिका निभाई है। एक विशेष अंतरंग चर्चा में भारद्वाज ने डॉ. दीया की भूमिका निभाने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उनके साक्षात्कार में पेश हैं उसी बातचीत के कुछ अंश :

**❐ श्रेया धनवंतरी के साथ बात करने पर, हमने पाया कि सीरीज, मुंबई डायरी 26/11, एक ऐसे कोण की पड़ताल करती है जिस पर पहले चर्चा नहीं की गई – उस भयानक रात में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के साथ क्या हुआ।**

**उस संदर्भ पर, हमें अपने चरित्र के बारे में कुछ बताएं।**

यह पहली बार है जब हमने एक शो के रूप में एक मेडिकल ड्रामा प्रस्तुत किया है कि कैसे डॉक्टर लगातार दबाव में होते हैं, और वे चौबीसों घंटे कैसे काम करते हैं, इसी को हमें देखना और समझना था, यहां तक कि एक तरह से अनुभव को जीना था। चाहे उनके निजी जीवन में कुछ भी हो रहा हो, वे खुद को परे रखते हैं और एक-एक सांस को बचाते हुए अधिक से अधिक रोगियों का इलाज करते हैं। यह जानना हमारे लिए बेहद जरूरी था।

अपने किरदार की बात करूं तो मैंने डॉ दीया पारेख की भूमिका निभाई है और वह वो लड़की है जो विशेषाधिकार की भावना से आती है। उनके दादा जी अस्पताल के मालिक हैं, लेकिन वह ऐसी है जो अपनी पहचान बनाना चाहती है और अपने काम में भी अच्छी है। लेकिन साथ ही, वह चिंता और अवसाद से पीड़ित है और ये समस्याएं कैसे उसी समय में शुरू होती हैं जब आप उन्हें नहीं चाहते हैं और उसे स्थिति से कैसे निपटना होता है, यह मुख्य है। यह उसके चमकने और अपनी काबिलियत साबित करने का समय है। तभी डॉ दीया सब कुछ एक तरफ रख देती है, और सामने मौजूद भीमकाय लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करती है और सचमुच आगे बढ़ती है।

**❐ मैंने कहीं पढ़ा है कि आपकी माँ एक डॉक्टर हैं। क्या इससे आपको किरदार के मर्म को समझने में मदद मिली?**

हां, मेरी मां एक डॉक्टर हैं और वह हमेशा से मेरी प्रेरणा रही हैं। उन्होंने वास्तव में मुझे चरित्र में ढलने में मदद की है। मैं उन्हें अपने साथ पाकर धन्य हो गयी, जो अपने तजुर्बे के कारण मुझसे उन स्थितियों से पार पाने के बारे में बात कर सकती थीं, जिनसे मैं वास्तव में तंग आ गयी थी। उन्होंने इतने सारे रोगियों का इलाज किया है और ऐसी असंख्य कहानियाँ हैं जो अविश्वसनीय रूप से प्रेरक और हृदय विदारक हैं। मैं सचमुच इस मदद को परिभाषित नहीं कर सकती, लेकिन निसंदेह, इससे मुझे डॉ दीया





बनाने में काफी मदद मिली है। मुझे याद है कि मैं बचपन में उनके साथ अस्पताल जाया करती थी। वह ऑपरेशन के लिए जाती थीं और मैं उसके केबिन में बैठ जाती थी। मुझे माइक्रोस्कोप के नीचे रखी स्लाइड्स को देखने में बहुत मजा आता था। मुझे याद है मेरा सबसे ज्यादा समय उसी में बीतता था, मैं हमेशा अस्पताल के माहौल में रही हूं। हालांकि, इस शो को कुछ बिल्कुल अलग चाहिए था। यह एक सरकारी अस्पताल है। सरकारी अस्पताल में पूरी तरह से अलग-अलग तरह की समस्याएं घटित होती हैं और जब सब कुछ टूट बिखर जाता है, तो ये अस्पताल सचमुच कैसे प्रभावित होते हैं, यह हमें शो में दिखाने की जरूरत थी।


> मैं खुश और शुक्रगुजार हूं कि इस समय मुझे ऐसे शानदार लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, जो लोगों के दिलों को छूने वाला प्यारा सिनेमा बनाते हैं।

**❐ अभिनय कुछ कुछ वास्तविकता से प्रेरित है ... आपने कितना और किस तरह का शोध किया? रेजिडेंट डॉक्टर की भूमिका निभाते हुए स्क्रीन पर दिखाई देने वाली बारीक जानकारी की आपने कैसे तैयारी की?**

चरित्र की तह में उतरना बेहद (इस शब्द में अत्यधिक जोर देते हुए) महत्वपूर्ण था। हमारे निदेशक, श्री निखिल आडवाणी, और सह-निदेशक, श्री निखिल गोंसाल्वेस, दोनों की सोच स्पष्ट थी कि वे क्या चाहते हैं और किस तरह से वे इसे चाहते हैं। वेब सीरीज के लिए हमारी मेडिकल वर्कशॉप शुरू होने से पहले मैंने खुद की वर्कशॉप शुरू कर दी थी। मैंने अपनी मां के साथ उनके अनुभवों और वास्तविकता में डॉक्टरों के काम करने के तरीके पर चर्चा की। मैंने मेडिकल शब्दावली को आत्मसात करने की कोशिश की। इसके बाद, मैं अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में प्राथमिक चिकित्सा कार्यशाला के लिए गयी और मैं अपनी मां के एक सहयोगी के सरकारी अस्पताल में भी गयी। मैं वहां कुछ दिनों के लिए यह देखने के लिए गयी कि आघात कैसा होता है, आपात स्थिति कैसी दिखती है और इससे मुझे चरित्र की तह में दाखिल होने में मदद मिली। साथ ही मुझे बहुत कुछ सीखना और छोड़ना पड़ा। मेरा मानना है कि इसने मुझे उन बारीक चीजों की तैयारी में मदद की, जो डॉ दीया की भूमिका निभाते हुए स्क्रीन पर दिखाई देती थीं।

**❐ मॉडलिंग, डांसिंग, कराटे से लेकर फिल्मों तक, डांसर और मॉडल के रूप में आपका करियर सफल रहा है। बॉलीवुड में प्रवेश कैसे हुआ? आपके लिए दोनों जीवन अलग कैसे हैं? और, आपको कौन सा जीवन अधिक पसंद है?**

मुझे जो कुछ भी करने का अवसर मिला है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। मुझे नहीं लगता कि किसी प्रकार का कोई स्थानांतरण हुआ है। मैं शुरू से ही अभिनेत्री बनने की ख्वाहिश रखती थी। मैं खुश और शुक्रगुजार हूं कि इस समय मुझे ऐसे शानदार लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, जो लोगों के दिलों को छूने वाली प्यारी सिनेमा बनाते हैं। एक चीज ने दूसरे की ओर अग्रसर किया है इसलिए मैं सभी अच्छे और बुरे अनुभवों के लिए खुश हूं, लेकिन जो कुछ भी हुआ है उसने मुझे वह बना दिया है जो मैं आज हूं और मैं इसके लिए आभारी हूं।



# चमकने की तैयारी

**रकुलप्रीत सिंह ने अपनी नई कॉमेडी फिल्म *डॉक्टर जी* के लिए मेडिकल कक्षाओं में दाखिला लिया**

अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह, का हाल ही में उनकी आगामी फिल्म डॉक्टर जी के लिए ताजा लुक सामने आया था, जिसमें कि उन्होंने आयुष्मान खुराना के साथ काम किया है। इस अभिनेत्री को फिल्म में अपने किरदार में उतरने के लिए चिकित्सा कक्षाओं के लिए नामांकन कराना पड़ा।

अनुभूति कश्यप द्वारा निर्देशित इस फैमिली एंटरटेनर हेतु, डॉ फातिमा के किरदार के लिए, रकुल को चिकित्सा शब्दावली व कुछ महत्वपूर्ण सर्जिकल प्रक्रियाओं की बारीकियां भी सीखनी पड़ीं।

चिकित्सा जगत से जुड़ी हर चीज को स्क्रीन पर प्रामाणिक ढंग से दिखाने के लिए, निर्माताओं ने कलाकारों – रकुल, खुराना और अभिनेत्री शेफाली शाह के साथ विशेष सत्र आयोजित किए और उन्हें अपने पात्रों की तैयारी के हिस्से के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए विशेषज्ञों की व्यवस्था की थी।

रकुल ने बताया, ''डॉक्टर जी के लिए शूटिंग करना एक दिलचस्प अनुभव रहा है। चूंकि मैं डॉक्टर की भूमिका निभा रही हूं, इसलिए व्यवहार और कार्य सटीक होना चाहिए। स्क्रीन पर वास्तविक दिखने के लिए चिकित्सा जगत से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें सीखना अनिवार्य था।''

उन्होंने कहा,''डॉ. फातिमा बनने का सफर एक अद्भुत प्रक्रिया थी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।''

रकुल ने कहा कि वह और निर्माता चाहते थे कि उनका किरदार वास्तविक और भरोसेमंद लगे।

रकुल ने आगे कहा, ''हमने उसका लुक सही करने के लिए कई लुक टेस्ट किए। मकसद यह था कि वह यथासंभव वास्तविक के करीब दिखे और अपने चरित्र की प्रिय गुणवत्ता को सामने लाए। सिर्फ डॉक्टर का कोट पहनने से आपको अचानक जिम्मेदारी का अहसास हो जाता है, भले ही मैं केवल एक किरदार निभा रही थी।''

अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि दृश्यों के लिए मरीजों का इलाज करते समय, व्यक्ति सचमुच समझता है कि डॉक्टरों के कंधों पर कितनी जिम्मेदारी होती है और उनका जीवन कितना कठिन है।

फिल्म डॉक्टर जी एक कैंपस कॉमेडी ड्रामा है, जिसे कश्यप, सुमित सक्सेना, विशाल वाघ और सौरभ भारत ने लिखा है। **–आईएएनएस**

# सुरक्षा के साथ आती खुशी

**अब जबकि त्योहारों का मौसम हमें अपने रंग में रंग रहा है और प्रतिबंधों में ढील मिल गई है, हम इस तथ्य को नजरअंदाज न करें कि वायरस ने अभी तक हमारा साथ नहीं छोड़ा है। ऐसे में जिम्मेदारी से जीने के कुछ तरीके यहां बताए जा रहे हैं...**

त्योहारों का मौसम हमारे समक्ष है। जैसे ही आप उत्सव मनाने की तैयारी में हैं, आपको इस मौसम में खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए तैयार करना चाहिए। वर्ष की शुरुआत में कोविड-19 की घातक दूसरी लहर और तीसरी संभवतः बड़ी होने से, उत्सवों को सावधानी से मनाना वास्तव में आवश्यक है। हालांकि सरकार और स्वास्थ्य अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान वायरस के प्रसार को रोकने के लिए नियम लागू किए हैं, हमें इस असामान्य समय के दौरान सुरक्षित त्योहार सुनिश्चित करने के लिए आत्मानुशासन और संयम का अभ्यास करना चाहिए।



नागरिकों को समस्त सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदारी से उत्सव में भाग लेना चाहिए। लोगों को चाहिए कि वे अपने परिवार के साथ अपने घरों में एकांत में छुट्टियां बिताएं, भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचें और घर से बाहर निकलने पर हर समय मास्क पहने रहें। दुर्भाग्य से, जब हम सुरक्षा की बात करते हैं, तो हम इसे सामाजिक दूरी और अन्य उपयुक्त आचरण तक सीमित कर देते हैं, और अक्सर सतह और उस वायु स्वच्छता पहलू को नजरअंदाज कर देते हैं जो कचरे, दूषित व ठहरे पानी, कीड़ों, आदि की उपस्थिति से प्रभावित होते हैं।

हम कहते हैं कि घर वहां है जहां दिल है, और हम अपने घरों को साफ रखने का प्रयास करते हैं। जबकि हमारा घर निर्विवाद रूप से हमारा आश्रय स्थल है, इसे साफ-सुथरा रखना एक पूर्णतया अलग कहानी है। जब त्योहारों का मौसम आता है तो घर की साफ-सफाई करना काफी मुश्किल हो जाता है। आधुनिक समस्याओं के लिए आधुनिक समाधानों की आवश्यकता होती है, और घर को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने के लिए घर की सफाई और कीटाणुशोधन सेवाओं का उपयोग करना आजकल काफी सरल और झंझट-मुक्त है।

त्योहार से पहले पेशेवर कीटाणुशोधन सेवाएं हासिल करना और उनके जरिए पूरे घर को कीटाणुरहित करना यह सुनिश्चित करने का एक उत्कृष्ट तरीका है कि आपके सभी कार्य समय पर पूरे हो जाएं। पेशेवर कीटाणुशोधन सेवाएं सभी या अधिकांश सूक्ष्मजीवों को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, इस प्रकार यह सुनिश्चित करना कि आपका घर पूर्णतया सुरक्षित है और कीटाणुओं से सुरक्षित है, खासकर त्योहारों के दिनों में।

हमारे पास चुनने के लिए अनेक विकल्प हैं, जिनमें असंचारी फॉगिंग और महत्वपूर्ण स्पर्शबिन्दुओं को सेनिटाइज करना शामिल है। ऐसी सेवाओं को करने वाले तकनीशियन सामान्य सफाई कर्मचारियों की तुलना में अधिक प्रशिक्षित होते हैं और स्वच्छता की उच्च आवश्यकता वाली स्थितियों में काम करने का वर्षों का अनुभव रखते हैं।

हम इस बात से अवगत हैं कि कीटाणु कैसे एक बड़ी परेशानी हो सकता है। वे न केवल असुविधाजनक हैं, बल्कि अस्वाभाविक भी हैं। सफाई में न केवल कालीनों, खिड़कियों व पूरे घर की धुलाई और सूखी सफाई होती है, बल्कि कीटाणुओं भी साफ होते हैं। जब मेहमान घर आते हैं, तो आसपास तिलचट्टे और मच्छरों जैसे कीड़ों को देखना शर्मनाक होता है। इसके अलावा, त्यौहारों का मौसम अवांछित कीड़ों जैसे कि घरेलू मक्खियों व गोबर मक्खियों के उत्पन्न होने का भी चरम समय होता है जो भोजन और सतहों के माध्यम से बीमारी फैला सकते हैं।

मक्खियों व मच्छर काटने और डंक मारने का कारण बन सकते हैं। इसलिए, त्योहार से पहले पेशेवर कीट नियंत्रण सेवा प्रदाता द्वारा पूर्ण कीट उपचार कराना सबसे अच्छा है।

प्रभावी कीट प्रबंधन के अलावा, घर में स्वस्थ व आरामदायक वातावरण के साथ-साथ, परिवार के सदस्यों व मेहमानों के स्वास्थ्य को खतरनाक वायु प्रदूषकों से बचाने के लिए अच्छी आंतरिक वायु गुणवत्ता बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

कई लोगों ने कई वर्षों से यह मान लिया है कि खतरनाक वायु प्रदूषण केवल बाहर ही पाया जा सकता है। लोग आज अपना लगभग 90 प्रतिशत समय घर के अंदर बिताते हैं, जिससे वे लंबे समय तक इनडोर वायु संदूषकों के संपर्क में रहते हैं। खाना पकाने की तैयारी, सुगंध, एयर फ्रेशनर, और सफाई उत्पाद, अपशिष्ट और कचरा, शरीर की गंध, मोमबत्तियों और धूप, पेंट और वार्निश की गंध, और नमी का निर्माण, समस्त रासायनिक यौगिकों को हवा में छोड़ सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप इनडोर वायु प्रदूषण होता है। खराब आंतरिक वायु गुणवत्ता (आईएक्यू) वायरस, बैक्टीरिया, मोल्ड, फफूंद और अन्य एलर्जी से रोग संक्रमण के जोखिम को बढ़ा सकती है। इससे लोगों की नींद और दिन भर के कार्य-प्रदर्शन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। बच्चों, बुजुर्गों और पालतू जानवरों के साथ-साथ एलर्जी या समझौता प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों की सुरक्षा के लिए घर के अंदर अच्छी वायु गुणवत्ता की आवश्यकता होती है। जबकि अच्छा वेंटिलेशन घर में हवा को पुनः प्रसारित करने में मदद कर सकता है, स्वच्छ वायु उपकरण खतरनाक वायु प्रदूषकों को खत्म करने में सहायता कर सकते हैं।

इसके अलावा, गैस्ट्रिक व संबंधित बीमारियों से बचने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना और अपने खान-पान का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। प्रदूषण से बचने के लिए हमेशा स्वच्छ वातावरण में पका हुआ भोजन खाना सबसे अच्छा होता है। खाना गर्म होने पर ही खाना चाहिए और अपने सामने साफ बर्तन में बना ताजा पका खाना पसंद करें।

यदि आप बाहर निकलते हैं, तो आपको यह अवश्य देखना चाहिए कि खाने का स्टॉल साफ और सुव्यवस्थित है या नहीं। कर्मचारियों को देखें, कि वे पैसे या अन्य गंदी चीजों को संभालने के बाद और अपने हाथों से खाना परोसने से पहले हाथ धोते हैं या नहीं। मक्खियों जैसे कीटों से सावधान रहें। खराब स्वच्छता वाले स्थानों पर खाना खाने या उन्हें खाने का ऑर्डर करने से बचें।

उत्सव के दौरान सामाजिक दूरी के नियमों का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। बड़े पारिवारिक समारोहों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ से दूर रहने से आपकी व आपके प्रियजनों की रक्षा करने में मदद मिल सकती है। आप कभी नहीं जानते कि आप जिस व्यक्ति के साथ बातचीत कर रहे हैं वह एक शांत वायरस वाहक है या नहीं। उत्सव मौज-मस्ती और उत्साह का समय है और ऐसे में मौजूदा महामारी के बारे में भूलना आसान है। इसलिए, इस त्योहार के मौसम को स्वस्थ व स्वच्छ वातावरण में मनाएं और अपने व अपने परिवार को सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें।

**–लेखक डेविड लुईस रेंटोकिल पीसीआई में एमडी हैं।**

# उन लोगों के लिए बोलो जो अनसुना कर जाते हैं

**अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर, अभिनेता रणवीर सिंह बधिर समुदाय के साथ काम करके समावेशी स्थलों के लिए प्रचार करने की पहल करते हैं। टीम विवा की रिपोर्ट....**





रणवीर सिंह बधिर समुदाय द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को उठाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। वह अधिकारियों से भी आग्रह कर रहे हैं कि भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) को भारत की 23वीं आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दें और घोषित करें। इस निर्भीक अभिनेता ने हमेशा सामाजिक मुद्दों के लिए अपनी आवाज उठाई है और उन्होंने हाल ही में इस कार्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं।

रणवीर का स्वतंत्र रिकॉर्ड लेबल इंकइंक, जिसे उन्होंने नवजार एरानी के साथ बनाया है, ने सांकेतिक भाषा के संगीत वीडियो भी जारी किए हैं – इस प्रगतिशील कदम को शुरुआत करने का एकमात्र रिकॉर्ड लेबल। आईएसएल को आधिकारिक भाषा बनाने के मद्देनजर रणवीर के प्रयासों को देखते हुए, भारत में बधिर समुदाय ने उनकी तहे दिल से सराहना की है और उनके लिए हार्दिक धन्यवाद वीडियो भी डाला है। अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस 2021 पर, रणवीर ने युवाओं से बधिर समुदाय के लिए एक समावेशी स्थान बनाने की अपील की है।

रणवीर ने कहा, ''अगर पिछले डेढ़ साल में हम सभी इस मूल्य को गले लगाने के लिए थोड़ा भी आगे आए हैं तो यह समुदाय की शक्ति है और एक दूसरे के लिए वहां रहना है।

आज के युवाओं के लिए मेरा संदेश होगा कि आप जो काम कर रहे हैं उसे करते रहें और अगर किसी भी तरह से आप बधिर समुदाय के साथ काम करके एक समावेशी जगह बना सकते हैं या प्रचारित कर सकते हैं, तो कृपया जरूर करें। आतिथ्य से लेकर शिक्षा तक, रचनात्मक कलाओं तक, हम एक साथ ही यह परिवर्तन कर सकते हैं और मेरा विश्वास और समर्थन हमारे देश के युवाओं के साथ है।''

रणवीर और उनके कलाकार समूह, इंक इंक, कार्रवाईगत बदलाव के लिए लगातार और मजबूत योजनाओं के साथ इस लक्ष्य के ध्वजवाहक रहे हैं। इस बहुमुखी अभिनेता ने इस लक्ष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपनी भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

रणवीर कहते हैं, ''यह एक लंबी यात्रा है जो दूर तक जानी है। इंकइंक में, हम सभी बधिर समुदाय के सहयोगी बनने और उनके साथ अंतिम मुकाम हासिल करने तक के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए बहुत सारे स्तर हैं। पहला आईएसएल को आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त भाषा बनाने की अपनी याचिका में बधिर समुदाय का समर्थन करना है। फिर, एक समाज के रूप में, जमीनी स्तर पर इस समुदाय के लिए पहुंच बनाना और अधिक समावेशी होना।''उन्होंने आगे कहा कि इंकइंक में, हम कला बनाते हैं और यही हम बधिर समुदाय के लिए सुलभ बनाना जारी रखेंगे। उदाहरण के लिए हमारे आईएसएल वीडियो – मोहब्बत, संगीत, ब्लैक, और करो और विचार, जो अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाने के लिए जारी किए गए थे। हमारे पास ऐसे विचार हैं जो बातचीत के माध्यम से बधिर समुदाय के साथ अपने संबंधों को और विस्तारित करने के लिए विचार कर रहे हैं, लेकिन यह अभी भी प्रारंभिक चरण में है।

रणवीर बताते हैं कि इंकइंक का बधिर समुदाय के साथ संबंध 2019 में शुरू हुआ जब हमारे पास एक आईएसएल दुभाषिया था, जो हमारे कलाकार, स्पिटफायर के साथ प्राइम टाइम पर राष्ट्रीय टीवी पर लाइव प्रदर्शन करता था (इसे भारत में पहली बार टेलीविजन पर आईएसएल प्रस्तुति बनाते हुए), जिसके बाद हमने खुद को और शिक्षित किया और पिछले साल मई में समुदाय के हितों की हिमायत की तथा अपने दर्शकों से आईएसएल को भारत की 23वीं मान्यता प्राप्त भाषा घोषित करने वाली याचिका को साझा करने के लिए आग्रह किया।

उन्होंने आगे कहा हि इस ऐतिहासिक पड़ाव के लिए पहला कदम सरकार द्वारा कुछ हफ्ते पहले उठाया गया था जब आईएसएल को 9-12वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्कूलों में शिक्षण के लिए वैकल्पिक बना दिया गया था, लेकिन जिस दिन आईएसएल को संविधान के तहत एक आधिकारिक भारतीय भाषा के रूप में मान्यता दी जाएगी वो भारत ऐतिहासिक पड़ाव होगा जो सुई को स्थानांतरित करेगा। मुझे अपने देश के नेताओं पर पूरा भरोसा है और मैं जानता हूं कि हम इस मुकाम को हासिल करने की राह पर हैं। नागरिकों के लिए, मैं आपसे याचिका पर हस्ताक्षर करने का आग्रह करता हूं ताकि यह दिन जल्द ही मनाया जा सके।

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 349
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 14 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



उन लोगों के लिए बोलो जो अनसुना कर जाते हैं
विविध-12

# उप्र भारत की उभरती अर्थव्यवस्था: योगी

● मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के जंगल कौड़िया स्थित महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय का लोकार्पण किया

**भाषा।** गोरखपुर

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दावा किया कि विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ते हुए बदल रहा उत्तरप्रदेश भारत की उभरती हुई अर्थव्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के जंगल कौड़िया में स्थित महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में दावा किया, उत्तर प्रदेश बदल रहा है और देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। केंद्र की 44 योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर है। उत्तर प्रदेश दुनिया में निवेश का सर्वश्रेष्ठ स्थान बन चुका है और हम सभी को देश की श्रेष्ठ अर्थव्यवस्थाओं में उत्तर प्रदेश का नाम शामिल करने के लिए मिलकर काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर महंत अवैद्यनाथ की 12 फुट ऊंची मूर्ति का अनावरण भी किया। योगी ने दावा किया कि सुरक्षा के माहौल के मामले में उत्तर प्रदेश देश में सर्वश्रेष्ठ है। पिछले चार वर्षों के दौरान राज्य की 30,000 महिला पुलिसकर्मी इस बात की गारंटी दे रही हैं कि राज्य में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने कोविड-19 महामारी को रोकने में सफलता पाई है। इससे पहले त्योहारों के दौरान यह महामारी चरम पर थी लेकिन सरकार ने इसके विस्तार पर सफलतापूर्वक नियंत्रण हासिल कर लिया है। योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान सड़कें चौड़ी नहीं थीं, बिजली की आपूर्ति अच्छी नहीं थी, गरीबों को राशन नहीं मिल रहा था और महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी नहीं थी। लेकिन जब अच्छी नियत से काम किया जाता है तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है। मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि पूर्व में किसानों को अपनी उपज का सही दाम नहीं मिलता था। लेकिन मौजूदा सरकार ने अनेक क्रय केंद्र खोलकर किसानों का अनाज समर्थन मूल्य पर खरीदा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गोरखपुर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बनता जा रहा है। एक महीने के अंदर मोदी द्वारा यहां के एम्स का उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा गोरखपुर आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरक्ष पीठ ने पूजा का व्यावहारिक पहलू प्रस्तुत किया है और मंदिर केवल पूजा तक सीमित नहीं रह गया है। इस वक्त गोरक्षपीठ की महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा संचालित चार दर्जन शिक्षण संस्थानों में 50,000 से ज्यादा विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। योगी ने कहा कि महंत अवैद्यनाथ चार बार सांसद और पांच बार विधायक रह चुके थे और उनका जंगल कौड़िया से करीबी नाता था। उनके नाम पर बनाया गया कॉलेज निश्चित रूप से इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की आधारशिला रखेगा। उप मुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने इस मौके पर कहा कि जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को कोविड-19 महामारी से बचाने के लिए लड़ रहे थे उस वक्त विपक्षी पार्टियों के नेता वातानुकूलित कमरे में बैठकर ट्विटर-ट्विटर खेल रहे थे।



गोरखपुर के जंगल कौड़िया स्थित महंत अवेद्यनाथ महाविद्यालय के एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। वहां उन्होंने महंत अवेद्यनाथ की 12 फुट ऊंची मूर्ति का अनावरण भी किया

# खाद्य तेलों की घटेंगी कीमतें

● सरकार ने कच्चे पाम सोयाबीन, सूरजमुखी तेल से मूल सीमा शुल्क समाप्त किया

● 15 रुपए प्रति लीटर तक गिर सकते हैं दाम

**भाषा।** नई दिल्ली



**सरकार** ने बुधवार को पाम, सोयाबीन और सूरजमुखी के तेल की कच्ची किस्मों पर मूल सीमा शुल्क को हटा दिया है और इसके साथ ही रिफाइंड खाद्य तेलों पर शुल्क में कटौती की है। इस कदम से त्योहारी मौसम में खाद्य तेलों की कीमतों को कम करने और उपभोक्ताओं को राहत देने में मदद मिलेगी। खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए ने कहा कि इससे आसमान छूती खाद्य तेलों की कीमतों में 15 रुपए प्रति लीटर तक की कमी आ सकती है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने दो अलग-अलग अधिसूचनाओं में कहा कि 14 अक्टूबर से प्रभावी आयात शुल्क और उपकर में कटौती 31 मार्च, 2022 तक लागू रहेगी। कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी के तेल पर कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) भी कम किया गया है। कच्चे पाम तेल पर अब 7.5 प्रतिशत का कृषि अवसंरचना विकास उपकर लगेगा, जबकि कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल के लिए यह दर पांच प्रतिशत होगी। पहले उपकर 20 प्रतिशत था जबकि मूल सीमा शुल्क 2.5 प्रतिशत था। वैश्विक कारकों और स्थानीय स्तर पर आपूर्ति की कमी के कारण पिछले एक साल में घरेलू खुदरा बाजारों में खाद्य तेल की कीमतों में 46.15 प्रतिशत तक की तेजी आई है।

भारत अपनी 60 प्रतिशत से अधिक खाद्य तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। एसईए के आंकड़ों के अनुसार, पाम तेल के सर्वकालिक उच्च आयात के कारण सितंबर के दौरान खाद्य तेलों का आयात 63 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 16.98 लाख टन हो गया। इससे पहले अक्टूबर 2015 में भारत ने 16.51 लाख टन खाद्य तेल का आयात किया था। भारत द्वारा वर्ष 1996 में पाम तेल का आयात शुरू करने के बाद से सितंबर 2021 में 12.62 लाख टन पाम तेल का आयात किया गया जो किसी एक महीने में किया गया सबसे अधिक आयात है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल नौ अक्टूबर को सोया तेल की औसत खुदरा कीमत 154.95 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो एक साल पहले की समान अवधि के 106 रुपए प्रति किलोग्राम से 46.15 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, सरसों तेल की औसत कीमत 43 प्रतिशत बढ़कर 184.43 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो पहले 129.19 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जबकि वनस्पति की कीमत 43 प्रतिशत बढ़कर 136.74 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो पहले 95.5 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

सूरजमुखी के मामले में, इसकी औसत खुदरा कीमत इस साल नौ अक्टूबर को 38.48 प्रतिशत बढ़कर 170.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 122.82 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जबकि पाम तेल की कीमत 38 प्रतिशत बढ़कर 132.06 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई जो पहले 95.68 रुपए किलो थी। इंडोनेशिया और मलेशिया भारत को आरबीडी पामोलिन और कच्चे पाम तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं। देश मुख्य रूप से अर्जेंटीना से और उसके बाद ब्राजील से कच्चे सोयाबीन के तेल का आयात करता है, जबकि कच्चे सूरजमुखी तेल मुख्य रूप से यूक्रेन से आयात किया जाता है, इसके बाद रूस और अर्जेंटीना का स्थान आता है।

## नवम सिद्धिदात्री



**सिद्धगन्धर्वयक्षाघैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात्
सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥**

नौवीं देवी सिद्धिदात्री की कृपा से शिव ने तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इस देवी की कृपा से ही शिवजी का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्द्धनारीश्वर हुए। यह देवी सर्व सिद्धियां प्रदान करने वाली देवी हैं। उपासक या भक्त पर इनकी कृपा से कठिन से कठिन कार्य भी चुटकी में संभव हो जाते हैं। हिमाचल के नंदापर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व आठ सिद्धियां होती हैं। इसलिए इस देवी की सच्चे मन से विधि विधान से उपासना-आराधना करने से यह सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। इस देवी का स्मरण, ध्यान, पूजन हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हैं और अमृत पद की ओर ले जाते हैं।

## सत्र 18 अक्टूबर को विधान सभा को मिलेगा उपाध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा का सत्र 18 को बुलाया गया है जिसमें उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा ने अधिसूचना जारी कर दी है। पिछली सपा और बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकारों में इस पद के लिए निर्वाचन नहीं कराया गया था जबकि मौजूदा सत्तारूढ़ दल बीजेपी सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में विधान सभा उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप दुबे ने बुधवार को इस संबन्ध में अधिसूचना जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि विधान सभा अध्यक्ष ने सत्रहवीं विधान सभा के उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 18 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। उक्त निर्वाचन 18 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे विधान सभा मण्डप में होगा। विधान सभा का कोई भी सदस्य 17 अक्टूबर के पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक उक्त निर्वाचन के लिए किसी दूसरे सदस्य के नाम-निर्देशन के लिए एक नाम, निर्देशन पत्र भरकर प्रमुख सचिव विधान सभा को प्रस्तुत कर सकेंगे। (विस्तृत पेज 2)

## मादक पदार्थों की खरीद, उपभोग में शामिल था आर्यन : एनसीबी

**भाषा।** मुंबई

**स्वापक** नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने बुधवार को यहां एक विशेष अदालत में कहा कि उसकी जांच में खुलासा हुआ है कि मुंबई तट के नजदीक क्रूज शिप पर प्रतिबंधित मादक पदार्थों की जब्ती के सिलसिले में गिरफ्तार बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान का बेटा आर्यन खान इस मामले में साजिश में, मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद तथा उपभोग में संलिप्त था। आर्यन खान की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की दलील को स्वाभाविक रूप से बेतुका बताते हुए कहा कि जब उसके पास से कोई मादक पदार्थ नहीं मिला तो उसे जमानत मिलने के स्तर पर दंडित नहीं किया जाना चाहिए। देसाई ने अदालत से कहा कि मौजूदा मामले में आरोपी युवा वयस्क हैं और मादक पदार्थ कारोबारी, तस्कर या गिरोह का सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा, कई देशों में ये पदार्थ (ड्रग्स) कानूनी होते हैं। जब जमानत मांगी गई है तो इस स्तर पर उन्हें दंडित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने काफी कुछ सह लिया है और सबक सीख गए हैं। स्वापक



और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) कानून से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए मनोनीत विशेष न्यायाधीश वी वी पाटिल बुधवार को आर्यन खान की जमानत अर्जी पर सुनवाई कर रहे थे। अदालत बृहस्पतिवार को सुनवाई जारी रखेगी। जमानत याचिका का विरोध करते हुए एनसीबी ने अदालत में दावा किया कि आर्यन खान पिछले कुछ साल से नशीले पदार्थ ले रहा है और ड्रग्स की खरीद के लिए ऐसे कुछ लोगों से संपर्क में था जो अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ नेटवर्क का हिस्सा लगते हैं। विदेश में किए गए वित्तीय लेनदेन के संबंध में आगे जांच जारी है। एनसीबी ने अपने हलफनामे में कहा, शुरुआती जांच में आवेदक (आर्यन खान) के कुछ अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जानकारी मिली है।

# अंकित दास व उसका निजी गनर गिरफ्तार

**लखीमपुर हिंसा**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने लखीमपुर खीरी हिंसा कांड के मुख्य आरोपी और केंद्रीय राज्यमंत्री अजय मिश्रा के पुत्र आशीष मिश्रा की जमानत याचिका नामंजूर कर दी है। उधर इस कांड में आरोपी अंकित दास और उसके निजी गनर लतीफ उर्फ काले को एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अंकित दास और लतीफ उर्फ काले को पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट से 14 दिनों की रिमांड मांगी लेकिन कोर्ट ने 22 अक्टूबर तक दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोप है कि जिन गाड़ियों ने किसानों को कुचला था, उसमें से एक गाड़ी में अंकित दास भी सवार था।

अंकित दास पूर्व सांसद अखिलेश दास का भतीजा और इस केस के मुख्य आरोपी और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा का करीबी है। इसके पहले अंकित के लखनऊ स्थित आवास पर एसआईटी की ओर से नोटिस चस्पा कर उसे बयान दर्ज कराने के लिए क्राइम ब्रांच के लखीमपुर खीरी स्थित दफ्तर बुलाया गया था। दोनों लखीमपुर पुलिस लाइन स्थिति क्राइम ब्रांच के दफ्तर पहुंचे। दरअसलए तीन अक्टूबर को लखीमपुर में हुई हिंसक झड़प में चार किसान, भाजपा कार्यकर्ता और पत्रकार सहित कुल आठ लोगों की मौत हो गई थी। अंकित दास पर हिंसा के दौरान घटनास्थल पर मौजूद रहने का आरोप है। किसानों को कुचलने वाली जीप के पीछे पीछे चल रही फार्रच्यूनर अंकित दास के नाम रजिस्टर्ड बताई जा रही है।

## बृजेश पाठक ने हिंसा में मारे गए भाजपा कार्यकर्ता के घर जाकर शोक जताया

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**उत्तर** प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक ने लखीमपुर खीरी जिले में हाल में हुई हिंसा के दौरान मारे गए एक भाजपा कार्यकर्ता तथा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के वाहन चालक के परिजन से बुधवार को मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि कानून मंत्री बिना किसी आधिकारिक प्रोटोकॉल के लखीमपुर पहुंचे और शहर के शिवपुरी इलाके में भाजपा कार्यकर्ता शुभम मिश्रा और फरधन (खीरी) इलाके के परसेहरा खुर्द गांव में गृह राज्य मंत्री के वाहन चालक हरिओम मिश्रा के परिवार से मिलने गए। पिछली तीन अक्टूबर को जिले के तिकोनिया क्षेत्र में हुई हिंसा में मारे गए लोगों में शुभम मिश्रा और वाहन चालक हरिओम भी शामिल थे। इसके अलावा इस घटना में चार किसानों और एक स्थानीय पत्रकार की भी मौत हो गई थी। सूत्रों ने बताया कि पाठक इस घटना में मारे गए एक अन्य भाजपा कार्यकर्ता श्याम सुंदर के घर किसी अन्य कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण नहीं गए। वह बाद में वहां जाएंगे। शुभम मिश्रा के घर पर हो रहे धार्मिक अनुष्ठान में जिला भाजपा अध्यक्ष सुनील सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू व अनुराग मिश्रा, अवध प्रांत प्रमुख कमलेश मिश्रा, बृजेश पाठक के साथ शामिल हुए।

## दीनी तालीम ले रहे बच्चे से मौलाना ने किया दुष्कर्म, भेजा गया जेल

**भाषा।** बरेली

**जिले** के कोट मोहल्ले में एक मौलाना से दीनी तालीम (धार्मिक विद्या) लेने वाले नौ साल के बच्चे से कथित दुष्कर्म का मामला सामने आया हैं। बरेली शहर के थाना बारादरी में घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। बारादरी थाना के निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि नौ साल का पीड़ित बच्चा कोट मोहल्ले में 21 वर्षीय मौलाना मोहम्मद गुल हसन से दीनी तालीम लेने जाता था। वह सोमवार दोपहर में पढ़ाई के लिए मौलाना के घर गया तो उसने डरा धमका कर बच्चे से दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि परिजन का आरोप है कि मौलाना ने बच्चे को धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो उसे और उसके परिवार वालों को वह जान से मार देगा। बच्चा जब घर पहुंचा तो कपड़ों पर खून लगा देख मां-बाप ने उससे इसके बारे में पूछा तो बच्चे ने सारी घटना बता दी। घटना सुनकर मां बाप बच्चे को लेकर थाना आए। मलिक ने बताया कि बच्चे का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,737 | ↑ 452 | |
| निफ्टी | 18,161 | ↑ 169 | |
| सोना | 46,329 | ↑ 63 | /10g |
| चांदी | 60,788 | ↑ 371 | /kg |

## क्विक न्यूज

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में आठ न्यायाधीशों ने शपथ ली

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नवनियुक्त आठ न्यायाधीशों ने बुधवार को अपर न्यायाधीशों के तौर पर शपथ ग्रहण किया। इन न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल ने अपनी अदालत में एक सादे एवं गरिमापूर्ण समारोह में शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वाले न्यायाधीशों में चंद्र कुमार राय, कृष्ण पहल, समीर जैन, आशुतोष श्रीवास्तव, सुभाष विद्यार्थी, बृजराज सिंह, श्रीप्रकाश सिंह और विकास बुधवार शामिल है। शपथ ग्रहण के उपरांत इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है, जबकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों के 160 पद स्वीकृत है। उल्लेखनीय है अदालतों में बड़ी संख्या में न्यायाधीशों के पद रिक्त हैं जिससे लंबित मामले बढ़ रहे हैं।

# बुनियादी ढांचे के विकास को 100 लाख करोड़ का मास्टर प्लान लांच



**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए 100 लाख करोड़ रुपए के राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करना और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना है।मोदी ने योजना की शुरूआत के अवसर पर कहा कि पीएम गतिशक्ति योजना का लक्ष्य लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी, कार्गो हैंडलिंग क्षमता बढ़ाना और कार्यान्वयन को तेज करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य सभी संबंधित विभागों को एक मंच पर जोड़कर परियोजनाओं को अधिक शक्ति और गति देना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों की बुनियादी ढांचा योजनाओं को एक समान दृष्टि से तैयार कर उनका कार्यान्वयन किया जाएगा। मोदी ने आरोप लगाया कि विगत में विकास कार्यों में सुस्ती के साथ करदाताओं के पैसों का सही इस्तेमाल नहीं किया जाता था और विभाग अलग-अलग काम करते थे।

## मनमोहन सिंह अस्वस्थ होने के बाद एम्स में भर्ती

**भाषा।** नई दिल्ली



**पूर्व** प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को अस्थ्वस्थ होने की वजह से बुधवार को यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। कांग्रेस के सूत्रों ने यह जानकारी दी। पार्टी के एक सूत्र ने बताया, दो दिन पहले उन्हें बुखार आया था। बुखार उतरने के बाद वह कमजोरी महसूस कर रहे थे। आज चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें एम्स भर्ती कराया गया है। उन्हें चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया है और चिंता की कोई बात नहीं है। उधर, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और मीडिया विभाग के सह-प्रभारी प्रणव झा ने ट्वीट किया, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के स्वास्थ्य के संदर्भ में कुछ अफवाहें चल रही हैं जो आधारहीन हैं।

# चीन को कड़ा जवाब, अरुणाचल भारत का अभिन्न हिस्सा

● भारत ने उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन की आपत्ति सिरे से खारिज की

**भाषा।** नई दिल्ली, बीजिंग

**भारत** ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के हाल के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर चीन की आपत्ति को बुधवार को सिरे से खारिज किया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट और अभिन्न हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारतीय नेताओं द्वारा भारत के किसी राज्य की यात्रा पर आपत्ति करने का कोई कारण नहीं है। बागची ने कहा, हमने चीन के आधिकारिक प्रवक्ता की टिप्पणी को आज देखा है। हम ऐसे बयानों को खारिज करते हैं।

अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट और अभिन्न हिस्सा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के सप्ताहांत में अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन के विदेश मंत्रालय की आपत्ति के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही। बागची ने कहा, भारतीय नेता नियमित रूप से अरुणाचल प्रदेश का दौरा करते हैं जिस प्रकार वे भारत के अन्य राज्यों में जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के एक राज्य की भारतीय नेताओं द्वारा यात्रा पर आपत्ति करने का कोई कारण भारतीयों को समझ नहीं आ रहा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने बीजिंग में एक मीडिया ब्रीफिंग में उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के अरुणाचल प्रदेश के हालिया दौरे पर पूछे गए एक सवाल पर कहा कि चीन ने कभी राज्य को मान्यता नहीं दी है। उन्होंने कहा, सीमा मुद्दे पर चीन की स्थिति अडिग और स्पष्ट है। चीन सरकार ने कभी भी भारतीय पक्ष द्वारा एकतरफा और अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं दी है एवं वह भारतीय नेता के संबंधित क्षेत्र के दौरे का कड़ा विरोध करता है।



लिजान ने कहाकि हम भारतीय पक्ष से चीन की प्रमुख चिंताओं का ईमानदारी से सम्मान करने और ऐसी किसी कार्वाई से बचने का आग्रह करते हैं जिससे सीमा मुद्दा और जटिल तथा विस्तारित हो एवं जो आपसी विश्वास और द्विपक्षीय संबंधों को कमतर करे।

उन्होंने कहाकि इसके बजाय इसे चीन-भारत सीमा क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए वास्तविक ठोस कार्वाई करनी चाहिए तथा द्विपक्षीय संबंधों को वापस पटरी पर लाने में मदद करनी चाहिए। चीन भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर आपत्ति व्यक्त करता है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा बताता है। दोनों पक्षों की ओर से यह टिप्पणी पूर्वी लद्दाख में 17 महीने से भारत और चीन के बीच जारी गतिरोध को दूर करने के लिए भारत और चीन के बीच 13वें दौर की सैन्य वार्ता के तीन दिन बाद आई है। बागची ने कहा, जैसा कि हमने पहले कहा है कि भारत चीन सीमा पर पश्चिमी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वर्तमान स्थिति चीन द्वारा द्विपक्षीय समझौतों का उल्लंघन करते हुए एकतरफा ढंग से यथास्थिति बदलने के प्रयास करने के कारण उत्पन्न हुई है। गौरतलब है कि सरकार पूर्वी लद्दाख को अक्सर पश्चिमी सेक्टर कह कर संबोधित करती है। बागची ने कहा, इसलिए हम चीनी पक्ष से उम्मीद करते हैं कि वह असंबद्ध मुद्दों को जोड़ने की बजाए द्विपक्षीय समझौतों एवं प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन करते हुए वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शेष मुद्दों के जल्द समाधान के लिए काम करेगा।

# लंबे समय के बाद यूपी विधानसभा को मिलेगा उपाध्यक्ष

## निर्वाचन प्रक्रिया शुरू, 18 को होगा चुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी** में लंबे समय बाद विधान सभा उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पिछली सपा और बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकारों में इस पद के लिए निर्वाचन नहीं कराया गया था जबकि मौजूदा सत्तारूढ़ दल बीजेपी सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में विधान सभा उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रमुख सचिव विधान सभा प्रदीप दुबे ने बुधवार को इस संबन्ध में अधिसूचना जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि विधान सभा अध्यक्ष ने सत्रहवीं विधान सभा के उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 18 अक्टूबर की तिथि निर्धारित की है। उक्त निर्वाचन 18 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे विधान सभा मण्डप में होगा। विधान सभा का कोई भी सदस्य 17 अक्टूबर के पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक उक्त निर्वाचन के लिए किसी दूसरे सदस्य के नाम-निर्देशन के लिए एक नाम, निर्देशन पत्र भरकर प्रमुख सचिव विधान सभा को प्रस्तुत कर सकेंगे। नामांकन पत्र प्रमुख सचिव विधान सभा के कार्यालय कक्ष से प्राप्त किये जा सकते हैं। विधान सभा सूत्रों की मानें तो सपा सदस्य नितिन अग्रवाल ने उपाध्यक्ष पद के नामांकन के लिए पर्चा संसदीय अनुभाग से प्राप्त कर लिया है।

तकनीकी रूप से नितिन अग्रवाल इस समय सपा के ही सदस्य माने जाएंगे क्योंकि नितिन अग्रवाल की सदस्यता समाप्ति की याचिका जो कि सपा द्वारा विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित के यहां दाखिल की गई थी उसे स्पीकर ने पिछले दिनों खारिज कर दिया है। उधर सपा भाजपा समर्थित नितिन अग्रवाल का विरोध कर सकती है। हालांकि इसका निर्णय सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव करेंगे। उधर भाजपा ने पार्टी के सभी विधायकों को सोमवार को लखनऊ बुलाया है। हरदोई से सपा विधायक नितिन अग्रवाल के पिता नरेश अग्रवाल भाजपा में शामिल हो चुके हैं। 2018 में हुए राज्यसभा चुनाव में नितिन ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग की थी। सूत्रों की मानें तो नितिन के खिलाफ सपा की ओर से दाखिल दलबदल याचिका को जिस तरह खारिज किया गया और फिर विधानसभा उपाध्यक्ष बनाने का दांव चला गया है यह बीजेपी की प्रमुख विपक्षी दल सपा पर मनोवैज्ञाकि रूप से दबाव बनाने की रणनीति है। ऐसे में सपा अपना उम्मीदवार उतार सकती है। हालांकि विधानसभा में दो तिहाई बहुमत होने से सत्ताधारी दल अपना उपाध्यक्ष जिताने को लेकर निश्चित हैं। विधानसभा उपाध्यक्ष का पद परंपरा के अनुसार विपक्ष के हिस्से का माना जाता है लेकिन भाजपा की ओर से जिस तरह सपा विधायक नितिन अग्रवाल का नाम चर्चा में आया है सपा उस पर अपनी सहमति देगी इसमें संशय है। ऐसे में चुनाव को लेकर विपक्ष की भूमिका अहम होगी। ऐसे में माना जा रहा है कि नितिन अग्रवाल के नामांकन पत्र में प्रस्तावक के रूप में बसपा और कांग्रेस के बागी विधायकों की मदद ली जाएगी। सूत्रों की मानें तो सदन में सत्ताधारी दल का दो तिहाई बहुमत होने से विपक्ष नितिन की जीत सुनिश्चित मानकर सत्र का बहिष्कार भी कर सकता है। यदि विपक्ष विरोध की रणनीति पर आगे बढ़ा तो चुनाव हो सकता है। ऐसी स्थिति में विधानसभा के अंदर चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसी बीच रविवार 17 अक्टूबर को विधान सभा अध्यक्ष ने कार्य मंत्रणा की बैठक भी बुलाई है।

भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वैश्य मतदाताओं पर मजबूत पकड़ के लिए यह रणनीति बनाई है। सूत्रों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले नरेश अग्रवाल ने भाजपा की सदस्यता ली थी। लोकसभा चुनाव में नरेश अग्रवाल का लाभ बीजेपी को हरदोई और उसके आस-पास की विधान सभा सीटों पर हुआ था लेकिन तब से अभी तक बीजेपी ने नितिन अग्रवाल का कही समायोजन नहीं किया है। पूर्व वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल को योगी मंत्रिमंडल से हटाकर पार्टी का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया गया है। ऐसे में नितिन को उपाध्यक्ष बनाने से वैश्य वर्ग में अच्छा संदेश तो जाएगा ही पार्टी को वैश्य वर्ग में युवा चेहरा भी मिलेगा।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखपुर में काली बाड़ी मन्दिर के सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण किया और पूजा अर्चना की।

## राज्यपाल ने दुर्गा पूजा व विजयादशमी पर्व पर दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दुर्गा पूजा एवं विजय दशमी पर्व पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दुर्गा पूजा एवं दशहरा का पर्व हम सभी को असत्य पर सत्य की तथा अन्याय पर न्याय की विजय का सन्देश देता है। सभी लोगों को पर्वों को आपसी प्रेम और सौहार्द से मनाते हुए समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुरीतियों का परित्याग करना चाहिए। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सभी लोग कोविड.19 के प्रोटोकॉल को दृष्टिगत रखते हुए पर्व का उत्सव मनाये।

## अघोषित बिजली कटौती से बढ़ता ही जा रहा है जनता का संकट: नसीमुद्दीन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा है कि सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह तत्काल स्थिति की समीक्षा कर कोयले की व्यवस्था करे। जिससे प्रदेश को इस संकट से बचाते हुए महंगी बिजली की मार से बचाया जा सके। सिद्दीकी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कोयले की बढ़ती कमी एवं बढ़ते अघोषित बिजली कटौती से उत्तर प्रदेश की जनता का संकट बढ़ता जा रहा है। देश में सर्वाधिक मंहगी बिजली उत्तर प्रदेश में है तथा प्रदेश पहले से ही बिजली संकट से जूझ रहा था। कोयले की आपूर्ति में मौजूदा कमी से बिजली के दाम और बढ़ने की प्रबल संभावना है, साथ ही साथ बिजली की भारी कमी से भी प्रदेश को जूझना पड़ेगा। चंद उद्योगपति मित्रों की मद्दगार अनुभवहीन सरकार एवं उसके भ्रष्ट आचरण ने इस संकट को बढ़ाने का काम किया है। बिजली उत्पादन संयत्रों को चलाने के लिए कोयले की आधारभूत आवश्यकता से कोई सरकार अनभिज्ञ नहीं हो सकती।

## योगी सरकार के बुलडोजर से सपा को सर्वाधिक पीड़ा:स्वतंत्र देव सिंह

● सपा गुंडों व माफिया को हवाई सैर कराती थी, योगी सरकार खिला रही जेल की हवा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा योगी सरकार का बुलडोजर जिन अपराधियों और माफिया पर चल रहा है इन लोगों की 2017 से पहले समानांतर सरकार चल रही थी। इन माफिया तत्वों ने गरीबों की जमीनों पर कब्जा करके अपनी कोठियां खड़ी कर ली थीं। उन्होंने कहा अब जब योगी सरकार उनसे अवैध कब्जे वापस लेकर गरीबों को आवास बना रही तो अखिलेश यादव को तकलीफहो रही है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि माफिया पर बुलडोजर चलने से सर्वाधिक पीड़ा सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को हो रही है। सपा राज में गुंडो और माफिया को हवाई जहाज में सैर करायी जा रही थी। अपराध और गुंडागर्दी की खुली छूट मिलती थी, योगी सरकार उन्हें जेल की हवा खिला रही है। संगठित अपराध से अर्जित उनकी अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चला रही है तो अखिलेश का दुखी होना स्वाभाविक है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा यह आश्चर्य और दुख दोनों का ही विषय है कि योगी सरकार द्वारा संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई की आम जनता तो खुले दिल से स्वागत कर रही है लेकिन सपा अध्यक्ष के लिए सर्वाधिक पीड़ा का कारण है। जाहिर है ये सभी अपराधी सपा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया को याद रखना चाहिए कि उनका सत्ता से बाहर होने का एक मुख्य कारण गुंडागर्दी और अपराधियों को प्रश्रय देना रहा है। उन्होंने कहा कि उससे भी चौंका देने वाली बात यह है कि जो व्यक्ति स्वयं मुख्यमंत्री रह चुका हो, वह अपराधियों और माफिया के खिलाफ कार्रवाई का खुलेआम विरोध कर रहा है इससे सपा का चरित्र और मजबूरी दोनों ही सबके सामने है। इस विरोध से सपा प्रमुख ने पुष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी क्यों अपराधी और अपराध का पर्याय समझी जाती रही है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि लंबे समय बाद महल से फाइव स्टार रथयात्रा से निकले सपा प्रमुख योगी सरकार का जमीनी विकास देखकर हवाई वादे पर उतर आये हैं।

## धर्मांतरण मामला: चार और मुल्जिमों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

विधि सवांददाता। लखनऊ

**धर्मांतरण** के मामले में निरुद्ध मुल्जिम प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, कौशर आलम, भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा व फराज शाह के खिलाफ बुधवार को एटीएस ने विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। एटीएस ने इन सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 417, 120बी, 153ए, 153बी, 295 व धारा 298 के साथ ही उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3/5/8 में आरोप पत्र दाखिल किया है। इस अधिनियम के तहत यह दूसरा आरोप पत्र दाखिल हुआ है। अदालत में यह आरोप पत्र इस मामले के विवेचक व एटीएस के निरीक्षक चैम्पियन लाल ने दाखिल किया है। विशेष अदालत में आरोप पत्र पर संज्ञान के मसले पर सुनवाई अभी बाकी है।

एटीएस ने इस मामले में अब तक 16 मुल्जिमों को देश के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। इनमें मुल्जिम मो. उमर गौतम, मुफ्ती काजी जहॉगीर आलम कासमी, इरफान शेख उर्फ इरफान खान, राहुल भोला उर्फ राहुल अहमद, मन्नू यादव उर्फ अब्दुल मन्नान व सलाहुद्दीन जैनुद्दीन शेख के खिलाफपहले ही आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। जबकि अन्य के खिलाफ विवेचना अभी जारी है। विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र के मुताबिक मुल्जिमों द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, विद्वेष तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मातंरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था। इनके तार अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी जुड़े हैं। इसके लिए इन्हें विदेशों से हवाला के जरिए रकम भेजी जा रही थी।

इनके द्वारा आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं व दिव्यांगजनों को बहला फुसलाकर व अनुचित दबाव डालकर एक आर्गनिक मैकेनिज्म के तहत जनसंख्या संतुलन बदलने के लिए बड़े पैमाने पर धर्मातंरण किया जा रहा था। ये धर्म विशेष के लोगों को मृत्यु के बाद की दुनिया में जहन्नुम की आग जैसी अवधारणाओं का हवाला देकर भयभीत भी करते थे। इनका उद्देश्य देश में शरीयत आधारित सरकार की व्यवस्था कायम करना था।

## मनीष गुप्ता हत्याकांड में आरोपी एक लाख का इनामी हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कानपुर** के प्रापर्टी डीलर मनीष गुप्ता की गोरखपुर में हुई हत्या के मामले में पांचवे आरोपी हेड कांस्टेबल कमलेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कमलेश को गोरखपुर की कैंट पुलिस ने कचहरी के पास से उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वह सरेंडर करने कोर्ट में जा रहा था। प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि कारोबारी मनीष गुप्ता हत्याकांड मामले के आरोपी हेड कॉन्स्टेबल कमलेश यादव को गोरखपुर में गिरफ्तार कर लिया गया। वह अदालत में आत्मसमर्पण करने जा रहा था। मंगलवार को पुलिस ने मामले के आरोपी दारोगा राहुल दुबे और कॉन्स्टेबल प्रशांत कुमार को गिरफ्तार किया था। वहीं पिछले रविवार को आरोपी निरीक्षक जेएन सिंह और उपनिरीक्षक अक्षय मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। गौरतलब है कि पिछले महीने गोरखपुर के एक होटल में तलाशी के दौरान कथित रूप से पुलिस कर्मियों द्वारा बर्बरतापूर्ण पिटाई किए जाने से कानपुर निवासी 36 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर मनीष गुप्ता की मौत हो गई थी। इस मामले में आरोपी छह पुलिसकर्मियों को निलंबित करके उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। सभी पर पहले 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। बाद में उसे बढ़ाकर एक.एक लाख रुपये कर दिया गया। पुलिस अब तक छह आरोपी पुलिसकर्मियों में से 5 को गिरफ्तार कर चुकी है। एक अन्य आरोपी उपनिरीक्षक विजय यादव की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा नाम अनिल खानचंदानी से बदलकर अनिल कुमार खान चंदानी S/o दुलीचन्द R/o 113/124 स्वरूप नगर कानपुर हो गया है।

सूचना

मैंने अपने पुत्र सौरभ मौर्य को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा व परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। लाल बहादुर पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम व पोस्ट सरसौल जिला कानपुर नगर

सूचना

मैंने अपना नाम रितू भसीन उर्फ रजनीत से रितू भसीन कर लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना जाये। रितू भसीन पत्नी कुॅवरजीत सिंह भसीन निवासी–बंगला नं0–107, हार्डिंग रोड, मीरपुर कैन्ट, कानपुर।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित हो कि विक्रान्त जादौन पुत्र श्री संजय कुमार सिंह की बी0टेक की मार्कशीट जिसका रोल नं0 A7605217042 है वास्तव में खो गया है। जिस किसी को प्राप्त हो निम्न पते पर सूचित करें। विक्रान्त जादौन पुत्र संजय कुमार सिंह निवासी ठाकुर विहार कालोनी, पिकनिक स्पाट रोड, फरीदी नगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

सूचना

सूचना

मैं राघवेन्द्र सिंह सेंगर पिता श्री कौशलेन्द्र सिंह निवासी ग्रा0 व पो0–शेखपुर बुजुर्ग, जिला व तह0 जालौन उ0प्र0 यह घोषणा करता हूं कि मेरे आर्मी रिकार्ड नं0 16017499 एम में मेरे पिता का नाम कौशलेन्द्र सिंह सेंगर एवं जन्मतिथि 01/07/1961 दर्ज है जो कि गलत है शपथ–पत्र दिनांक 13/10/2021 के अनुसार पिता का सही नाम कौशलेन्द्र सिंह एवं जन्मतिथि 01/01/1968 है।

## बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे का 73 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा

● यूपीडा के सीईओ ने की बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की समीक्षा, टोल प्लाजा व टॉयलेट ब्लॉक्स के निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपीडा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य की वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि आरओबी तथा आरई पैनल निर्माण के काम में तेजी लाने के साथ स्ट्रक्चर्स से संबंधित काम में शीघ्रता लाई जाए। उन्होंने टोल प्लाजा व टॉयलेट ब्लॉक्स के निर्माण के काम में भी तेजी लाने के निर्देश देते हुए यह भी कहा कि शेष बचे मिट्टी का कार्य तेजी से खत्म किया जाए। श्री अवस्थी ने परियोजना के अन्तर्गत पड़ने वाले शेष बचे यूटिलिटी शिफ्टिंग के कार्यो को भी शीघ्रता से किए जाने के लिए निर्देशित किया। बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है। रिकॉर्ड समय में अब तक कुल 221 किमी लंबाई में बिटुमिनस स्तर का कार्य पूरा किया जा चुका है यानि कि इतनी सड़क पूर्णत: बनकर तैयार हो चुकी है। परियोजना का अब तक लगभग 73 प्रतिशत से अधिक भौतिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। एक्सप्रेसवे पर पड़ने वाले यमुना और बेतवा नदी पर पुलों का तीव्र गति से निर्माण चल रहा है।

## सावरकर को लेकर गलत बयानबाजी के लिए देश से माफी मांगें रक्षा मंत्री: कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी ने सावरकर के माफीनामे के सम्बन्ध में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दिये गये बयान को झूठा बताते हुए कहा कि सावरकर ने अंग्रेजों से माफी मांगना 1911 में आरंभ किया था और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंग्रेजों की कैद में बंद सभी कैदियों की रिहाई की मांग 1920 में की थी। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डा. उमा शंकर पाण्डेय ने कहां की संवैधानिक पदों पर बैठे हुए व्यक्तियों द्वारा गलत तथ्यों के माध्यम से इतिहास को प्रस्तुत करने से इतिहास बदलते नहीं है। देश के सामने सही इतिहास, वास्तविक स्वरूप में ही आना चाहिए और सच यह है कि सावरकर ने अंग्रेजों की कैद से रिहाई के लिए माफी मांगना महात्मा गांधी जी के 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत वापसी के पहले ही आरंभ कर दिया था। कलेक्टेड वर्क ऑफमहात्मा गांधी के वाल्यूम 20 के खण्ड 20 के पृष्ठ संख्या 369-371 से यह स्पष्ट है कि महात्मा गांधी ने उक्त मांग 26 मई 1920 को एक लेख के माध्यम से किया था। सावरकर के प्रिय लेखक विक्रम संपथ की ही किताब का संज्ञान लिया जाए तो भी यह स्पष्ट होता है कि सावरकर ने पहली माफी 14 नवम्बर 1913 को मांगी थी जो कि गांधी जी की अपील से सात साल पहले की घटना है।

कार्यालय जिलाधिकारी, बाराबंकी

संख्या– 833/आबकारी/अपील/चेता0/बाराबंकी दि0 13.10.2021

अपील/चेतावनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के प्रशासनिक/पुलिस अधिकारियों को उनके दूरभाष नम्बर के साथ ही जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी मो0नं0 9454465638, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–1, नवाबगंज मो0नं0–9870946798, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2, रामसनेही घाट मो0नं0––9415530907, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–3, हैदरगढ़ मो0नं0–9454466232, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–4, फतेहपुर मो0नं0–6387487747, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–5 सिरौली गौसपुर मो0नं0–8318850654, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र–6 रामनगर मो0नं0–9454466712, पर सूचना देने का कष्ट करें। आप द्वारा दी गयी सूचना ऐसे अड्डों पर तुरन्त प्रशासनिक कार्यवाही में मददगार एवं सम्भावित जनहानि को रोकने में उपयोगी हो सकती है। किसी भी प्रकार की शिकायत उपरोक्त नम्बरों पर तत्काल करने का कष्ट करें, सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी।

जिलाधिकारी, बाराबंकी।

## अखिलेश-शिवपाल की राहें जुदा होने से दुविधा में मुसलमान वोटर

### प्रदेश की 147 विस सीटों पर मुसलमान मतदाता निभाता है अहम भूमिका

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**समाजवादी** पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेटे अखिलेश यादव और उनके भाई शिवपाल सिंह यादव के बीच छिड़े घमासान ने उत्तर प्रदेश के मुसलमानों को दुविधा में ड़ाल दिया है। इस घमासान के चलते सूबे के सबसे बड़े राजनीतिक परिवार के अखिलेश यादव और शिवपाल सिंह यादव चुनावी समर में अपने को बड़ा साबित करने के लिए अलग -अलग रथयात्रा निकाल रहे हैं। जिसके तहत ही मंगलवार को शिवपाल सिंह यादव ने मथुरा से सामाजिक परिवर्तन रथयात्रा और अखिलेश यादव ने कानपुर से समाजवादी विजय रथयात्रा की शुरुआत की। वही दूसरी तरफसपा से जुड़े मुस्लिम समाज के लोग यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि इस दोनों के बीच छिड़े घमासान को लेकर आखिर वह करें तो क्या करें।

फ़िलहाल सपा के पारम्परिक कहे जाने वाले इस वोट बैंक में फैली सियासी अनिश्चितता ने बहुजन समाज पार्टी सहित अन्य दलों की बांछें खिला दी हैं। ये राजनीतिक दल सपा के पारम्परिक वोट बैंक में सेंधमारी की जुगत में लग गए हैं। सपा कुनबे में मचे घमासान के चलते मुस्लिम समाज में फ़ैली अनिश्चितता का लाभ उठाने के लिए बसपा नेताओं ने बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट देने की तैयारी की है। ओवैसी भी सपा से खफा मुस्लिम नेताओं को अपने साथ जोड़ने की जुगत में लग गए हैं। समाजवादी पार्टी की राजनीति पर नजर रखने वाले राजनीतिक समीक्षकों का कहना है कि अखिलेश और शिवपाल के बीच घमासान का नुकसान फिर अखिलेश को उठाना पड़ सकता है। इसलिए अखिलेश यादव को अपने चाचा से संघर्ष करने के बजाए उनके साथ चुनावी गठबंधन करना चाहिए। अखिलेश जब ओम प्रकाश राजभर से चुनावी गठबंधन के लिए वार्ता कर रहे हैं तो फिर उन्हें शिवपाल से परहेज क्यों हैं, ये सवाल करने वाले राजनीतिक समीक्षक कहते हैं कि यादव और मुस्लिम समाज चाहता है कि अखिलेश यादव अपने चाचा के साथ अपने रिश्ते ठीक करें वरना मुस्लिम समाज सपा से दूरी बना लेगा। उत्तर प्रदेश की 403 विधान सभा सीटों में से 147 ऐसी हैं जहां मुसलमान मतदाता हार जीत का फैसला करने की सियासी कुव्वत रखता है। इस वोटबैंक के भरोसे ही सपा राज्य बड़ी राजनीतिक ताकत बनी है। सूबे के जातीय आंकड़ों के अनुसार, रामपुर में सबसे अधिक मस्लिम मतदाता हैं। रामपुर में जहां मुसलमान मतदाताओं का प्रतिशत 42 है। मुरादाबाद में 40, बिजनौर में 38, अमरोहा में 37, सहारनपुर में 38, मेरठ में 30, कैराना में 29, बलरामपुर और बरेली में 28, संभल, पडरौना और मुजफ्फरनगर में 27, डुमरियागंज में 26 और लखनऊ, बहराइच व कैराना में मुसलमान मतदाता 23 प्रतिशत हैं। इनके अलावा शाहजहांपुर, खुर्जा, बुलन्दशहर, खलीलाबाद, सीतापुर, अलीगढ़, आंवला, आगरा, गोंडा, अकबरपुर, बागपत और लखीमपुर में मुस्लिम मतदाता कम से कम 17 प्रतिशत है। उक्त जिलों में निर्णायक भूमिका में होने के बाद भी बीते विधानसभा चुनाव में शिवपाल सिंह यादव से हुए आंतरिक संघर्ष के चलते सपा 47 सीटों पर ही सिमट गई थी। इसके बाद भी सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कोई सबक नहीं सीखा और शिवपाल सिंह यादव के साथ गठबंधन नहीं किया। जबकि शिवपाल सिंह ने हर मंच से यह कहा कि वह सपा से गठबंधन चाहते हैं लेकिन अखिलेश यादव ने उनकी तरफ दोस्ती का हाथ नहीं बढ़ाया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर (सीतापुर)

पत्रांक : ............./न0पा0परि0लहरपुर/2021–22 दिनांक 11–10–2021

ई–टेण्डरिंग निवदा सूचना

नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर द्वारा 15वॉ वित्त आयोग से प्राप्त हुई धनराशि से ई–टेण्डर की वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** के माध्यम से **प्रमुख सचिव महोदय के पत्र सं0 3890/नौः 5–19–14सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019** के क्रम में जिलाधिकारी महोदय सीतापुर द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना दिनांक 21 सितम्बर 2021 के अन्तर्गत समस्त उत्तर प्रदेश के सिविल ठेकेदारों से ई–निविदाएं दिनांक 12.10.2021 से दिनांक 27.10.2021 अपरान्ह 2:00 बजे तक आनलाइन आमंत्रित की जाती है। टेक्निकल बिड दिनांक 29.10.2021 को शाम 2:00 बजे ई–टेण्डरिंग निविदा समिति द्वारा आनलाइन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। तत्पश्चात अगले दिन फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। **निविदा के साथ धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी तथा निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद लहरपुर के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 38686316966 IFSC-CODE SBIN0008314 में जमा कर रशीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदादाता से न्यूनतम निविदा प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धित नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों में पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क डिमांड ड्राफ्ट/ई–बैकिंग के माध्यम से जमा कराते हुए निविदादाता का पंजीकरण कर निविदा की शर्तों के अनुसार जमानत आदि की धनराशि जमा कराते हुए नियमानुसार अनुबन्ध गठित किया जायेगा।** इच्छुक ठेकेदार/फर्म यह निविदा उक्त वेबसाइट से उपरोक्त दिनांक में पूर्वान्ह 2:00 बजे तक डाउनलोड कर निविदा अपलोड कर सकते हैं। निविदा सम्बन्धी जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर व वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** से देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में निहित है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+GST 12% | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मो0 टांडासालार में वेस्ट वाटर मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत नाला निर्माण कार्य। (ल0 62मी0 चौ0 3) | 2117000.00 | 211700.00 | 2380.00 | 2 माह |

(एच0एन0 उपाध्याय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
लहरपुर–सीतापुर

(मो0 जासमीर अंसारी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
लहरपुर–सीतापुर

# अष्टमी पर मां अन्नपूर्णेश्वरी की हुई अर्चना





पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

## लाखों श्रद्धालुओं ने भगवती अन्नपूर्णा देवी के किए दर्शन

**शारदीय नवरात्र** के अष्टमी को श्रद्धालुओं ने विश्वनाथ गली स्थित भगवती माँ अन्नपूर्णा के दरबार में पहुँचकर दर्शन-पूजन किया तथा मंदिर की फेरी भी लगायी। अष्टमी को माँ भगवती अन्नपूर्णा के रूप में जिनकी पूजन-अर्चन की जाती है। मंदिर के महंत स्वामी शंकर पुरी जी महराज ने बताया कि भगवती अन्नपूर्णेश्वरी जी का भोर में साढ़े तीन बजे मंगला आरती करने के बाद श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन एवं फेरी के लिए मंदिर की कपाट खोल दिया गया जो देर रात तक चलता रहा। लाखों नरनारियों ने मंदिर में पहुँचकर माँ अन्नपूर्णा को चुनरी, नारियल, प्रसाद, सिन्दूर आदि चढ़ाया तथा अन्नपूर्णा देवी से सुख-समृद्धि के लिए आर्शीवाद प्राप्त किया। मंदिर के महंत स्वामी शंकर पुरी जी ने बताया कि माँ अन्नपूर्णा के रूप में अष्टमी के दिन पूजा जाता है, जो भी नर-नारी शारदीय नवरात्र या वासंतिक नवरात्र के अष्टमी को दर्शन-पूजन करने मात्र से धन-धान व सुख-समृद्धि को प्राप्त होता है। यही माँ अन्नपूर्णा ने भगवान शिव को भी अन्न के रूप दान किया था। भारी-सुरक्षा व शांति व्यवस्था के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने भगवती अन्नपूर्णा का दर्शन-पूजन प्राप्त किया।

## कन्याएं बोलीं, सिंगल यूज प्लास्टिक का न करें इस्तेमाल

**वाराणसी।** अष्टमी तिथि पर देवी के आठवें स्वरूप महागौरी के पूजन के उपरांत नमामि गंगे ने नौ कन्याओं का पूजन किया । कन्याओं के साथ ही भैरव के प्रतीक स्वरूप बटुकों का भी समादर हुआ । पूजन के बाद उन्हें भोग प्रसाद अर्पित किया गया । कन्याओं को हलवा पूड़ी, सब्जी , चने की घुघरी और मिष्ठान का भोग लगाया गया । दक्षिणा और उपहार दिए गए । पूजन के दौरान स्वच्छता का संदेश देते हुए कन्याओं में झोले का वितरण हुआ । दुर्गा स्वरुपा कन्याओं ने सभी से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की



अपील की। संयोजक राजेश शुक्ला ने कहा कि नवरात्र में माता दुर्गा स्वच्छता का भी संदेश देती हैं। बिना स्वच्छता के कोई पूजा स्वीकार नहीं होती । स्वच्छता धर्म है इसलिए हर पूजा पद्धति में स्वच्छता सर्वोपरि है । सिंगल यूज प्लास्टिक ने हमारे जीवन में गंदगी उत्पन्न कर कूड़े-कचरे का अंबार खड़ा कर दिया है । पॉलिथीन के कारण हमारे पर्यावरण पर हानिकारक असर पड़ रहा है । सिंगल यूज प्लास्टिक हमारी माता की तरह हितकारिणी नदियों के लिए जहरीला साबित हो रहा है । नमामि गंगे ने कन्याओं के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का आग्रह किया है ।

# पुलिस कमिश्नर ने बनारस के सर्राफा बाजार का जायजा लिया

## स्वर्ण व्यापारियों को हर तरह की सुरक्षा और मदद करने वादा किया



**वाराणसी।** दशहरा पर्व से एक दिन पूर्व यानि बुधवार को बनारस से अति मिलनसार तेजतर्रार पुलिस कमिश्नर ए सतीश गणेश ने सर्राफा बाजार में आए तथा दुकानदारों से मिले और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने देखा कारीगर बंधुओं से भी मिले सब से बात किए तथा सभी को सीसी कैमरा दुरुस्त कराने तथा और बहुत सारी सुरक्षा के मानकों को तय करते हुए उसे लागू करवाने के सुझाव दिए जिसका व्यापारियों ने स्वागत करते हुए जल्द से जल्द अमल में लाने का वादा किया। नवरात्र के अष्टमी को पुलिस कमिश्नर श्री गणेश ने व्यापारी उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष निलेश कुमार सोनी ,उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के महामंत्री शैलेश वर्मा, वाराणसी सराफा एसोसिएशन के महामंत्री सुमित वर्मा, वाराणसी सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा ,उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के कार्यकारिणी सदस्य नीरज सिंह ,उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ के मीडिया प्रभारी धनंजय सोनी कारीगर बंधु में भक्ति मैती संजय सावंत सहित नमामि गंगे काशी क्षेत्र के सह संयोजक उज्जवल वर्मा आदि लोग से मिले आज पुलिस कमिश्नर ने सुड़िया, ठठेरी बाजार सुग्गा गली आदि सराफा क्षेत्रों का दौरा किया और स्वर्ण व्यापारियों को हर सुरक्षा मदद करने का वादा किया। अध्यक्ष सत्यनारायण सेठ ने पुलिस कमिश्नर ए0सतीश गणेश का स्वागत किया।

# ट्रक और ऑटो की टक्कर में ऑटो चालक की मौत

**चंदौली।** सैयदराजा क्षेत्र के काले शाह शहीद मजार के पास ट्रक और ऑटो की टक्कर में ऑटो चालक की मौत हो गई वही ट्रक चालक मौके से फरार हो गया घटनास्थल पर जुटे आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची सैयदराजा पुलिस पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में ले आई और आगे की कार्यवाही में जुट गई। बिहार प्रांत के मोहनिया क्षेत्र के बमौर गांव निवासी धर्मेंद्र शाह बिहार से ऑटो लेकर बनारस जा रहा था। जैसे ही वह सैयद राजा क्षेत्र के काले शाह मज़ार के पहुचा की खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया उससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मौके पर जुटे आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले आई और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# सोनभद्र में 18 से चलेगा संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

## व्मॉनिटरिंग के लिए बनाई गई 22 टीमें अभियान में लगाई गईं 1500 आशाएं

**सोनभद्र।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान जिले में 18 अक्टूबर से चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों से जहां लोगों को बचाव की जानकारी दी जाएगी वहीं बुखार के मरीजोंए कुपोषित बच्चों और कोरोना के लक्षण वालों की जांच कराई जाएगी ।यह अभियान पूरे एक माह 17 नवंबर तक चलाया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी विभागों से सामंजस्य स्थापित कर सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया है। जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अलावा जिला पंचायत राज विभाग एकृषि विभागए बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एपशुपालन विभागए नगरपालिका तथा शिक्षा विभाग समेत अन्य विभागों के सहयोग से यह अभियान चलाया जाएगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 18 अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलेगा। जबकी दस्तक अभियान 18 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलाया जायेगा। इस दौरान लोगों को साफसफाईए घरों के पास पानी इकट्ठा न होने देने एमच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने तथा कोरोना टीकाकरण हेतु जागरूक किया जाएगा। जिससे लोग संक्रामक बीमारियों की चपेट में न आने पाए ।जिला मलेरिया अधिकारी के अनुसार इस अभियान के लिए 1500 आशा कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। जबकि मॉनिटरिंग के लिए डब्ल्यूएचओ की तरफ से 8 टीमेंए यूनिसेफ की तरफ से 6 टीमें और स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 8 टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान में आशाएं घर.घर जाकर बुखार के मरीजों तथा कुपोषित बच्चों और क्षय रोगियों की पहचान करने के साथ ही कोविड.19 के मरीजों की पहचान करेंगी ।उन्होंने बताया कि जिले में स्कूल खुल गए हैं प्रार्थना सभाओं में छात्र.छात्राओं को संचारी रोगों से बचाव की जानकारी दी जाएगी।

**लेप्टो स्पाइरोसिस स्क्रब टाईपस रोग के प्रति किया जाएगा जागरूक:** जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि लेप्टो स्पाइरोसिस स्क्रब टाईपस रोग पशु जनित बीमारी है। यह घरेलू पशुओं से फैलता है खासतौर पर यह चूहे से फैलता है। चूहे के शरीर में कीटाणु होते हैं जो मनुष्य के शरीर में पहुंचते हैं ।उन्होंने बताया कि इस रोग से बुखार आता है और शरीर पर चकत्ते पड़ जाते हैं। इस रोग से बचाव के लिए पशुपालन विभाग गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को इसके प्रति जागरूक करेगा ।इसके अलावा कृषि विभाग चूहों को नियंत्रण करने हेतु लोगों को प्रेरित करेगा और पंचायती राज विभाग द्वारा झाड़ियों की सफाई कराई जाएगी।

# दोस्तों संग नहाने गया किशोर गंगा में डूबा, तलाश जारी

**चहनियां/चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के मारूफपुर चौकी अन्तर्गत हसनपुर तिरगांवा गांव निवासी रणधीर यादव का पुत्र राजकुमार यादव ;15द्ध बुधवार की सुबह सैदपुर के बुढे महादेव मंदिर घाट पर गंगा में नहाते समय डुब गया। स्थानीय पुलिस व गोताखोरों द्वारा डुबे युवक की खोजबीन चल रही है। हसनपुर तिरगांवा गांव निवासी राजकुमार यादव पुत्र रणधीर यादव जो कि जटाधारी इंटरमीडिएट कालेज मारूफपुर में कक्षा 9वीं का छात्र है। बुधवार को विद्यालय की छुट्टी होने के कारण अपने दो अन्य मित्रों के साथ सैदपुर घुमने गया। जहां बुढे महादेव मंदिर घाट पर पहुंचकर वह अपने मित्रों के साथ स्नान करने लगा। स्नान करते वक्त पक्की सीढियों पर पैर फिसलने से गंगा में डुबने लगा। साथी को डुबता देख मित्रो ने हो हल्ला मचाया जिससे आसपास के लोग जुट गये किन्तु तब तक वह गहरे पानी में समाहित हो चुका था।

# बच्चों के बहुमुखी विकास में सांस्कृतिक विरासत व शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदानः अजीत रावत

संवाददाता। सोनभद्र

**जनपद मुख्यालय** स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय अखाड़ा मोहाल में बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि अजीत रावत ने कहा कि शिक्षा का यह मंदिर पवित्र स्थल है। जहां पवित्रता को लेकर हम सब एक संस्कृत का हर वो ज्ञान अर्जित करते हैं जो हमारे जीवन पर्यंत चलने वाले हर पहलुओं पर अहम योगदान देता है। बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुति ने मौजूद अभिभावक सहित हम सभी का मन मोह लिया जो बच्चों द्वारा प्रस्तुति की गई वह निर्मल कोमल व संस्कृति से परिपूर्ण थी । जिसके तहत आज हम गर्व से कह सकते हैं



कि किसी भी क्षेत्र में कोई भी कितना आगे बढ़ क्यों ना जाए मगर उस क्षेत्र में सास्कृतिक विरासत व शिक्षा का अहम योगदान होता है। जिसके तहत यहां के सभी अध्यापको व अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अभिषेक गुप्ता द्वारा वहां मौजूद सभी अभिभावकों का अभिवादन करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया ।इस दौरान कार्यक्रम में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र.छात्राओं को पुरस्कृत सप्रेम भेंट किया गया। इस मौके पर मंजू गिरी अखिलेश कश्यप विनय गप्पू जैस्वाल सूरज पन्नालाल पासवान मनीष प्रजापति व स्कूल के प्रधानाचार्य मंजू सोनकर प्रधानाध्यापिका वंदना सिंह पूजा पांडेय कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चे आशीष अनुराधा पूजा आदित्य अरुण पृथ्वी सूर्य ने प्रतिभाग किया।

# पेट्रोल, डीजल और खाद्य पदार्थों में बेतहाशा मूल्यवृद्वि को लेकर सपा का जोरदार प्रदर्शन

## मंहगाई की मार कोरोना की मार से कम घातक नहीं: देवी प्रसाद चौधरी

संवाददाता। मीरजापुर

**सपा कार्यकर्ताओं** ने पेट्रोल.डीजल और खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि कीमतों को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन मुख्य राजस्व अधिकारी को सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने मूल्यवृद्धि वापस नहीं ली तो सपा बड़ा आंदोलन करेगी।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे सपा कार्यकताओं ने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा भाजपा रोज पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी कर रही है। इससे आम आदमी का जीना मुहाल है। उन्होने कहा कि महंगाई की मार कोरोना की मार से कम घातक नहीं है। लोग कोविड लॉकडाउन की वजह से बेरोजगार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी सरकार पूरी तरह संवेदनहीन बनी है और रोजाना पेट्रोल . डीजल के दाम बढ़ा रही है। इसकी वजह से खाद्य पदार्थों के दाम भी आकाश को छूने लगे हैं। अगर मूल्य वृद्वि पर अंकुश नहीं लगाया गया तो सपा बढ़ा आन्दोलन के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन करने वालों में नागेन्द्र तिवारी, अरशद अली, रामजी यादव, विनोद चौधरी, रूपेश वर्मा, धर्मेन्द्र मौर्या, मनोज चौहान, रामजी चौहान, आशीष पाण्डेय, अतीक खां, सत्यम त्रिपाठी, घनश्याम कोल, इलियास खां, नसीम कुरैशी, नियाज अहमद, अनीस अंसारी, राजपति सरोज, शिवकुमार यादव, संतोष यादव, विनोद यादव, रामनरेश यादव आदि मौजूद रहें।

# शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर जताया शोक

## शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों को बंधाया ढांढस

संवाददाता। मऊ

**उत्तर प्रदेश** माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रहे जगरनाथ सिंह के निधन से जिले के शिक्षकों में काफी शोकाकुल है। शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में उनके आवास पहुंचकर परिजनों को ढांढ़स बंधाया। प्रतिनिधिमंडल में मु य रुप से अवनीश कुमार सिंहए मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य इश्तेयाक अहमदए पूर्व जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

बताते चले कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ केजिला अध्यक्ष रहे स्वर्गीय जगरनाथ सिंह का निधन 12 अक्टूबर 2021 को उनके पैतृक गांव बकवल में हो गया था। जगन्नाथ सिंह 22 वर्षों तक मऊ जनपद के माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रहे और



पूर्व जिलाध्यक्ष के निधन पर शोक प्रकट करने पहुंचे शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भी रहे हैं।

# मऊ के पूजा पंडालों में उमड़े श्रद्धालु

## जगमग रोशनी से नहा उठे सभीपंडाल, महिलाओं व बच्चों में दिखा जबरदस्त उत्साह, लगातार चक्रमण करते रहे उच्चाधिकारी

संवाददाता। मऊ

**शारदीय नवरात्र** के अष्टमी के दिन बुधवार को पूजा पंडालों में पूजन.अर्चन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। जिले के 357 पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला सुबह से ही शुरु हो गया था। सभी पूजा पंडाल दिन ढलते ही दूधिया रोशनी से जगमग हो उठा। दुर्गा पूजनोत्सव को लेकर महिलाओं व बच्चों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। साथ ही साथ पुलिस व प्रशासनिक उच्चाधिकारी पूजा पंडालों का भ्रमण करते हुए पल.पल की स्थिति का जायजा भी लेते रहे। उधर जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय पूजन.अर्चन करते हुए विश्व कल्याण व सुख.समृद्धि की कामना किया। शारदीय नवरात्र में जगह.जगह स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में पूजनोत्सव की



मां दुर्गा का पूजन.अर्चन करते श्रद्धालु

धूम मची हुई है। बुधवार को अष्टमी के दिन के सभी पूजा पंडालों में दर्शन.पूजन के लिए श्रद्धालुओं के उमड़ने का सिलसिला शुरु हो गया है। सुबह से ही शुरू हुआ श्रद्धालुओं के पंडालों में पहुंचने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। महिला.पुरुष से लेकर बच्चों तक ने पंडालों में पहुंचकर न सिर्फ आकर्षक ढंग से सजे पंडालों व प्रतिमाओं का अवलोकन व पूजन अर्चन किया। नगर क्षेत्र के हट्टी मदारी, सिंधी कालोनी, बाटा, सदर चौक, गोला बाजार, संस्कृत पाठशाला, मिर्जाहादीपुरा, भीटी, बालनिकेतन मोड़, हिन्दी भवन, रेलवे कालोनी, सहादतपुरा, मुंशीपुरा समेत सभी पूजा पंडालों में भक्तों का पूजन-अर्चन करने के लिए रेला लगा रहा। बताते चलें कि जिले में कुल 357 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसमें नगर क्षेत्र अंतर्गत शहर कोतवाली में 28, दक्षिण टोला में 11, सरायलखंसी में 33, घोसी में 48, दोहरीघाट में 24, कोपागंज में 47, मुह मदाबादगोहना में 32, चिरैयाकोट में 20, रानीपुर में 20, मधुबन में 64 व हलधरपुर में 30 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हैं।

## क्विक न्यूज

### शॉटगन यूपी स्टेट शूटिंग में जगदीप मधोक को रजत



**वाराणसी।** गोण्डा में सम्पन्न हुई 44वीं शॉटगन यूपी स्टेट शूटिंग चौम्पियनशिप में जगदीप मधोक ने डबल ट्रैप के वेटरन कैटेगिरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वाराणसी से एक मात्र खिलाड़ी है जिन्होंने शॉटगन शूटिंग में वाराणसी का प्रतिनिधित्व किया। श्री मधोक यू पी स्टेट राइफल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी है तथा सनबीम एकेडमी ग्रुप के सचिव भी है। यह जानकारी पंकज श्रीवास्तव, सदस्य एथलीट कमेटी यू पी स्टेट राइफल एसोसिएशन ने दी।

### आईटी व सोशल मीडिया विभाग से जुड़े लोगों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्णः कृष्ण मुरारी

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी के आईटी विभाग व सोशल मीडिया विभाग की महत्वपूर्ण बैठक जनपद मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के आईटी संयोजक पुष्पेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि के रुप में भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री व नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करने के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता सोशल मीडिया संयोजक मनोज सिंह व संचालन आईटी विभाग के संयोजक अभय सिंह ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया व आईटी विभाग भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करने के साथ ही केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों व कार्यक्रमों को आम जनमानस पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि सूचनाओं कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने व जन जागरूकता के क्षेत्र में सोशल मीडिया व आई विभाग का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में पूरी दुनिया आज गांव के रूप में परिवर्तित हो चुकी है जहा किसी भी सूचना का आदान प्रदान तत्काल किया जा सकता है। ऐसे में आईटी सेल व सोशल मीडिया क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों की भूमिका अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। बैठक में मुख्य रूप से लव कुश केसरी अमित रावत प्रशांत जैसवाल रोहित वर्मा राहुल पटेल हर्ष केसरी संजीव जयसवाल सोनू मोदनवाल आदर्श सिंह देवव्रत त्रिपाठी राजन पांडे त्रिलोकी सिंह जय प्रकाश मौर्या समेत मंडल के सभी संयोजक व सह संयोजक उपस्थित रहे।

### हंस वाहिनी व आर एएसएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पूजा पंडाल में बिखेरा जलवा

**सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बीजपुर बाजार में श्री श्री दुर्गा पूजा व रामलीला समिति के तत्वावधान में मनाए जा रहे दुर्गा पूजन उत्सव समारोह के सप्तमी की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हंस वाहिनी पब्लिक स्कूल व आर ए एस एस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दर्शकों के बीच अपने.अपने कला का जादू बिखेरते हुए लोगों को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने पर बाध्य कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रतिष्ठित व्यवसाई व समाजसेवी नाथीराम मंगला व विशेष अतिथि के रूप में मौजूद श्री मंगला की धर्मपत्नी ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ किया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने मनाए जा रहे दुर्गा पूजा के लिए समिति के अध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह विनोद गर्ग संदीप गुप्ता वीरेंद्र गुप्ता विकास मंगला आदि के साथ-साथ पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों व सहयोगियों को विशेष धन्यवाद का पात्र बताया सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में हंस वाहिनी व आर ए एस एस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक नृत्य गायन व झांकी प्रस्तुत करके पूजा पांडाल में खचाखच भरे दर्शकों को देर रात्रि तक बांधे रखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनिल त्रिपाठी यशवंत सिंह प्रेमचंद गुप्ता विकास मंगला बजरंग दल के युवा कार्यकर्ता हंस वाहिनी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य दुर्गावती गुप्ता आर ए एस एम के शिक्षक आदि संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

### लखीमपुर कांड के विरोध में किसानों ने निकाला कैंडिल मार्च



**सकलडीहा/चंदौली।** लखीमपुर में किसानों की हुई निर्मम मौत की घटना को लेकर किसानों में आक्रोश है। जिसे लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भाकियू ने बलारपुर गांव से कैंडिल मार्च निकालकर तहसील गेट पर विरोध जताया। अंत में लखीमपुर के शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजली अर्पित किया। किसानों के विरोध को लेकर सुबह से ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की वाहन जगह जगह तिराहों पर तैनात रही। लखीमपुर में किसानों की मौत को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सुबह से ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की वाहन की वाहन चट्टी चौराहों पर अलर्ट रही। शाम होते ही किसानों का जत्था बलारपुर से दर्जनों की संख्या में कैंडिल लेकर शासन प्रशासन को कोसते हुए विरोध मार्च किया। तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर सभा के रूप में तब्दील होगया। इस दौरान किसानों ने केन्द्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाया। अंत में लखीमपुर में मृत शहीद किसानों को श्रद्धांजली अर्पित किया। इस मौके पर किसान नेता मनोज यादवए बाले यादवए छोटू रायए धीरज यादवए मुलायम यादवए बाबूलालए अनिल पासवानए गुंजन रायए मोनू रायए रोहित यादवए झूरी यादवए निरंजनए सूरनाथ आदि मौजूद रहे। वहीं भाकपा माले भी संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर लखीमपुर कांड में शहीद को श्रद्धांजली देते हुए केन्द्र और प्रदेश सरकार को कोसते हुए एसडीएम कार्यालय में पत्रक सौपा। इस मौके पर शशीकांत सिंहए रमेश रायए विजय विश्वकर्माए विजई प्रसादए पारस विश्वकर्माए तुफानी गोंडए श्यामदेई आदि मौजूद रहे।

# मिर्जापुर के साहित्यकारों ने हिन्दी को प्रत्येक दृष्टि से समृद्ध किया: उदय प्रताप

## राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का दूसरा दिन हुआ हिन्दी साहित्य के इतिहास में मिर्जापुर के साहित्यकारों का अवदान विषय पर मन्थन

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल मण्डलायुक्त के सभागार में हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज एवं प्रभाश्री ग्रामोदय सेवा आश्रम देवगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और मिर्जापुर के साहित्यकार विषयक द्विदिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के दूसरे दिन ष्हिन्दी साहित्य में मिर्जापुर के साहित्यकारों का अवदान विषय पर तीन सत्रों में विचार.विमर्श हुआ। सर्वप्रथम इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिन्दी प्राध्यापक डॉ. सुजीतकुमार सिंह ने कबीर के भजन से संगोष्ठी शुभारम्भ किया। मण्डलायुक्त योगेश्वरराम मिश्र ने परम विद्वान मुख्य वक्ता डॉ. अनुजप्रताप सिंह एवं डॉ. सभापति मिश्र को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और प्रतीकचिह्न भेंट कर सम्मानित किया। मिर्जापुर के प्रख्यात नवगीतकार पण्डित रामगुलाम द्विवेदी आदि से प्रारम्भ करके चौधरी बदरीनारायण उपाध्याय प्रेमघन, वामनाचार्य आदि तक का विस्तार से उल्लेख किया।

**उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम**
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
टी0सी0/19वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
टोल फ्री सं.: 18001800818 : फोन: 0522-2720050, वेबसाइट: www.upbsn.org

अल्पकालीन ई-निविदा/निविदायें आमंत्रण सूचना

उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम द्वारा पात्र निविदादाताओं से निम्नानुसार सामग्री के क्रय हेतु ई-निविदा/निविदायें आमंत्रित की जाती हैं:-

| निविदा संख्या | सामग्री का विवरण | निविदा डाउनलोड/प्राप्त करने की प्रारम्भ तिथि | निविदा अपलोड/जमा करने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 07/ 2021-22 | वाटर सप्लाई एवं सैनेट्री फिटिंग कार्य | 15.10.2021 प्रातः 10:00 बजे से | दि. 20.10.2021 जमा करने का समय सायं 03:00 बजे तक व खुलने का समय सायं 04:00 बजे |
| 08/ 2021-22 | पेन्टिंग एवं पुट्टी कार्य | 15.10.2021 प्रातः 10:00 बजे से | दि. 20.10.2021 जमा करने का समय सायं 03:00 बजे तक व खुलने का समय सायं 04:00 बजे |
| 09/ 2021-22 | बार्ब्ड वायर फेन्सिंग | 14.10.2021 प्रातः 10:00 बजे से | 19.10.2021 सायं 04:00 बजे तक |

निविदा सं0 9 ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं एवं निविदा सं0 7 एवं 8 से सम्बन्धित विवरण www.upbsn.org से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित सभी विवरण, संशोधन, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट इत्यादि सिर्फ उपर्युक्त वेबसाइट पर जारी किये जायेगें। पात्रता मापदण्ड को पूरा करने वाले ई-निविदादाता "यू0पी0इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0, 10, अशोक मार्ग, लखनऊ" से रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात https://etender.up.nic.in पर ऑनलाइन निविदा जमा कर सकते हैं।

प्रबन्ध निदेशक

# साहब की मनमानी गोवंश पर पड़ रही भारी

**● एसडीएम के एक या दो टीन शेडों को बैरीकेड कराने के निर्देश का अब तक नहीं हुआ अनुपालन**

संवाददाता। पाटन



**शासन** की पहल पर पौने दो करोड़ की लागत से भगवंतनगर में बनी कान्हा गौशाला हाकिम की मनमानी के कारण यातनागृह बन गया है। यहाँ बड़े सांडों की मार से प्रतिदिन औसतन तीन से चार कमजोर व बच्चा गौवंशों की मौत हो रही है।

नगर पंचायत भगवंत नगर द्वारा चौकी चौराहे पर बनवाई गई कान्हा गौशाला वर्तमान समय में गोवंशियों की कत्लगाह साबित हो रही है। यहां जिम्मेदारों की मनमानी के कारण मारू सांडों के हमले से प्रतिदिन औसतन तीन से चार कमजोर व बच्चा गोवंश की मौत हो रही है। कान्हा गौशाला में बने चार टीन शेड में से एक या दो को लोहे की पाइप से बेरीकैट कराने के एसडीएम के निर्देश अब तक अमल में नहीं लाए गए हैं। स्थिति यह है कि पशु चिकित्सक न तो कमजोर गोवंशियों का उपचार ही कर पा रहे हैं और न ही कमजोर व बच्चा गोवंश भरपेट चारा ही पा रहे हैं। मंगलवार को भी गौशाला से सात गोवंशियों के शव लोडर में लाद कर ले जाए गए। आसपास के लोगों ने बताया कि यहां प्रतिदिन 3 से 4 गोवंशियों की मौतें हो रही हैं। गौशाला में बने आवासीय इमारत में ठेकेदार के कारिंदों का निवास होने के कारण गौशाला में तैनात कर्मचारी भी चारा पानी कर अपने घरों को चले जाते हैं। ऐसी स्थिति में मारुति द्वारा किए जाने वाले हमलों से बचाने वाला भी गौशाला में कोई नहीं रहता है। सभासद चंद्रिका प्रसादए पूर्व सभासद दीपक नारायण सोनीए बेला बेगमए रंजीत कसेरा व सूरजमुखी समेत अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से कान्हा गौशाला की व्यवस्था में दखल देने की और गौवंशियों की प्राण रक्षा करने की मांग की है।

### आवारा कुत्तों द्वारा नोचनोच कर खाए जाते है गौवंशियों के शव

**पाटन।** पौने दो करोड़ की लागत से बनी कान्हा गौशाला वर्तमान समय में आवारा कुत्तों के भोज का स्थान बनी हुई है। यहां प्रतिदिन होने वाली गौवंशियों की मौत के बाद उनके शवों को छूने वाला कोई भी नहीं है। मवेशियों की खाल का व्यापार करने वाले जब तक लोडर लेकर उन्हें उठाने आते हैं तब तक आवारा कुत्तों द्वारा गोवंशियों के शवों को गौशाला के अंदर ही नोच नोच कर खाते हुए वीभत्स दृश्य देखने को मिलते हैं।

### डीएम ने दिए निर्देश, अधिक से अधिक सैम्पलिंग की जाए

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने विकास भवन सभागार में खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय बैठक में आगामी दशहरा एवं दिवाली पर्व पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अभिसूचना आधारित प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विभाग द्वारा चलाए जा रहे प्रवर्तन कार्यों को और प्रभावी बनाने तथा आम जनमानस में जागरुकता कार्यक्रम हेतु निर्देश दिए है। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंजूषा सिंह द्वारा अवगत कराया गया अब तक 94 खाद्यकारोबार कर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# युवक की पीटकर हत्या, चार पर मुकदमा

**● पुलिस ने दर्ज किया गैर इरादतन हत्या का मुकदमा**

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**बीती** रात युवक की उसके साथी आदि नें मिलकर मारपीट कर व गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस नें मृतक की पत्नी की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्रों सहित चार के लिए गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नीवकरोरी निवासी नीलम पत्नी प्रदीप नें पुलिस को तहरीर दी। जिसमे आरोप लगाया कि गाँव का ही संजू पुत्र अतर सिंह नीलम के पति प्रदीप कुमार को अपने साथ बुला ले गया। पास की दुकान पर संजू व प्रदीप में झगड़ा हुआ। जिसके बाद संजू की मदद को उसके परिजन भाई अर्जुन व रवि व पिता अतर सिंह की भी आ गये। उन्होंने लाठी-डंडो के मारपीट कर दी। इसके साथ ही सजू ने प्रदीप का गला दबा लिया,जब हम लोग भाग कर आये तो ये सबलोग भागने लगे। मेरा पति अचेत अवस्था में पड़ा था हम उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे वहा डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी नीलम की तहरीर पर आरोपी संजू,अर्जुन व रवि पुत्र अतर सिंह व अतर सिंह के खिलाफ धारा 304, 504, हरिजन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करलिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेया

### बुखार ने निगल ली छात्र की जिंदगी

**फर्रुखाबाद ।** बुखार ने एक छात्र की जिंदगी निगल ली। कन्नौज जिले के छिबरामऊ में फूफा के घर उसे बुखार आया था। कानपुर में इलाज के दौरान मौत हुई। शव घर आया तो परिवार मे कोहराम मच गया।कलेक्टरगंज गांव निवासी छात्र प्रांशु शर्मा दो माह से कन्नौज के छिबरामऊ के बाबलपुर गांव में फूफा रामप्रकाश के घर रह रहा था। दो दिन पहले छात्र को बुखार आया। इस पर परिजनों ने पहले छिबरामऊ में इलाज कराया। जब हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उसे इलाज के लिए कानपुर के अस्पताल ले गए। जहां बुधवार की सुबह छात्र की मौत हो गई। दोपहर में परिजन छात्र का शव घर लेकर आए। इस पर परिवार में कोहराम मच गया।

### जहरखुरानी गिरोह ने रोडवेज बस यात्री को लूटा

**फर्रुखाबाद ।** जयपुर से रोडवेज बस से घर लौट रहे यात्री को जहरखुरानी गिरोह ने नगदी, मोबाइल आदि लूट लिया। गंभीर हालत में उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र कमालगंज के गांव भोजपुर निवासी विनोद जयपुर में प्राइवेट नौकरी करते हैं। रोडवेज बस से घर लौट रहे थे। रास्ते में बस में सवार जहरखुरानों ने दोस्ती गांठकर विनोद को जहरीला पदार्थ पिलाकर अचेत कर दस हजार की नगदी बाइल आदि सामान लूट लिया। लोहिया अस्पताल में भर्ती विनोद ने होश में आने पर लूट की बात बताई।

### कृषकों को आलू बीज प्राप्त करने के लिये मांगे आवेदन

**फतेहपुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि निदेशालय उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण द्वारा जिले के कृषकों को आलू बीज वितरण किये जाने हेतु आवंटन प्राप्त हुआ है। आलू बीज प्राप्त करने हेतु कृषकों द्वारा आवेदन उपलब्ध कराए गए है। जिन कृषकों ने अभी तक आवेदन न किया हो वह अपना आवेदन दशहरा अवकाश में भी राजकीय अलंकृत उद्यान कम्पनी बाग एवं लाटरी ड़ालने से पूर्व तक कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है। कृषकों को 16 अक्टूबर को विकास भवन सभागार में लाटरी प्रक्रिया के अनुसार आलू बीज वितरण किया जायेगा। आलू बीज प्राप्त करने हेतु आवेदक कृषक स्वयं निर्धारित तिथि एव स्थान पर उपस्थित होकर लाटरी भाग लेकर आलू का बीज प्राप्त कर सकते है। विस्तृत जानकारी कार्यालय विकास भवन में उपस्थित होकर, योजना प्रभारी जैनेन्द्र कुमार के मोबाइल, क्षेत्रीय प्रभारियो विकास खण्ड तेलियानी, मलवा एवं बहुआ के मोबाइल, विकास खण्ड हसवा एवं असोथर के मोबाइल, विकास खण्ड अमौली के मोबाइल, विकास खण्ड खजुहा एवं देवमई के मोबाइल, विकास खण्ड ऐराया, धाता एवं विजयीपुर के मोबाइल पर भी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
**शुद्धि-पत्र** इस कार्यालय की अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-10/अ0अ0(जा0)ई0/श0भ0वि0/ल0/ 2021-22 के विरुद्ध आमंत्रित निविदा जो दिनांक 08.10.2021 को खोली जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 20.10.2021 अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी। अन्य नियम/शर्तें पूर्ववत रहेंगी। **अधिशासी अभियन्ता (जानपद) इकाई उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 9वां तल शक्ति भवन विस्तार, 14-अशोक मार्ग, लखनऊ।** पत्रांक-2267 दिनांक 13.10.2021 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

**कार्यालय परियोजना प्रबन्धक,यूनिट-53, कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, उत्तर प्रदेश जल निगम (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम) भवन संख्या 228/01 मो0 नघेटा, सिद्धार्थ होटल के सामने वाली गली, हरदोई-241001**
**एन0आई0टी0 सं0 467/ई-निविदा/44 दिनांकः- 08.10.2021**
**ई-निविदा सूचना**
अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश जल निगम, की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी में निम्न तालिकानुसार कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रश्नगत कार्यों हेतु ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट https://etender.up.nic.in से निम्न विवरणानुसार डाउनलोड किये जा सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य तालिकानुसार देय होगा।
**क्र0सं0-1; कार्य का नाम**-जिला लखीमपुर खीरी के निघासन में नगर पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण कार्य; **अनु0 लागत**-रू0 114.89 लाख; **ई-निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय**-दिनांक 12.10.2021 से 02.11.2021, समयः 12:00 बजे से 14:00 बजे तक; **ई-निविदा खोले जाने की तिथि, समय एवं स्थान**-दिनांक 02.11.2021 को अपराह्न 14:30 बजे कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, युनिट-53, सी0एण्ड0डी0एस0, उ0प्र0 जल निगम, हरदोई; **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 18 प्रतिशत)**- रू0 10000.00+18% जी0एस0टी0 रू01800=रू0 11800.00.
निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट www.cdsupjn.org एवं प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) https://etender.up.nic.in पर ही अपलोड किये जायेंगे। **इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा।** निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

# भोगनीपुर में हाथ हिलाते निकल गए अखिलेश, नेता मायूस

संवाददाता पुखराया। कानपुर देहात

**बुधवार** को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विजय रथ यात्रा के कालपी पुल पार करते ही विधान सभा क्षेत्र भोगनीपुर के कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। जिसके चलते भोगनीपुर चौराहे पर यातायात की व्यवस्था चरमरा गई। लेकिन प्रत्याशित की दौड़ में शामिल नेताओं की ओर से कस्बा पुखरायां के निकट सजाए गए पंडालों के सामने से उनके नेता हाथ हिलाते निकल गए। जिससे नेताओं और उनके समर्थकों को मायूस होना पड़ा।



जिला मुख्यालय हमीरपुर और जनपद जालौन के कदौरा जोल्हूपुर मोड़ होते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की विजय रथ यात्रा बुधवार को सायंकाल चार बजे कानपुर देहात में प्रवेश हुई तो प्रत्याशित की दौड़ में शामिल नेताओं की गाड़ियों का हुजूम उनके काफिले में इस उम्मीद से शामिल हो गया कि जनता जनार्दन को उनके पंडाल से राष्ट्रीय अध्यक्ष संबोधित करेंगे। लेकिन भोगनीपुर पार करते ही पुखरायां बाईपास पर लश्कारीबाबा मजार के पास जैसे खड़े हुए तो हाथ मिलाने की होड़ मच गई। स्थिति बिगड़ते देख उन्होंने झटपट बुलेटप्रूफ विंडो बंद करली। बाद में पुखरायां बाईपास से पटेल चौक तक सजे सभी पंडालों के सामने से राष्ट्रीय अध्यक्ष हाथ हिलाते निकल गए। जिससे नेताओं और उनके कार्यकर्ताओं में मायूसी दिखाई दी। बाद में सभी नेता अपनी-अपनी गाड़ियों से माती के कार्यक्रम में शामिल होने को चले गए।

## अखिलेश का हुआ भव्य स्वागत

**● पूर्व सपा अकबरपुर रनियॉ प्रत्याशी नीरज सिंह के नेतृत्व में विशाल भीड़ ने पूर्व सीएम का किया इस्तकबाल**

संवाददाता। कानपुर देहात

**पूर्व सीएम** अखिलेश यादव के वुधवार को जनपद के अमूल डेयरी के पास उनकी सभा से पूर्व पूर्व अकबरपुर रनियॉ प्रत्याशी नीरज सिंह गौर के नेतृत्व में जोरदार ऐतिहासिक स्वागत किया गया। नीरज अपने साथ भारी सॅख्या में लोगों को लाये थे।

अमूल डेयरी के पास आयोजित सभा में चुनावी बिगुल फूॅकते हुये सपा सुप्रीमो व पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी ही प्रदेश में खुशहाली योजना लायेगी। पूर्व सीएम ने बताया कि सपा इस चुनाव में 4 सौ से ज्यादा सींटे जीतेगी। सत्ताधारी पार्टी के पापों की सजा जनता अगामी विस चुनाव में देने का मन बना चुकी है, नेताजी मुलायम सिंह ने हमें आर्शीवाद देकर यात्रा के लिये भेजा है, महॅगाई, भ्रष्टाचार से आहत जनता अगामी विस चुनाव में भाजपा के सफाये के लिये तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि हक की आवाज उठाने वाले किसानों को टायरो से कुचला जा रहा है। अखिलेश ने कहा पेट्रोल 100 सो रूपये व सरसों का तेल 200 रूपये पार कर गया। नि:शुल्क सिलेण्डरों को भरवाने में जनता अक्षम है। उन्होने कहा कि न तो भ्रष्टाचार समाप्त हुआ और न ही कालाधन वापस आया ऊपर से बुल(सॉड) और बुलडोजर द्वारा बाबा ने लोगों का जीना और दूभर कर दिया। सभा में भारी सॅख्या में मौजूद भीड से सपा सुप्रीमों गदगद नजर आये। पूर्व अकबरपुर रनियॉ प्रत्याशी नीरज सिंह गौर सबसे भारी भरकम भीड लेकर पूर्व सीएम अखिलेश की सभा में पहुॅचे थे। आपको बताते चले किं विगत विस चुनाव में अपने व्यक्तिगत जनाधार के चलते नीरज ने जनपद में सबसे ज्यादा वोट सपा प्रत्याशी के तौर पर पाये थे।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**पुखराया। कानपुर देहात।** बुधवार को सट्टी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचायतनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सट्टी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी मोहित ने बताया कि उसके पिता माता प्रसाद मजदूरी करके घर का पालन पोषण करते थे। बुधवार की सुबह उसके पिता की अचानक हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर वह उन्हें उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां लाया। जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। चिकित्सक डॉ राजवीर सिंह ने बताया कि माता प्रसाद ने कुछ जहरीला पदार्थ खाया था। जिससे उसकी मौत हुई है। पुलिस को सूचना दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर इसका सही खुलासा हो सकेगा।

## निर्वाचन 2022 के लिए पूर्णतः उत्तरदायी रहें अधिकारीः डीएम

**उन्नाव।** आगामी विधानसभा निर्वाचन.2022 को भली.भांति संपन्न कराने हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने करते हुवे कहा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु नामित समस्त अधिकारी अपने सौंपे गये कार्योंध्दायित्वों को भलीभातिए कुशलतापूर्वकए स्वतन्त्र एवं निष्पक्ष रूप से समयान्तर्गत सम्पन्न कराने के प्रति पूर्णरूपेण उत्तरदाय रहेंगे।

बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि आगामी विधान सभा यदि किसी कार्य के सम्पादन में कोई कठिनाई हो तो उसे उप जिला निर्वाचन अधिकारी अथवा जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाकर उसका निराकरण करते हुए आगामी विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न करायेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री दिव्यांशु पटेलए अपर जिलाधिकारी श्री राकेश सिंहए नगर मजिस्ट्रेट सुश्री विजेताए जिला वानिकि अधिकारी सुश्री ईशा तिवारी सहित समस्त सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**जिपं सदस्य ने परखी मिडडे मील की गुणवत्ताः** फतेहपुर। हुसैनगंज विधानसभा के जमरांवा वार्ड के जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने प्राथमिक पाठशाला लोहारी में बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें वितरण की तथा विद्यालय में चल रहे मिडडे मील को बच्चों के साथ भोजन कर गुणवत्ता को परखा एवं जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत बच्चों को साबुन से हाथ धुलाकर भोजन कराया। कार्यक्रम में दीपू सिंह, नरौली प्रधान रामपाल, रसोईया शिवकली, विद्यावती, राम सखी आदि मौजूद रहीं।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम हसवा में मंगलवार की शाम खेत से घर वापस आ रहे 35 वर्षीय युवक को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार हसवा निवासी स्व. रामधनी का पुत्र होरीलाल मंगलवार की शाम खेत से पैदल घर आ रहा था। जब वह सड़क पार करने लगा इसी बीच विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे होरीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## 76 जोड़ों का सामूहिक विवाह, दो का निकाह

संवाददाता। फतेहपुर

**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के तहत जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे के कुशल मार्गदर्शन में जनपद के समस्त विधानसभाओ में 76 जोड़ो का सामूहिक विवाह व 02 जोड़ो का निकाह जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज जनपद के विधान सभा सदर के विकास खंड हसवा परिसर में विधायक सदर विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख हसवा विकास पासवान, उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद झा, क्षेत्राधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति में 13 जोड़ो का विवाह/निकाह (एक जोड़ा) संपन्न हुआ एवं खंड विकास अधिकारी हसवा ने 13 जोड़ो को एक-एक दीवार घड़ी भेंट की। विकास खंड हसवा-06 एवं भिटौरा-07 जोड़े।

विधानसभा हुसेनगंज के विकास खंड हथगाम परिसर में विधायक हुसेनगंज/राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद विभाग रणवेन्द्र प्रताप उर्फ धुन्नी सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हथगाम, उपजिलाधिकारी खागा आशीष कुमार, क्षेत्राधिकारी खागा, जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति में 12 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। विकास खंड हथगाम-06 एवं ऐराया-06 जोड़े।

विधानसभा बिन्दकी के विकास खंड मलवां परिसर में विधायक बिन्दकी करण सिंह पटेल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मलवां, उप निदेशक कृषि, खंड विकास अधिकारी मलवां की उपस्थिति में 15 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। विकास खंड मलवां-14 एवं तेलियानी-01 जोड़े।

विधान सभा खागा के विकास खंड धाता परिसर में विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार खागा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजू सिंह, जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह, खंड विकास अधिकारी धाता की उपस्थिति में 11 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। साथ ही खंड विकास अधिकारी धाता द्वारा 11 जोड़ो को 40 ली0 पानी की टंकी (स्टील) व दीवार घड़ी दी गयी। विधायक खागा द्वारा सभी 11 जोड़ो को एक-एक बक्सा दिए गए। विकास खंड धाता-06 एवं विजयीपुर-05 जोड़े।

विधानसभा अयाह शाह के विकास खंड बहुआ परिसर में विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बहुआ, तहसीलदार सदर, क्षेत्राधिकारी, सहायक निबंधन सहकारी समितियां, खंड विकास अधिकारी बहुआ की उपस्थिति में 09 जोड़ो का विवाह/निकाह (एक जोड़ा) संपन्न हुआ। विकास खंड बहुआ-05, असोथर- 03 एवं नगर पालिका परिषद बहुआ के-01 जोड़े।

### डीजे गाड़ी की चपेट में आकर बालक की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बबुल्लापुर में बुधवार की दोपहर शादी समारोह के दौरान आ रही बारात में डांस करते समय डीजे गाड़ी की चपेट में आ जाने से 10 वर्षीय बालक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर वापस अपने गांव चले गए। जानकारी के अनुसार बबुल्लापुर गांव निवासी इम्तियाज का पुत्र जाफर आज दोपहर गांव में आ रही बारात में डीजे गाड़ी के आगे डांस कर रहा था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया। इसी बीच डीजे गाड़ी उसके ऊपर चढ़ गई। जिससे वह मौके पर ही जाफर अचेत हो गया। परिजन उसे निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ0 एके मौर्या ने बालक को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनने के बाद परिजन शव लेकर गांव वापस चले गए।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने लिए दूध के नमूने

**फर्रुखाबाद।** बुधवार को त्योहार को लेकर खाद्यय सुरक्षा विभाग ने अभियान छेड़ दिया है। जिसमे केवल दो जगह से दूध के नमूने लेकर कार्यवाही की इतिश्री कर दी गयी। जबकि शहर में मिलाबट का कारोबार जोरों पर चल रहा है।अभिहित अधिकारी शय्यद शाहनबाज हैदर आबिदी के निर्देश पर खाद्यय सुरक्षा अधिकारी विजेंद्र कुमार व आशीष कुमार वर्मा नें दो जगह पर दूध के नमूने लिए। फतेहगढ़ के कानपुर रोड़ स्थित नवदिया से खा। कारोबार कर्ता विमलेश पुत्र सर्वेश सक्सेना निवासी कुटरा के पास से गाय के दूध व नगला खेम रेंगाई कमालगंज निवासी संजीब उर्फ नन्हे पुत्र लज्जाराम का भी खा। पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना भी नवदिया से भरा गया।

### चार को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** अलग अलग स्थानों पर झगड़ा करने में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# लूट की झूठी सूचना देना पड़ा भारी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**शराब** ठेके के सेल्समैन ने शराब बिक्री के तीन लाख पचास हजार रुपये लूट की सूचना देकर पुलिस को छका दिया। जांच पड़ताल में झगड़े का मामला सामने आया। इस पर पुलिस ने सेल्समैन के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की।

मंगलवार की रात 11 बजे रतनपुर पमारान स्थित देसी शराब के ठेके के सेल्समैन उमाशंकर निवासी पतरास ने पुलिस को सूचना दी कि शराब बिक्री के 350000 रुपये लूट लिए गए हैं। इस पर पुलिस की टीम जांच को दौड़ पड़ी। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच में पाया गया कि लूट की घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि सैल्समैन उमाशंकर द्वारा एक व्यक्ति से उधार शराब मांगने पर झगड़ा हुआ। इस पर सेल्समैन ने यूपी 112 पर लूट की सूचना दे दी जो जांच में पूरी तरह फर्जी पाई गई। ऐसे में सेल्समैन के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है। चालान करते हुए इसे एसडीएम कोर्ट में भेजा गया है। हिदायत दे दी गयी है कि दोबारा इस तरह की सूचना न दें।

### महिला को किया घायल

**फर्रुखाबाद।** कुआखेड़ा चौकी के गांव नगला बसोला निवासी वीरपाल की पत्नी ओमा देवी घर पर अकेली थी तभी गांव का आजूस घर से डंडा उठा ले गया। इसकी शिकायत करने ओमा देवी आरोपित के घर पर गई। जहां सुज्जा, उसकी पुत्री रूवी, साधना व पुत्र राजू ने गाली गलौज की। विरोध करने पर ओमा के साथ मारपीट की। पति की तहरीर पर पुलिस ने अरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बुखार से महिला की मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बरझाला निवासी मीना देवी को कई दिनो से बुखार आ रहा था। उनकी हालत बिगड़ने पर परिवारीजन बुधवार को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत पर परिवारीजनों में कोहराम मच गया।

### नगदी और सोने के जेवरात चोरी

**फर्रुखाबाद।** पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोरों ने बुधवार दोपहर एक सरकारी कर्मचारी के घर को निशाना बनाया। घनी आवादी वाले मोहल्ले में घुसे चोर एक घर से नगदी और सोने चांदी के जेवरात ले गए।पंचायत विभाग में कृष्ण अवतार कर्मचारी हैं। वह नगर के शास्त्री नगर मोहल्ले में अपने परिवार के साथ रहते हैं। सुबह को कृष्ण अवतार डयूटी के लिए घर से चले गए। दोपहर में उनकी पत्नीए पुत्र को स्कूल से लेने के लिए चली गई। जब वह वापस लौटकर आईं तो देखा कि घर के अंदर एक व्यक्ति घुसा है।

### वैक्सीनेशन के द्वितीय डोज के काम में लाएं और तेजी

**कानपुर देहात ।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्टेऊट सभाकक्ष में आयोजित की गयीए इस बैठक में वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वैक्सीनेशन हर हालत में प्रातः 8 बजे से शुरू हो जाना चाहिएए जिससे समय पर सभी लोगों का वैक्सीनेशन किया जा सके। द्वितीय डोज का वैक्सीनेशन अभी भी जिले में कम हुआ हैए द्वितीय डोज के वैक्सीनेशन को और बढ़ाया जायेए डा0 सुखलाल वर्मा ने बताया कि जिले में कल 686 गोल्डन कार्ड बने हैए गोल्डन कार्ड बनाने में बीएलई अपनी भूमिकाओं का सही प्रकार से निर्वाहन नही कर रहे हैए जिलाधिकारी ने कहा कि जो बीएलई इसमें सक्रिय भूमिका नही निभा रहे है उनके खिलाफ एडीएम वित्त एवं राजस्व कार्यवाही करें।

# अनियंत्रित होकर टैम्पो पलटा, मिस्त्री की मौत

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**कोतवाली** क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्राम सुरसेनी के निकट लखनऊ की ओर से आ रहा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक 28 वर्षीय टेंपो मिस्त्री की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि महिलाओं और बच्चों सहित करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों में एक यात्री की हालत गंभीर है।

नगर के मोहल्ला गोंडा टोला निवासी सौरभ गुप्ता पुत्र विमलेश गुप्ता टेंपो मिस्त्री है। वह आज एक खराब टेंपो की मरम्मत करने ग्राम तकिया के निकट गया था। वह टेंपो की मरम्मत करने के बाद एक अन्य टेंपो से वापस अपने घर आ रहा था। टेंपो में करीब डेढ़ दर्जन सवारियां बैठी थी। चालक तेज गति से टेंपो चला रहा था। तभी लखनऊ मार्ग पर स्थित ग्राम सुरसेनी के निकट टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया। टेंपो पलटते ही यात्रियों में चीख.पुकार मच गई। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े और टेंपो को किसी तरह सीधा किया। हादसे में टेंपो के नीचे दबकर सौरभ गुप्ता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि टेंपो में बैठे परशुराम पुत्र नत्था लाल नरायन पुरवा मल्लावां हरदोईए रेशमा पत्नी इस्लाम निवासी ग्राम परशुरामपुर थाना फतेहपुर 84ए कांति पत्नी ओमप्रकाश ग्राम पनापुर औरासए रामनरेश पुत्र राम आसरे ग्राम कन्हऊ आसीवनए रामनरेश की पुत्री सलोनी तथा नसीम गंज निवासी टिल्लू की बहनए दो भांजी तथा एक भांजा फरहान घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

## डीएम ने किया एआरटीओ आफिस का औचक निरीक्षण

# अव्यववस्था देख भड़के, फटकारा

संवाददाता। अंबेडकर नगर

**जिलाधिकारी** सैमुअल पॉल एन द्वारा उप संभागीय परिवहन कार्यालय अंबेडकर नगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पूछताछ काउंटर, हल्के वाहन के ट्रांसफर संबंधी काउंटर, ट्रांसपोर्ट व कैश काउंटर, नए वाहनों का पंजीयन काउंटर, हल्की मोटर वाहनों संबंधित काउंटर, प्रवर्तन काउंटर, बायोमेट्रिक कक्ष का गहनता से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न काउंटरों पर यासिर हुसैन कनिष्ठ सहायक, नवदीप कनिष्ठ सहायक ,अजीत गुप्ता तथा सुभाषचंद्र आदि उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान आलमारी तथा पटल पर



बिखरे हुए फाइलों को देखकर जिलाधिकारी द्वारा कर्मचारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए एआरटीओ तथा आर आई को सख्त निर्देश दिए गए कि बिखरे हुए फाइलों को तत्काल ठीक कराया जाए। अन्यथा की दशा में संबंधित के खिलाफ अवश्यक कार्रवाई तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान बायोमेट्रिक कक्ष में उपस्थित अजीत गुप्ता तथा सुभाष चंद से उनके कार्य के बारे में पूछताछ की गई ।उपस्थित कर्मचारी द्वारा अवगत कराया गया कि यहां पर आवेदक के डिजिटल सिग्नेचर कराया जाता है तथा आवेदक का फोटोग्राफका कार्य भी किया जाता है।

डीएम द्वारा सैंपल के रूप में सिग्नेचर करवा कर कंप्यूटर पर देखा गया। निरीक्षण के समय ऑफिस में बिना काम के बाहरी लोग जैसे अभिनव वर्मा, अनु मिश्रा ,राजेश दुबे, अंकित शर्मा ,मनोज कुमार तथा लक्ष्मी सिंह उपस्थित मिले जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए उनको हिरासत में लेते हुए एआरटीओ को निर्देश दिया कि अनावश्यक व्यक्ति कार्यालय में बिना काम के इधर-उधर घूमते हुए न मिले। गेट पर ही गार्ड द्वारा पूछताछ के उपरांत अनावश्यक व्यक्तियों को वापस कर दिया जाए।जिलाधिकारी द्वारा एआरटीओ को निर्देश दिया गया कि परिसर में पड़े पुराने गाड़ियों को नियमानुसार लीलामी कराते हुए परिसर को साफसुथरा बनाया जाए। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आए हुए आवेदकों का डीएम के समक्ष गाड़ी चलवा कर टेस्ट करवाया गया जिसमें से एक आवेदक टेस्ट में पास हुआ। परंतु दूसरा आवेदक फेल हो गया। फेल आवेदक को पुनः प्रक्रिया अनुसार टेस्टिंग के लिए एआरटीओ को निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उप संभागीय परिवहन अधिकारी ए आर टी ओ , अपर उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज, आर आई विपिन कुमार मौके पर उपस्थित रहे।

## संचारी रोग व दस्तक अभियान की समिति की बैठक आयोजित

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। शासन के निर्देशानुसार दिनांक 18 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक संचारी रोग अभियान तथा दस्तक अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष साफसफाई पर ध्यान देना तथा संचारी रोगों के प्रसार को प्रत्येक दशा में रोकना। वर्तमान में कोविड प्रोटोकाल के तहत टीकाकरण अभियान भी चलाया जा रहा है इससे इसका और महत्व बढ़ जाता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इसका चिकित्साए शिक्षाए ग्राम विकासए पंचायतए पशुपालनए नगर विकासए सूचना विभाग आदि विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित कर सफल किया जाये। इसमें प्रत्येक दिन की कार्यवाही से मीडिया को भी अवगत कराया जाय।

# जिलाधिकारी ने दुर्गा पंडालों का लिया जायजा

संवदाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा ने नवरात्रि पर्व व प्रतिमाओं के विसर्जन को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत फैजाबाद नगर क्षेत्र में स्थापित विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों जायजा लिया तथा प्रतिमा विसर्जन स्थल निर्मली कुंड का भ्रमण कर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे अपर जिलाधिकारी नगर के साथ नवरात्रि पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत फैजाबाद नगर क्षेत्र के सिविल लाइन से चैकए बेनीगंजए सहादत गंजए रिकाबगंजए फतेहगंज, नाका आदि क्षेत्रों में स्थापित दुर्गा पूजा के पंडालों का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करनेए भीड़ न लगाने तथा दिशा निर्देशों के अनुरूप ही पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने व करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा प्रतिमा विसर्जन स्थल निर्मली कुंड पर की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने विसर्जन से संबंधित समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विसर्जन स्थल पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करानेए सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था करनेए पर्याप्त साउंड सिस्टम लगानेए स्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित कैंप लगाने के साथ ही आवश्यकतानुसार संबंधित विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाने तथा विसर्जन कार्य को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

## रेल भर्ती प्रकोष्ठ ने जारी की एक्ट अपरेंटिस की अधिसूचना

**प्रयागराज।** रेल भर्ती प्रकोष्ठ ने एक्ट अपरेंटिस की अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में रेल भर्ती प्रकोष्ठ प्रयागराज में एक्ट अपरेंटिस 2020.21 की दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया चल रही है।समानांतर ही प्रक्रिया करते हुए रेल भर्ती प्रकोष्ठ ने 2021.22 के लिए अगले चक्र की अधिसूचना भी जारी कर दी है। एक साल की यह इंटर्नशिप प्रधानमंत्री कौशल विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। इसके तहत उत्तर मध्य रेलवे विभिन्न विषयों जैसे वेल्डर फिटर मशीनिस्ट आईटी मीडिया मैनेजमेंट आदि में 1664 चयनित उम्मीदवारों को इंटर्नशिप कराएगा। एक बार इंटर्नशिप पूरी हो जाने के बाद यह कुशल युवा शक्ति उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण मानव संसाधन होती है। ये उम्मीदवार संबंधित उद्योग में अपना करियर बना सकते हैं। इसके अलावा रेलवे में ग्रुप डी की भर्ती में यह इंटर्नशिप करने वाले उम्मीदवार 20 फीसद आरक्षित सीटों का लाभ हेतु पात्र हो जाते हैं।

## जितिन प्रसाद का हुआ भव्य स्वागत



**अयोध्या।** प्रदेश सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद का अयोध्या सर्किट हाउस पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों ने स्वागत किया। पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में उन्होने संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने राजकीय इंजीयरिंग कालेज का जनपद में निर्माण कराये जाने की मांग की। जिसका लाभ अगल बगल के जनपदों को भी मिलेगा।

जितिन प्रसाद ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज का हर वर्ग प्रसन्न है। पदाधिकारी व कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका तय करें। यूपी में बेहतर शैक्षिक परिवेश का निर्माण करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं प्रदान की है। इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंह गिरीश पाण्डेय डिप्पुल कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू अरविंद सिंह शैलेन्दर कोरी रवि सोनकरए दिवाकर सिंह आकाश मणि त्रिपाठी विपिन सिंह बब्लू रवि शमा डा अंशुमान मित्रा राम कुमार सिंह राजू मौजूद रहे।

## जोड़ों के दर्द में आयुर्वेद में वर्णित पंचकर्म चिकित्सा प्रभावीः डा तोमर

**प्रयागराज।** वर्ल्ड अर्थराइटिस डे हर साल दुनिया भर में 12 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। जिसका मकसद है लोग इस बीमारी के प्रति जागरूक हो सकें। इसी उद्देश्य के लिए विश्व आयुर्वेद मिशन द्वारा स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। विश्व आयुर्वेद मिशन के अध्यक्ष डा जी एस तोमर ने कहा कि किसी भी बीमारी में आगे के नुकसान को रोकने के लिए शीघ्र निदान महत्वपूर्ण है। शुरुआत में ही उपचार नही किया जाता तो दैनिक गतिविधियां एवं शारीरिक क्षमता प्रभावित होती है। हमारी अव्यवस्थित जीवन शैली गलत आहार सेडेन्टरी लाइफस्टाइल मोटापा गठिया के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि कई शोध द्वारा हैवी मेटल से बने योग का सकारात्मक प्रभाव जोड़ों के दर्द में देखा गया है। इन रस औषधियों का किडनी एवं लिवर पर कोई भी दुष्प्रभाव नही देखा गया है।

# सीडीओ ने की संचारी रोग नियंत्रण की समीक्षा

● 18 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक विशेष संचारी अभियान व 18 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक चलेगा दस्तक अभियान

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री के निर्देश पर विशेष संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की बैठक मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने 18 अक्टूबर से 17 नवम्बर 2021 तक संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं 18 अक्टूबर से 01 नवम्बर 2021 तक चलने वाले दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय अर्न्तविभागीय बैठक की।

संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के नियंत्रण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया है। मुख्य



बैठक करते सीडीओ।

विकास अधिकारी ने डीपीआरओ एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को ग्राम स्तर पर सभी ग्राम प्रधानों को इस अभियान में शत प्रतिशत जोड़ने हेतु निर्देशित किया। ग्राम प्रधान द्वारा कोविड टीकाकरण में सहयोग करने एवं अच्छी प्रगति वाले ग्राम प्रधान को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागी बनाया जाये। पंचायती राज विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम प्रधानों के साथ गोष्ठी करके उनकी सहभागिता ले तथा निगरानी समितियों को सक्रिय करते हुए बाहर से आ रहे लोगों की जांच कराया जाना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों में साफ सफाई एण्टी लार्वा छिड़काव आदि सुनिश्चित कर लिया जाये। नगर निगम द्वारा जो क्षेत्र नगर निगम के अन्तर्गत आते है। उनकी साफसफाई छिड़काव तथा कहीं पर भी पानी आदि इकट्ठा न होने पाये। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग में जो बच्चे हैं।

## क्विक न्यूज

### विकास और व्यावसायिक प्रथाओं को मिले बढ़ावा

**प्रयागराज।** पिछले साल वैश्विक महामारी के बीच में लांच किया गया। पारले एग्रो के बेहतरीन फरूट ड्रिंक बी फिज़ को असाधारण सफलता मिली थी। श्रेणी में यह एक और बेहतरीन एडिशन है। सेकेंडरी डेटा रिसर्च के अनुसार एक साल के भीतर बी फिज़ ने अपनी लगातार बढ़ती मांग के कारण माल्ट फ्लेवर्ड फरूट ड्रिंक श्रेणी में लगभग दस गुना वृद्धि की है। इसके अलावा अपने अद्भुत स्वाद और दस रुपये की कम कीमत से एक सौ साठ एमएल के बोतल ने धमाल मचा दिया है। इसने न केवल एक साल में करीब आधा बिलियन यूनिट बेची है। बल्कि भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला माल्ट फ्लेवर्ड फरूट ड्रिंक ब्रांड भी बन गया है। बी बोल्ड बी ब्रेव यह मोटो है इसके शानदार माल्ट फ्लेवर्ड फरूट ड्रिंक बी फिज़ का। भारत की बेवरेज श्रेणी में सबसे आगे कंपनी ने बी फिज़ के एक शानदार नये विज्ञापन अभियान के साथ फिर से दस्तक दी है। अर्जुन कपूर इस बार ब्रांड का नया चेहरा होंगे। नए एम्बेसडर ड्रिंक डुओ को पेश करते हुए एक साथ मिलकर हमारे अंदर साहस और बोल्डनेस की सोच पैदा करता है। संगठन को इनोवेशन की शक्ति में निरंतर विश्वास है जो रणनीति उत्पाद विकास और व्यावसायिक प्रथाओं को संचालित करता है।

### डीएम ने कर व राजस्व कार्यो की समीक्षा की

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने कलेक्टेऊट सभागार में कर.करेत्तर एवं राजस्व कार्यो में प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यो की समीक्षा में सभी उपजिलाधिकारी को एंटी भू.माफिया संबंधी प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। 5 वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों के निस्तारण में धीमी प्रगति से संबंधी अधिकारियों ;उपजिलाधिकारीध्तहसीलदारद्ध को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिये। वरासत संबंधी समस्त प्रकरणों को अतिरिक्त मजिस्टेऊट लगाकर निस्तारित कराने तथा 31 अक्टूबर से पूर्ण सभी वरासत के मामलों को निस्तारित कराने के निर्देश दिये।

### जेसीबी मशीन से गड्ढे की हुई खुदाई

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** माँ दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन हेतु सुप्रीम कोर्ट व एन जी टी के निर्देशों का पालन कराने हेतु सरयू नदी के किनारे विसर्जन स्थलों पर प्रशासन द्वारा जे सी बी मशीन से गड्ढा की खोदाई कराई जा रही है। एस डी एम टाण्डा अभिषेक पाठक,सी ओ संतोष कुमार की देख रेख में आज थाना हंसवर क्षेत्र के मेंन्दी घाट व लंगर तीर घाट पर प्रतिमा विसर्जन हेतु गड्ढा खोदा गया। वहीं पर टाण्डा क्षेत्र के महादेवा घाट व राज घाट पर भी गड्ढे की खुदाई होगी। एस डी एम श्री पाठक ने बताया कि नदी के जल की स्वछता को बनाये रखने हेतु जलधारा में प्रतिमा विसर्जन नही होगा। और सुप्रीम कोर्ट तथा एन जी टी के निर्देशों का पालन कराया जाएगा।टाण्डा नगर को छोड़कर पूरे क्षेत्र की प्रतिमाओ का विसर्जन शुक्रवार को होगा और टाण्डा नगर क्षेत्र व आस पास की प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को होगा।

### शिक्षा में आवश्यक सेवाओं की हो उपलब्धता

**प्रयागराज।** वंचित विद्यार्थियों को डिजिटल डिवाईस प्रदान करने के लिए अमेज़न इंडिया ने देश में डिजिटल अंतर को दूर करने और वंचित समुदायों के विद्यार्थियों को डिजिटल डिवाईसेस की उपलब्धता बढ़ाने के अपने उद्देश्य की घोषणा की। इस उद्देश्य के साथ त्योहारों की खुशी बढ़ाने के लिए कंपनी ने अमेज़न ग्रेट इंडिया फेस्टिवल दो हजार इक्कीस के साथ साथ डिलीवरिंग स्माईल्स अभियान के लांच की घोषणा की। कायर्क्रम लोगों को दान देने और डिजिटल अंतर को दूर करने के कंपनी के उद्देश्य में हिस्सा लेने में समर्थ बनाएगा। वाईस प्रेसिडेंट मनीष तिवारी ने कहा कोविड 19 महामारी ने न केवल शिक्षा में बल्कि आवश्यक सेवाओं की उपलब्धता में मौजूद गंभीर डिजिटल अंतर पर ध्यान केंद्रित किया है। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित वंचित समुदाय के युवा हुए हैं। युवाओं को डिजिटल डिवाईस द्वारा सशक्त बनाना चाहते हैं।

### बेहतर अनुभव, प्रदर्शन के प्रति हों केंद्रितः निपुण

**प्रयागराज।** सब कुछ सर्वश्रेष्ठ प्रदान करने के लोग केंद्रित दृष्टिकोण की ओर एक कदम और बढ़ा रहे हैं। ताकि सुलभ मूल्य पर इनोवेटिव डिजाइन फास्ट चार्जिंग क्षमता और बेहतर प्रदर्शन प्रदान किया जा सके। वीवो ने भारत में वीवो वाई बीस टी के लांच के साथ अपनी युवोन्मुखी वाई सीरीज का विस्तार किया। छह जीबी रैम प्लस चौसठ जीबी रोम वेरिएंट पंद्रह हजार चार सौ नब्बे रुपये की कीमत के साथ वाई बीस टी में वीवो की विशेष एक्सटेंडेड रैम है। आकर्षक रंग विकल्पों ओब्सीडियन ब्लैक और प्यूरिस्ट ब्लू में सभी पार्टनर रिटेल स्टोर पर ग्यारह अक्टूबर से उपलब्ध होगा। निपुण मार्या निदेशक ने कहा लॉन्च के बाद से ही युवा वाई सीरीज़ नए डिज़ाइन खूबसूरत डिस्प्ले और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी के लिए जानी जाती रही है।

## सरकारी संस्थाओं को बेच रही है सरकारः आजमी

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष विधायक अबु आसिम आज़मी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब है सभी सरकारी संस्थाएं बेची जा रही है।मोदी सरकार ने कभी वादा पूरा नही किया। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था बदतर हो गयी है।आने वाले उत्तर प्रदेश के चुनाव में समाजवादी पार्टी ही मात्र एक विकल्प है। उक्त विचार टाण्डा नगर के मोहल्ला सकरावल में एक जनसभा में श्री आज़मी व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार पर जम कर निशाना साधते हुए कहा कि दो करोड़ लोगों को नौकरी देने के बजाए नौकरियों खत्म कर रहें है।सरकारी संस्थाएं व प्राइमरी स्कूल तक बेचे जा रहे है।किसानों को कुचला जा रहा है।11 महीने से आंदोलन कर रहे किसानों की मांगें नही सुनी जा रही ही।यह सरकार अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चल रही है।उन्होंने कहा कि आज अल्पसंख्यक दो प्रतिशत नोकरी में है वहीं बहुसंख्यक 98 प्रतिशत हैं नुकसान किसका हो रहा है ।

# एनटीपीसी-टाण्डा ने की दिव्यांग बच्चों की सहायता

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**एनटीपीसी** लिमिटेड टाण्डा थर्मल पावर स्टेशन द्वारा अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व के तहत लोक जागृति संस्थान, पिछवारा, सया, अम्बेडकरनगर के 30 मानसिक दिव्यांग बच्चों को उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। एनटीपीसी टांडा की स्वयंसेवी संस्था 'गरिमा महिला मंडल' की अध्यक्षा मधुलिका सिंह, उपाध्यक्षा सरोज अहलावत एवं अन्य सदस्याओं ने प्रत्येक बच्चों को 1 किग्रा च्यवनप्राश, स्टील थर्मस बॉटल्स, फेस मास्क, हैंड ग्लव्स, हैण्डवॉश, डेटॉल साबुन, रिन साबुन एवं संस्था को एक वाटर प्यूरीफायर प्रदान किया।

एनटीपीसी-टाण्डा परियोजना के पास स्थित इस केन्द्र में लगभग 20 किलोमीटर के क्षेत्र के मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चे पंजीकृत है। गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा ने सभी बच्चों की बातें सुनीं तथा उनके क्रियाकलापों



के बारे मे जानकारी लीं। उन्होंने कहा की एनटीपीसी टांडा परिवार विगत कई वर्षों से संस्था के सम्पर्क में रहकर यहॉ पंजीकृत बच्चों एवं संस्था को आवश्यक सहयोग प्रदान करता रहा है।

उन्होनें भविष्य में भी बच्चों की जरुरतों के अनुसार हरसंभव सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने लोक जागृति संस्थान द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी कार्यो की सराहना की। बच्चे भी अपने बीच उन्हें पाकर काफी खुश नजर आये। श्रीमती सिंह ने केन्द्र का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मा0सं0) मृणालिनी, प्रबंधक (मा0सं0) राजीव त्रिपाठी एवं गरिमा महिला मंडल की वेलफेयर सचिव श्रीमती नीलम उपाध्याय, श्रीमती अनीता परिहार, एवं मधु वर्मा उपस्थित रहीं।

# पुलिस अधीक्षक ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** बसखारी के ऐतिहासिक भरत मिलाप तथा किछौछा में रामलीला एवं दशहरा के दौरान लगने वाले मेले की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने प्रशासनिक स्तर पर किये जाने वाले सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया।

इस दौरान उन्होंने यहां के संभ्रांत नागरिकों से सुरक्षा दृष्टिकोण को लेकर किये जा रहे पुलिस की तैयारियों के बारे में भी जानकारी लिया। बसखारी पहुंचने पर पैदल गस्त रहे कर रहे पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी से प्रभावती कैलाश चौरिटेवल ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद यादव, बसखारी रामलीला समिति अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता तथा किछौछा में रामलीला समिति के उप व्यवस्थापक सर्वजीत लाल जायसवाल एवं अन्य सामाजिक



सरोकार से जुड़े लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर सुरक्षा व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। बसखारी मे हो रहे रामलीला स्थल का निरीक्षण करते हुए थानाध्यक्ष श्रीनिवास पांडे को सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पैदल गश्त के दौरान पुलिस बल के जवानों के साथ संतोष कसौधन मोनू अग्रहरि लालजी स्वर्णकार के साथ स्थानीय संभ्रांत नागरिक भी मौजूद रहे।

# कोविड प्रोटोकाल के तहत सुनिश्चित कराया जाए दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

**अयोध्या।** आप सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों की समितियों को उनके संदर्भित विसर्जन घाटों पर कोविड.19 के गाइड लाइन के अनुपालन करते हुए मां का की प्रतिमाओं का विसर्जन सुनिश्चित कराईए। आज शुभम हॉट सुभाष नगर में आयोजित केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं राम लीला समन्वय समिति जनपद अयोध्या की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्रामीण क्षेत्रों के दूरदराज से आए केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने आगे कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रीय केंद्रीय समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ही साथ कुछ सहयोगी पदाधिकारियों को भी विसर्जन घाट का दायित्व सौंपे, जैसा कि आप सभी को यह विदित है कि आने वाली 15 तारीख को नगर के निर्मली कुंड अयोध्या के नयाघाट, रुदौली के कामाख्या घाट, रीच घाट ए



कैथी घाटए सोहावल क्षेत्र के ढेमुआ घाटए कलाफर घाट एवं भदरसा क्षेत्र के भरतकुंड पर विसर्जन का कार्यक्रम होना है।

प्रमुख संरक्षक विजय गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल पर हर समय एक जिम्मेदार पदाधिकारी अवश्य उपस्थित रहे और कोविड 19 दिशा निर्देशों को प्रसारित करते रहेण् बैठक का संचालन केंद्रीय समिति के गगन जायसवाल ने किया बैठक में अपने क्षेत्र की समस्या रखते हुए अनिल कुमार मिश्रा एडवोकेट ने कहा केंद्रीय समिति के सुझाए गए कुछ कार्य रुदौली क्षेत्र में आप सभी के सहयोग से उत्सव अच्छे ढंग से मनाया जा रहा है जिसके लिए हमारे जिला के पदाधिकारी धन्यवाद के पात्र हैं एवही बैठक में अपनी बात रखते हुए महंत धनुषधारी शुक्ल ने कहा प्रशासन इस विषय का अवश्य ध्यान रखें कि पूरे जनपद में किसी भी तरह विद्युत की कोई भी कटौती ना होने पाए। सोहावल के अनिल गुप्ता ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था और भी चुस्त दुरुस्त होनी चाहिए। वही बैठक को संबोधित करते हुए भदरसा के भगवती प्रसाद दयालु ने कहा विसर्जन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होना आवश्यक हैए हम जिससे कई तरह के असुविधा से बचा जा सकता है बैठक को केंद्रीय समिति के केशव बिगुलर, सुप्रीत कपूर प्रमोद जायसवाल एवं ध्रुव गुप्ता ने भी संबोधित किया।

# आयुष्मान योजना गरीब परिवारों के लिए बनी संजीवनी : एसीएमओ

● इसमें अब तक 24758 लोगों का हो चुका है इलाज

**प्रयागराज।** आयुष्मान भारत योजना से जुड़े जनपद में कुल 164 अस्पताल हैं। इनमें 22 सरकारी और 142 निजी अस्पताल हैं। इन अस्पतालों में 23 सितंबर 2018 से 29 सितंबर 2021 तक 24 करोड़ रुपए तक का निःशुल्क इलाज लाभार्थियों का हुआ है। स्वास्थ विभाग इस राशि का भुगतान संबन्धित अस्पतालों को कर चुका है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों में उन लाभार्थियों की संख्या सर्वाधिक है जो जानलेवा बीमारियों का सामना कर रहे थे। यह योजना गरीब परिवार के लिए संजीवनी साबित हुई है। इस योजना के तहत जिले में अब तक 24758 मरीजों का इलाज हो चुका है। यह कहना एसीएमओ व आयुष्मान भारत नोडल अधिकारी डा राकेश चन्द्र का है। एसीएमओ और आयुष्मान भारत नोडल अधिकारी डा राकेश चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि विभाग निरंतर लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के प्रयास में लगा हुआ है। इसलिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार कैंप व अन्य माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। जनपद में कुल तेरह लाख पचास हज़ार तीन सौ पचास 1350350 लोग आयुष्मान योजना के पात्र लाभार्थी हैं। इनमें से तीन लाख उनचास हज़ार सात सौ अट्ठावन 349758 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्राप्त हो चुका है। यह लाभार्थी देश भर में आयुष्मान भारत योजना के संबद्ध सरकारी या निजी अस्पताल में पांच लाख रूपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। नोडल अधिकारी डा राकेश चन्द्र ने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार को मिलेगा।

# विजयदशमी पर शमी वृक्ष के दर्शन हैं खास

बसखारी। अम्बेडकरनगर

**विजयादशमी** पर शमी के वृक्ष की पूजा का महत्व उसी प्रकार है जिस प्रकार वट सावित्री पर वट वृक्ष आवला नवमी पर आवले के वृक्ष की पूजा का महत्व है। विजयादशमी के पर्व पर शमी पूजन का बहुत ही बड़ा महत्व है इस दिन शमी का वृक्ष दर्शन सौभाग्य वर्धक माना गया है इस पवित्र वृक्ष के दशहरे के दिन दर्शन से जहां पुण्य का प्रप्ति होती है वही लोगों की मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है शास्त्रों के अनुसार शमी का वृक्ष साक्षात भगवान शिव का स्वरूप है प्रात: काल में नित्य कार्म आदि से निवृत होकर सभी देवताओ अस्व शस्त्रादि और गुरुजन का विधि से पूजा करे शमी वृक्ष के पास इसकी मूल की भूमि के पूर्व या उत्तर में बैठकर पेड की पूजा करे प्रार्थना करके शमी का पता पूजा स्थान की थोडी सी मिट्टी तथा एक सुपारी साथ में ले और इसे कपडो में बाधकर कार्य सिद्धि की इच्छा से अपने पास



रखे श्री गणेश जी का स्मरण कर विष्णु भगवान की परिक्रमा कर के शमी के पास चारो दिशाओ में जाकर कहे की हे देव मेरी सब दिशाओं में विजय हो और शत्रुओं से मेरी रक्षा हो।


### शमी से शनि शमन

शनि ग्रह की शांति के लिए किसकी संविधा से हवन का विधान है शमी वृक्ष के जड से बनी अंगूठी को नग के रूप में धारण करने से अनिष्ट ग्रहों का शमन होता है मान्यता है कि शमी के फूल एवं पत्तियों को शिवलिंग पर चढ़ाने से एक साथ एक लाख पुण्य चढाने का पुण्य प्राप्त होता है तथा शनि देव भी पसंद होते हैं विजयादशमी पर मनोकामना एवं विशेष उपाय'अगर आप की कोई ऐसी इच्छा अथवा मनोकामना है जो पूर्ण नहीं हो रही है तो विजयदशमी के विजय मुहूर्त पर शमी के वृक्ष की पूजा करके धूप दीप नैवेध दक्षिणा चढ़ाकर शमी के वृक्ष से अपनी मनोकामना कहकर उसकी पत्ती लाल रुमाल में बांधकर एक पवित्र स्थान पर रखकर नित्य रूप पति दिखाएं राम कृपा से आपका सारा कार्य पूर्ण होगा शमी के पत्तों को गले बात तिजोरी में रखना भी बहुत ही शुभ माना गया है विशेष दशहरे के दिनअगर किसी व्यक्ति को शाम के समय नीलकंठ अथवा खंजन पंछी दिख जाए तो वर्ष भारत उसको कार्यों में सफलता मान सम्मान धन कीर्ति की भी प्राप्त होती है।

## बिजली संकट

### मानवजनित कारक

**वर्तमान** बिजली संकट पूरी तरह मानव-जनित कारण से है। बढ़ी हुई मांग का पूर्वानुमान लगाया जा सकता था। इसमें नियोजन तथा क्षमता का प्रमुख स्थान है। स्थिति खतरनाक है क्योंकि कोयले का भंडार कम हो रहा है तथा कोल इंडिया, एनटीपीसी व भारतीय रेल बिजली कंपनियों तक कोयला पहुंचाने के सारे प्रयास कर रहे हैं। यह कोई गोपनीय बात नहीं है कि देश पर संकट क्यों आया। कोविड-19 के कारण लागू लाकडाउन से मांग में कमी आई थी। इसके बाद अनलाक में न केवल आवासीय, बल्कि औद्योगिक बिजली की मांग भी बढ़ गई। अगस्त, 2021 में भारत ने 124 बिलियन यूनिट बिजली उपभोग की जो 2019 से 17 प्रतिशत अधिक थी। दूसरा, पिछले दो महीने में भारत का कोयला आयात घटा तथा कोयले की अंतरराष्ट्रीय कीमतें चीन की मांग बढ़ने के कारण बढ़ीं। इसके परिणामस्वरूप बिजलीघरों ने कोयला आयात करना बंद कर दिया या बिजली उत्पादन घटा दिया। तीसरा, वर्तमान वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में ताप बिजलीघरों में कोयले का उपयुक्त संरक्षित भंडार नहीं था। चौथा, अगस्त व सितंबर में कोयला खदान वाले क्षेत्रों में भारी बरसात के कारण खानों से कोयले की सप्लाई घटने के कारण परेशानी बढ़ी। इन सबके कारण भारत में संकट आया। उदाहरण के लिए, 4 अक्टूबर को ऊर्जा मंत्रालय ने शिखर मांग तथा उपलब्ध बिजली सप्लाई के बीच 4 गीगावाट से अधिक का अंतर स्वीकार किया।



आखिर इसका जिम्मेदार कौन है तथा अप्रैल-मई में बढ़ती मांग और आगामी मानसून के कारण संभावित समस्याओं को देखते हुए पहले से योजना क्यों नहीं बनाई गई? क्या यह कोल इंडिया की प्रमुख जिम्मेदारी है जिसे कोयले की सप्लाई पर नजर रखने का काम दिया गया है। कोयला खनन एक जटिल मामला है। कंपनियां केवल कोयला निकाल कर शांत नहीं बैठ सकती हैं। उत्पादन की उठान के साथ संगति बनानी होती है क्योंकि कोयले का ज्यादा भंडार नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि इसमें आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। मानसून लंबा खिंचने या भारी बरसात के कारण खुली खदानों से उठान प्रभावित हो सकती है और पिछले दो सप्ताहों में यही हुआ है। इस संबंध में कोल इंडिया का रिकार्ड भी कभी अच्छा नहीं रहा है। अधिकांश उत्पादन के लिए उसकी निर्भरता उथली व खुली खदानों पर बढ़ी है। उसे गहरी खनन तकनीकों में अपनी विशेषज्ञता फौरन बढ़ानी चाहिए। कोयला ब्लाकों में क्षमता का सवाल भी है क्योंकि कोल इंडिया लिमिटेड को आबंटित ब्लाक निजी कंपनियों को दिए जा रहे हैं। कोयले से बिजली बनाने के संबंध में नए यथार्थ पर भी गौर करने की आवश्यकता है। सस्ती नवीकरणीय ऊर्जा के कारण प्रतियोगिता बढ़ी है तथा प्रदूषण का प्रमुख स्रोत होने के कारण कोयले पर निशाना लगाया जा रहा है। दूसरी ओर बिजली की कमी पर राज्यों का शोरशराबा कोयला भुगतान के बकाए के बावजूद है। राज्य बिजली बोर्डों तथा बिजली पैदा करने वाली कंपनियों पर कोल इंडिया का 21,619.7 करोड़ रुपया बकाया है। कुछ राज्यों ने ताप बिजलीघरों से बिजली खरीद अनुबंधों को विस्तार न देकर सवाल खड़े किए हैं और वे स्पाट एक्सचेंजों से महंगी बिजली खरीद रहे हैं। कोयला सप्लाई समस्याओं का पहले से पूर्वानुमान न लगाने तथा समुचित भंडार न बनाने वाले बिजलीघर भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। कोयले की सप्लाई में धीरे-धीरे सुधार होगा, पर बिजली की स्थिति में अगले साल की शुरुआत में ही स्थायित्व आएगा। वर्तमान संकट से हमें समुचित सबक ले कर उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।


# करिश्माई नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण

## पुस्तक कई प्रामाणिक ग्रंथों और पत्रों के साथ जेपी के विचारों और पहलों के कुछ सबसे विवादास्पद पहलुओं को संबोधित करती है



**आनंद कुमार**
(लेखक जेएनयू से सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)

जयप्रकाश नारायण (जिन्हें 'जेपी' कहा जाता है) भारत के सबसे करिश्माई नेताओं में से एक थे। उन्होंने निस्वार्थता और दृढ़ विश्वास के साहस के दुर्लभ संगम का प्रतिनिधित्व किया। उनके मार्क्सवादी वर्षों में, अनुयायियों ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बाद जेपी को भारत के लेनिन के रूप में देखा। उनके जीवन की शाम में, छात्रों और युवाओं ने उन्हें 'लोकनायक' कहकर अपनी प्रशंसा व्यक्त की। 1930 से 1979 तक पांच दशकों तक भारतीय राजनीति और समाज में उनकी अद्वितीय भूमिकाओं के कारण ही जेपी की जीवन यात्रा कार्यकर्ताओं और विद्वानों की पीढ़ियों के बीच एक आकर्षक कथा प्रदान करती रही है। साथ ही, यह एक हैरान करने वाला तथ्य रहा है कि जयप्रकाश को हमेशा विरोधाभासी तरीकों से देखा जाता था। उदाहरण के लिए, आचार्य विनोबा भावे और अन्य सर्वोदय सहयोगियों ने उन्हें एक संत कहा, जबकि कांग्रेस (इंदिरा) के अध्यक्ष डीके बरुआ ने उन्हें भ्रष्ट समर्थकों के साथ एक फासीवादी बताया।




बिमल प्रसाद और सुजाता प्रसाद (2021, गुड़गांव, पेंगुइन रैंडम हाउस) द्वारा 'द ड्रीम ऑफ रेवोल्यूशन - जयप्रकाश नारायण की जीवनी' कम से कम चार कारणों से स्वतंत्रता और क्रांति के उपासक के बारे में एक उत्कृष्ट पुस्तक है। सबसे पहले, पिता (एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद) - बेटी (एक प्रतिष्ठित वरिष्ठ नौकरशाह) टीम, जो दो अलग-अलग पीढ़ियों और दो अलग-अलग झुकावों का प्रतिनिधित्व करती है, जेपी को दशकों से अच्छी तरह से जानती थी। दूसरे, इसमें केवल दस छोटे अध्यायों की एक पठनीय पुस्तक में जेपी के विचारों और पहलों के बारे में कई खंडों का आसवन है। तीसरा, यह कई प्रामाणिक ग्रंथों और पत्रों के साथ जेपी के विचारों और पहलों के कुछ सबसे विवादास्पद पहलुओं को संबोधित करता है। अंत में, यह क) गांधी और विनोबा की शिक्षाओं के बीच परस्पर क्रिया को दर्शाता है; बी) जवाहरलाल नेहरू, समाजवादियों और इंदिरा गांधी की राजनीति; और ग) जयप्रकाश और प्रभावती के जीवन को आकार देने में लोकतांत्रिक राष्ट्र-निर्माण की अनिवार्यताओं को बदलना।

पुस्तक पढ़ने योग्य है क्योंकि दोनों लेखकों ने निष्पक्षता और आत्म-संयम का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। अन्य इतिहासकारों की तुलना में जेपी के गुणों पर चर्चा करने के लिए वे आलोचनात्मक मूल्यांकन से नहीं कतराते हैं, लेकिन काफी उदारवादी बने रहते हैं।

मेरे जैसे जेपी आंदोलन के दिनों के एक कार्यकर्ता के लिए 'क्रांति का सपना' पढ़ना एक रोशन अनुभव था क्योंकि यह 'भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण' की जीवनी नहीं है। यह जेपी की एक अच्छी तरह से प्रलेखित जीवन-कहानी है - विद्रोही-असाधारण रूप से एक अनूठी शैली में लिखा गया है जहां अक्सर सिर्फ एक वाक्य कुछ सौ छवियों को उजागर करता है। मैं इस पुस्तक से गद्य की शक्ति के कुछ उदाहरण प्रस्तुत करता हूं। उनकी समाजवादी राजनीति के दिनों के बारे में तीन अलग-अलग अध्यायों से ऐसी तीन पंक्तियां हैं : 1) 'जयप्रकाश नारायण की राजनीति की सबसे तीखी आलोचनाओं में से एक उनकी पत्नी प्रभावती से आई है।' (अध्याय 4, पृष्ठ 53); 2) 'जयप्रकाश ने समाजवाद में संक्रमण को एक सीधी सड़क नहीं, बल्कि परस्पर विरोधी रास्तों की एक उलझन के रूप में देखा।

कुछ प्रणालीगत चुनौतियों के प्रति उनके उन्मुखीकरण के बारे में यहां तीन अन्य वाक्य दिए गए हैं : 1) 'जयप्रकाश का स्वप्नलोक अकेले पार्टी-विहीन लोकतंत्र के विचार पर नहीं, बल्कि इच्छाओं की स्वैच्छिक सीमाओं पर आधारित एक नए प्रकार के आर्थिक ढांचे पर आधारित था।' (अध्याय।) 7, पी. 131); 2) 'इतिहास और राजनीति की गड़गड़ाहट के माध्यम से, जयप्रकाश का जीवन लगातार उद्धरण और स्मारक के बीच घूमता रहा - और यही इसे इतना खास बनाता है।' (अध्याय 7, पृष्ठ 143), और 3) 'नक्सलवादी आंदोलन को घेरने वाले मिथकों को दूर करते हुए, जयप्रकाश ने तर्क दिया कि हिंसा के लिए जमीन बेरहम शोषण, पुरानी गरीबी और संचित अन्याय की दृढ़ता से तैयार की गई थी।' (अध्याय 8, पृष्ठ 156)।

अब हम 'संपूर्ण क्रांति' (1974) के लिए उनकी युगांतरकारी छलांग से ठीक पहले की सबसे महत्वपूर्ण अवधि के बारे में इसी तरह की पावर-पैक पंक्तियों को पढ़ने के लिए आगे बढ़ सकते हैं : 1) 'जयप्रकाश द्वारा उठाए गए मुद्दों पर इंदिरा का सावधानीपूर्वक तैयार किया गया जवाब धैर्यवान, सुलह करने वाला, यहां तक कि थोड़ा विचलित।' (अध्याय 8, पृ.167); 2) 'किसी को आश्चर्य होता है कि क्या प्रभावती की मृत्यु के बाद इंदिरा में भय की भावना पैदा हुई। उनकी मृत्यु के साथ, जयप्रकाश के जीवन में संयम की आवाज भी मर गई।' (अध्याय 8, पृष्ठ 169); और 3) 'वर्ष 1973 एक क्रांति के साथ नहीं बल्कि निश्चित रूप से एक की सूचना के साथ समाप्त हुआ।' (अध्याय 9, पृष्ठ 170)।

आइए हम पिछले दो अध्यायों - 'होप इन डार्क टाइम्स' (अध्याय 9) और 'द डेथ ऑफ ए ड्रीम' (अध्याय 10) से कुछ उदाहरणों को रेखांकित करके इस अभ्यास को समाप्त करें : 1) 'नवंबर 1974 एक निश्चित महीना था। आंदोलन के इतिहास में।' (पी.185); 2) 'जयप्रकाश और इंदिरा के मित्रों ने समझौता करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे।' (पृष्ठ 187); 3) 'इंदिरा विरोधी मोर्चे का समर्थन करने के लिए जयप्रकाश को दिल्ली वापस लाने के लिए कुछ हद तक अनुनय-विनय करना पड़ा।' (पृष्ठ 195); 4) 'इंदिरा ने संजय और उनके हाथ से उठाए गए गुंडागर्दी के कबाड़ को नियंत्रण सौंप दिया।' (पृष्ठ 196), और 5) 'जैसे ही तूफानी बादल छाए, किसी ने जयप्रकाश की राय लेने की जहमत नहीं उठाई। एक मायने में, यह इतिहास स्वयं को ही दोहरा रहा था, और उनकी दुर्दशा 1947 में गांधी से बहुत अलग नहीं थी।' (पृष्ठ 215)

यह सचेत करना महत्वपूर्ण है कि बिमल प्रसाद और सुजाता प्रसाद के इस योगदान की मदद से जेपी को जानने के बाद, एक संबंधित पाठक यह पूछने के लिए ललचा सकता है कि कई अत्यधिक प्रभावशाली लोगों द्वारा कोमल जयप्रकाश का ऐसा अनुचित चित्रण क्यों किया गया है। उन्हें 'ऊंची सोच', एक भ्रमित दिमाग, एक निराश जीवन जीने वाला, 'धुंधली, भोली और अवास्तविक सोच', 'भारतीय राजनीति और राजनेताओं का एक गरीब न्यायाधीश', हिंदू सांप्रदायिक ताकतों को सम्मान देने वाला, और प्रति-क्रांति की ताकतों के सिरमौर के साथ एक व्यक्ति के रूप में क्यों लेबल किया गया था।

किसी भी मामले में, पिता-पुत्री टीम द्वारा जेपी का मूल्यांकन अल्बर्ट कैमस द्वारा सिसिफस के मंत्रमुग्ध कर देने वाले विवरण के करीब है। सिसिफस (ग्रीक पौराणिक कथाओं में एक विद्रोही) को देवताओं द्वारा एक पहाड़ की चोटी तक एक चट्टान को रोल करने की निंदा की गई थी, केवल चट्टान को हर बार शीर्ष पर पहुंचने पर नीचे की ओर लुढ़कने के लिए। लेकिन क्या सिसिफस मुस्कुराया जब वह चट्टान के साथ शीर्ष पर पहुंचा? भारत के लोगों की सामूहिक स्मृति का अविनाशी हिस्सा बनने के लिए जाने से पहले मैंने अपने सिसिफस को सत्ता के गर्व या सफलता के अहंकार के बिना मुस्कुराते हुए देखा है।

# टाटा को मिली एयर इंडिया की कमान



**राजेश कुमार**
(लेखक दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)

टाटा संस द्वारा कर्ज के बोझ से लदी राष्ट्रीय विमान कंपनी में सरकार के शत-प्रतिशत शेयर खरीदने की बोली में सफलता प्राप्त करना वास्तव में 68 साल बाद एयर इंडिया की 'घर वापसी' है। इस वर्ष दिसंबर तक इसे टाटा को सौंपने की औपचारिकतायें पूरी होने की उम्मीद है। अब रतन टाटा के असली बिजनेस कौशल की परीक्षा एयरलाइन को फिर से पटरी पर लाना होगा, पर यह आसान काम नहीं है, हालांकि समूह की अन्य कंपनियों तथा इंडियन एयरलाइन के बीच एक संगति जरूर है। व

र्तमान समय में बीमार एयरलाइन को मूलत: 1932 में अग्रणी उद्योगपति जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा के नेतृत्व में टाटा एयर सर्विसेज़ के रूप में शुरू किया गया था। भारत की स्वतंत्रता के कुछ साल बाद 1953 में सरकार ने एयरलाइन कंपनी में अधिकांश शेयर खरीद लिए थे और इस प्रकार एयर इंडिया का राष्ट्रीयकरण हो गया था। ईमानदारी से देखा जाए तो एयर इंडिया के पास काफी परिसंपत्तियां, ढांचागत संरचना, उड़ानें तथा द्विपक्षीय समझौते हैं। टाटा के पास टाटा इंजीनियरिंग, ताज सैट्स, आईएचसीएल व अन्य कंपनियां हैं। उनको एयर इंडिया की ढांचागत संरचना, परिसंपत्तियों तथा उड़ानों से लाभ मिल सकता है। टाटा को दसियों हजार करोड़ रुपये की पूंजी बैलेंसशीट ठीक करने, एयरलाइन के दायित्वों का भुगतान करने तथा विकास करने पर खर्च करने होंगे। उन्हें एयरलाइन को ऐसे मोड़ पर लाना होगा जहां वह सार्थक रूप से एक प्रभावी वैश्विक प्रतियोगी बन सके।

यह राष्ट्रीय विमान कंपनी को बेचने का तीसरा प्रयास था और इस बार केन्द्र इसमें सफल हुआ है। उसने सबसे अधिक बोली बोलने वाले को अपनी पूरी संपत्ति सौंप दी है। विमान कंपनी में विनिवेश के शुरुआती प्रयास विफल हुए थे जिसके बाद जनवरी, 2020 में यह प्रक्रिया पुन: शुरू की गई, पर कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण इसमें बाधा आई। अप्रैल 2021 में सरकार ने संभावित बोलीकर्ताओं से अपनी बोलियां सामने रखने को कहा था। चूंकि बोलीकर्ताओं को कुछ शर्तें पसंद नहीं थीं, इसलिए सरकार ने अक्टूबर में इन धाराओं में परिवर्तन कर एयर इंडिया के कर्ज को नए निवेशक को हस्तांतरित करने का फैसला किया। इससे बोलीकर्ताओं को यह समझने का मौका मिला कि वे कितना कर्ज स्वीकार कर सकते हैं। बोली की 18,000 करोड़ की धनराशि में से सरकार को 2,700 करोड़ रुपये नकद मिलेंगे तथा बाकी की धनराशि कर्ज के रूप में नए उद्यम को सौंपी जाएगी। इसके साथ ही



एयर इंडिया के पूरे 100 प्रतिशत शेयर तथा एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड-एआईएक्सएल के शेयर नए स्वामी को मिल जाएंगे जिनमें एआईसैट्स के 50 प्रतिशत ग्राउंड हैंडलिंग संयुक्त उद्यम भी शामिल हैं। सरकार बाकी 46,262 करोड़ का कर्ज स्वयं स्वीकार करेगी जिसे उसके द्वारा गठित स्पेशल परपज़ वेहिकिल-एसपीवी एयर इंडिया असेट्स होल्डिंग लिमिटेड को हस्तांतरित किया जाएगा। 14,718 करोड़ की भूमि व इमारतों के रूप में गैर-कोर परिसंपत्तियों को भी एसपीवी को दिया जाएगा जिसमें टाटा से प्राप्त 2,700 करोड़ नकद भी है। इसे देखते हुए सरकार पर शुद्ध दायित्व 28,844 करोड़ रुपये रह जाएगा। 141 विमानों तथा 4,400 घरेलू व 1,800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, घरेलू हवाईअड्डों पर पार्किंग स्थलों तथा विदेशों में 900 उड़ानों के साथ टाटा को एयर इंडिया, इंडियन एयरलाइन्स तथा महाराजा जैसे उल्लेखनीय ब्रांडों का स्वामित्व मिलेगा। टाटा संस का एयर एशिया में 84 प्रतिशत हिस्सा तथा बाजार हिस्से में 5.2 प्रतिशत अधिकार है। इसी प्रकार विस्तार में उसका 51 प्रतिशत हिस्सा तथा बाजार शेयर में 8.3 प्रतिशत हिस्सा है। एयर इंडिया की 13.2 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ अब टाटा का बाजार की 26.7 प्रतिशत हिस्सेदारी पर कब्जा हो गया है और वे इंडिगो के बाद दूसरे सबसे बड़े विमान संचालक बन गए हैं। 'महाराजा' का लोगो और दर्जा प्राप्त करने के सालों बाद एयर इंडिया की किस्मत खराब होने लगी थी और उसे भारी नुकसान होने लगा था। 2007 में घरेलू विमान कंपनी इंडियन एयरलाइन्स के विलय के बाद उसका घाटा लगातार बढ़ता गया। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, 2009-10 से सरकार ने एयर इंडिया को सहायता देने के लिए इसमें 1.10 लाख करोड़ रुपये लगाए। 2019-20 के दौरान एयरलाइन को 8,743.59 करोड़ रुपये का संचालन घाटा हुआ।

2020-21 में एयर इंडिया ने 6,555.66 करोड़ रुपये के संचालन घाटे का अनुमान लगाया था। पहले टाटा एयर सर्विसेज़ के रूप में बनी एयर इंडिया को द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद एक सार्वजनिक कंपनी में बदल दिया गया और इसका नाम 1946 में एयर इंडिया लिमिटेड हो गया। मुंबई व काहिरा, जेनेवा, लंदन के बीच अंतरराष्ट्रीय सेवायें शुरू करने वाली एयर इंडिया इंटरनेशनल लिमिटेड का गठन 1948 में हुआ था। इसी वर्ष नेहरू सरकार ने कंपनी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली थी। भारत ने सभी इंडियन एयरलाइनों का राष्ट्रीयकरण कर दो निगम बनाए जिनमें से एक घरेलू उड़ानों तथा दूसरा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए था।

जेआरडी टाटा नेहरू सरकार द्वारा 'पिछले दरवाजे' से एयर इंडिया के राष्ट्रीयकरण के निर्णय से दु:खी थे। उनको संदेह था कि एयरलाइन के बारे में जानबूझ कर दुष्प्रचार किया गया ताकि उसकी कीमत गिरने के बाद उसका अधिग्रहण किया जाए। यह बात जेआरडी टाटा द्वारा लिखे पत्रों से स्पष्ट होती है। उन्होंने नेहरू को एक तार भेजा था जिसमें कहा गया था, 'मैं केवल ऐसे महत्वपूर्ण कदम की निन्दा कर सकता हूं जिसे बिना मुझसे पूछे व समुचित सुनवाई के उठाया गया। टाटा स्टील के पूर्व सीईओ रूसी मोदी तथा मुझे तत्कालीन संचार मंत्री जगजीवन राम द्वारा केवल सरकार के इस निर्णय की सूचना देने के लिए बुलाया गया कि सरकार ने उद्योग के राष्ट्रीयकरण का निर्णय किया है। हालांकि, मैंने उनको बताया कि मैं इसके लिए तैयार था और मैंने वैकल्पिक योजना बना ली थी।

मेरे विचार से यह सरकार के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ज्यादा बेहतर थी। लेकिन मंत्री ने हमारी सलाह केवल मुआवजे आदि के बारे में मांगी।' टाटा 1978 तक एयर इंडिया के अध्यक्ष बने रहे, जब उनकी सेवाओं को एक झटके से तत्कालीन प्रधानमंत्री मोराजी देसाई ने समाप्त कर दिया था। देसाई ने सरकारी निर्णय के बारे में टाटा को एक कठोर पत्र भेजा था तथा पूर्व एयर चीफ मार्शल पी.सी. लाल को एयर इंडिया का अध्यक्ष बना दिया था।

## आप की बात

### शेयर बाजार का जोखिम

**इन** दिनों भारत में शेयर मार्केट में तेजी के सभी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए नया उच्च स्तरों को छुआ हैइस साल भारतीय शेयर बाजार के मार्केट कैप में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है और यह बढ़कर 3.46 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। इसके बरक्स, ब्रिटिश शेयर बाजार के मार्केट कैप में नौ फीसदी की वृद्धि देखी गई है और उसकी पूंजीगत हैसियत 3.59 लाख करोड़ डॉलर है। हालांकि, महामारी के बाद भारतीय शेयर बाजार में भी गिरावट आई थी, लेकिन जल्द ही इसने रफ्तार पकड़ ली और पिछले महीने इसने पहली बार फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए बाजार पूंजीकरण के मामले में छठा स्थान हासिल कर लिया। पूरे विश्व में भारत के शेयर मार्केट की भारी तेजी हैरान कर देने वाली है! मगर जिस देश में देश के कुल धन का 50 प्रतिशत हिस्सा मात्र 10 प्रतिशत आबादी के हाथ में हो तो ऐसे हालात बना बनाना वाजिब है, क्योंकि बैंकों में ब्याज बहुत कम हो गया है अन्य विकल्पों में धन डूबने कि रिस्क है! हमने शेयर मार्केट को क्रेश होते हुए भी देखा है! ऐसे में शेयर बाजार में निवेश और उसे से भारी मुनाफा लोगों को इसकी और आकर्षित कर रहा है! मगर यह दुधारी तलवार। है कमाना तो सभी को अच्छा लगता है मगर यह एक प्रकार का सट्टा ही है।

– **सुभाष बुढ़ानवाला**, रतलाम

### समानता का अधिकार

**भारत** का संविधान सबको समानता का मौलिक अधिकार देता है। सभी के लिये नियम और कानून समान हैं। पीएम मोदी भी सबका साथ ,सबका विकास की अवधारणा के साथ लोगों के कल्याण के लिये योजनायें बना कर लागू करते हैं। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की बात ध्यान देने योग्य है। उन्होंने कहा देश में बहुसंख्यक- अल्पसंख्यक का वर्गीकरण नही होना चाहिए। सभी को समान अधिकार प्राप्त है। जबकि पड़ोसी देश में इस्लाम को न मानने वालों पर तमाम पाबंदियां लागू हैं। लोगों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता है। भारतीय सभ्यता और संस्कृति में धर्म के आधार पर भेदभाव की कोई अवधारणा नहीं है। भारतीय संविधान में एक भी ऐसा प्रावधान नहीं है जो धार्मिक सम्बन्ध में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की बात करता हो। आरिफ खान की बात गौर तलब है और प्रेरक है। मैं अपने को गौरवशाली भारतीय नागरिक मानता हूं। जिसके पास अन्य नागरिकों जैसे ही समान अधिकार है। तमाम सभ्यताओं को धर्म, जाति, और भाषा द्वारा परिभाषित किया गया लेकिन भारतीय सभ्यता को किसी धर्म के आधार पर परिभाषित नहीं किया गया है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

### नैतिक जवाबदेही

**इन** दिनों उत्तर प्रदेश का लखीमपुर खीरी कांड भाजपा के गले की हड्डी बना हुआ है। मंत्री पुत्र के प्रेम में उलझी भाजपा भले ही फूंक-फूंक कर कदम उठा रही हो पर नैतिकता का तकाजा तो यही कहता है कि फिलहाल मंत्री जी को पदच्युत करना ही चाहिए जिससे चाहिए जिससे पार्टी का आदर्श आचरण नजरिया सार्थक साबित हो सके। उत्तर प्रदेश में किसानों को मंत्री पुत्र द्वारा रौंदे जाने के मामले में सियासत जारी है। विपक्ष हमलावर बना हुआ है तो भाजपा पर भी नैतिक दबाव है। राजनीति में शुचिता की बात करने वाली भाजपा के लिए यह परीक्षा की घड़ी भी है। विपक्ष को मिले मुद्दे से भाजपा बैकफुट पर अवश्य है मगर इसके चिंगारी बनने के पूर्व भाजपा को कठोर निर्णय लेना होगा। अगर राजनीति में नैतिकता की सीख दूसरों को दी जा सकती है तो सत्तारूढ़ दल को भी इस पर खुद अमल करना चाहिए। समय का तकाजा है कि मामले की जांच और उसकी वास्तविकता सामने आने तक मंत्री मिश्र को पद से हटा दिया जाना चाहिए, जिससे जांच प्रभावित न हो।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**हमें** जो डर था वो सच साबित हो रहा है। पाक समर्थित तालिबान का अफगानिस्तान पर कब्जा होने के बाद कश्मीर में आतंकवाद बढ़ा है।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री



**नवंबर** से अंतरराष्ट्रीय आगंतुक थाइलैंड में क्वारंटाइन हुए बगैर प्रवेश कर सकते हैं, यदि वे टीकाकृत हों और कम जोखिम वाले देशों से आए हों।

– **प्रयुत चान-ओ-चा**
थाइलैंड के प्रधानमंत्री



**मोदी** जी आप खामोश क्यों हैं? हम आपसे सहानुभूति का एक शब्द सुनना चाहते हैं, और यह काम कठिन नहीं लगना चाहिए।

– **कपिल सिब्बल**
कांग्रेस नेता

# एमएसपी का लाभ नहीं और धान खरीद शुरू!

● मंडी में टोकन मिलने वाले किसानों का खरीदा जा रहा धान, एक नवम्बर से खरीद शुरू करने की प्रशासन ने कही थी बात सस्ते में बिक रहा धान



**संवाददाता।** सीतापुर

**पिछले कई** दिनो से प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांगो पर प्रशासन ने मंडी में धान खरीद शुरू करा दी है, बुधवार को मंडी परिसर में पहुंचे किसान संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने डिप्टी आरएमओ से वार्ता भी की। डिप्टी आरएमओ ने यह भी बताया कि जिन किसानों को टोकन दिया गया है उन्हीं का धान अभी खरीदा जाएगा। आपको बता दें कि प्रशासन हरकत में तब आया जब उन्हें पता चला कि सीतापुर किसान नेता राकेश टिकैट की मौजूदगी है, कहीं वह मंडी आकर किसानों से न मिलने आ जाए तभी प्रशासन ने सरकारी धान क्रय केन्द्र चालू करा दिए। आपको बता दें कि यहां पर अभी धान खरीद नहीं शुरू हुई थी जिसको लेकर किसान संयुक्त मोर्चा लगातार ज्ञापन देकर प्रदर्शन भी कर रहा था। जिसके बाद बुधवार को किसानों का धान खरीदा जाने लगा। लेकिन बतातें चले कि जिसको लेकर दिल्ली में किसानों का प्रदर्शन चल रहा है वह समस्या अभी भी किसानों के सामने आ रही है, क्योंकि उनको धान का एमएसपी नहीं मिल रहा है, इसीलिए धान उनका सरकारी रेट के बजाए सस्ते में खरीदा जा रहा है। बुधवार को मंडी में आए किसानों ने पायनियर से अपना दर्द भी बयां किया।

# निःशुल्क स्मार्ट फोन और टैबलेट मुहैया कराएगी सरकार

● कालिका देवी प्रा.वि. में वितरण की पुस्तकें

**संवाददाता।** सीतापुर



**योगी सरकार** उच्च शिक्षा हासिल कर रहे छात्रों को निशुल्क स्मार्टफोन और टैबलेट मुहैया कराएगी। प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री ने निःशुल्क स्मार्टफोन और टैबलेट योजना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह बात विधायक ज्ञान तिवारी ने बुधवार को रामपुर मथुरा क्षेत्र के कालिका देवी प्राथमिक विद्यालय में निशुल्क पाठ पुस्तक के वितरण के दौरान कही। विधायक ने बताया स्मार्टफोन या टैबलेट ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, बीटेक, पॉलिटेक्निक, मेडिकल एजुकेशन, पैरा मेडिकल और कौशल विकास मिशन की ट्रेनिंग लेने वाले छात्रों को दिए जाएंगे. विधायक ने बताया कोरोना महामारी के बीच ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित होने के दौरान छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। वहीं, अधिकतर परीक्षाएं भी ऑनलाइन आयोजित हो रही हैं ऐसे में युवाओं के डिजिटल सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए सरकार ने ये फैसला किया है। इस योजना का लाभ देने के लिए योगी सरकार यह निर्णय लिया है। विधायक ने बताया सरकार प्रत्येक विद्यार्थी को निश्शुल्क दो जोड़ी यूनिफार्म, एक जोड़ी जूता, स्वेटर, जूते-मोजे और स्कूल बैग उपलब्ध कराती है अब आगामी शैक्षिक सत्र में डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से अभिभावकों के खातों में पैसा भेजने की तैयारी है। हालांकि पाठ्यपुस्तकें और मिड डे मील की व्यवस्था पहले की तरह ही रहेगी। विधायक ने बताया शिक्षा को लेकर योगी सरकार पहले से ही बहुत गंभीरता से काम कर रही है अब इन निर्णयों से प्रदेश का माहौल ही बदल जाएगा उन्होंने लोगों से कहा कि वह शिक्षा व्यवस्था पर मजबूती के साथ ध्यान दें जिससे कि बच्चे हमारे कल का भविष्य बन सके।

## क्विक न्यूज

### सीतापुर में उठी मंत्री की बर्खास्तगी की मांग!



**सीतापुर।** लखीमपुर खीरी में 3 अक्टूबर को हुए किसानों के नरसंहार में वहां के सांसद व केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी द्वारा किसानों को धमकाने के व उनके बेटे ने गाड़ी से किसानों को रौंदे जाने के बाद सीतापुर में बुधवार को ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के बैनर तले उनकी बर्खास्तगी को लेकर कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे है। विकास भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे सचिव ब्रजबिहारी ने कहा कि जब तक मंत्री मंडल से सांसद को बर्खास्त नहीं किया जाएगा तबतक यह धरना चलता रहेगा। इस मौके पर विनीत जायसवाल, नागेश गौतम, केशवराम, फेरीलाल, ईश्वरदीन, राजीव बंसल, रामकली सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आतिशबाजी की दुकानों के संबंध में निर्देश जारी

**बरेली।** जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने आगामी दीपावली पर्व पर जनपद के विभिन्न निर्धारित स्थानों पर आतिशबाजी की थोक एवं फुटकर विक्रेताओं की दुकानों/प्रतिष्ठानों से आतिशबाजी की बिक्री के सम्बंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने इन निर्देशों के सम्बंध में कहा है कि इनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट्स समस्त उप जिलाधिकारी तथा समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि आतिशबाजी निर्माण स्थल एवं बिक्री स्थल निर्धारित स्थानों एवं निर्धारित दूरी पर किया जा रहा हो। यदि निर्धारित स्थलों के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर आतिशबाजी की बिक्री अथवा भण्डारण या आतिशबाजी का निर्माण होता पाया जाए तो सम्बन्धित के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम.2008 के अन्तर्गत तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाए।जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आतिशबाजी की फुटकर बिक्री स्थलों के चयन का उत्तरदायित्व सम्बन्धित मजिस्ट्रेट/क्षेत्राधिकारी का होगा। उप जिलाधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परागत रूप से अस्थायी लाइसेंस जारी करेंगे। समस्त फुटकर विक्रेताओं को अपनी दुकान का बीमा कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित मजिस्ट्रेट बीमा सम्बन्धी औपचारिकताएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

### ड्यूटी से लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** ड्यूटी पूरी करने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे एक निजी अस्पताल के कंपाउंडर की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देवरनिया थाने के गांव शाहपुर दांडी इस्लाम पुर निवासी 25 वर्षीय रियाज अहमद पुत्र खलील अहमद की कल शाम गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रियाज अहमद बरेली के एक निजी अस्पताल में कंपाउंडर के पद पर काम करता था और कल शाम को ड्यूटी समाप्त करने के बाद मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहा था। लेकिन गांव के पास सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी स वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया स दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बाइक फरार हो गई।

### गंगा-जमुनी तहजीब बरकरार रखते हुए मनाएं त्यौहार



**संडीला(हरदोई)।** पीस कमेटी की बैठक में बोलते हुए एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संडीला गंगा जमुनी तहजीब की बेहतरीन मिसाल रहा है जिसे कायम रखते हुए दशहरा और ईद ए मिलादुन्नबी के त्यौहार सभी लोग मनाएं। कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में बोलते हुए एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी त्यौहार मेलमिलाप भाईचारे तथा प्रेम का पैगाम देते हैं। इसी भावना के साथ दशहरा और ईद ए मिलादुन्नबी के त्यौहार मनाने चाहिए। उन्होंनें कहा कि अभी भी देश से कोविड-19 पूरी तौर पर दूर नहीं हुआ है तथा जरा सी लापरवाही के नतीजे खतरनाक हो सकते हैं इसलिए कोविड नियमों का कड़ाई के साथ पालन किया जाए। उन्होंनें कहा कि 14 अक्टूबर को गल्ला मण्डी में आयोजित होने वाले परश्वराम लक्षमण संवाद में सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए कुर्सियां लगाई जाएं तथा यह ध्यान रखा जाए कि 100 से अधिक लोग एक साथ ना जमा हों जबकि 15 अक्टूबर को रावण दहन के दौरान भी सोशल डिस्टेंसिंग का पूरी तौर पर पालन किया जाना चाहिए। उन्होंनें कहा कि ईद ए मिलादुन्नबी के मौके पर भी कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा। उन्होंनें नगर में सफाई व्यवस्था सुद्रढ़ करने के साथ नगर की खराब पड़ी हुई बिजली की लाईटों को ठीक कराने तथा सूअरों के नगर में प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश नगर पालिका परिषद का प्रतिनिद्धित्व कर रहे सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सौरभ मिश्रा को दिए। उन्होंनें अधिशासी अधिकारी के बैठक में ना आने पर भी नाराजगी व्यक्त की। इस बैठक में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चन्द्रमोहन आहुजा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमबाबा, मदरसा गौसिया के प्रिंसपल मौलाना मेंहदी हसन, जुलूस ए मोहम्मदी के संयोजन माज़ अहमद, सभासद हसन मक्की, लताफत हुसैन, शकील, सपा नगर अध्यक्ष मो0 अकील अंसारी, कांग्रेस के युवा नेता मो0 नसीम वारसी, भाजपा नगर अध्यक्ष एवं सभासद महेन्द्र सोनी समेत तमाम प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### दीवार के मलबे से लोगों का घरों से निकलना दूभर

**संडीला(हरदोई)।** नगर पालिका प्रशासन के उपेक्षात्मक रवैये से एक मास पूर्व गिरी दीवार के मलबे से ना केवल सैकड़ों लोगों को आने जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है बल्कि नालियां बंद होने से गंदा पानी लोगों के घरों में घुस रहा है जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। एसडीएम ने इस प्रकरण में कड़ी कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला महतवाना, वार्ड सं025 में कानपुर निवासी अरविंद कुमार के पुशतैनी मकान की दो मंजिला दीवार लगभग एक मास पूर्व हुई जोरदार वर्षा के दौरान गिर गई। खैरियत यह हुई कि उस समय जोरदार वर्षा के कारण लोग घरों में थे वरना इस मलबे में कई लोग दब गए होते। इस दो मंजिला दीवार के मलबे से सड़क पूरी तरह बंद हो गयी। इसके मलबे की सफाई के लिए वार्ड सभासद शीबा बेगम द्वारा नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया।

### पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च

**लखीमपुर-खीरी।** आगामी त्यौहारों को लेकर जनपद खीरी के समस्त थानों पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन एवं शांति-व्यवस्था के दृष्टिगत फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल के निर्देशन में जनपद खीरी के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत आगामी त्यौहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें थाना क्षेत्र के सभी व्यक्ति एवं आयोजक मौजूद रहे। साथ ही जनता में शांति एवं सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के लिए जनपद खीरी के समस्त थानों द्वारा अर्धसैनिक बल व पीएसी बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया। इससे आमजनमानस में सुरक्षा एवं पुलिस में विश्वास की भावना और सुदृढ़ हुई। लोगों से संवाद स्थापित करके आगामी त्यौहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जायेगा।

# हर वर्ग के साथ है भाजपाः सत्या कुमार

● जिला पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को चला बैठकों का दौर

**संवाददाता।** सीतापुर



**भाजपा का** परचम जिले में लहराने के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाकार्यालय में सुबह से ही बैठकों का दौर चलता रहा। जिसके मुख्य अतिथि उ.प्र. चुनाव के सह प्रभारी, अंडमान निकोबार प्रभारी व राष्ट्रीय मंत्री भाजपा वाई.सत्या कुमार रहे। विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रदेश महामंत्री, अवध क्षेत्र प्रभारी अमरपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री, जिला प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी उपस्थित रहे। मंगलवार को लगातार पार्टी कार्यालय में विभिन्न वर्गों के कार्यकर्ताओं की सात बैठकें रात 8 बजे तक संपन्न हुईं। सर्वप्रथम जिलापदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि वाई.सत्या कुमार ने कहा कि भाजपा से पहले किसी सरकार ने यह नहीं सोंचा था कि देश के सबसे निचले तबके को भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, लेकिन भाजपा ने यह कर दिखाया है। इस प्रकार दूसरी बैठक समन्वयक समिति की हुई जिसमें सांसद व विधायकगण मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि बैठकें सुबह 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलतीं रहीं। इस अवसर पर अवध क्षेत्र महामंत्री नीरज वर्मा, लहरपुर विधायक सुनील वर्मा, बिसवां विधायक महेंद्र सिंह, हरगांव विधायक सुरेश राही, सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, पूर्व जिलाध्यक्ष उमाकांत मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह, पूर्व विधायक रामहेत भारती, नगर पालिका अध्यक्ष बिसवां सीमा जैन, नगर पालिका अध्यक्ष महोली सरिता गुप्ता, श्रीमती पूनम मिश्र, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला महामंत्री रोहित सिंह, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र, जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी, जिला उपाध्यक्ष/नामित सभासद इंदू सिंह चौहान, जिला मंत्री जया सिंह, जिला कार्यालय प्रभारी जितेंद्र मेहरोत्रा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन प्रभा पांडे, सुमित शुक्ला, भंवर सिंह, अनिल सिंह पाताबोझ, आशा मौर्या, भाजयुमो जिलाअध्यक्ष सचिन मिश्रा, जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अमन विक्रम सिंह, वैभव सिंह, तरुण शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## आंख अस्पताल में हुई आरती

# श्री श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव में महाअष्टमी पूजा

**संवाददाता।** सीतापुर



**सीतापुर श्री** श्री सर्वजनिन दुर्गोत्सव में महाअष्ठमी पूजा बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कमेटी की ओर से पूजा का सिलसिला सुबह से ही विधी विधान से शुरू किया गया। पुरोहित पियूष कांत बनर्जी ने महाअष्ठमी पूजा, पुष्पांजलि, सन्धि पूजा पूर्ण किया। इसके बाद माँ का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम मंत्रो उच्चारण से पूरा आंख अस्पताल परिसर गूँज रहा था। चारो तरफ भक्ति मई वातावरण के साथ महाष्ठमी पूजा में माँ के श्रृंगार के साथ धुप, नैवेध, सिंदूर, पुष्प, फल, इत्यादि वस्तुओ से श्रदलुओं ने अपनी पूजा प्राम्भ की। इसके बाद व्रत धारण किये हुए श्रद्धालुओं ने मा को पुष्पांजलि अर्पित की। माँ के भोग व प्रसाद वितरण का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। सायकाल की बेला में माँ दुर्गा की आरती पुरोहित पियूष कांत बनर्जी ने पंचमुखी दीपक, कपूर से भरा दीपक, धूपची, जल से भरा हुआ शंख, तौलिया, हाथ वाला पंखा, रेशे वाला पंखा, पान व सुपाड़ी से आरती की। तत्पश्चात माँ को हलुवा, नारियल व विभिन्न प्रकार के लड्डुओं का भोग लगाकर श्रदालुओ को वितरण किया गया। पूजन में मुख्य रूप से एन एन चटर्जी, रंजीत दास, संजीव दास, आकाश राय, विश्वजीत पोले, एस के दत्ता, डॉ प्रदीप राय, बी सी मजुमदार, पंकज मुखर्जी, पी के राय, देवेन्द्र विश्वास, दीपक विश्वास, निमिष दास, आदि उपस्थित रहे।

# अंकित दास ने भी किया आत्मसमर्पण



● तिकुनियां संघर्ष कांड में नामजद थे अंकित दास

● एसआईटी की 14 दिन की रिमाण्ड के अनुरोध पर विचार कर रहा न्यायालय

● दास व उसका साथी भेजा गया जेल

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी

**तिकुनियां** संघर्ष कांड में नामजद अंकित दास ने बुधवार को अपने अधिवक्ता की मौजूदगी में आत्मसमर्पण कर दिया। उसके साथी लतीफ उर्फ काले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। दोनों को देर शाम न्यायालय में पेश किया गया। विवेचक ने घटना के खुलासे में आवश्यकता को दर्शाते हुए 14 दिन की रिमाण्ड मांगी जो कि फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने दोनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। हालांकि 12 अक्टूबर को गिरफ्तार शेखर भारती को तीन दिन की पुलिस रिमांड स्वीकृति कर दी।

क्राइम ब्रांच द्वारा जारी प्रेसनोट के मुताबिक तिकुनियां संघर्ष काण्ड के नामजदों में लखनऊ के थाना हुसैनगंज क्षेत्र अंतर्गत बाबू बनारसी दास नगर निवासी अंकित दास पुत्र स्व. गोपाल कृष्ण अग्रवाल का नाम दर्ज था। जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी थी। बीते दिनों मुख्य आरोपी आशीष मिश्र के आत्मसमर्पण के बाद 13 अक्टूबर को अंकित दास ने भी आत्मसमर्पण कर दिया। अपने अधिवक्ताओं की मौजूदगी में उन्होंने आत्मसमर्पण किया। वहीं उनके साथी लतीफ उर्फ कालेज पुत्र कमरूद्दीन निवासी ग्राम घुसियाना देवकली थाना फरधान जनपद खीरी को गिरफ्तार किया था। एसआईटी के विवेचक ने दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। विवेचक ने न्यायालय से मामले के खुलासे हेतु आवश्यकता जताते हुए दोनों को 14 दिन की पुलिस रिमांड पर देने का अनुरोध किया। फिलहाल न्यायालय ने इसे विचाराधीन रखा है। दोनों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। वहीं 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किए गए शेखर भारती की पुलिस रिमांड दिए जाने के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कोर्ट ने 14 अक्टूबर से तीन दिवसीय पुलिस रिमांड स्वीकृत कर दी है।

# खूनी संघर्ष में मृत कार्यकर्ताओं के घर पहुंचे कानून मंत्री बृजेश पाठक

● जताया दुख ● हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**संवाददाता।** लखीमपुर-खीरी



**तीन** अक्टूबर को तिकुनियां में हुए किसान-भाजपा संघर्षकाण्ड में मारे गए बीजेपी कार्यकर्ताओं के परिजनों से मिलने प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक घरों में पहुंचे। घटना पर दुख जताते हुए उन्होंने परिजनों को न्याय व हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन भी दिया।

प्रदेश के कानून मंत्री बृजेश पाठक बुधवार को लखीमपुर पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, मनीष शुक्ला, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलश मिश्र, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, आशू मिश्र व विजय शुक्ला रिंकू के साथ वह सबसे पहले दिवंगत कार्यकर्ता शुभम मिश्र के घर पहुंचे। यहां उन्होंने परिवार का कुशलक्षेम पूछा। परिवार को मिली मदद की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शुभम मिश्र की कमी न तो परिवार में पूरी हो सकती है और न ही पार्टी में। घटना को दुखदायी बताया। आश्वासन दिया कि परिवार को न्याय मिलेगा। पार्टी पूरी तरह परिवार के साथ है। इसके बाद वह केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के निजी वाहन चालक एवं भाजपा कार्यकर्ता हरिओम मिश्र के घर गए। यहां भी परिजनों का हालचाल जाना। परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं ही जांच पर नजर बनाए हुए हैं। हर हर छोटी-छोटी घटना पर शासन नजर रखे हैं। पुलिस को जांच तेज करने के लिए निर्देशित किया गया है। जल्द ही सभी दोषी बेनकाब होंगे और उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# तिकोनिया कांड को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**निघासन-खीरी।** ब्राम्हण समाज निघासन द्वारा केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र पर एक पक्षीय कार्यवाही व दूसरे पक्ष पर कार्यवाही के लिये उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। सभा द्वारा तीन अक्टूबर को तिकोनिया में हुये खूनी हिंसा को लेकर खीरी के सांसद व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी व उनके पुत्र आशीष मिश्र मोनू सहित हत्या एवं अपराधिक षडयंत्र जैसे आधारहीन आरोपों में फंसाकर पद से हटाने का कुचक्र विपक्षी दलों एवं आराजक तत्वो द्वारा किए जाने का आरोप लगाया गया। आरोप लगाया कि संख्या बल के पर प्रशासन पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। संरक्षक के पुत्र आशीष मिश्र मोनू को बिना समुचित जांच एवं साक्ष्य के जेल भेज दिया गया जबकि अन्य कोई गिरफ्तारी नही की गयी है। ज्ञापन में शुभम मिश्रा, हरिओम मिश्रा, श्याम सुंदर निषाद व पत्रकार रमन कश्यय हत्यारो को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाये। घटना स्थल पर रोड जाम कर गाड़ियां तोड़ने वालों को चिन्हित कर जेल भेजा जाये। आशीष मिश्रा मोनू की निष्पक्ष जांच करके उनको रिहा किया जाये। एक पक्षीय कार्यवाही न की जाये। यदि उपरोक्त बिन्दुओ का यदि एक सप्ताह के अंदर निराकरण किया गया तो ब्राम्हण सभा निघासन विवश होकर आन्दोलन करने पर विवश होगा। ज्ञापन देने वालो में राम स्वरूप दीक्षित, सुबोध पांडे, हरीश पांडे, राम कृष्ण चतुर्वेदी, योगेश उर्फ मोनू दीक्षित, हरीश पांडे, सोनू पाडे, योगेश मिश्रा, अशोक तिवारी, हरीशंकर शर्मा, जोगेन्द्र व लव तिवारी आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम का हुआ हरदोई स्थानांतरण



**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी तहसील में लगातार तीन साल रहकर जिस जिम्मेदारी के साथ एसडीएम स्वाति शुक्ला ने सभी को साथ लेकर काम करने साहस किया व अपने काम और व्यवहार से आम आदमी के दिलों में पहचान बनाई जिससे हर इंसान उनके नाम का प्रशंसक हो गया। मोहम्मदी में तैनात उप जिला अधिकारी स्वाति शुक्ला किसी परिचय की मोहताज नहीं है। अपनी मेहनत की वजह से सफल अधिकारी के रूप मे जिस तरह से सभी को एक साथ चलने का साहस दिया, बड़ी बेबाकी के साथ अपनी बात कहना और सभी की बात को संजीदगी के साथ सुन समस्याओं का निराकरण करना ऐसी खुशदिल अधिकारी का आज जनपद हरदोई स्थानांतरण हो जाने से आम आदमी से लेकर हर पेशे से जुड़े लोग दुखी हैं। लोगों का कहना है कि ऐसी अधिकारी जो बडी मेहनत और शिद्दत के साथ काम करने की लालसा रखती हो दोबारा नहीं मिलेगी।

# पराली न जलाने के लिए किसानों को किया जागरूक

उचित प्रबंधन कर खेत की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने का दिया सुझाव

कोतवाल ने बताये पराली जलाने के नुकसान

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी



**बुधवार को** तहसील क्षेत्र के खेतों में पराली न जलाने के लिए किसानों को जागरूक किया गया वाहनों में लाउडस्पीकर लगाकर किसानों को जागरूक किया गया कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पराली जलाने से क्या नुकसान है और पराली को किस तरह से खेत में नष्ट किया जा सकता है यह भी बताया गया कि पराली जलाने पर जुर्माना भी किया जाता है इसलिए इससे बचें और खेतों में पराली ना जलाएं इसी क्रम में आज कोतवाली प्रभारी ने कई गाड़ियों के साथ तहसील क्षेत्र में लाउडस्पीकर लगाकर फोर्स के साथ किसानों को पराली न जलाने को लेकर जागरूक किया खेतों में पराली जलाने से कई तरह की जहरीली गैस भी निकलती है जिससे पर्यावरण प्रदूषित होता है अलग बगल के पेड़ पौधों की पत्तियां सूख जाती है मनुष्य को सांस की बीमारी हो जाती है खेतों में फसल अभिषेक जलाने से रोकने के लिए हम सभी को जागरूक होना होगा किसान फसल अभिषेक ना जला कर उसका उचित प्रबंधन कर खेत की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकते हैं किसान अगर अपने खेतों के अभिषेक की भूसी बना कर भेजते हैं तो उसकी आमदनी बढ़ेगी साथ ही खेत उर्वरक शक्ति भी बनी रहेगी।

# नदी किनारे मिला लापता बच्चे का शव

## ● बांदा में बच्चों की गमुशुदगी के बाद हत्या की घटनाओं से सनसनी

**बांदा।** जिले में मानो बच्चों के लापता होने के बाद उनकी हत्याओं का सिलसिला लगातार जारी है आए दिन क्षेत्र से कोई न कोई बच्चा अचानक गायब हो जाता है और कुछ घंटों बाद ही उसका शव किसी न किसी नदी या तालाब के किनारे बरामद हो जाता है। अगर हाल ही में लापता हुए बच्चों की मौत की बात करें तो अभी बीते 3 दिनों के अंदर 3 बच्चों की लापता होने के बाद मौत हो चुकी है ऐसा ही एक मामला आज फिर जनपद में सामने आया है यहां 72 घंटे पहले रहस्यमय तरीके से गायब हुए बच्चे का नदी के किनारे शव पाया गया है जिसके बाद से जिले की पुलिस व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं कि आखिर क्या वजह है कि जनपद में लगातार बच्चे गायब हो जाते हैं और उनकी हत्या हो जाती है फिलहाल अभी तक जिन बच्चों की लापता होने के बाद हत्या हुई है उनका अभी तक जिले की पुलिस के द्वारा खुलासा तक नहीं किया गया है जनपद में 72 घंटे पहले रहस्यमय तरीके से लापता हुए जिस बच्चे का शौक पुलिस को बरामद हुआ है वह जिले की भाजपा नेत्री का पुत्र था बच्चे के लापता होने के बाद परिजनों के द्वारा संबंधित थाने में सूचना दी गई सूचना के बाद से ही पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

पूरा मामला शहर कोतवाली अंतर्गत का है जहां पर भाजपा नेत्री का पुत्र 72 घंटे पहले रहस्यमई तरीके से गायब हो गया था जिसका आज नदी के किनारे शव बरामद हुआ है पूरे मामले की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि मेरा बेटा अमन त्रिपाठी जिसकी उम्र 13 वर्ष थी वह विगत 11 अक्टूबर को अपने घर से दोस्त के जन्मदिन पर जाने के लिए बता कर मोटरसाइकिल लेकर निकल गया था लेकिन काफी देर बाद जब हुआ वापस नहीं आया तो परिजनों के द्वारा जिस जगह वह जन्मदिन पर गया था पता किया गया तो बच्चा वहां पर नहीं पहुंचा था उसके बाद तमाम छानबीन करने के बाद यह पता लगा कि बच्चे का मोबाइल शहर के झील का पुरवा इलाके में रोड के किनारे स्विच ऑफ पड़ा था और वही बच्चे की गाड़ी शहर के कनवारा गांव के पास बन रहे एक्सप्रेस वे के पास पाई गई उसके बाद से पुलिस की छानबीन तेज हो गई और 72 घंटे छानबीन करने के बाद देर रात बच्चे के कपड़े शहर के अतर्रा रोड स्थित नहर के किनारे पाए गए उसके बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस को यह बताया गया कि नदी के किनारे एक बच्चे का शव पड़ा है जिस पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए मौके पर पहुंचकर देखा तो वह शव उसी बच्चे का था जो कि 72 घंटे पहले रहस्य तरीके से लापता हो गया था आप कहीं ना कहीं इस बच्चे के शव मिलने के बाद स्थानीय पुलिस सवालों के घेरे में आ चुकी है क्योंकि जनपद में बीते 3 दिनों के भीतर यह तीसरे बच्चे की मौत है जो कि लापता होने के बाद हुई है आखिर क्या वजह है कि जनपद की पुलिस लापता हो रहे बच्चों की हत्याओं पर लगाम नहीं लगा पा रही है जनपद की पुलिस एक बच्चे की हत्या का खुलासा नहीं कर पाती है वही दूसरे ही बच्चे की मौत हो जाती है अब सोचने वाली बात यह है कि जनपद में एक के बाद एक लापता हो रहा है बच्चों की हत्याओं का यह सिलसिला कब रुकेगा और जनपद की पुलिस इन सभी हत्याओं का खुलासा कब कर पाएगी।

मृतक बच्चा अमन त्रिपाठी जिले की भाजपा नेत्री मधु त्रिपाठी का इकलौता पुत्र था जिसकी आज रहस्यमय तरीके से हत्या कर दी गई मृतक बच्चे के पिता ने बताया कि मेरा बच्चा पास के रघुवंशी कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए जाता था कोचिंग नहीं विगत 18 सितंबर को कोचिंग के लड़कों के साथ विवाद हो गया था उसके बाद कोचिंग के तमाम लड़के उनके घर पर भी मारपीट करने के उद्देश्य से आए थे इतना ही नहीं जनपद के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जारी गांव के रहने वाले कमल ठाकुर ने भी घर में आकर मेरे बच्चे को जान से मारने की धमकी दी थी उसके बाल अब अचानक यह घटना हो गई है पता कि घटना के बाद से ही पूरे परिवार में मातम का माहौल छाया हुआ है परिजनों ने जल्द से जल्द हत्या का खुलासा करने के लिए पुलिस से अपील भी की है अब देखना यह है कि क्या पुलिस इस हत्या का खुलासा कर पाएगी या नहीं वहीं दूसरी तरफ पूरे मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि जैसे ही पुलिस को एक बच्चे की गुमशुदा होने की जानकारी मिली तो तत्काल मेरे द्वारा एसओजी व सर्विलांस की टीम बना कर बच्चे की छानबीन शुरू कर दी गई थी।

# कागजों में संचालित हो रहे विद्यालयों के पुस्तकालय

## ● शासन से आयी पुस्तकें कोने में पड़ी फांक रही हैं धूल खरीदने के लिये दो साल पहले आता था बजट

**संवाददाता। हमीरपुर**

**जिले के** परिषदीय विद्यालयों में पुस्तकालय महज कागजों में संचालित हो रहे है यहां तक कि शासन स्तर से बच्चों के बौद्धिक ज्ञान बढ़ाने के लिये जो पुस्तके आती है वह विद्यालयों में पड़ी धूल फांक रही है,हालांकि शासन ने भी यह स्वीकार किया है कि ज्यादातर विद्यालयों में पुस्तकालय क्रियाशील नही है।

जानकारी के मुताबिक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों को अधिक महत्वपूर्ण बनाने की गरज से शासन ने कई साल पहले पुस्तकालयों की स्थापना की थी दो साल पहले तक प्रत्येक विद्यालय के लिये पुस्तकों को खरीदने के लिये दस हजार रुपये का बजट दिया जाता था,मगर बजट को हेडमास्टरों द्वारा दुरुपयोग किये जाने से दो साल से शासन ने बच्चों के लिये ज्ञानवर्धक पुस्तकों की आपूर्ति करने लगा उसके साथ एक पथ दिग्दर्शिका भी दी जाती है शासन ने कहा है कि प्रत्येक विद्यालय में पुस्तकालय कक्ष अलग होना चाहिये यदि कक्ष संभव नही हो पाता तो कक्षा में एक तरफ पुस्तकालय स्थापित कर उसमे बच्चो के लिये पुस्तके रखी जाये और बच्चो को पढ़ने के लिये प्रेरित किया जाये मगर यह सब हवा में चल रहा है। शासन ने बुक शेल्फके लिये अलग से बजट दिया था मगर आज तककिसी भी विद्यालय में बुक शेल्फ नही बनायी गयी है। पुस्तकालय संचालन की जिम्मेदारी हेडमास्टर की होगी जो पुस्तके बच्चो को घर में पढ़ने के लिये दी जाये उन पुस्तकों को एक सप्ताह में मगा कर पुस्तकालय में शामिल किया जाये। ज्यादातर हेडमास्टरों को जानकारी नही है कि पुस्तकालय संचालन कब से किया जा रहा है।

### क्या कहते है प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी

**हमीरपुर।** पुस्तकालय संचालन के मामले में प्रभारी बीएसए प्रभाकर सिंह तोमर का कहना है कि इसके लिये हरेक खंड शिक्षा अधिकारी से पुस्तकालय संचालन की रिपोर्ट शीघ्र मांगी जायेगी जो बजट आता है वह कब कहा खर्च हुआ इसकी जांच करायी जायेगी। उनका कहना है कि दो माह पहले उन्होने जिले में आकर कार्यभार ग्रहण किया है मगर इस मामले की वह शीघ्र जांच करायेंगे। पस्तकालय संचालन से बच्चों में ज्ञान की बढोत्तरी होती है।

# डिफेंस कारीडोर के नाम पर योगी सरकार ने बुदेंलों से किया धोखाः अखिलेश यादव

## ● सपा सत्ता में आयी तो पानी, विजली मुफ्त कर पेंशन तीन गुना कर देगी



जनता को संबोधित करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव

**हमीरपुर।** जिले में आज विजय रथयात्रा लेकर आये सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने कुरारा कस्वे में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि यदि प्रदेश में सपा सरकार आती है तो पानी, बिजली मुफ्त कर समाजवादी पेंशन को बढ़ाकर तीन गुना कर देगे। भाजपा को निशाने में लेते हुये कहा कि योगी सरकार ने बुन्देलखंड के डिफेंस कारीडोर का फर्जी घोषणा कर बुंदेलों को भी धोखा दिया है इसलिये आने वाले विधानसभा चुनाव में बुन्देलखंड की जनता योगी सरकार को कड़ा सबक सिखायेगी

पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि काम न करने वाली व महानगरों के नाम बदलने वाली भाजपा सरकार से सभी को सावधान रहना होगा। महगाई का जिक्र करते हुये यादव ने कहा कि बुन्देलखंड में सरसो का रिकार्ड उत्पादन होता है मगर जब से भाजपा सरकार आयी तो यहा के लोग सरसो के तेल को तरस रहे है, उन्होने यूपी में सबसे पहले हमीरपुर से जैविक खेती की शुरुआत की थी जो आज विभिन्न प्रांतो में यह खेती अपनी पहचान बनाये हुये है। पूर्व मुख्यमंत्री ने साफकहा कि सपा छोटे छोटे दलो को मिलाकर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। आज ही परिवर्तन दल सपा में शामिल हुआ है। उन्होने चुटकी लेते हुये कहा कि यह चिलमजीवी सरकार बुल व बुलडोजर से बहुत स्नेह करती है, इसलिये आगामी आने वाले विधानसभा चुनाव में आप लोग बोटो का एसा बुलडोजर चलाये जिससे दोनो ही ध्वस्त हो जाये,यह बिजय रथ तब तक चलता रहेगा जब तक भाजपा सरकार प्रदेश से उखड़ नही जायेगी। भाजपा ने हवाई जहाज व एअरपोर्ट सब बेच दिये है,सौ को 112 में बदल दिया है,यही नही किसानों ने मांग की तो भाजपा मंत्री ने किसानों को कुचल कर मार डाला। कोई कार्यवाही नही की है। डिफेंस कारीडोर का कही अता पता नही है, कहा पर गोले बम बन रहे है,केवल झूठ बोलने में भाजपा सरकार माहिर है। बुन्देलखंड का किसान केवल एक फसल ले पा रहा है, अन्ना प्रथा खत्म करने के नाम पर अरबो रुपये निकाल लिये गये है। मगर समस्या घटने के बजाय बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यदि सपा सरकार सत्ता में आयी तो नौजवानों, किसानों, विद्यार्थियों की समस्याएं खत्म होगी। उज्जवला योजना से मिले गैस चूल्हे गैस की महगाई के चलते ज्यो के त्यो धरे है उनकी उपयोगिता पूरी तरह समाप्त हो गयी है। इस मौके पर टिकट के समस्त दावेदार पूर्व मुख्यमंत्री को अपना चेहरा दिखाने के लिये बेताब रहे। आज दल के वरिष्ठ नेताओ के साथ अखिलेश यादव ने चुनाव संबंधी चर्चा भी की।

### जीतेंद्र मिश्रा के पक्ष में उमड़े जनसैलाब से अखिलेश गदगद

**हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में स्थानीय आमन शहीद मुहाल में जीतेंद्र मिश्रा के पक्ष में उमड़ा जनसैलाब देखकर अखिलेश यादव गदगद हो गये, विजय रथ से ही सभी का अभिवादन किया। लोगो ने जीतेंद्र मिश्रा जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। डाक बंगले में भी पूर्व सीएम ने जीतेंद्र मिश्रा, मनोज प्रजापति, विंग कमांडर जीतेंद्र निगम समेत कई लोगो से बातचीत की। कुरारा जनसभा में भी हजारो लोगो ने अखिलेश यादव के सामने जीतेंद्र मिश्रा जिंदाबाद के नारे लगाये।

### सपा की विजय रथ यात्रा में जलसैलाब देख भाजपा में हलचल

**हमीरपुर।** सपा की जनसभा में आज जबरदस्त भीड़ होने से भाजपा नेताओं के चेहरो से हवाईया उड़ने लगी है। भाजपा खेमें सुगबुगाहट शुरु हो गयी है। जैसे ही कल अखिलेश भारी भीड़ के साथ हमीरपुर में प्रवेश किया था वैसे ही लोग एकदम आश्चर्य चकित हो गये थे। कुरारा जाने में जगह जगह स्वागत व उसमे उमड़ी भीड़ से लोग एक दूसरे से सपा के प्रति इतनी जल्दी लोगो का लगाव के बारे मे चर्चा करने लगे है।

# ट्रक की टक्कर से आटो में सवार पांच यात्री हुये घायल

**जालौन ( उरई )।** औरैया मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने आटो में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आटो में सवार 5 लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। क्षेत्र के गोहन गांव से एक टैंपों में कुछ सवारियां जालौन के लिए आ रही थीं। गोहन से चलकर सरावन मोड़ होकर टैंपो प्रातपपुरा के पास औरैया हाईवे पर पहुंचा। तभी वहां पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर के चालक ने अनियंत्रित होकर टैंपो में टक्कर मार दी। हादसे में टैंपो चालक रामसिंह (27) निवासी सुढ़ार सालाबाद, भदवा निवासी रेखा देवी (40) पत्नी सोबरन सिंह, मीरा देवी (50) पत्नी राजू लहरियापुरवा उरई, विपिन कुमार (20) पुत्र राजू व सर्वेश कुमार (40) पुत्र जयपाल निवासी तुर्कीपुर औरैया गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयंकर था कि डंपर की टक्कर लगते ही ऑटो खेत में जाकर गिरा। मौके से निकल रहे राहगीरों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचा।

# नवरात्रि और दशहरे में अराजकतत्वों पर रखी जाए पैनी नजरः जिलाधिकारी

**संवाददाता।** चित्रकूट

जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की मौजूदगी में नवरात्रि पर्व बाद दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन तथा दशहरा पर्व के मद्देनजर हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस प्रशासन विभिन्न क्षेत्रों में टीम गठित कर तालमेल से त्योहार सम्पन्न कराये। बुधवार को कलेक्टेऊट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने निर्देश दिये कि एसडीएम व क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रों में जो जोनल/सेक्टर पुलिस अधिकारी तैनात हैं, उनकी समीक्षा बैठक कर उन्हें दायित्वों के बारे में बतायें। डीपीआरओ व अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये कि पूजा पंडालों व पुराने देवी मन्दिरों के आसपास बेहतर साफ-सफाई व विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहें। ईओ को निर्देश दिये कि जिन मांर्गो की लाइटें खराब हैं, उन्हें तत्काल बदल दें। एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिये कि शाम छह से सुबह सात तक अबाध गति से विद्युत आपूर्ति बनी रहे। थानों पर अधिकारियों-कर्मचारियों को सक्रिय कर दें, ताकि कोई समस्या होने पर तत्काल निस्तारण हो सके।

उन्होंने विसर्जन स्थल के रुट के ढीले विद्युत तारों को दुरुस्त कराने को कहा। दुर्गा पूजा समिति के लोगों को कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर पर्वों को सकुशल सम्पन्न करायें। जिम्मेदार अधिकारी पैनी निगाह रखें। जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है वह अपने तैनाती स्थल पर भ्रमण कर त्योहारों में बाधा न उत्पन्न होने दें। 15 को किसानों के आन्दोलन की सम्भावना को देखते हुए तथा 18 को रेलवे स्टेशनों पर आन्दोलन पर किसानों से संवाद कर व्यवस्थायें सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि अगला सप्ताह बहुत महत्वपूर्ण है। त्योहारों के साथ किसान आन्दोलन को लेकर किसानों से संवाद रखते हुए शान्ति पूर्वक निस्तारण करें। कोई भी ऐसी घटना या धरना प्रदर्शन नहीं होना चाहिए, जिससे संवैधानिक व्यवस्था बिगड़े।

विसर्जन दौरान कोई व्यक्ति शराब का सेवन न करे। सीओ सिटी व थानाध्यक्ष वीडियोग्राफी करायें, ताकि अराजकता फैलाने वाले के खिलाफकार्यवाही की जा सके। बैठक में एडीएम न्यायिक वन्दना श्रीवास्तव, एसडीएम सदर पूजा यादव, एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, एसडीएम राजापुर राजीव कुमार राय समेत संबंधित अधिकारी व नवदुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मंदिर में चोरों का धावा उठा ले गए दान पेटिका

संवाददाता। **कुसमिलिया ( जालौन )**

**ब्लॉक् डकोर** के अंतर्गत ग्राम कुसमिलिया मे नवरात्रि के जगह जगह पंडाल सजे हुये है। बड़े ही धूम धाम से माँ के नौ रूपों का जागरण व श्रद्धा, भाव, भक्ति से लोग बड़े ही उत्साहित होकर त्यौहार मना रहे है। लेकिन कुछ दुष्ट प्रकृति के लोगो ने बड़ी माता मन्दिर मे धावा बोल दिया। बताया जाता है कि बारह एक बजे तक माँ के दरबार मे भजन व कीर्तन बड़े उत्साह से श्रद्धालुओं ने माँ के गीत गाये। उसके उपरांत चोरो ने अपने भजन शुरू कर दिये और माँ का आशीर्वाद दान पेटिका मे जो आज छः दिन का जो चड़ोती व गुप्त दान दानपेटिका मे इकट्ठा हुआ उसे जड़ से समाप्त कर दिया कहते है कि ना होगा बांस,ना बजेगी बासुरी क्योंकि जब दान पेटिका ही नहीं रहेगी तो दान कहाँ डालेंगे लोग।

ऐसा उन भक्तो ने दान पेटिका ही उखाड़कर ले गए और देवी जी सोती रही इसके बाद हाइवे किनारे कालोनी मोहल्ला मे कुछ अज्ञात बदमाश लोगो को नजर आये तो लोगो को शक हुआ कि लोगो ने उनसे पूछताछ कि लगभग दो बजे उसी रात मे दो बजे ये लोग पल्सर बाइक से नशे कि हालत मे घूम रहे है। इसका रहस्य जानने के लिए उन्हें रोका तो वे गाड़ी से भागे लोगो ने हल्ला मचाया तो उनकी गाड़ी कीचड़ मे फस गयी और बाइक छोड़ कर भागने मे सफल हो गए इसके बाद सुबह होते ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार ने पुलिस को सूचना दी तो डकोर पुलिस मौके पर पहुंची।

गाड़ी को कब्जे मे लेकर ग्रामीणो से पूरा जायजा लिया तो ग्रामीणों ने सारी हकीकत पुलिस को सुनायी और पुलिस बड़ी माता जहाँ से दान पेटिका चोरी हुयी। वहां पहुंच कर लोगों से दान पेटिका के बारे मे पूँछताछ की। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है और उस बाइक के आगे की पलेट मे ब्राह्मण लिखा हुआ है। समाचार लिखने तक कोई अपराधी नहीं पकड़ा गया। पुलिस अपने कार्य मे जुटी हुयी है।

# वीडियो कॉल से बतायें शिकायत होगा तत्काल निस्तारणः एसपी



समस्या सुनते एसपी।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस कार्यालय में आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण के प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिये। बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों को पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपनी शिकायत जनसुनवाई आपके द्वार के तहत मोबाइल फोन नम्बर 8810747614 पर वीडियो कॉलिंग के माध्यम से कर सकते हैं। दूर-दराज से लोगों को जिला मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा। वीडियो कालिंग पर ही शिकायत सुन ली जायेगी और तत्काल निस्तारण हो जायेगा। इससे लोगों के समय व किराये-भाडे की बचत होगी। जनसुनवाई आपके द्वार के तहत वीडियो कॉलिंग से मिली शिकायतों को सुनकर तत्काल निस्तारण को संबंधित को निर्देश दिये। इसी क्रम में भरतकूप थाने के थानाध्यक्ष दुर्गेश प्रसाद गुप्ता की टीम के दरोगा कृपानन्दन शर्मा ने मारपीट, गाली-गलौज व एससी-एसटी एक्ट के आरोपी विनोद पुत्र रामसेवक निवासी पहरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## क्विक न्यूज

### युवक से लूटे दस हजार रुपये किए बरामद

**मौदहा (हमीरपुर)।** दस दिन पहले युवक के साथ हुई लूटपाट की घटना को पुलिस ने खुलासा कर आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि अशोक पुत्र स्व. रामकृपाल निवासी सिचौलीपुरवा थाना मौदहा कहीं लापता हो गया था जिसकी सूचना मौदहा कोतवाली मे दर्ज कराई गई थी लापता मौदहा तहसील में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था।लापता अशोक कुमार की लोकेशन को पता कर सर्विलांस की लोकेशन पर पुलिस ने आज सुबह गुमशुदा का मोबाइल धारक व्यक्ति चारबाग लखनऊ से पकडा गया जिससे पूँछ तांछ करने पर मोबाइल धारक ने अपना नाम भानू शर्मा पुत्र शिवसागर शर्मा निवासी 407ध127 रानीकटरा चौपटिया थाना सआदतगंज जनपद लखनऊ बताया उसने बताया कि मोबाइल गुमशुदा अशोक कुमार का है व अन्य दूसरा मोबाइल बरामद हुआ। अभियुक्त उपरोक्त ने गुमशुदा के मोबाइल के बारे में पूछने पर बताया कि दिनांक तीन सितम्बर को पीजीआई लखनऊ आया था तथा सफेद शर्ट पहना हुआ एक व्यक्ति जो विक्षिप्त लग रहा था उसे अपने आटो में बैठाकर उसका मोबाइल व 10 हजार रुपये छीन कर उसे शनि मन्दिर के पास आटो से उतार दिया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**राठ(हमीररपुर)।** राठ क्षेत्र के गिरवर चौकी के पास आज तेज रफ्तार बाइक और रोडवेज बस की जोरदार टक्कर मे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक मुस्करा थाने के बंडवा गांव निवासी भागचंद्र(25) आज ओलीकार्यक्रम की तैयारी में अपने चचेरे भाई अनिल के साथ बाइक मे बैठकर अकौनी गांव जा रहे थे तभी राठ-पनवाड़ी मार्ग स्थित गिरवर चौकी के पास महोबा की ओर से आ रही रोडवेज बस से सीधी टक्कर हो गई। बाइक सवार भागचंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। मृतक भागचंद्र के भाई अजय प्रजापति ने बताया कि उसका भाई दिल्ली में मजदूरी करता था।

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने लगा ली फांसी

**राठ(हमीरपुर)।** जरिया थाने के सरीला कस्बे में पत्नी से कहासुनी होने पर आज पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नीरज(21) सरीला में राजमाता के महल में कर्मचारी था। मंगलवार की रात करीब नौ बजे नीरज का अपनी पत्नी रोशनी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिस पर मां अनीता देवी ने दोनों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। इसके बाद नीरज छत पर बने कमरे में चला गया। बताया कि कमरे में नीरज ने पंखे में साड़ी का फंदा डाल फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दियाहै।

### तारा पाटकर का उपवास तुड़वाने पहुंचे डीएम



**महोबा।** मध्यम वर्ग की दिक्कतों को लेकर पिछले एक हफ्ते से आल्हा चौक में उपवास पर बैठे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर से मिलने आज जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार पहुंचे एवं उनकी मांगों को शासन तक पहुंचने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व गुलाबी महिला उत्थान समिति (गुलाबी गैंग) की राष्ट्रीय कमांडर सुमन सिंह चौहान भी महिलाओं के साथ तारा पाटकर को अपना समर्थन देने उपवास स्थल पहुंची। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने तारा पाटकर से कहा कि अस्पताल में डाक्टर व स्टाफकी कमी दूर करने के लिए वे शासन को पहले ही लिख चुके हैं। बाकी समस्याओं से संबंधित मांग पत्र हम शासन को भेजेंगे। बुंदेली समाज के संयोजक बिजली बिल माफकरनेए खाद्य तेलए डीजलए पेट्रोल व रसोई गैस की कीमतें घटाने के लिए 8 अक्टूबर से उपवास पर बैठे थे। पाटकर ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। उनको व्यापक जन समर्थन भी मिला। व्यापारीए वकीलों सहित तमाम सामाजिक संगठन उनके समर्थन में आकर खड़े हो गए थे। आज सुबह गुलाबी महिला उत्थान समिति की कमांडर सुमन सिंह चौहान भी उपवास स्थल पहुंची। इस मौके पर बुंदेली समाज के महामंत्री डा. अजय बरसैया, रमाकांत नगायच, अमरचंद विश्वकर्मा, इकबाल भाई, वीरेन्द्र अवस्थी व लाखन सिंह तोमर समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# केंद्रीय टीम ने परखीं योजनाओं की हकीकत

## ● बैठक कर सुनीं समस्याएं, संचालित योजनाओ की दी जानकारी



कराए गए कार्यो का निरीक्षण करती केंद्रीय टीम।

**कदौरा ( जालौन )।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) व कराए गए विकास कार्यो की हकीकत परखने के लिए बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कठपुरवा में दो सदस्यीय केंद्रीय टीम ने पहुच कर योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर सत्यापन किया। टीम ने अवर अभियंता व सचिव को जरूरी दिशा निर्देश देकर पात्र लोगो को लाभ देने के आदेश दिए। टीम ने 2020-21 व 2021-22 में कराए गए मनरेगा एंव प्रधानमंत्री आवास योजना कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर श्रमिको की समस्याओं को सुन कर योजनाओं के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय टीम ने सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए आवास को देखा। उसके बाद उन्होंने मनरेगा से कराए गए बन्धा बंधी चकरोड व सीसी कार्य का निरीक्षण किया। टीम ने परिषदीय विद्यालय में बैठक कर ग्रामीणो की समस्याओं को सुन कर उनको शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। टीम ने पेंशन,जोबकार्ड के लाभार्थियों से बात की। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत गठित समूह की महिलाओं से बात की। शासन द्वारा समूहों के खाते में आई धनराशि का उपायोग न होने पर नाराजगी जताई और मौजूद कर्मियों को चेतावनी दी। टीम प्रभारी आरपी हर्ष ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत कराए गए कार्यो का निरीक्षण किया है वह अपनी रिपोर्ट शासन को सौपेंगे। इस दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी असित रंजन, अवर अभियंता अमित मिश्रा, सचिव जगत नारायण, प्रधान कविता किरण, जसवंत निराला, बिलाल बेग, हेमन्त कुमार, नितिन कुमार सहित महिला मेट व ग्रामीण मौजूद रहे।

# मवईजार में डेंगू से एक छात्र सहित दो की मौत , आधा दर्जन करा रहे उपचार

**सुमेरपुर ( हमीरपुर )।** सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम मवईजार मे दो दिन में दो लोगों की डेंगू बुखार से मौत होने तथा आधा दर्जन लोगों के बीमार होने से वहां हड़कंप मच गया है, गांव के जनप्रतिनिधियों ने गांव में डेंगू की रोकथाम के लिए उपाय किए जाने की मांग स्वास्थ्य विभाग से की है। गांव के पूर्व मा. विद्यालय में पढ़ रहे कक्षा 6 के छात्र अंश यादव 10 वर्ष पुत्र राम लखन यादव डेंगू से प्रभावित हुआ था जिसे जिला अस्पताल के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया था, इसी तरह ग्रामवासी रामेश्वर पुत्र मुल्लू कुशवाहा 47 वर्ष भी बुखार से प्रभावित था जिला अस्पताल में जांच के बाद उसे उपचार के लिए कानपुर भेज दिया गया था, दोनों का इलाज चल रहा था 11 अक्टूबर सोमवार को अंश यादव ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, रामेश्वर की मौत 12 अक्टूबर मंगलवार को हो गई ,इसके अलावा गांव के संदीप पुत्र मुल्लू धुरिया 17 वर्ष, विनोद पुत्र विश्वनाथ तथा भूरा कुशवाहा सहित अन्य लोग बुखार से पीड़ित होकर इलाज करा रहे हैं।

# अधिकारियों की अनदेखी ला रही विकास कार्यों में शिथिलता

## ● विकास खण्ड में मोटा कमीशन व परसेंटेज का चल रहा खेला ● विकास खण्ड के तख्तोंताज पर बैठे ग्राम विकास अधिकारी

## ● सचिवों को चाहिए कमीशन, भाइयों से करायेंगे कार्य



बदहाली पर आंसू बहाती गौशाला।

**माधौगढ़ ( जालौन )।** भ्रष्टाचार का दीमक किस पैमाने पर है यह देखना बड़ा लाजमी है विकास खण्ड माधौगढ़ की ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में शिथिलता है तो वहीं अधिकारीयों का गुडवैल व कार्यों का रवैया बड़ा दिलचस्प दिखायी पड़ता है विकास खण्ड में आयोजित बैठक बड़े पैमाने पर कड़े दिशा निर्देश व विकास कार्यों की तैयार रुप रेखा महज कहीं न कहीं बैठकों में ही सिमटकर रह जाती है बाहर आने पर कार्यों का ढंग शिथिल पड़ जाता है हालांकि यदि देखा जाये तो एक खास बात तो यह है कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों को किस पैमाने पर रखा है यह सभी को वाकिफ है इसके लिए वह जिलाधिकारी , मुख्य विकास अधिकारी , व स्वयं ही बैठकों को आयोजित कर निर्देशित करते है कुछ दिन पूर्व ही विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की बैठक में सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिवों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सचिवों का ग्राम पंचायतवार रोस्टर तैयार करने का निर्देश दिया। कहा कि हर दिन बीडीओ व एडीओ पंचायत औचक निरीक्षण कर सचिवों की उपस्थिति जांचें। व्हाट्सएप पर लाइव लोकेशन मंगाएं।

ग्रामपंचायतों में चल रहे कार्यों को सही ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद जिनके क्षेत्र में शौचालय निर्माण पूरा नहीं मिले, उसके खिलाफकार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि हर सचिव अपने क्षेत्र में सुदृढ़ ढंग से कार्य करें हालांकि यदि ग्राम पंचायतों की हालिया स्थिति को देख लिया जाये तो कुछ और ही वयां होता है सूत्रों के मुताबिक विकास खण्ड माधौगढ़ अपने विकास कार्यों में अलग ही चर्चित माना जाता है ग्राम विकास अधिकारियों का तो जबाब ही नही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों में भाई करायेंगे विकास कार्य हमें चाहिए कमीशन अब ऐसे में कितना विकास होगा कितना कमीशन बटेगा यह तय कर पाना तो विकास खण्ड की टेढ़ी खीर है ग्राम पंचायतों में सरकार द्वारा बनवाए गये सामुदायिक शौचालय तो लगभग तालों में ही बंद है , ग्राम पंचायतों की सफाई व्यवस्था का तो जबाब नही किसानों की समस्याओं का हल ढूड़कर बनवायी गयी गौशालाएं लगभग ग्राम पंचायतों से गायब ही हो गयी गाय आवारा है किसानों की चिंताएं भी बढ़ गयी है , लगभग गाँव के रास्ते आज भी विकास कार्यों की पोल खोलते नजर आते है अब ऐसे में शिथिलता क्या है यह तो ग्राम पंचायतों के विकास कार्य ही वयां करते है।

# विकासखंड स्तरीय खेलकूद की धूम

## ● आजादी के 75 वें वर्ष के अवसर पर अमृत क्रीड़ा महोत्सव का हुआ आयोजन

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**बछरावां विकासखंड** के रफी अहमद किदवई पार्क में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत क्रीडा महोत्सव के तहत न्याय पंचायत स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के बाद आज विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि बछरावां विधायक राम नरेश रावत व विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख अमन सिंह दऊवा मौजूद रहे। यह विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी पद शेखर मौर्य के निर्देशन में आयोजित की गई। प्रतियोगिता की शुरुआत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राम नरेश रावत व विशिष्ट अतिथि अमन सिंह दऊवा द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। वहीं आए हुए मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शिखा श्रीवास्तव व खंड शिक्षा अधिकारी पद्म शेखर मौर्य ने माल्यार्पण करके स्वागत किया। वहीं इस प्रतियोगिता में संपूर्ण विकास खंड में स्थित परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर के अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया वही इस प्रतियोगिता में आउटडोर खेलों के साथ ही साथ इंडोर गेम प्रतियोगिताएं भी सम्मिलित की गई थी। वहीं प्रतियोगिता में उद्घोषक के रूप में कुशल संचालन विवेक सिंह पटेल ने किया। दौड़ में 100, 200, 400, 800, 1500 व 3000 मीटर की बालक बालिका कबड्डी, वालीबाल लम्बी कूद ऊंची कूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वहीं खेल प्रतियोगिता के अंडर 16 में 100 मीटर दौड़ में प्रथम जूली पुत्री खुशीराम उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंडौली न्यायपंचायत नीम टीकर व

200 मीटर दौड़ में प्रथम जूली पुत्री खुशीराम उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंडौली न्यायपंचायत नीम टीकर, लंबी कूद में प्रथम जूली पुत्री खुशीराम उच्च प्राथमिक विद्यालय कुंडौली न्याय पंचायत नीम टीकर व कबड्डी अंडर 16 में इचौली प्रथम स्थान व सुदौली द्वितीय स्थान पर रहे। इस मौके पर रामलखन, विवेक सिंह, उमेश कुमार, चंद्र प्रकाश, बुद्धि प्रकाश अवस्थी, हरिओम सिंह, हिमांशु वर्मा, रुद्र यादव, राम सहाय, पंकज शर्मा, सोनी पटेल, रेखा देवी, वंदना पटेल, राजेश कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# हाथों को स्वच्छ रखें और बीमारी दूर भगाएं: डीपीआरओ

संवाददाता। अमेठी

**हमारे हाथों** में न जाने कितनी अनदेखी गंदगी छिपी होती हैंए जो किसी भी वस्तु को छूनेए उसका उपयोग करने और कई तरह के रोजमर्रा के कामों के कारण होती हैं। यह गंदगीए बगैर हाथ धोए कुछ भी खाने.पीने से आपके शरीर में पहुँच जाती हैं और कई तरह की बीमारियों को जन्म देती हैं। हाथ धोने के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए वैश्विक स्तर पर हर साल हैंड वॉशिंग दिवस मनाया जाता है। इस दिन की स्थापना वर्ष 2008 में ग्लोबल हैंड वाशिंग पार्टनरशिप द्वारा की गयी जिसका प्रयास साबुन से हाथ धोने के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना है। इस संबन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त यादव ने बताया कि हाथ की स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का ही एक हिस्सा है क्योंकि सिर्फसाबुन से अच्छी तरह हाथ धुल लेने से ही कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता हैए रोगाणु कई माध्यमों के जरिये से हमारे शरीर में फैलते हैं। उनमें से एक हमारे हाथ भी बीमारी का एक बड़ा जरिया हैं जिसकी वजह से सबसे ज्यादा बच्चों में संक्रमण व गंभीर बीमारियों जैसे डायरियाए वायरल संक्रमण आदि का खतरा बना रहता है। हम लोग दिनभर में कई प्रकार की चीजों को छूते हैं। साथ ही भोजन भी हाथ से ही करते हैं। इन्हीं हाथों से हम अपने मुंह को भी छूते हैं। इसलिये एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी यह संक्रमण फैलने का सबसे आसान तरीका बन जाता है। उन्होने बताया कि कोरोना संक्रमण के बाद काफी हद तक हाथ की स्वच्छता बनाये रखना हमारे व्यवहार में आया है। कई लोगों ने इसे जिम्मेदारी समझकर अपनाया है तो वहीँ कुछ लोग इसे संक्रमण के डर से अपना रहे है।

सही तरह से हाथ धुलने से हम दस्त टाइफाइड पेट संबंधी रोग आँख में होने वाले संक्रमण त्वचा संबंधी रोग आदि से बच सकते है।उनका बताया कि हाथ धुलने का सही तरीका दो मिनट तक साबुन से छह चरणों में हाथ धोना चाहिए।इसमें सबसे पहले सीधे हाथ पर साबुन लगाकर रगड़ना उसके बाद उल्टे हाथ इसके बाद नाखूनए फिर अंगूठाए उसके बाद मुट्ठी तथा अंत में कलाई धोनी चाहिए। इस तरह से अगर हम अपने हाथों को धोयेंगे तो निश्चित रूप से 90 प्रतिशत तक बीमारियों से बच सकते हैं। यह संक्रमण से बचाव का बहुत छोटा मगर प्रभावी कदम है।

# स्ट्राबेरी की खेती का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी



स्ट्राबेरी की खेती का निरीक्षण करते हुए

**जिलाधिकारी अरुण** कुमार ने आज संग्रामपुर विकासखंड के मिसरौली बड़गांव में किसान विक्रांत सिंह व श्रीपत सिंह द्वारा की जा रही स्ट्रॉबेरी की खेती का उनके खेतों पर पहुंचकर निरीक्षण कियाए जिसमें किसानों द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र में कुछ नई खेती करने का विचार उनके मन में आया तथा कृषि एवं उद्यान विभाग की प्रेरणा से इसको शुरू किया गया। इसके लिए पौधे महाराष्ट्र से मंगा कर इसकी रोपाई सितंबर माह में की गई। कुल 8 से 9 महीने की फसल है जिसमें 35 से 40 दिन बाद फूल आते हैं। एक पेड़ में औसतन 500 से 600 ग्राम फल प्राप्त होते हैं। धानए गेहूं आदि फसल की तुलना में कई गुना मुनाफा इसकी फसल में प्राप्त होता है। जिला कृषि अधिकारी द्वारा किसानों को बताया गया है कि स्ट्रॉबेरी में पर्याप्त मात्रा में फाइबर आयरनए पोटेशियमए विटामिन सी की मात्रा पाई जाती है जो स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छी होती है। इसका बाजार मूल्य काफी अच्छा है तथा इसका अच्छा मूल्य किसानों को प्राप्त होता है। उत्तरी भारत में यहां की स्थितियों में इसकी खेती आराम से आसपास के जिलों में किसानों द्वारा की जा रही है जो सितंबर माह में शुरू हो जाती। जिला अधिकारी द्वारा किसानों को स्ट्रॉबेरी के साथ इंटरक्रॉपिंग करने की सलाह दी गई व इसके साथ मिर्च अथवा टमाटर की खेती कर ले ताकि बसंत कालीन टमाटर अथवा मिर्च के विक्रय से अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो सकेगी। साथ ही स्प्रिंकलर तथा ड्रिप इरिगेशन को लगवाने हेतु उद्यान विभाग को निर्देश दिया गया क्योंकि इसकी फसल जलभराव के कारण नष्ट हो जाने की संभावना बनी रहती है और पानी की उचित मात्रा में इसको जरूरत होती है। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित किसानों का विशेष विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी की खेती करने वाले किसान भाइयों का इस प्रकार की जनपद में खेती में नए प्रयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही अपेक्षा की गई कि अन्य किसान भाई भी खेती में नवाचारों व विविधीकरण को अपनाएंगे। स्ट्रॉबेरी जैसी फसलों का अपने क्रॉपिंग पैटर्न में सम्मिलित करेंगे व दूसरे किसान भाइयों को ऐसे खेती को करने के लिए प्रेरित करेंगे। कृषि विभाग एवं उद्यान विभाग को समयानुसार इनके खेतों का निरीक्षण करने और समसामयिक सुझाव व यथोचित सहयोग के लिए निर्देश दिए गए।इस दौरान अखिलेश जिला कृषि अधिकारीए फूल चंद तकनीकी सहायकए बिजेंद्र सिंह प्रभारी बीज भंडार संग्रामपुरए किसान गण शैलेन्द्र सिंहएरवि प्रताप शुक्ल एसंजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अष्टमी पर अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने कराई महागौरी की पूजा

**गौरीगंज अमेठी।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर अमेठी सांसद स्मृति इरानी के द्वारा कराई जा रही पूजा में मां दुर्गन भवानी राघीपुर गौरीगंज में जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह प्रतिनिधि के रूप में पूजा अर्चना किया। साथ में जिला कोषाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्राए अंकित सिंह एडवोकेट हाई कोर्टए डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे वहीं कालिका भवानी धाम में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा जिला महामंत्री युवा मोर्चा महेश सोनी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता पूजा अर्चना में शामिल हुए और प्रसाद वितरण किया। बताते चलें भाजपा जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीदी के दिशा निर्देश के अनुसार शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर अमेठी वासियों की कुशल क्षेम के लिए पूजन अर्चन करने दुर्गन भवानी पहुंचे।बताते चलें क्षेत्र में इस देवी मंदिर का विशेष स्थान है आस्था धर्म और विश्वास का केंद्र बिंदु माना जाता है स्वयं अमेठी सांसद भी दुर्गन भवानी और कालिकन भवानी कई बार देवी माता का आशीर्वाद लेने पहुंच चुकी हैं।सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि नवरात्रि हिंदुओं का प्रमुख पावन पर्व है और अमेठी वासियों के कुशल क्षेम के लिए हमने देवी माता का पूजन किया है एवम अमेठी के कुशल क्षेम के लिए पूजा अर्चना भी की गई।



पूजा अर्चना करते हुए बीजेपी के जिला प्रवक्ता

# न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में शारदीय नवरात्र पर छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत कीं मनमोहक झांकियाँ

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, त्रिपुला में शारदीय नवरात्रि की पावन बेला पर सनातन से चली आ रही परम्परा को छात्र-छात्राओं ने मर्यादा पुरूषोत्तम् श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, भक्त हनुमान एवं माँ दुर्गा के



प्रतीकात्मक रूपों की मनमोहक झांकियाँ प्रस्तुत की। इस अवसर पर एन.एस.जी.एस. संस्थापक-प्रबन्धक डॉ. एस.के. शर्मा एवं संयुक्त सहप्रबन्धिका श्रीमती डॉ. रष्मि षर्मा ने सभी को तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण करके अभिनंदन किया। विद्यालय संस्थापक-प्रबन्धक जी ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को नवरात्रि, रामनवमी एवं दषहरा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए असत्य पर सत्य तथा बुराई पर अच्छाई की जीत का महत्वपूर्ण सन्देष दिया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य षिवलखन प्रजापति, सी.एस.दास मिश्रा, मो0 फैजान खान, राकेष अवस्थी, अवधेष षर्मा, संचिता त्रिवेदी, बालजी पाण्डेय, धर्मेन्द्र शुक्ला, शाहीन खान, रामदेव, पूजा सिंह, गिरीष चन्द्र श्रीवास्तव, शामेन्द्र मिश्रा, सहित समस्त षिक्षक-षिक्षिकाएं एवं कर्मचारी

# एसपी ने लालगंज में पैदल भ्रमण कर कानून व्यवस्था की ली जानकारी

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली



**हिन्दू व मुस्लिम** त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने पुलिस व पीएसी दल के साथ लालगंज नगर की सडकों पर पैदल मार्च कर लोगों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का संदेश दिया है।पुलिस अधीक्षक ने सीओ डा0 अंजनी चतुर्वेदी व कोतवाल इंद्रपाल सिंह सेंगर, क्राइम इंस्पेक्टर कमलेश कुमार समेत पुलिस व पीएसी बल के साथ करूणा बाजार चौराहे से सर्राफा मंडी पहुंचे जहां उन्होंने सर्राफा व अन्य दुकानदारों से पुलिस गस्त के बारे में जानकारी ली।दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किये। हरीशंकर गुप्ता व दिनेस गुप्ता ज्वैलर्स से व्यापारिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली और कहा कि पुलिस जनता के साथ है।किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर पुलिस को सूचित करें।हर सम्भव मदद उपलब्ध करायी जायेगी।इसके बाद एसपी ने सब्जी मंडी,मेन रोड,नयी बाजार का भी भ्रमण किया।पूरे देवी स्थित दुर्गा मन्दिर में पहुंचकर वहां की धार्मिक गतिविधियों का भी जायजा लिया। एसपी ने लालगंज के दुकानदारों से अपनी अपनी दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिये भी प्रेरित किया।एसपी ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिये है लेकिन जनता की ओर से भी पुलिस को मदद मिलनी चाहिये।अपराधियों की जानकारी होने पर तुरन्त पुलिस को बताना चाहिये।

एसपी ने मातहतों को बाजार में पुलिस गश्त बढाने के भी निर्देश दिये। त्योहारों के मद्दे नजर इस समय बाजार में भीड़ भाड़ बढी है,जिसको लेकर पुलिस चौकन्नी है।इस मौके पर चौकी इन्चार्ज गोपाल मणि मिश्रा सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## भाजयुमो की मुसाफिरखाना मंडल कार्यकारिणी हुई घोषित

**मुसाफिरखाना अमेठी।** भाजपा युवा मोर्चा के मुसाफिरखाना मंडल अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमेठी विषुव मिश्रा की संस्तुति के बाद नई टीम घोषित कर दी है। भाजयुमो मंडल मुसाफिरखाना की नई टीम में चार उपाध्यक्षएएक महामंत्रीएचार मंडल मंत्री बनाए गए हैं। टीम में संजय तिवारीएचिंतामणि तिवारीए दिनेश पाण्डेय और राम प्रकाश चौहान को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है।चंदन विश्वकर्मा को महामंत्री पद मिला है।इसी तरह अवनीश सिंहएराज बक्श यादवएशिव लोचन मौर्य और इंद्र जीत निषाद को मंडल मंत्री बनाया गया है। इसी क्रम में कोषाध्यक्ष पवन कुमार यादवएमीडिया प्रभारी धीरेंद्र दुबेएसोशल मीडिया प्रभारी अभय दुबे और कार्यालय प्रभारी आलोक शुक्ला को बनाया गया है। तो वही अखिलेश मौर्यएपवन सिंहएस्वागत कन्नौजियाएप्रज्ञेश श्रीवास्तवए मोहित सिंह अरुण पाण्डेय और विक्रांत राव को मंडल कार्य समिति सदस्य बनाया गया है। वही टीम घोषित होने के बाद मंडल अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि मिशन 2022 के लिए हम सब ने कमर कस ली है। मंडल के सभी नए पदाधिकारी जनता के बीच जाएंगे और सरकार के कार्यों को गिनाने के साथ ही आम जनमानस की मुश्किलों को हल करने में भी मदद करेंगे।

## क्विक न्यूज

### कमाई कर घर लौट रहा युवक हुआ जहरखुरानी का शिकार

**लालगंज, रायबरेली।** परदेश से कमाई कर घर वापस लौट रहा युवक जहरखुरानी का शिकार हो गया।उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य लालगंज में भर्ती कराया गया है। अमेठी जनपद के ग्राम पुरे खुशियाल मजरे नसीराबाद निवासी राकेश सिंह पुत्र राम जियावन सिंह चंडीगढ़ में प्लंबररिंग का काम करता है। वह बुधवार को अपने घर वापस लौट रहा था। सुबह लगभग 10बजे वह लालगंज रायबरेली मुख्य मार्ग पर गोविंदपुरवलौली गांव के सामने सड़क किनारे बेहोशी अवस्था में पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर दरोगा पुष्पा शर्मा ने उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान राकेश ने बताया की ट्रेन से आते समय रघुराज सिंह रेलवे स्टेशन के पहले अज्ञात व्यक्तियों ने उसे खाने के लिए चिप्स दिए थे। खाने के बाद उसे होश नहीं रहा।लालगंज रेलवे स्टेशन पर वह ट्रेन से कैसे उतरा और वहां से गोविंदपुरवलौली गांव तक कैसे पहुंचा यह बात राकेश नहीं बता सका।राकेश का कहना है कि उसका मोबाइल व बैग गायब है जिसमें कपड़े, खाने-पीने के सामान समेत 6हजार रुपये की नगदी व जरूरी अभिलेख थे।

### तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना अमेठी।** मंगलवार की रात स्थानीय कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया।मुसाफिरखाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा के निर्देश पर स्थानीय कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक संकठा प्रसाद मौर्य मय हमराही पुलिस मंगलवार की रात गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अंकुल उर्फ अजय प्रताप उर्फ अंकुर सिंह पुत्र अमरेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम दुवरिया कोतवाली मुसाफिरखाना अमेठी को स्थानीय दादरा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ।कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

### राष्ट्रीय ध्वज उतराते समय सीढ़ियों से गिरकर होमगार्ड जवान की हुई मौत

**श्रावस्ती।** भिनगा . कलेक्ट्रेट परिसर भिनगा में मंगलवार को कलेक्ट्रेट भवन पर लगे राष्ट्रीय ध्वज को रोजाना की तरह नियत समय पर उतारने गये घोघवा कला निवासी होमगार्ड जवान पारस सीढियों से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल संयुक्त जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान पारस की मौत हो गई। होमगार्ड के जवान की मौत की सूचना मिलते ही पर जिले के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुच गए। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होंने के बाद मृतक जवान के शव को परिजनों को शौप दिया गया। मृतक जवान का अंतिम संस्कार बुधवार को उसके पैतृक गांव घोघवा कला थाना सिरसिया में किया गया। जिले के सिरसिया ब्लाक ऑर्गनाइजर रहमत अली व गिलौला ब्लाक के साधू राम गुप्ता कम्पनी प्रभारी रक्षा राम यादव समेत अयोध्या प्रसादए विश्वनाथ पाण्डेए राम विशारद वर्माएअमर नाथएविश्रामएजै प्रकाश वर्माएराज कुमारएसत्यदेव शुक्ला समेत ब?ी संख्या में होमगार्ड जवान के पैतृक निवास पर पहुच कर शोक सम्बेदना व्यक्त की साथ ही परिजनों को सांत्वना दी। ब्लाक ऑर्गनाइजर रहमत अली ने बताया कि विभाग की ओर से परिवार के एक सदस्य को पात्रता अनुरूप नौकरी व 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध ने इलाज में दम तोड़ा

**लालगंज, रायबरेली।** मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई।गंगापुर बरस गांव निवासी राम मनोहर (62) मंगलवार की देर शाम साइकिल से सामान लेने बरस बाजार जा रहा था। तभी लालगंज की तरफसे आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल राम मनोहर का उपचार जिला अस्पताल में जारी था। बुधवार की सुबह अस्पताल से घर लाते समय राम मनोहर का निधन हो गया। राम मनोहर के भतीजे सुरेंद्र ने मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है।

### शराब माफिया सोहन पासी को पुलिस ने किया जिला बदर

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज के अपराध निरीक्षक कमलेस कुमार ने गांधी नगर मजरे गौरा रूपई निवासी शराब माफिया सोहन पासी पुत्र बुद्धीलाल के खिलाफहुयी जिला बदर की कार्रवाई की मुनादी करवाई है।कमलेस कुमार ने उसके घर में नोटिस भी चस्पा करवाया है।पुलिस ने ध्वनि विस्तारक यंत्र से लोगों को बताया कि सोहन पासी आपराधिक किस्म का व्यक्ति है।उसके खिलाफकई मुकदमें दर्ज हैं।उसे जिला बदर कर दिया गया है। उन्होंने ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में दिखायी पडने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।अगर वो जिला बदर समयावधि के दौरान क्षेत्र मे दिखायी पडा तो उसे जेल भेजा जायेगा।

### मण्डलस्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

**श्रावस्ती।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेषिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित मण्डलस्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन टाउन हॉल गांधी पार्क गोण्डा में सम्पन्न हुआ। जनपद के राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय भयापुरवाए भिनगा की छात्रायें जनजाति बाहुल्य कलाकारों ने मनमोहक लोकनृत्य प्रस्तुत करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और लोकगीत में श्रावस्ती की बालिकाओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य में सुषीला राणाए छाया राणाए रूबी राणाए प्रतिभाए षबनम राणाए नेहा षुक्लाए गुंजा यादव का प्रदर्षन लाजबाव रहा। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी अरविन्द स्वरूप कुशवाहा कृष्ण स्वरूप मिश्राए क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रधानाचार्य विष्णु स्वरूप मिश्र राजकुमार मिश्रए अनुष्का प्रजापति की देखरेख में बालिकाओं ने अच्छी तैयारी करके बेहतर प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन द्वारा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। समाज कल्याण अधिकारी ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित की गई संगोष्ठी

**बछरावां रायबरेली।** खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित जिला युवा अधिकारी को गोपेश पांडे और नमामि गंगे परियोजना अधिकारी संजय के मार्गदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनी करण दिवस और महात्मा गांधी की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में आज दिनांक 13/10/2021 बुधवार को उत्कर्ष पब्लिक स्कूल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं इसके साथ ही साथ स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया और लोगों को बताया गया कि अपने देश को स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त बनाना है इस संदेश के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उत्कर्ष पब्लिक स्कूल के प्रबंधक भगवान कुमार अवस्थी, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य सुधाव इस कार्यक्रम में अध्यापक गण गोविंद यादव पंकज यादव, शकीला बानो, किरण व आकांक्षा ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शिव शक्ति यादव व पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ओमकार यादव, शरद यादव, विकास यादव आदि मौजूद रहे।

# सफाईकर्मी करा रही प्रसव , आशा बहू दे रही दवाएं

संवाददाता। ऊंचाहार,रायबरेली

**सुरक्षित प्रसव , सुरक्षित** जच्चा बच्चा का सरकारी संकल्प के लिए ऊंचाहार सीएचसी अपवाद है। यहां स्वनमनी है। सीएचसी की महिला सफाई कर्मी प्रसव कराती है और आशा बहू मेडिकल स्टोर से दवाएं दिलवाती है। ये बड़ा सच उस समय सामने आया है, जब एक पीड़ित ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द साझा किया है अभय कुमार नामक पीड़ित का कहना है कि ऊंचाहार सीएचसी की व्यवस्थाएं बद से बदतर है। यहां पर जो महिलाएं प्रसव के लिए आती है, उनके परिजनों से सौदेबाजी की जाती है। जब मनमाफिक रुपया नहीं मिलता है तो उसका प्रसव सीएचसी में तैनात दाई के जिम्मे छोड़ दिया जाता है। यदि प्रसूता के परिजन उसका विरोध करते है तो प्रसूता को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाता है। पीड़ित का यह भी कहना है कि यदि दाई ने प्रसव करा दिया तो आशा बहू अस्पताल के पास स्थित मेडिकल स्टोर पर जाकर अपने मन से दवाएं दिला देती है। यह दवाएं बहुत महंगी होती है। जिसमे सीएचसी के चिकित्सकों का हिस्सा भी शामिल होता है। इस प्रकार से सीएचसी में सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त है। हाल ही में एक नवजात की मौत इसी दुर्व्यवस्था के कारण हुई थी। जिसको लेकर काफी हंगामा हुआ था। सीएचसी अधीक्षक डा एम के शर्मा का कहना है कि ये बातें झूठ है और लोग सीएचसी को बदनाम कर रहे है।

# ऊंचाहार में बंद 500 मेगावाट की इकाई चालू , बढ़ा उत्पादन

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोयला संकट के कारण पैदा हुई बिजली समस्या पर धीरे धीरे सुधार होना शुरू हो गया है। एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में कोयले के अभाव में बंद की गई 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर छः की पुनः चालू कर दिया गया है। कोयले की किल्लत को दूर करने के भारत सरकार के प्रयास में रंग लाना शुरू कर दिया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप कोल पावर प्रोजेक्ट को कोयले की आपूर्ति बढ़ गई है। एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना को इस समय मिल रही तीन मालगाड़ी की कोयले की आपूर्ति से जहां उपलब्ध चार यूनिटों को पूरे भार पर चलाना शुरू कर दिया गया है। वहीं मंगलवार की शाम को एक सप्ताह से बंद 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर छः को चालू कर दिया गया है। करीब आठ घंटे तक आयल पर इस यूनिट को चलाने के बाद कोयले पर बुधवार की प्रातः लाया गया। और दोपहर बाद तीन बजे इस यूनिट को 290 मेगावाट के भार पर लाया गया था। धीरे धीरे इस यूनिट को अपनी पूरी क्षमता पर ले जाया जा रहा है। संभावना है कि गुरुवार सुबह तक यह यूनिट अपनी पूरी क्षमता पर आ जाएगी। उधर कोयले की आपूर्ति प्रतिदिन पांच रैक आ रही है। एनटीपीसी प्रबंधन कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उधर झारखंड कोल माइंस में भरे हुए पानी को निकालने का प्रयास भी रात दिन चल रहा है। एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि यूनिट नंबर छः को चाकू कर दिया गया है। जबकि 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर दो में मरम्मत का कार्य चल रहा है।

# तीसरे दिन भी धरने पर डटे रहे भाकियू कार्यकर्ता

संवाददाता। श्रावस्ती



**भिनगा .** जिले में किसानों की समस्याओं के निवारण की मांगों को लेकर लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी भाकियू के कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर भिनगा में डटे रहे। यूनियन की तरफसे अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे। कलेक्ट्रेट परिसर भिनगा में धरने पर बैठे भाकियू के जिला अध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा ने बताया कि यह धरना प्रदर्शन अनिश्चित कालीन तक चलता रहेगा। हमारा संगठन किसानों के हित की मांग कर रहा हैए किसानों की धरोहर गौवंश की दुर्दशा को देखते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार ने गौशाला को को ड्रीम प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया है जिससे गौवंशो को संरक्षित किया जा सके। साथ ही किसानों की फसलों भी सुरक्षित किया जा सके। स्थानीय प्रशासन कागजों में सब कुछ साफसुथरा दिखाने की कोशिश में लगा हो लेकिन हकीकत इसके इतर है जब गोशाला के सेवक सच बोलते हैं तो उन पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें डराया जाता है जबकि उनको समय से मजदूरी भी नहीं दी जाती है। धान क्रय केंद्रों के मुद्दों को लेकर हुंकार भरते हुए उन्होंने कहा कि इस बार यदि धान खरीद में किसानों के साथ अन्याय हुआ तो हम धान की भरी ट्राली कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा करवा देंगे। पिछले साल राजवीर पुर की किसान छोटका देवी और अमवा कोड़री के रहीस ने सहकारी समिति मोहम्मदपुर कला में धान बेचा था जिसका भुगतान अभी तक नहीं हो सका है। ककन्धु गांव के लालजी वर्माए इंद्रजीत और राम चन्द्र वर्मा ने सहकारी समिति खुरुहरी में गेंहू बेचा था ऐसे ही बहुत किसान अपने भुगतान को पाने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। भाकियू के कार्यकर्ता जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर आक्रोशित नजर आये। इस मौके पर प्रमोद तिवारी बांके लाल पवन वर्मा ललित कुमार लवकुश वर्मा जिलेदार मौर्याए जमुना प्रसाद हरीराम देश राज वर्मा सहज रामए सूबेदार और आज्ञाराम आदि लोग मौजूद रहे।

# 'कुदरहा' जैसा 'विक्रमजोत' का भी हाल!

- घोटाले का कमालः यह उस ब्लॉक की हालत हैं, जिनके ब्लॉक प्रमुख विधायक के भाई हैं
- विक्रमजोत के ग्राम पूरे दिवान में सीडीओ की जांच में तीन सड़क ही नहीं मिली
- सीडीओ ने दिया जेई, प्रधान और सेक्रेटरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश

संवाददाता। विक्रमजोत, बस्ती

..**सुनने और** कहने में अजीब लग रहा होगा, मगर यह सच है, कि कुदरहा ब्लॉक का भ्रष्टाचार विक्रमजोत ब्लॉक में पहुंच चुका हैं, अगर इसे यही नहीं रोका गया तो इसके हर्रैया भी पहुंच जाने का अंदेशा गांव वाले जता रहे हैं। विक्रमजोत तक भ्रष्टाचार को लाने का आरोप पूरे दिवान के ग्रामीणों ने बीडीओ संजय नायक पर लगाया, और कहा कि यह आते ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गए, और बिना काम कराए लाखों रुपये का भुगतान कर दिया, जब इसकी खबर 'पायनियर' में प्रकाशित हुई, तो मामले की गंभीरता को देखते हुए सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति और पीडी डीआरडीए एवं प्रभारी डीसी मनरेगा कमलेश सोनी खुद सच्चाई जानने गांव पहुंच गए। यह उस ब्लॉक के विकास का सच है, जिसके ब्लॉक प्रमुख हर्रैया के विधायक के भाई हैं।

विक्रमजोत विकासखंड क्षेत्र के पूरे दीवान ग्राम पंचायत में बिना काम कराए लाखों रुपए के हुए फर्जी भुगतान की जांच करने सीडीओ एवं पीडी ने पूरे दिवान गांव पहुंचे, वहां दोनों ने कार्यो का भौतिक निरीक्षण किया, जांच टीम गांव की सीसी रोड, कच्ची मार्ग और पशु शेड का निरीक्षण किया, जिसमें अधिकांश कार्य अग्रिम भुगतान होने के बावजूद नहीं पाए गए जिसको लेकर अधिकारियों ने बीडीओ संजय नायक व अवर अभियंता एनडी सिंह को कड़ी फ्टकार लगाई। गांव की जांच करने के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने घंटों ब्लॉक में बैठकर पत्रावलियों की जांच की और गांव में प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी की बिना जानकारी के हुए लाखों रुपए के भुगतान को लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जेई एनडी सिंह वर्तमान प्रधान और सेक्रेटरी श्याम बिहारी वर्मा के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीओ आईएसबी अशोक श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत अधिकारी श्याम बिहारी वर्मा, जेई फारूख अहमद सहित तमाम ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।



**जब फाइल ही नहीं बनी तो कैसे हो गया भुगतान?**

कुदरहा में काफी दिनों तक बीडीओ रहे संजय नायक पर कुदरहा में बीडीओ रहते सबसे अधिक मनरेगा में घोटाले का आरोप लगा। यही वह बीडीओ हैं, जिनके खिलाफएक साथ एक दर्जन से अधिक सेक्रेटरियों ने अधिकारियों को लिखकर दिया था, कि बीडीओ प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ कर रहे हैं। दिशा सहित अन्य कई बैठकों में भी इनके कार्यशैली को लेकर शिकायते होती रहीं, मगर सारे बीडीओ का तबादला हो गया, इनका नहीं हुआ। सब लोग हैरान थे कि आखिर इनके पीछे कौन सी ऐसी शक्ति काम कर रही है, जो इतने आरोपों के बावजूद कार्रवाई होना तो दूर की बात तबादला तक नहीं हो रहा। बहरहाल सीडीओ ने जो घोटाला पकड़ा यह इन्हीं के कार्यकाल का है। गांव वालों का कहना है, कि यह आते ही कुदरहा की तरह विक्रमजोत में नियम विरुद्ध काम करना शुरु कर दिया। जब पत्रावली की तलाश हुई तो पता चला कि पत्रावली ही गायब हो गया, जेई ने कहा कि उन्होंने पत्रावली ही नहीं बनाई, जबकि सेक्रेटरी का कहना है, कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी ही नहीं है, तो आखिर भुगतान हुआ तो कैसे? क्यों कि भुगतान तो बीडीओ के डॉगल से हुआ, तो जाहिर सी बात है, कि सारी जिम्मेदारी बीडीओ की बनती है, और कार्रवाई भी इन्हीं के खिलाफहोनी चाहिए।

**बनकटी, कुदरहा की तरह विक्रमजोत के कम्पयूटर ने भी दिखाया कमाल**

सीडीओ की जांच में गांव वालों ने एक स्वर में कम्पयूटर आपरेटर बृजेश दुबे और कनिष्ठ लिपिक पर सीधे आरोप लगाया कि यह दोनों मिलकर लेन-देन का काम काम करते है। फर्जी प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर फर्जी भुगतान करने और फर्जी मनरेगा जॉब कार्ड बनाने तक में इन दोनों की भूमिका रहती है। गांव वालों ने बताया कि यह दोनों ब्लॉक में ही रहते हैं, और इनके आवास पर सुबह से ही फर्जी कार्य कराने और भुगतान कराने वाली की भीड़ रहती है। इन दोनों को अब तक सभी बीडीओ का चहेता माना जा रहा है। बनकटी और कुदरहा की तरह यहां का कम्पयूटर आपरेटर को सेकेंड बीडीओ माना जाता है। जब फइल नहीं मिली तो बीडीओ ने लगभग एक सप्ताह पहले इन दोनों को अपनी मौजूदगी में आवास का सारा सामान निकलवा कर बाहर कर दिया।

**डेढ़ साल पहले ब्लॉक के पूर्व प्रधान सहित 13 लोग जा चुके हैं जेल**

विक्रमजोत ब्लॉक का ग्राम पंचायत पूरे दिवान प्रदेश का पहला ऐसा ग्राम पंचायत हैं, जहां के पूर्व और वर्तमान दोनों प्रधानों ने बीडीओ, कम्पयूटर आपरेटर, जेई, सेक्रेटरी से मिलकर शौचालय, पशुशेड, कच्चाकाम और सीसी रोड में घोटाला किया। शौचालय घोटाले में तो पूर्व प्रधान दीपक पांडेय सहित 13 अन्य कई माह की जेल की हवा खा चुके हैं, अब जेल जाने की बारी वर्तमान प्रधान, जेई, सेक्रेटरी की है। सीडीओ ने इन तीनों के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज कराने का आदेश दिया है।

**बीडीओ पर लग रहा पासवर्ड बेचने का आरोप, दर्ज हो केस**

बनकटी और कुदरहा ब्लॉकों में जिस तरह बीडीओ के आईडी और पासवर्ड के सहारे घोटालेबाजों ने मनरेगा में हजारों फर्जी कार्ड बनवाकर करोड़ों का घोटाला किया, ठीक उसी तरह पूरे दिवान में भी वहीं दोहराया गया। गांव वालों को पासवर्ड बेचने तक का आरोप लगाया। सवाल उठ रहा है, कि जब पासवर्ड बीडीओ के पास रहता है, और डॉगल बीडभ्ओ का लगता है, तो यह कैसे मान लिया जाए कि बिना बीडीओ की जानकारी के भुगतान हो गया? फर्जी भुगतान या तो बीडीओ ने किया या फ्रि कम्पयूटर आपरेटर ने खेल किया। तीनों ब्लॉकों में जिस तरह फर्जी भुगतान और फर्जी मनरेगा कार्ड के नाम पर करोड़ों का घोटाला सामने आ रहा है।

## बीडीओ गौर ने पांच सचिवों का वेतन रोका

संवाददता। बस्ती

**प्रधानमंत्री आवास** योजना में लापरवाही बरतने के आरोप में गौर के बीडीओ प्रभाशंकर चौबे ने पांच सेक्रेटरियों का माह अक्टूबर 21 का वेतन रोकने का आदेश दिया। कहा कि सेक्रेटरियों के द्वारा शसकीय कार्यो में रुचि न लेने के कारण ब्लॉक की प्रगति दिन प्रति दिन खराब होती जा रही है, जिसके चलते मुख्यालय स्तर की बैठकों में डांट फ्टकार सुननी पड़ती है, और सरकार की मंशा भी पूरी नहीं होती। धन आंवटित होने के बावजूद अगर आवास का निर्माण पूर्ण नहीं होता, तो इसके लिए सेक्रेटरी और एडीओ पंचायत को जिम्मेदार माना जाता है। सभी सेक्रेटरी पंचायत विभाग के है। इनमें महेंद्रनाथ, राम सुभाष चौधरी, राम रोहित, आरती सिंह और कौशल किशोर पांडेय का नाम शामिल है।

समीक्षा में सबसे स्थित सेक्रेटरी महेंद्र नाथ की मिली। इनके पास 10 ग्राम पंचायतों का प्रभार है। इन्हें 122 आवास पूर्ण करने का लक्ष्य मिला। इन्होंने प्रथम किस्त के सापेक्ष तीन द्वितीय और 35 द्वितीय किस्त जारी करना पाया गया, तीसरी जारी होने के बाद एक भी आवास का पूर्ण न होना यह बताता है, कि इस योजना को लेकर सेक्रेटरी कितना रुचि ले रहे है। देखा जाए तो पांच सेक्रेटरियों के जिम्मे 41 ग्राम पंचायत का प्रभार है। इन सभी के जिम्मे 515 आवास निर्माण कराने से लेकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय किस्त जारी करने की जिम्मेदारी है। रिकार्ड बताते हैं कि प्रथम किस्त के सापेक्ष मात्र 18 लाभार्थियों को द्वितीय किस्त दी गई, और द्वितीय किस्त के सापेक्ष 153 को तृतीय किस्त जारी की गई, और आवास मात्र चार ही पूर्ण हुआ।

## दो महिला रसोइयों ने लगाई इज्जत बचाने की गुहार

- राज्य महिला, एससी एसटी महिला आयोग, डीएम, सीडीओ और बीएसए से दर्ज कराई शिकायत
- स्कूल के हेडमास्टर पर दोनों ने लगाया बदनीयती का आरोप

संवाददाता। बस्ती

**परिषदीय स्कूलों** में महिला रसोइयों को अपनी इज्जत बचाना मुस्किल हो रहा है। दो महिला रसोइयों ने दुबौलिया क्षेत्र के एक स्कूल के हेडमास्टर 'बाबू साहब' पर बदनीयती का आरोप लगाते हुए राज्य महिला, एससी एसटी महिला आयोग, डीएम, सीडीओ और बीएसए से इज्जत बचाने की लगाई गुहार लगाते हुए न्याय दिलाने की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारी राम बहादुर वर्मा का कहना है, कि पत्र उन्हें मिला और वह इसकी जांच कर रहे हैं, कहते हैं कि जब तक सभी पक्षों का बयान नहीं दर्ज होगा, तब तक आरोप के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। वहीं हेडमास्टर के मोबाइल 9450447063 पर तीन बार प्रयास किया गया, मगर रिस्पांस नहीं मिला। उधर जब दोनों महिलाओं से आरोप के बावत पूछा गया, तो एक ने बताया कि आरोप बिकुल सही हैं। दूसरे के मोबाइल पर संपर्क किया गया, मगर रिस्पांस नहीं मिला।

आयोग और अधिकारियों को लिखे पत्र में दोनों महिला रसोईयों ने कहा कि वह दोनों पिछले लगभग 15 साल से काम कर रही हैं, मगर दो माह पहले जूनियर हाईस्कूल के हेडमास्टर बहुत अधिक परेशान कर रहे हैं। कहती हैं, कि हेडमास्टर कोई बात आराम से नहीं कहते हैं, और जो कहना होता हैं, वह एकदम करीब आकर कहते है। कहा कि उनकी नीयत ठीक नहीं रहती, गलत नीयत भी रखते है, जो हम महिलाओं को अच्छा नहीं लगता। कहते हैं कि अगर बात नहीं मानोगी तो निकलवा देंगे। महिलाओं ने अधिकारियों से कहा कि वे दोनों कोई भी सरकारी काम करने को तैयार हैं, मगर वह काम नहीं करेंगे, जो हेडमास्टर करने को कहते है। यह उस राज्य के गरीब दलित महिलाओं का हाल हैं, जिसके मुखिया कहते नहीं थकते कि प्रदेश में सबसे अधिक कोई कोई सुरक्षित है, तो वह हैं, महिलाएं।

## पुस्तकालय का आयुक्त ने किया लोकार्पण

**गोंडा।** जिले के होनहार छात्र.छात्राओं का कैरियर संवारने की पहल के क्रम में बुधवार को देवीपाटन मण्डल के आयुक्त एसवीएस रंगाराव ने राजकीय पुस्तकालय में पहुंचकर 26.22 लाख रूपए की लागत से प्रथम तल पर बने नवीन कक्ष का लोकार्पण किया।जीआईसी कालेज परिसर में स्थापित जिले के प्रतिष्ठित राजकीय पुस्तकालय का उच्चीकरण जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही के प्रयासों से कराया गया है। मिनरल फ्ण्ड की धनराशि 26.22 लाख की लागत से उच्चीकृत पुस्तकालय को सुन्दर भवन के साथ.साथ क प्यूटर व इन्टरनेट तथा आवश्यक महत्वपूर्ण पुस्तकों से लैस किया गया है। जिसमें 73 छात्र.छात्राएं एक साथ बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। आयुक्त देवीपाटन मण्डल ने फीता काटकर नवीन कक्ष का लोकार्पण किया तथा निरीक्षण कर उच्चीकृत पुस्तकालय को देखा। इस अवसर पर आयुक्त श्री रंगाराव ने कहा कि राजकीय पुस्तकालय में आधुनिक सुविधाएं मुक मल हो जाने से जिले के छात्र.छात्राओं को इसका बहुत लाभ मिलेगा तथा ऐसे छात्र.छात्राएं जो किन्हीं कारणोंवश अभावग्रस्त हैंए परन्तु उनके अन्दर कुछ बनने और पढ़ने की ललक हैए उनके लिए यह पुस्तकालय वरदान साबित होगा। आयुक्त ने जिलाधिकारी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य के प्रति संजीदगी नि:संदेह प्रशंसनीय है।जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि वे पुस्तकालय के खुलने व बन्द होने तथा यथास भव अवकाश के दिनों में भी खुले रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। जिससे छुट्टी के दिनों में भी पढ़ने वाले बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

## लेखपाल की कार्यशैली को लेकर आक्रोश, प्रधानों ने की शिकायत

**बस्ती।** ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों ने लेखपाल केसरी नंदन त्रिपाठी पर जमीन की वरासत कराने जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पैसे की मांग करते हैं व मनमाने ढंग से बिना जांच पड़ताल की आय से अधिक की रिपोर्ट लगाकर जनता को परेशान करने का आरोप लगाया है। इनकी कुत्सित कार्यशैली से आक्रोशित ग्राम प्रधानों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्रैया को शिकायती पत्र देकर लेखपाल की जांच कराने व हल्के से स्थानांतरण की मांग की है।जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिश्रौलिया धीश, महाखरपुर, खौपुर और बेदीपुर के ग्रामवासी व प्रधान गुलाम दस्तगीर प्रधान भगवान भगवान दास प्रधान प्रतिनिधि दीनानाथ ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र देकर हल्का लेखपाल पर आरोप लगाया है कि यह वरासत के नाम पर ज्यादा पैसे की मांग करते हैं और बिला वजह दौड़ते हैं जबकि नियमानुसार इस कार्य को अविलंब निस्तारण कर देना चाहिए। इतना ही नहीं जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र के लिए भी धन की मांग करते हैं और मनमाने ढंग से आय से अधिक की रिपोर्ट लगाकर गरीब लोगों को सरकारी सुविधाओं से वंचित कर देने का कुत्सित प्रयास करते रहते हैं। उनकी कार्यशैली से जनता परेशान वह आक्रोशित है, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्रैया से लेखपाल केसरी नंदन त्रिपाठी की जांच कराने व स्थानांतरण की मांग ग्रामीणों ने की है। इस संदर्भ में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्रैया से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो पाई।

## दुर्गा पूजाः डीएम-एसपी ने संवेदनशील कस्बा बखिरा में का लिया गहन जायजा

संवाददाता। संतकबीरनगर

**दुर्गा पूजा/दशहरा** को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा संयुक्त रुप से थाना मेहदावल के कस्बा तथा थाना बखिरा के मंगल बाजार में स्थित दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया गया व आयोजकों से बातचीत कर समस्याओं को सुना गया व मूर्ति विसर्जन करने तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। दुर्गा पूजा पंडाल पर इस बात का विधिवत ध्यान रखा जाए कि सार्वजनिक आवागमन बाधित न हों, लाउडस्पीकर के माध्यम से आमजनमानस को मास्क धारण करने, सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड-19 के नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जाए। दुर्गा पूजा/दशहरा के मद्देनजर सांप्रदायिक



एसपी से वार्ता करती जिलाधिकारी।

भावना भड़काने वालों/असामाजिक तत्वों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु सचेत किया गया तत्पश्चात मूर्ति विसर्जन स्थल 'बढ़या ठाठर व बखिरा झील' का निरीक्षण कर विसर्जन स्थल पर की जा रही तैयारियो के दृष्टिगत भ्रमण कर कानून व्यवस्था की जानकारी ली गई व जल्द से जल्द सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मूर्ति विसर्जन मे आने वाले श्रद्धालुओं के आवागमन मार्ग पर बैरिकेटिंग व रुट डायवर्जन के बारे मे जानकारी ली गयी व बिजली, पानी, विसर्जन स्थल पर नाव व गोताखोरों की समुचित व्यवस्था आदि के संबंध में निर्देशित किया गया।

## निर्माण कार्यों में लाएं तेजीः डीएम

संवाददाता। गोंडा

**बुधवार को** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम मार्कण्डेय शाही की अध्यक्षता में विकास कार्यक्रमों तथा निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई जिसमें डीएम ने निर्माण कार्यों वाले विभागीय अधिकारियों को आदेशित किया कि वे 20 अक्टूबर तक लोकार्पण व शिलान्यास वाले कार्यों की अलग.अलग सूची बना लें। लोक निर्माण विभाग को इस कार्य हेतु नोडल विभाग नामित किया गया है। मु यमंत्री घोषणा के कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने संगठित क्षेत्र के कामगारों का पंजीकरण तेजी से कराने के निर्देश दिए। बताते चलें कि 8 लाख 89 हजार कामगारों का पंजीकरण श्रम विभाग के पोर्टल पर किया जाना है। पीएम किसान स मान निधि के तहत अब तक डाटा का सुधार नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य पूरा न होने पर कार्यवाही की चेतावनी दी है।

गड्ढामुक्ति अभियान के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से आगामी 15 नव बर तक चिन्हित सड़कों को गडढामुक्त किए जाने के निर्देश दिए। गडढामुक्ति की समीक्षा में ज्ञात हुआ कि लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड द्वारा 475 किलोमीटरए लोक निर्माण विभाग खण्ड.1 द्वारा 83 किलोमीटर तथा लोक निर्माण विभाग खण्ड.2 द्वारा 710 किलोमीटर सड़कों को गडढामुक्त किया जाने का लक्ष्य है। निराश्रित गोवंशों की समीक्षा में दौरान डीएम ने मानक अनुरूप गोवंश संरक्षित न किए जाने पर सीवीओ को निर्देशित किया कि वे निरीक्षण कर लें और स बन्धित एसीवीओए बीडीओ और एडीओ पंचायत की जवाबदेही तय कराएं। आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा में पूर्ण हो चुके केन्द्रों का लोकार्पण कराने के निर्देश दिए गए। तहसील सदर में पैकफेड द्वारा निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय को अब तक हैण्डओवर न कराने पर नाराजगी व्यक्त की। आसरा आवास व पुलिस बैरक को निर्माण का कार्य 31 अक्टूबर तथा जीजीआईसी हथियागढ़ए करनीपुर जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एनआरएलएम मु यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाए विधवा पेंशन वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य विभागों की गहन समीक्षा हुई। बैठक में सीडीओ शशांक त्रिपाठी सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### धान खरीद के लिए कैंप लगाकर कृषकों का कराएं पंजीकरणः डीएम

**गोंडा।** जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही ने खरीफविपणन वर्ष 2021.22 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत धान खरीद के पंजीकरण हेतु कैंप लगाकर पंजीकरण कराने के संबंध में समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों को स त निर्देश जारी किए है।जिलाधिकारी श्री शाही ने बताया कि खरीफ़विपणन वर्ष 2021.22 में धान खरीद 01 नवंबर से प्रारंभ होगी परंतु आगामी धान खरीद हेतु कृषकों के पंजीकरण की समीक्षा में पाया गया कि पंजीकरण की स्थिति अत्यंत नगण्य है। तहसील तरबगंज में 66ए मनकापुर में 22ए गोंडा में 99 तथा तहसील करनैलगंज में 89 पंजीकरण सहित मात्र 276 कृषको के पंजीकरण हो सके हैं।जिलाधिकारी ने समस्त क्षेत्रीय विपणन अधिकारियों को आदेशित किया है कि गत वर्ष 2020.21 में केंद्र पर जिन किसानों से धान क्रय किया गया है उन किसानों से दूरभाष पर संपर्क कर योजना के बारे में अवगत कराते हुए पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित करें तथा उसका रजिस्टर बनाकर उसमें अंकन भी किया जाए। उन्होंने उच्चाधिकारियों के लिए निरीक्षण के दौरान मांगे जाने पर अवलोकन हेतु उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि अपने ब्लॉक गोदाम पर धान खरीद के पंजीकरण हेतु कैंप लगाते हुए अधिक से अधिक पंजीकरण कराएं तथा गोदाम से स बद्ध उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से कैंप का व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित कराएं जिससे अधिक से अधिक पंजीकरण हो सके ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सके।

## अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

### समाजसेवी डॉ. उदय प्रताप चतुर्वेदी ने गरीबों में किया वस्त्र, कपड़ा, मीठा, फल वितरित

संवाददाता। संतकबीरनगर

**शारदीय नवरात्र** अष्टमी बुधवार को जनपद के देवी मंदिरो में भक्तो की भारी भीड़ रही। अपनी मनोकामनाए पूर्ण के लिए भक्तो ने पूजन अर्चन किया। व्रती महिलाओं ने मंदिरो में दुर्गा अष्टमी का पाठ की। जनपद में शहर से लेकर कस्बों तक माँ दुर्गा की प्रतिमा पण्डालो में स्थापित हो गयी है। विधि विधान पूजन अर्चन के साथ माँ दुर्गा के कपाट खोल दिए गए है। माँ दुर्गा के दर्शन के लिए भक्तो की भारी भीड़ सुबह से ही शुरू हो गयी हैं देर शाम से लेकर दशहरा तक शहर में रौनक बढ़ गया है। मंदिरो का भव्य सजावट को देखकर भक्तो के मन प्रसन्न है। जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से कोविड 19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए मनाये जाने का अपील किया है। समाजसेवी डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी



जरूरतमंदो में सामाग्री वितरित करते समाजसेवी।

जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव के साथ बुधवार को प्राचीन समय माता मंदिर खलीलाबाद पहुँचकर ब्राहमणो का आर्शिवाद लेते हुए पूजन अर्चन करते हुए भारी संख्या में गरीबो में वस्त्र, फ्ल, मिष्ठान वितरित किया।

## क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण को डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। संतकबीरनगर

**समाजवादी पार्टी** के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह सिसौदिया ने बुधवार को सपा नेताओं के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जनपद के कई सड़को को ठीक कराये जाने की मांग की है। क्षतिग्रस्त सड़को पर आये दिन दुर्घटनाये घटित हो रही है। उन्होंने जनहित में मांग किया है अतिशीघ्र जनपद के सड़को को दुरूस्त कराया जाय। अन्यथा समाजवादी पार्टी आन्दोलन के लिए बाध्य होगी। प्रदीप सिंह ने कहा कि जिले के ग्रामीण अंचल की अधिकांश सड़कें जिला मुख्यालय से जुड़ता है। वर्तमान में उपेक्षा के कारण अधिकांश मार्ग जर्जर एवं बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हो गया है। जिसकी वजह से आम जनता का आना-जाना बहुत कष्टप्रद हो गया है। आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है और अधिकांश मृत्यु भी गड्ढों में गिरने से हो रही है। उन्होंने कहाकि नौरंगिया से कटाई जिगिना मार्ग, गोरयाभार से कटाई संपर्क मार्ग, कसैला मार्ग, चिलौना मार्ग, पिपरा हसनपुर से रजापुर सरैया मार्ग, पुरानी तहसील से बरदहिया बाजार मार्ग, मंडया से रामनगर कालोनी मार्ग, खलीलाबाद ओबरब्रिज मार्ग समेत करीब 50 ऐसी सड़के है तो जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इनकी मरम्मत अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस सड़कों की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू नहीं हुआ तो सपा सड़क पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान परवेज अहमद, शशांक गोस्वामी सहित सपा नेता शामिल रहे।



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते सपाई

## कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्कशॉप का आयोजन

**गोंडा।** जिलाधिकारी मार्कंडेय शाही की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचक नियमावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण.2022 से संबंधित वर्कशॉप तथा बैठक आज एनआईसी में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के अपर मु य निर्वाचन अधिकारी डॉण् ब्रह्मदेव राम तिवारी की ओर से संपन्न हुई। जिसमें विधान सभा निर्वाचक नियमावलियों का विशेष पुनरीण.2022 की तैयारियोंए जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट की अद्यतन स्थितिए सोशल मीडिया . फेसबुकए यूट्यूबए इंस्टाग्राम आदि लाइव चलानेए सीएससी के कोआर्डिनेशन का ओरियंटेशनए अच्छे कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जानेए व्हाट्सएप बेस स्ट्रेट जी बनाए जाने तथा सोशल सेक्टर के पार्टनर्स के बारे में विस्तृत चर्चा व जानकारी दी गई।इस अवसर पर जनपद स्तर पर गठित स्वीप कोर कमेटी के सदस्योंए जनपद स्तर पर नामित स्वीप नोडल अधिकारीए जिला सूचना अधिकारीए सोशल मीडिया एक्सपर्टए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारीए एन0एस0एस0ए एन0सी0सी0ए भारत स्काउट एंड गाइड के प्रतिनिधि तथा ई.डिस्टिक मैनेजर आदि से संबंधित कार्यों व इन लोगों के द्वारा की जा रही तैयारियों के संबंध में भी चर्चा की गई। कार्यशाला व बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध् उपजिलाधिकारी सदर गोंडा सूरज पटेलए उप जिला निर्वाचन अधिकारीध् अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनीए मु य राजस्व अधिकारी श्री जयनाथ यादवए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारीए उप जिलाधिकारी मनकापुरए उप जिलाधिकारी करनैलगंजए तहसीलदार तरबगंज पैगाम हैदरए जिला विद्यालय निरीक्षक श्री राकेश कुमारए जानकी शरण द्विवेदीए उपस्थित रहे।

# दिल्ली कैपिटल्स ने केकेआर को 136 रनों का लक्ष्य दिया



शिखर धवन ने 36 रन की उपयोगी पारी खेली

**भाषा**। शारजाह

**स्पिनर** वरुण चक्रवर्ती की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में बुधवार को दिल्ली कैपिल्टस को पांच विकेट पर 135 रन पर रोक दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे गए दिल्ली के बल्लेबाज धीमी पिच पर जूझते नजर आए जबकि केकेआर के गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लैंग्थ से गेंदबाजी की।

सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 39 गेंद में 36 रन बनाए जबकि श्रेयस अय्यर 27 गेंद में 30 रन बनाकर नाबाद रहे।

चक्रवर्ती ने 26 रन देकर दो विकेट लिए जबकि लॉकी फर्ग्युसन और शिवम मावी को एक एक विकेट मिला। पहले दो ओवर में सात डॉट गेंद के बाद दिल्ली ने तीसरे ओवर में 12 रन निकाले जिसमें पृथ्वी साव ने शाकिब अल हसन को छक्का भी जड़ा। धवन ने चौथे ओवर में सुनील नारायण को दो छक्के लगातार लगाए। दिल्ली ने इस ओवर में 14 रन बनाए। चक्रवर्ती ने खतरनाक होती दिख रही इस साझेदारी को तोड़कर साव को पहली ही गेंद पर पगबाधा आउट किया। फर्ग्युसन ने पहले दो ओवर में सिर्फ नौ रन दिए। दिल्ली ने पावरप्ले के ओवरों में एक विकेट पर 38 रन बनाए। बीच के ओवरों में मावी, नारायण और चक्रवर्ती ने किफायती गेंदबाजी की। धवन ने दसवें ओवर में एक चौका लगाकर दिल्ली को 65 रन तक पहुंचाया। गेंद नीचे की ओर रहने के कारण रन बनाना मुश्किल हो रहा था। ऐसे में मावी ने मार्कस स्टोइनिस को आउट करके दिल्ली को एक और झटका दिया। स्टोइनिस आईपीएल के यूएई चरण में दूसरा ही मैच खेल रहे थे। धवन भी 15वें ओवर में बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में आउट हो गए।। चक्रवर्ती की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में शाकिब अल हसन ने डाइव लगाकर उनका कैच लपका।

दिल्ली के तीन विकेट 15वें ओवर में 83 रन पर गिर चुके थे। कप्तान ऋषभ पंत छह रन बनाकर आउट हो गए। फर्ग्युसन की गेंद पर राहुल त्रिपाठी ने उनका कैच लपका। इस बीच 17वें ओवर में चक्रवर्ती की गेंद पर शुभमन गिल ने शिमरोन हेटमाएर का कैच लपका लेकिन वह नोबॉल निकली। दिल्ली ने आखिरी तीन ओवर में 36 रन बनाए।



**स्कोर बोर्ड**

दिल्ली कैपिटल्स: पृथ्वी साव पगबाधा बो चक्रवर्ती 18,शिखर धवन का शाकिब अल हसन बो वरुण चक्रवर्ती 36, मार्कस स्टोइनिस बो शिवम मावी 18, श्रेयस अय्यर नाबाद 30, ऋषभ पंत का त्रिपाठी बो फर्ग्यूसन 06, शिमरोन हेटमायर रन आउट 17, अक्षर पटेल नाबाद 04

अतिरिक्त: 06

कुल: 20 ओवर में पांच विकेट पर : 135 रन

विकेट पतन:1-32, 2-71, 3-83, 4-90, 5-117

गेंदबाजी: शाकिब अल हसन 4-0-28-0, लॉकी फर्ग्युसन 4-0-26-1, सुनील नारायण 4-0-27-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-26-2, शिवम मावी 4-0-27-1

# अक्षर की जगह शार्दुल ठाकुर को मौका

## टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने किया बदलाव


### ● खराब फार्म के बावजूद हार्दिक टीम में बरकरार

**भाषा**। नई दिल्ली

**संयुक्त** अरब अमीरात और ओमान में 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में बुधवार को अक्षर पटेल की जगह तेज गेंदबाज आलराउंडर शार्दुल ठाकुर को शामिल किया गया। ठाकुर (29 वर्ष) ने यूएई में खेली जा रही इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 18 विकेट चटकाकर प्रभावित किया है।

इसके साथ ही भारत ने टी-20 विश्व कप के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा की। टीमों को बदलाव करने के लिए 15 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक बयान में कहा कि अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने टीम प्रबंधन के साथ चर्चा के बाद शार्दुल ठाकुर को मुख्य टीम में शामिल किया है।

हरफनमौला अक्षर पटेल 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन अब वह स्टैंड-बाय खिलाड़ियों की सूची में जुड़ जाएंगे। मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले तेज गेंदबाज आलराउंडर हार्दिक पंड्या फिटनेस मुद्दों के कारण आइपीएल के दौरान गेंदबाजी नहीं कर रहे थे तो चयनकर्ता उनके लिए एक कवर चाहते थे। चयन समिति के करीबी एक सूत्र ने कहा कि चयनकर्ताओं को महसूस हुआ कि




उनके पास एक तेज गेंदबाज की कमी थी और फिर हार्दिक पंड्या भी गेंदबाजी नहीं कर रहे थे तो उन्हें मुख्य टीम में एक आलराउंडर की जरूरत थी। सूत्र ने कहा कि अक्षर स्टैंड-बाय के तौर पर बने रहेंगे और अगर रविंद्र जडेजा चोटिल हो जाते हैं तो वह फिर से मुख्य टीम में शामिल हो जाएंगे। जब तक जड्डू खेलते हैं तो अक्षर की जरूरत नहीं होगी।

बयान के अनुसार क्रिकेटर दुबई में टीम के बायो-बबल से जुड़ेंगे और तैयारियों में टीम इंडिया की मदद करेंगे : आवेश खान, उमरान मलिक, हर्षल पटेल, लुकमान मेरीवाला, वेंकटेश अय्यर, कर्ण शर्मा, शाहबाज अहमद और के गौतम।

रेलवे के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा को शामिल करना हैरानी भरा फैसला था जो इस समय चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं। महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले कर्ण शर्मा को साल दर साल चेन्नई की फ्रेंचाइजी में रिटेन किया गया है जबकि उन्होंने ज्यादा मैच नहीं खेले हैं क्योंकि ऐसा माना जाता है कि वह फ्रेंचाइजी के लिए भाग्यशाली रहे हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए आईपीएल में प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद टीम में जगह नहीं हासिल कर सके।

उन्होंने 15 मैचों में 18 विकेट चटकाए हैं। भारतीय टीम 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी।

**टीम:** विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा ,केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, राहुल चाहर, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी। **स्टैंड-बाय खिलाड़ी:** श्रेयस अय्यर, दीपक चाहर और अक्षर पटेल।

## टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की पोशाक जारी

**नई दिल्ली**। भारतीय क्रिकेट टीम की आगामी टी-20 विश्व कप के लिए पोशाक बुधवार को जारी की गई और इस बिलियन चीयर्स पोशाक के बारे में दावा किया गया है कि यह प्रशंसकों से प्रेरित है। भारतीय टीम 17 अक्टूबर से 14 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में होने वाले टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से करेगी। भारतीय पुरुष, महिला और अंडर-19 टीमों की आधिकारिक किट प्रायोजक एमपीएल स्पोर्ट्स द्वारा इस नई पोशाक को जारी किया गया जिसे बिलियन चीयर्स पोशाक कहा जा रहा है जो टीम के प्रशंसकों की प्रेरणा से बनाई गई है। एमपीएल स्पोर्ट्स की विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार है जब प्रशंसकों की भावनाओं को पोशाक पर दर्शाया गया है जिसे एक विशिष्ट ध्वनि तरंग के पैटर्न से दिखाया गया है। पोशाक में गाढ़े नीले रंग के दो शेड हैं। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम के सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में प्रशंसक मौजूद हैं और उनके उत्साह और ऊर्जा का जश्न मनाने के लिए पोशाक पर इसे दिखाने से बेहतर और कोई तरीका नहीं हो सकता था। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि इससे टीम को टी20 चैम्पियन बनने की राह में जरूरी समर्थन मिलेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भी इसका समर्थन करते हुए कहा, पोशाक के पीछे प्रत्एक भारतीय क्रिकेट प्रशंसक की कहानी है। हमें पूरा भरोसा है कि इस पोशाक को पहनना टीम और समर्थकों के लिए गर्व की बात होगी। यह पोशाक 1,799 रुपए में स्टोर में उपलब्ध होगी। इसके साथ ही इसके 10 स्वरूप भी लांच किए गए हैं।

# भारत की पुरुष टीम थामस कप के क्वार्टर फाइनल में

### ● महिलाएं उबेर कप के अंतिम ग्रुप मैच हारीं

**भाषा**। आरहस ( **डेनमार्क** )

**भारतीय** पुरुष बैडमिंटन टीम ने ताहिती को 5-0 से करारी शिकस्त देकर 2010 के बाद पहली बार थामस कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन महिला टीम को उबेर कप में अपने अंतिम ग्रुप मैच में मजबूत थाईलैंड से 0-5 से करारी हार मिली।

भारतीय महिला टीम की यह पहली हार थी, उसने स्पेन को 3-2 और स्कॉटलैंड को 4-1 से हराया था। टीम पहले ही उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई थी।

भारतीय पुरुष टीम ने मंगलवार को दूसरे मुकाबले में 5-0 से लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले उसने रविवार को नीदरलैंड को इसी अंतर से हराया था। ताहिती पर जीत से भारतीय पुरुष टीम का ग्रुप सी में शीर्ष दो में स्थान पक्का हो गया। उसका अगला मुकाबला चीन से होगा। टीम ने इससे पहले 2010 में थामस कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी जहां उसे इंडोनेशिया से हार का सामना करना पड़ा था।

उबेर कप में भारतीय महिला टीम को ग्रुप बी के अंतिम मैच में थाईलैंड से हार मिली।

मालविका बंसोद को पोर्णापावी चूचोवोंग से शुरूआती महिला एकल में 15-21, 11-21 से हार मिली। भारत को अगले युगल मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत थी लेकिन अश्विनी पोनप्पा और सिक्की एन रेड्डी की जोड़ी जोंगकोलफान किटिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजाई की जोड़ी से 16-21, 12-21 से पराजित हो गई।

## हॉकी इंडिया ने बेल्जियम की आपत्तियों को नस्लीय भेदभाव करार दिया

**नई दिल्ली**। हॉकी इंडिया ने दावा किया कि भारतीय खिलाड़ियों के एफआईएच सालाना पुरस्कारों में सभी पुरस्कार जीतने पर बेल्जियम की सार्वजनिक नाराजगी किसी नस्लीय भेदभाव से कम नहीं है और विश्व संस्था को इस मामले पर जांच शुरू करनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी थिएरी वेल को कड़े शब्दों में लिखे गए पत्र में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोम्बाम ने कहा कि बेल्जियम और उसके खिलाड़ियों का मतदान प्रणाली पर सवाल उठाकर भारतीय पुरस्कार विजेताओं का अपमान करना और उनकी उपलब्धियों को नीचा दिखाना था। निंगोम्बाम ने पत्र में लिखा, भारतीय विजेताओं की घोषणा पर नाराजगी के सार्वजनिक बयान बेहद अपमानजनक है और यह हॉकी खेल और खेल भावना के अंतर्गत नहीं है।

# नई आईपीएल टीमों के लिए अभी और करना होगा इंतजार

### ● बोर्ड ने दस्तावेज खरीदने के लिए 20 अक्टूबर तक का समय बढ़ाया

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमों के लिए निविदा दस्तावेज खरीदने की समय सीमा 20 अक्टूबर तक 10 दिन के लिए बढ़ा दी है और विश्वस्त सूत्रों के अनुसार दो नई फ्रेंचाइजी में प्रत्येक की कीमत 3500 करोड़ रुपए से कम की नहीं होगी। आईपीएल की संचालन परिषद ने 31 अगस्त को 10 लाख रुपए के निविदा शुल्क (जिसे वापस नहीं किया जाएगा) के भुगतान पर निविदा आमत्रंण (आईटीटी) दस्तावेज जारी किया था।

इसे पहले 10 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया था। बीसीसीआई की विज्ञप्ति के अनुसार विभिन्न इच्छुक कंपनियों के अनुरोध को देखते हुए आईटीटी दस्तावेज खरीदने की तारीख को और बढ़ाकर अब 20 अक्टूबर 2021 तक करने का फैसला किया गया है।

बीसीसीआई की योजना 2022 आईपीएल चरण में दो और टीमों को जोड़ने की है और इनके अहमदाबाद, लखनऊ और पुणे से होने की उम्मीद है। पता चला है कि बड़े व्यावसायिक घराने जैसे कोटक ग्रुप, ओरोबिंदो फार्मा, टोरेंट फार्मा, आरपी-संजीव गोयंका ग्रुप, बिड़ला ग्रुप और अडानी ग्रुप आईपीएल में टीम खरीदने के इच्छुक हैं जो फिलहाल अभी आठ टीमों का टूर्नामेंट है।

बीसीसीआई कम से कम 7000 करोड़ रुपए की कमाई करने की उम्मीद कर रहा है, हालांकि प्रत्येक टीम का आधार मूल्य 2000 करोड़ रुपए रखा गया है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने तीन दल के समूह को बोली लगाने की अनुमति दी है। नई टीमों की घोषणा दुबई में 25 अक्टूबर को किए जाने की उम्मीद है जिससे एक दिन पहले भारत टी-20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा।

**राशिद ने चोटी के पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में कोहली और हार्दिक को रखा**

**दुबई**। अफगानिस्तान के स्टार राशिद खान ने भारतीय कप्तान विराट कोहली और आलराउंडर हार्दिक पंड्या को विश्व कप के शीर्ष पांच टी20 खिलाड़ियों में शामिल किया है। उन्होंने कहा कि ए दोनों किसी भी तरह की परिस्थिति में अपनी टीम के लिए मैच जीतने की क्षमता रखते हैं।

# नारायण को विश्व कप टीम में नहीं लिया जाएगा: कीरोन पोलार्ड

**भाषा**। शारजाह

**वेस्टइंडीज** के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद स्पिनर सुनील नारायण को टी-20 विश्व कप के लिए कैरेबियाई टीम में नहीं लिया जाएगा। 33 वर्षीय नारायण ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ चार विकेट लेने के अलावा बल्लेबाजी में भी कमाल दिखाया। यूएई चरण में उन्होंने आठ मैचों में 11 विकेट लिए हैं लेकिन उन्होंने अगस्त 2019 से अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है जिससे मौजूदा चैंपियन वेस्टइंडीज ने उन्हें विश्व कप के लिए टीम में नहीं रखा।

टीम में बदलाव करने की आईसीसी की समयसीमा शुक्रवार को समाप्त हो रही है। पोलार्ड ने कहा कि अगर मैं टीम में उसको शामिल नहीं करने के कारणों पर बात करता हूं तो इसे तोड़ मरोड़कर पेश किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर है कि हम उन 15 खिलाड़ियों पर ध्यान दें तो जो अभी हमारे पास है। यह हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। हमें इस पर काम करना होगा कि क्या हम इन खिलाड़ियों के साथ अपने खिताब का बचाव कर सकते हैं। पोलार्ड ने कहा कि मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। इस पर काफी कुछ कहा जा चुका है। मुझे लगता है कि उसको टीम में शामिल नहीं करने के कारण तभी बता दिए गए थे। व्यक्तिगत तौर पर मैं सुनील नारायण को एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर से पहले अच्छा दोस्त मानता हूं। हम साथ में खेलते हुए बड़े हुए। वह विश्वस्तरीय क्रिकेटर है।

पोलार्ड हालांकि आंद्रे रसेल को अपनी टीम में चाहते हैं जो चोटिल होने के कारण 26 सितंबर से आईपीएल का कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उसे देखने का मौका नहीं मिला है। हमें रिपोर्ट मिली है कि वह क्या कर रहा है। मैं अभी यह नहीं कह सकता कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं। वह हमारी टीम का महत्वपूर्ण सदस्य है और हम उसे शत प्रतिशत फिट देखना चाहते हैं, लेकिन हमारे सामने जैसी भी परिस्थितियां होगी हमें उनके अनुसार खेलना होगा।

## न्यूजीलैंड के स्पिनरों को गुर सिखा रहे हैं तेज गेंदबाज शेन बांड



**दुबई**। यह सुनने में भले ही थोड़ा अजीब लगे लेकिन न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पूर्व तेज गेंदबाज शेन बांड को टी-20 विश्व कप के दौरान विशेष तौर पर राष्ट्रीय टीम के स्पिनरों के साथ काम करने के लिए नियुक्त किया है। बांड चौथे कोच के रूप में टीम के साथ रहेंगे। वह टीम के स्पिनरों के साथ काम करते हुए गेंदबाजी कोच शेन जर्गेनसेन की मदद करेंगे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा, वह विशेष तौर पर स्पिन गेंदबाजों के साथ काम कर रहे हैं। जब आप गेंदबाजों की बड़ी संख्या देखते हो तो यह अच्छा है। इससे शेन जर्गेनसेन को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वह विशेष रूप से स्पिनरों के साथ काम कर रहे हैं और रणनीति तय कर रहे हैं। मुंबई इंडियन्स के इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद बांड टीम से जुड़ गए हैं। बांड मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजी कोच भी हैं। स्टीड को विश्वास है कि उनकी टीम के मुख्य बल्लेबाज केन विलियमसन पाकिस्तान के खिलाफ 26 अक्टूबर को होने वाले टीम के पहले मैच से पूर्व फिट हो जाएंगे।

# रोनाल्डो ने कैरियर की 58वीं हैट्रिक जमाई

### ● डेनमार्क ने विश्व कप फुटबाल के लिए क्वालीफाई किया

**एपी**। पेरिस



**पुर्तगाल** के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक और हैट्रिक जमाकर अपनी टीम को विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर्स में आसान जीत दिलाई जबकि डेनमार्क ने एक और जीत से कतर में अगले साल होने वाले टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की की। यूरोपीय क्वालीफायर्स के मैचों में इंग्लैंड और हंगरी के बीच खेले गए मैच में दर्शकों ने व्यवधान डाला, लेकिन फैरो में खेले गए मैच में रोनाल्डो की चली जिन्होंने क्लब और अपने देश की तरफ से करियर की कुल 58वीं हैट्रिक जमाई। इससे रोनाल्डो के अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या का रिकार्ड 115 पर पहुंच गया है। पुर्तगाल ने उनके करिश्माई प्रदर्शन से इस मैच में लक्समबर्ग को 5-0 से करारी शिकस्त दी। अपना 182वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे रोनाल्डो की यह पुर्तगाल की तरफ से 10वीं हैट्रिक है। रोनाल्डो ने आठवें और 13वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किए और 87वें मिनट में हैट्रिक पूरी की। पुर्तगाल की तरफ से अन्य दो गोल ब्रूनो फर्नांडिस और जोओ पालिन्हा ने किए।

इस जीत के बावजूद पुर्तगाल ग्रुप ए में सर्बिया से पीछे है लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। सर्बिया ने एक अन्य मैच में अजरबेजान को 3-1 से हराया। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी जबकि दूसरे स्थान की टीम प्लेऑफ में खेलेगी।

इस बीच डेनमार्क यूरोपीय देशों में विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाला दूसरा देश बन गया है। उसने कोपेनहेगेन में खेले गए मैच में जोकिम मेहले के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से आस्ट्रिया को 1-0 से हराया। डेनमार्क की यह लगातार आठवीं जीत है जिससे उसने ग्रुप एफ में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। जर्मनी यूरोप से क्वालीफाई करने वाला पहला देश था। डेनमार्क ने दूसरे नंबर की टीम स्कॉटलैंड पर सात अंक की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। स्कॉटलैंड ने फैरो आइलैंड पर 1-0 से जीत दर्ज की और दूसरे स्थान पर रहने का अपना दावा मजबूत किया। वह तीसरे स्थान की टीम इजराइल से चार अंक आगे है जिसने मोलदोवा को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के पास भी क्वालीफाई करने का मौका था लेकिन वेम्ब्ले स्टेडियम में खेले गए मैच में हंगरी ने उसे 1-1 से ड्रा पर रोक दिया। इस मैच के शुरू में पुलिसकर्मियों और हंगरी के समर्थकों के बीच झड़प हो गई थी। हंगरी के प्रशंसक नस्लीय टिप्पणियां कर रहे थे। इंग्लैंड ग्रुप आई में शीर्ष पर है। वह दूसरे स्थान की टीम पोलैंड से तीन अंक आगे है। पोलैंड ने एक अन्य मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया।

## एडिंग्स ने सीए का अध्यक्ष पद छोड़ा

**भाषा**। मेलबर्न

**अर्ल** एडिंग्स ने कुछ प्रांतों से समर्थन नहीं मिलने के कारण सोमवार को क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) से पहले रिचर्ड फ्रूडेनस्टीन को अंतरिम प्रमुख की भूमिका सौंपी है। एडिंग्स ने 2018 में अंतरिम अध्यक्ष के रूप में यह जिम्मेदारी संभाली थी। उन्हें एक महीने पहले ही क्रिकेट आस्ट्रेलिया बोर्ड ने सर्वसम्मति से दूसरे कार्यकाल के लिए चुना था। एडिंग्स से अब गुरुवार को एजीएम में फिर से इस पद की उम्मीद्वारी पेश नहीं करने का निर्णय किया है।

क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने घोषणा की कि अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक वर्तमान निदेशक फ्रूडेनस्टीन इस पद का जिम्मा संभालेंगे। वह क्वीन्सलैंड क्रिकेट और क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स थे जो बदलाव चाहते थे।

## टी-20 विश्व कप में नस्ल विरोधी अभियान का समर्थन कर सकता है इंग्लैंड: क्रिस जॉर्डन

**भाषा**। लंदन

**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन ने कहा कि उनके साथी वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने शुरूआती मैच में एक घुटने के बल बैठकर नस्ल विरोधी अभियान का समर्थन करने पर विचार कर रहे हैं। वेस्टइंडीज की टीम पहले ही पुष्टि कर चुकी है कि वह 23 अक्टूबर को होने वाले इस मैच में एक घुटने के बल पर बैठेगी जिसे नस्ल विरोधी अभियान के समर्थन का संकेत माना जाता है।



इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने आखिरी बार अगस्त 2020 में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच के दौरान ऐसा किया था लेकिन आगे ऐसा नहीं करने के उनके फैसले का वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग ने आलोचना की थी। जॉर्डन ने कहा कि वे इस महीने शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान फिर से एक घुटने के बल बैठने पर विचार कर रहे हैं। जॉर्डन ने कहा कि हम इस पर चर्चा करेंगे और अगर सभी इसके बारे में दृढ़ता से सोचते हैं, तो हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे।

दूसरी तरफ अगर हम ऐसा नहीं सोचते हैं, तो हम नहीं करेंगे। वेस्टइंडीज के टी-20 कप्तान कीरोन पोलार्ड ने पुष्टि की कि उनकी टीम प्रत्एक मैच की शुरुआत में एक घुटने के बल पर बैठेगी। उसका पहला मैच इंग्लैंड से होगा।

## इंडियन वेल्स टेनिस से स्वियातेक बाहर

इंडियन वेल्स (**अमेरिका**)। इगा स्वियातेक सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ी मंगलवार को यहां उलटफेर का शिकार बनकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियातेक को 24वें नंबर की एलेना ओस्टापेंको ने 6-4, 6-3 से हराया।

इससे एक दिन पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त कारोलिना पिलिसकोवा को बीट्रिज हद्दाद माइया ने 6-3, 7-5 से पराजित किया था। अमेरिका की जेसिका पेगुला ने पांचवीं वरीयता प्राप्त इलिना स्वितोलिना को 6-1, 6-1 से पराजित करके पहली बार इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

यूएस ओपन की उप विजेता लीलाह फर्नांडिस को शेल्बी रोजर्स ने 2-6, 6-1, 7-6 (4) से हराया। पुरुष वर्ग में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने पांचवी वरीयता प्राप्त मैटियो बेरेटिनी को 6-4, 6-3 से हराया।

# मौके पर आगे बढ़ना

**नताशा भारद्वाज ने स्वीकार किया कि उन्होंने डॉ दीया के किरदार में उतरने के लिए अपनी मां की मदद से कार्यशालाएं कीं। खुशबू कीर्तिक की रिपोर्ट**







हाल ही में रिलीज ओटीटी मुंबई डायरी 26/11 अमेजन प्राइम टीवी पर प्रसारित हो रहा है और इसने अपने खाते में बहुत प्रशंसा बटोरी है। समस्त रेटिंग से ऊपर उठकर, वेब सीरीज मुंबई में 26 नवंबर, 2008 की दुर्भाग्यपूर्ण रात को हुए आतंकवादी हमलों का चित्रण पर्दे पर करती है। शो, हालांकि, एक अनोखे कोण पर प्रकाश डालता है – चिकित्सा बिरादरी का दृष्टिकोण, जिसने भारी दबाव और हाड़तोड़ परिस्थितियों के बीच हमलों के शिकार लोगों का इलाज किया। सीरीज में मॉडल से अभिनेत्री बनी नताशा भारद्वाज ने रेजिडेंट डॉक्टर, दीया पारेख की भूमिका निभाई है। एक विशेष अंतरंग चर्चा में भारद्वाज ने डॉ. दीया की भूमिका निभाने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उनके साक्षात्कार में पेश हैं उसी बातचीत के कुछ अंश :

**❐ श्रेया धनवंतरी के साथ बात करने पर, हमने पाया कि सीरीज, मुंबई डायरी 26/11, एक ऐसे कोण की पड़ताल करती है जिस पर पहले चर्चा नहीं की गई – उस भयानक रात में फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के साथ क्या हुआ।**

**उस संदर्भ पर, हमें अपने चरित्र के बारे में कुछ बताएं।**

यह पहली बार है जब हमने एक शो के रूप में एक मेडिकल ड्रामा प्रस्तुत किया है कि कैसे डॉक्टर लगातार दबाव में होते हैं, और वे चौबीसों घंटे कैसे काम करते हैं, इसी को हमें देखना और समझना था, यहां तक कि एक तरह से अनुभव को जीना था। चाहे उनके निजी जीवन में कुछ भी हो रहा हो, वे खुद को परे रखते हैं और एक-एक सांस को बचाते हुए अधिक से अधिक रोगियों का इलाज करते हैं। यह जानना हमारे लिए बेहद जरूरी था।

अपने किरदार की बात करूं तो मैंने डॉ दीया पारेख की भूमिका निभाई है और वह वो लड़की है जो विशेषाधिकार की भावना से आती है। उनके दादा जी अस्पताल के मालिक हैं, लेकिन वह ऐसी है जो अपनी पहचान बनाना चाहती है और अपने काम में भी अच्छी है। लेकिन साथ ही, वह चिंता और अवसाद से पीड़ित है और ये समस्याएं कैसे उसी समय में शुरू होती हैं जब आप उन्हें नहीं चाहते हैं और उसे स्थिति से कैसे निपटना होता है, यह मुख्य है। यह उसके चमकने और अपनी काबिलियत साबित करने का समय है। तभी डॉ दीया सब कुछ एक तरफ रख देती है, और सामने मौजूद भीमकाय लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करती है और सचमुच आगे बढ़ती है।

**❐ मैंने कहीं पढ़ा है कि आपकी माँ एक डॉक्टर हैं। क्या इससे आपको किरदार के मर्म को समझने में मदद मिली ?**

हां, मेरी मां एक डॉक्टर हैं और वह हमेशा से मेरी प्रेरणा रही हैं। उन्होंने वास्तव में मुझे चरित्र में ढलने में मदद की है। मैं उन्हें अपने साथ पाकर धन्य हो गयी, जो अपने तजुर्बे के कारण मुझसे उन स्थितियों से पार पाने के बारे में बात कर सकती थीं, जिनसे मैं वास्तव में तंग आ गयी थी। उन्होंने इतने सारे रोगियों का इलाज किया है और ऐसी असंख्य कहानियाँ हैं जो अविश्वसनीय रूप से प्रेरक और हृदय विदारक हैं। मैं सचमुच इस मदद को परिभाषित नहीं कर सकती, लेकिन निसंदेह, इससे मुझे डॉ दीया बनाने में काफी मदद मिली है। मुझे याद है कि मैं बचपन में उनके साथ अस्पताल जाया करती थी। वह ऑपरेशन के लिए जाती थीं और मैं उसके केबिन में बैठ जाती थी। मुझे माइक्रोस्कोप के नीचे रखी स्लाइड्स को देखने में बहुत मजा आता था। मुझे याद है मेरा सबसे ज्यादा समय उसी में बीतता था, मैं हमेशा अस्पताल के माहौल में रही हूं। हालांकि, इस शो को कुछ बिल्कुल अलग चाहिए था। यह एक सरकारी अस्पताल है। सरकारी अस्पताल में पूरी तरह से अलग-अलग तरह की समस्याएं घटित होती हैं और जब सब कुछ टूट बिखर जाता है, तो ये अस्पताल सचमुच कैसे प्रभावित होते हैं, यह हमें शो में दिखाने की जरूरत थी।


**❐ अभिनय कुछ कुछ वास्तविकता से प्रेरित है ... आपने कितना और किस तरह का शोध किया ? रेजिडेंट डॉक्टर की भूमिका निभाते हुए स्क्रीन पर दिखाई देने वाली बारीक जानकारी की आपने कैसे तैयारी की ?**

चरित्र की तह में उतरना बेहद (इस शब्द में अत्यधिक जोर देते हुए) महत्वपूर्ण था। हमारे निदेशक, श्री निखिल आडवाणी, और सह-निदेशक, श्री निखिल गोंसाल्वेस, दोनों की सोच स्पष्ट थी कि वे क्या चाहते हैं और किस तरह से वे इसे चाहते हैं। वेब सीरीज के लिए हमारी मेडिकल वर्कशॉप शुरू होने से पहले मैंने खुद की वर्कशॉप शुरू कर दी थी। मैंने अपनी मां के साथ उनके अनुभवों और वास्तविकता में डॉक्टरों के काम करने के तरीके पर चर्चा की। मैंने मेडिकल शब्दावली को आत्मसात करने की कोशिश की। इसके बाद, मैं अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में प्राथमिक चिकित्सा कार्यशाला के लिए गयी और मैं अपनी मां के एक सहयोगी के सरकारी अस्पताल में भी गयी। मैं वहां कुछ दिनों के लिए यह देखने के लिए गयी कि आघात कैसा होता है, आपात स्थिति कैसी दिखती है और इससे मुझे चरित्र की तह में दाखिल होने में मदद मिली। साथ ही मुझे बहुत कुछ सीखना और छोड़ना पड़ा। मेरा मानना है कि इसने मुझे उन बारीक चीजों की तैयारी में मदद की, जो डॉ दीया की भूमिका निभाते हुए स्क्रीन पर दिखाई देती थीं।

> मैं खुश और शुक्रगुजार हूं कि इस समय मुझे ऐसे शानदार लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, जो लोगों के दिलों को छूने वाला प्यारा सिनेमा बनाते हैं।

**❐ मॉडलिंग, डांसिंग, कराटे से लेकर फिल्मों तक, डांसर और मॉडल के रूप में आपका करियर सफल रहा है। बॉलीवुड में प्रवेश कैसे हुआ ? आपके लिए दोनों जीवन अलग कैसे हैं ? और, आपको कौन सा जीवन अधिक पसंद है ?**

मुझे जो कुछ भी करने का अवसर मिला है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। मुझे नहीं लगता कि किसी प्रकार का कोई स्थानांतरण हुआ है। मैं शुरू से ही अभिनेत्री बनने की ख्वाहिश रखती थी। मैं खुश और शुक्रगुजार हूं कि इस समय मुझे ऐसे शानदार लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, जो लोगों के दिलों को छूने वाली प्यारी सिनेमा बनाते हैं। एक चीज ने दूसरे की ओर अग्रसर किया है इसलिए मैं सभी अच्छे और बुरे अनुभवों के लिए खुश हूं, लेकिन जो कुछ भी हुआ है उसने मुझे वह बना दिया है जो मैं आज हूं और मैं इसके लिए आभारी हूं।



# चमकने की तैयारी

## रकुलप्रीत सिंह ने अपनी नई कॉमेडी फिल्म *डॉक्टर जी* के लिए मेडिकल कक्षाओं में दाखिला लिया

अभिनेत्री रकुलप्रीत सिंह, का हाल ही में उनकी आगामी फिल्म डॉक्टर जी के लिए ताजा लुक सामने आया था, जिसमें कि उन्होंने आयुष्मान खुराना के साथ काम किया है। इस अभिनेत्री को फिल्म में अपने किरदार में उतरने के लिए चिकित्सा कक्षाओं के लिए नामांकन कराना पड़ा।

अनुभूति कश्यप द्वारा निर्देशित इस फैमिली एंटरटेनर हेतु, डॉ फातिमा के किरदार के लिए, रकुल को चिकित्सा शब्दावली व कुछ महत्वपूर्ण सर्जिकल प्रक्रियाओं की बारीकियां भी सीखनी पड़ीं।

चिकित्सा जगत से जुड़ी हर चीज को स्क्रीन पर प्रामाणिक ढंग से दिखाने के लिए, निर्माताओं ने कलाकारों – रकुल, खुराना और अभिनेत्री शेफाली शाह के साथ विशेष सत्र आयोजित किए और उन्हें अपने पात्रों की तैयारी के हिस्से के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए विशेषज्ञों की व्यवस्था की थी।

रकुल ने बताया, ''डॉक्टर जी के लिए शूटिंग करना एक दिलचस्प अनुभव रहा है। चूंकि मैं डॉक्टर की भूमिका निभा रही हूं, इसलिए व्यवहार और कार्य सटीक होना चाहिए। स्क्रीन पर वास्तविक दिखने के लिए चिकित्सा जगत से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें सीखना अनिवार्य था।''

उन्होंने कहा,''डॉ. फातिमा बनने का सफर एक अद्भुत प्रक्रिया थी जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगी।''

रकुल ने कहा कि वह और निर्माता चाहते थे कि उनका किरदार वास्तविक और भरोसेमंद लगे।

रकुल ने आगे कहा, ''हमने उसका लुक सही करने के लिए कई लुक टेस्ट किए। मकसद यह था कि वह यथासंभव वास्तविक के करीब दिखे और अपने चरित्र की प्रिय गुणवत्ता को सामने लाए। सिर्फ डॉक्टर का कोट पहनने से आपको अचानक जिम्मेदारी का अहसास हो जाता है, भले ही मैं केवल एक किरदार निभा रही थी।''

अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि दृश्यों के लिए मरीजों का इलाज करते समय, व्यक्ति सचमुच समझता है कि डॉक्टरों के कंधों पर कितनी जिम्मेदारी होती है और उनका जीवन कितना कठिन है।

फिल्म डॉक्टर जी एक कैंपस कॉमेडी ड्रामा है, जिसे कश्यप, सुमित सक्सेना, विशाल वाघ और सौरभ भारत ने लिखा है। **–आईएएनएस**

# सुरक्षा के साथ आती खुशी

**अब जबकि त्योहारों का मौसम हमें अपने रंग में रंग रहा है और प्रतिबंधों में ढील मिल गई है, हम इस तथ्य को नजरअंदाज न करें कि वायरस ने अभी तक हमारा साथ नहीं छोड़ा है। ऐसे में जिम्मेदारी से जीने के कुछ तरीके यहां बताए जा रहे हैं...**

त्योहारों का मौसम हमारे समक्ष है। जैसे ही आप उत्सव मनाने की तैयारी में हैं, आपको इस मौसम में खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखने के लिए तैयार करना चाहिए। वर्ष की शुरुआत में कोविड-19 की घातक दूसरी लहर और तीसरी संभवत: बड़ी होने से, उत्सवों को सावधानी से मनाना वास्तव में आवश्यक है। हालांकि सरकार और स्वास्थ्य अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान वायरस के प्रसार को रोकने के लिए नियम लागू किए हैं, हमें इस असामान्य समय के दौरान सुरक्षित त्योहार सुनिश्चित करने के लिए आत्मानुशासन और संयम का अभ्यास करना चाहिए।

नागरिकों को समस्त सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदारी से उत्सव में भाग लेना चाहिए। लोगों को चाहिए कि वे अपने परिवार के साथ अपने घरों में एकांत में छुट्टियां बिताएं, भीड़-भाड़ वाले इलाकों से बचें और घर से बाहर निकलने पर हर समय मास्क पहने रहें। दुर्भाग्य से, जब हम सुरक्षा की बात करते हैं, तो हम इसे सामाजिक दूरी और अन्य उपयुक्त आचरण तक सीमित कर देते हैं, और अक्सर सतह और उस वायु स्वच्छता पहलू को नजरअंदाज कर देते हैं जो कचरे, दूषित व ठहरे पानी, कीड़ों, आदि की उपस्थिति से प्रभावित होते हैं।



हम कहते हैं कि घर वहां है जहां दिल है, और हम अपने घरों को साफ रखने का प्रयास करते हैं। जबकि हमारा घर निर्विवाद रूप से हमारा आश्रय स्थल है, इसे साफ-सुथरा रखना एक पूर्णतया अलग कहानी है। जब त्योहारों का मौसम आता है तो घर की साफ-सफाई करना काफी मुश्किल हो जाता है। आधुनिक समस्याओं के लिए आधुनिक समाधानों की आवश्यकता होती है, और घर को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने के लिए घर की सफाई और कीटाणुशोधन सेवाओं का उपयोग करना आजकल काफी सरल और झंझट-मुक्त है।

त्योहार से पहले पेशेवर कीटाणुशोधन सेवाएं हासिल करना और उनके जरिए पूरे घर को कीटाणुरहित करना यह सुनिश्चित करने का एक उत्कृष्ट तरीका है कि आपके सभी कार्य समय पर पूरे हो जाएं। पेशेवर कीटाणुशोधन सेवाएं सभी या अधिकांश सूक्ष्मजीवों को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, इस प्रकार यह सुनिश्चित करना कि आपका घर पूर्णतया सुरक्षित है और कीटाणुओं से सुरक्षित है, खासकर त्योहारों के दिनों में।

हमारे पास चुनने के लिए अनेक विकल्प हैं, जिनमें असंचारी फॉगिंग और महत्वपूर्ण स्पर्शबिन्दुओं को सेनिटाइज करना शामिल है। ऐसी सेवाओं को करने वाले तकनीशियन सामान्य सफाई कर्मचारियों की तुलना में अधिक प्रशिक्षित होते हैं और स्वच्छता की उच्च आवश्यकता वाली स्थितियों में काम करने का वर्षों का अनुभव रखते हैं।

हम इस बात से अवगत हैं कि कीटाणु कैसे एक बड़ी परेशानी हो सकता है। वे न केवल असुविधाजनक हैं, बल्कि अस्वाभाविक भी हैं। सफाई में न केवल कालीनों, खिड़कियों व पूरे घर की धुलाई और सूखी सफाई होती है, बल्कि कीटाणुओं भी साफ होते हैं। जब मेहमान घर आते हैं, तो आसपास तिलचट्टे और मच्छरों जैसे कीड़ों को देखना शर्मनाक होता है। इसके अलावा, त्यौहारों का मौसम अवांछित कीड़ों जैसे कि घरेलू मक्खियों व गोबर मक्खियों के उत्पन्न होने का भी चरम समय होता है जो भोजन और सतहों के माध्यम से बीमारी फैला सकते हैं।

मक्खियों व मच्छर काटने और डंक मारने का कारण बन सकते हैं। इसलिए, त्योहार से पहले पेशेवर कीट नियंत्रण सेवा प्रदाता द्वारा पूर्ण कीट उपचार कराना सबसे अच्छा है।

प्रभावी कीट प्रबंधन के अलावा, घर में स्वस्थ व आरामदायक वातावरण के साथ-साथ, परिवार के सदस्यों व मेहमानों के स्वास्थ्य को खतरनाक वायु प्रदूषकों से बचाने के लिए अच्छी आंतरिक वायु गुणवत्ता बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

कई लोगों ने कई वर्षों से यह मान लिया है कि खतरनाक वायु प्रदूषण केवल बाहर ही पाया जा सकता है। लोग आज अपना लगभग 90 प्रतिशत समय घर के अंदर बिताते हैं, जिससे वे लंबे समय तक इनडोर वायु संदूषकों के संपर्क में रहते हैं। खाना पकाने की तैयारी, सुगंध, एयर फ्रेशनर, और सफाई उत्पाद, अपशिष्ट और कचरा, शरीर की गंध, मोमबत्तियों और धूप, पेंट और वार्निश की गंध, और नमी का निर्माण, समस्त रासायनिक यौगिकों को हवा में छोड़ सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप इनडोर वायु प्रदूषण होता है। खराब आंतरिक वायु गुणवत्ता (आईएक्यू) वायरस, बैक्टीरिया, मोल्ड, फफूंद और अन्य एलर्जी से रोग संक्रमण के जोखिम को बढ़ा सकती है। इससे लोगों की नींद और दिन भर के कार्य-प्रदर्शन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। बच्चों, बुजुर्गों और पालतू जानवरों के साथ-साथ एलर्जी या समझौता प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों की सुरक्षा के लिए घर के अंदर अच्छी वायु गुणवत्ता की आवश्यकता होती है। जबकि अच्छा वेंटिलेशन घर में हवा को पुन: प्रसारित करने में मदद कर सकता है, स्वच्छ वायु उपकरण खतरनाक वायु प्रदूषकों को खत्म करने में सहायता कर सकते हैं।

इसके अलावा, गैस्ट्रिक व संबंधित बीमारियों से बचने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना और अपने खान-पान का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। प्रदूषण से बचने के लिए हमेशा स्वच्छ वातावरण में पका हुआ भोजन खाना सबसे अच्छा होता है। खाना गर्म होने पर ही खाना चाहिए और अपने सामने साफ बर्तन में बना ताजा पका खाना पसंद करें।


यदि आप बाहर निकलते हैं, तो आपको यह अवश्य देखना चाहिए कि खाने का स्टॉल साफ और सुव्यवस्थित है या नहीं। कर्मचारियों को देखें, कि वे पैसे या अन्य गंदी चीजों को संभालने के बाद और अपने हाथों से खाना परोसने से पहले हाथ धोते हैं या नहीं। मक्खियों जैसे कीटों से सावधान रहें। खराब स्वच्छता वाले स्थानों पर खाना खाने या उन्हें खाने का ऑर्डर करने से बचें।

उत्सव के दौरान सामाजिक दूरी के नियमों का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है। बड़े पारिवारिक समारोहों और सार्वजनिक स्थानों पर भीड़भाड़ से दूर रहने से आपकी व आपके प्रियजनों की रक्षा करने में मदद मिल सकती है। आप कभी नहीं जानते कि आप जिस व्यक्ति के साथ बातचीत कर रहे हैं वह एक शांत वायरस वाहक है या नहीं। उत्सव मौज-मस्ती और उत्साह का समय है और ऐसे में मौजूदा महामारी के बारे में भूलना आसान है। इसलिए, इस त्योहार के मौसम को स्वस्थ व स्वच्छ वातावरण में मनाएं और अपने व अपने परिवार को सुरक्षित रखना सुनिश्चित करें।

**–लेखक डेविड लुईस रेंटोकिल पीसीआई में एमडी हैं।**

# उन लोगों के लिए बोलो जो अनसुना कर जाते हैं

**अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर, अभिनेता रणवीर सिंह बधिर समुदाय के साथ काम करके समावेशी स्थलों के लिए प्रचार करने की पहल करते हैं। टीम विवा की रिपोर्ट....**





रणवीर सिंह बधिर समुदाय द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को उठाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। वह अधिकारियों से भी आग्रह कर रहे हैं कि भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) को भारत की 23वीं आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दें और घोषित करें। इस निर्भीक अभिनेता ने हमेशा सामाजिक मुद्दों के लिए अपनी आवाज उठाई है और उन्होंने हाल ही में इस कार्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक याचिका पर हस्ताक्षर किए हैं।

रणवीर का स्वतंत्र रिकॉर्ड लेबल इंकइंक, जिसे उन्होंने नवजार एरानी के साथ बनाया है, ने सांकेतिक भाषा के संगीत वीडियो भी जारी किए हैं – इस प्रगतिशील कदम को शुरुआत करने का एकमात्र रिकॉर्ड लेबल। आईएसएल को आधिकारिक भाषा बनाने के मद्देनजर रणवीर के प्रयासों को देखते हुए, भारत में बधिर समुदाय ने उनकी तहे दिल से सराहना की है और उनके लिए हार्दिक धन्यवाद वीडियो भी डाला है। अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस 2021 पर, रणवीर ने युवाओं से बधिर समुदाय के लिए एक समावेशी स्थान बनाने की अपील की है।

रणवीर ने कहा, ''अगर पिछले डेढ़ साल में हम सभी इस मूल्य को गले लगाने के लिए थोड़ा भी आगे आए हैं तो यह समुदाय की शक्ति है और एक दूसरे के लिए वहां रहना है।

आज के युवाओं के लिए मेरा संदेश होगा कि आप जो काम कर रहे हैं उसे करते रहें और अगर किसी भी तरह से आप बधिर समुदाय के साथ काम करके एक समावेशी जगह बना सकते हैं या प्रचारित कर सकते हैं, तो कृपया जरूर करें। आतिथ्य से लेकर शिक्षा तक, रचनात्मक कलाओं तक, हम एक साथ ही यह परिवर्तन कर सकते हैं और मेरा विश्वास और समर्थन हमारे देश के युवाओं के साथ है।''

रणवीर और उनके कलाकार समूह, इंक इंक, कार्रवाईगत बदलाव के लिए लगातार और मजबूत योजनाओं के साथ इस लक्ष्य के ध्वजवाहक रहे हैं। इस बहुमुखी अभिनेता ने इस लक्ष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपनी भविष्य की योजनाओं को साझा किया।

रणवीर कहते हैं, ''यह एक लंबी यात्रा है जो दूर तक जानी है। इंकइंक में, हम सभी बधिर समुदाय के सहयोगी बनने और उनके साथ अंतिम मुकाम हासिल करने तक के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए बहुत सारे स्तर हैं। पहला आईएसएल को आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त भाषा बनाने की अपनी याचिका में बधिर समुदाय का समर्थन करना है। फिर, एक समाज के रूप में, जमीनी स्तर पर इस समुदाय के लिए पहुंच बनाना और अधिक समावेशी होना।''उन्होंने आगे कहा कि इंकइंक में, हम कला बनाते हैं और यही हम बधिर समुदाय के लिए सुलभ बनाना जारी रखेंगे। उदाहरण के लिए हमारे आईएसएल वीडियो – मोहब्बत, संगीत, ब्लैक, और करो और विचार, जो अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाने के लिए जारी किए गए थे। हमारे पास ऐसे विचार हैं जो बातचीत के माध्यम से बधिर समुदाय के साथ अपने संबंधों को और विस्तारित करने के लिए विचार कर रहे हैं, लेकिन यह अभी भी प्रारंभिक चरण में है।

रणवीर बताते हैं कि इंकइंक का बधिर समुदाय के साथ संबंध 2019 में शुरू हुआ जब हमारे पास एक आईएसएल दुभाषिया था, जो हमारे कलाकार, स्पिटफायर के साथ प्राइम टाइम पर राष्ट्रीय टीवी पर लाइव प्रदर्शन करता था (इसे भारत में पहली बार टेलीविजन पर आईएसएल प्रस्तुति बनाते हुए), जिसके बाद हमने खुद को और शिक्षित किया और पिछले साल मई में समुदाय के हितों की हिमायत की तथा अपने दर्शकों से आईएसएल को भारत की 23वीं मान्यता प्राप्त भाषा घोषित करने वाली याचिका को साझा करने के लिए आग्रह किया।

उन्होंने आगे कहा हां इस ऐतिहासिक पड़ाव के लिए पहला कदम सरकार द्वारा कुछ हफ्ते पहले उठाया गया था जब आईएसएल को 9-12वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्कूलों में शिक्षण के लिए वैकल्पिक बना दिया गया था, लेकिन जिस दिन आईएसएल को संविधान के तहत एक आधिकारिक भारतीय भाषा के रूप में मान्यता दी जाएगी वो भारत ऐतिहासिक पड़ाव होगा जो सुई को स्थानांतरित करेगा। मुझे अपने देश के नेताओं पर पूरा भरोसा है और मैं जानता हूं कि हम इस मुकाम को हासिल करने की राह पर हैं। नागरिकों के लिए, मैं आपसे याचिका पर हस्ताक्षर करने का आग्रह करता हूं ताकि यह दिन जल्द ही मनाया जा सके।